दैनिक **लोकमित्र** सच्चाई की जंग

वर्ष : 31 | अंक :40

प्रतापगढ़ | गुरूवार ,12 दिसम्बर -2024

पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

## न्यूज डायरी

### ममता बनर्जी की बड़ी टिप्पणी
## 'बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों को सुरक्षा दें केंद्र सरकार'




**कोलकाता, (हिं.स.)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बांग्लादेश में हिंसा प्रभावित अल्पसंख्यकों (हिंदुओं) को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। उन्होंने बुधवार को दिघा में कहा कि केंद्र सरकार को बांग्लादेश के उन अल्पसंख्यकों को वापस लाना चाहिए जो भारत लौटना चाहते हैं।मुख्यमंत्री ने दावा किया कि बांग्लादेश की स्थिति को लेकर कुछ समूह जानबूझकर फर्जी वीडियो फैला रहे हैं, ताकि सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न किया जा सके। उन्होंने कहा, ÷हम बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों के लिए सुरक्षा चाहते हैं। केंद्र सरकार को कदम उठाना चाहिए और जो लोग भारत लौटना चाहते हैं, उन्हें वापस लाना चाहिए।उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू, जो लगभग आठ प्रतिशत हैं, पांच अगस्त को शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के पतन के बाद से हिंसा का शिकार हो रहे हैं। बांग्लादेश के करीब 50 जिलों में इन समुदायों पर हमले किए गए हैं।ममता बनर्जी इन दिनों दिघा के दो दिवसीय दौरे पर हैं, जहां उन्होंने जगन्नाथ मंदिर के निर्माण कार्य की समीक्षा की।

## सुप्रीम कोर्ट से मनीष सिसोदिया को राहत, शराब नीति मामले में जमानत शर्तों में मिली ढील



**नई दिल्ली, (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया को जमानत की शर्तों में राहत दी है।कोर्ट ने शराब नीति मामले में जमानत के अंतर्गत सप्ताह में 2 बार जांच एजेंसियों को रिपोर्ट करने की आवश्यकता को हटा दिया है।कोर्ट ने जमानत के दौरान लगी शर्तों को संशोधित करते हुए कहा कि यह शर्त आवश्यक नहीं लगती। यह फैसला केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय दोनों पर लागू होगा।कोर्ट ने कहा कि सिसोदिया को अभी नियमित रूप से ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही में हाजिर होना होगा।कोर्ट ने यह फैसला तब दिया, जब सिसोदिया की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने 22 नवंबर को सुनवाई के दौरान अपनी बात रखी।उन्होंने तर्क दिया था कि आप नेता 60 बार जांच अधिकारियों के समक्ष पेश होकर जमानत की शर्तों का पालन कर चुके हैं।

## दिल्ली वक्फ बोर्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामला सुप्रीम कोर्ट ने दो लोगों को दी जमानत



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।**सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली वक्फ बोर्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार दो लोगों को लंबे समय तक जेल में रहने और निकट भविष्य में मुकदमा शुरू होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए बुधवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने पाया कि मामले में 11 नवंबर, 2023 को गिरफ्तारी के बाद से जीशान हैदर और दाउद नासिर जेल में थे और यहां तक कि उनके खिलाफ अभी तक आरोप भी तय नहीं किए गए हैं।पीठ ने कहा कि अपीलकर्ता लगभग एक वर्ष और एक महीने से हिरासत में हैं। पीएमएलए के तहत दर्ज शिकायत में आरोप तय नहीं किए गए हैं। शिकायत में 29 गवाहों का हवाला दिया गया है और लगभग 50 दस्तावेजों पर भरोसा किया जा रहा है जो 4,000 से अधिक पृष्ठों में हैं। शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि मुकदमा जल्द शुरू होने की संभावना नहीं है क्योंकि आरोप भी तय नहीं किए गए हैं। इसलिए, मामले के तथ्यों और अपीलकर्ताओं द्वारा दिए गए वचनों और पैराग्राफ में जो कहा गया है उसे ध्यान में रखते हुए... सेंथिल बालाजी के मामले में इस अदालत का फैसला...अपीलकर्ताओं को जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए। पीठ ने बाद में लोगों को जमानत की औपचारिकताएं पूरी करने के लिए एक सप्ताह के भीतर विशेष अदालत के समक्ष पेश करने और उचित नियमों और शर्तों पर जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया, जिसमें शीर्ष अदालत में दायर उपक्रमों का पालन करना भी शामिल है। पीठ ने कहा कि उसके समक्ष दायर अपीलकर्ताओं के 6 दिसंबर और 9 दिसंबर, 2024 के उपक्रम रिकॉर्ड का हिस्सा होंगे, और इसका अनुपालन जमानत की शर्त होगी।

# सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर पक्ष-विपक्ष आमने-सामने

## ▶▶ कल्याण बनर्जी ने मांगी माफी, सिंधिया बोले- स्वीकार नहीं

### ▶▶ नहीं चली राज्यसभा



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राज्यसभा में बुधवार को सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के मुद्दे पर पक्ष-विपक्ष के बीच एक बार फिर आज तकरार हुई और कार्यवाही हंगामे के भेट चढ़ गई ।सदन में सुबह ग्यारह बजे कार्यवाही शुरू होने के कुछ देर बाद ही सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच नोक-झोंक शुरू हो गयी, जिसके कारण पहले सदन की कार्यवाही 12 बजे और बाद में दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।उच्च सदन में बुधवार को सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर सभापति जगदीप धनखड़ ने सूचीबद्ध दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए। उन्होंने बताया कि उन्हें नियम 267 के तहत विभिन्न विषयों पर चर्चा के लिए पांच नोटिस मिले हैं। सभापति ने नोटिस देने वाले सदस्यों में से एक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जॉन ब्रिटास का नाम लिया। उसी दौरान सत्ता पक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया।कार्यवाही के दौरान संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष की ओर से सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की आलोचना की। उन्होंने जॉर्ज सोरोस के साथ कांग्रेस के संबंधों पर सवाल उठाया। उन्होंने इस बात को भी स्पष्ट किया कि सोनिया गांधी के साथ जॉर्ज सोरोस का नाम सत्ता पक्ष की ओर से नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया की ओर से जोड़ा गया है। उन्होंने कठोर शब्दों में कहा कि विपक्ष को शर्म आनी चाहिए कि वे ऐसे व्यक्ति से जुड़े हैं, जो देश के खिलाफ काम करता है। विपक्षी भारत विरोधी ताकतों के साथ काम करते हैं और फिर सभापति के खिलाफ नोटिस देते हैं।सभापति का समर्थन करते हुए रिजिजू ने हंगामे के बीच कहा कि 72 साल में एक किसान का बेटा उपराष्ट्रपति बना है। उन्होंने संसद और संविधान की गरिमा को बनाए रखा है। विपक्ष उपराष्ट्रपति पर बेबुनियाद आरोप लगा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर विपक्षी सदस्य सभापति के पद का सम्मान नहीं कर सकते तो वे सदन के लायक नहीं हैं। रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए और देश को बताना चाहिए सोरोस और उनके बीच क्या संबंध है? कांग्रेस ने लोकतंत्र की हत्या की है।कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि विपक्ष संविधान के प्रति निष्ठा रखता है जबकि सत्ता पक्ष के लोग बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान को बदलना चाहते हैं। उन्होंने सरकार पर लोकतांत्रिक सिद्धांतों को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा, ÷ये लोग संविधान के हत्यारे हैं।इस बीच सदन में हंगामा होने लगा, जिसके बाद सभापति ने सदन की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।राज्यसभा की बैठक शुरू होने के तुरंत बाद सदन के नेता जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर देश को अस्थिर करने की कोशिश में अरबपति निवेशक जॉर्ज सोरोस का साथ देने का आरोप लगाया और चर्चा की मांग की।उन्होंने उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव के लिए भी कांग्रेस की निंदा की।उन्होंने कहा कि यह विपक्षी दल द्वारा ÷कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व और सोरोस के बीच संबंधों÷ के मुद्दे से ध्यान हटाने का प्रयास है।नड्डा ने कहा कि पिछले दो दिनों से हमारे लोग यह मुद्दा उठा रहे हैं कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का जॉर्ज सोरोस के साथ क्या संबंध है। सोरोस और सोनिया गांधी के बीच क्या संबंध है?उन्होंने कहा कि यह देश की संप्रभुता और आंतरिक और बाह्य सुरक्षा से संबंधित है।सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के मुद्दे को उठाते हुए नड्डा ने कहा कि वे अध्यक्ष के खिलाफ आरोप लगाकर वास्तविक मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके बाद फिर सदन में हंगामा होने लगा। हंगामा होते देख उपसभापति ने सदन की कार्यवाही को गुरुवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### धनखड़ पर जमकर बरसे खड़गे
## अगले प्रमोशन के लिए बन गए हैं सरकार के प्रवक्ता, देश की गरिमा को पहुंचाई ठेस



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने बुधवार को राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के अपने कदम का बचाव किया और कहा कि उन्हें लोकतंत्र को बचाने के लिए कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा क्योंकि सभापति राज्यसभा के सबसे बड़े विघटनकर्ता हैं और उनके आचरण ने राष्ट्र के गौरव को नुकसान पहुंचाया है। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने जगदीप धनखड़ को %सरकारी प्रवक्ता% कहा। खड़गे ने बुधवार दोपहर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि धनखड़ के कार्यों ने भारत की गरिमा को ठेस पहुंचाई है और राज्यसभा सभापति के खिलाफ कोई व्यक्तिगत लड़ाई नहीं है।धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के नोटिस के बारे में बोलते हुए खड़गे ने जगदीप धनखड़ की भी आलोचना की और उन्हें सबसे बड़े सरकारी प्रवक्ता के रूप में संदर्भित किया और कहा कि राज्यसभा में व्यवधान का सबसे बड़ा कारण स्वयं सभापति हैं। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि इंडिया ब्लॉक ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को हटाने की मांग को लेकर राज्यसभा में एक प्रस्ताव लाने के लिए एक नोटिस प्रस्तुत किया है। विपक्ष के कदम पर बात करते हुए खड़गे ने इस बात पर जोर दिया कि 1952 के बाद से किसी उपराष्ट्रपति को हटाने का कोई प्रस्ताव नहीं लाया गया है, क्योंकि इस पद पर रहने वाले लोग निष्पक्ष और राजनीति से परे थे और सदन को हमेशा नियमों के अनुसार चलाते थे।खड़गे ने कहा कि सदन में लंबा अनुभव रखने वाले कई नेता हैं।

सदन में जो सदस्य हैं, वे डॉक्टर, प्रोफेसर, पत्रकार समेत अनेक पेशे से जुड़े रहे हैं और कई सदस्य मंत्री भी रह चुके हैं। सभापति सदन में हेडमास्टर की तरह सदस्यों की स्कूलिंग करते हैं। उनको प्रवचन सुनाते हैं।

## कुछ ताकतें देश को खंडित करने और संस्थाओं को अपमानित करने का रच रहीं साजिश - उप राष्ट्रपति धनखड़



**जयपुर, (हि.स.)।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि कुछ ऐसी ताकतें हैं जो भारत की प्रगति को पचा नहीं पा रही हैं। देश को खंडित करने और देश की संस्थाओं को अपमानित करने का सुनियोजित षड्यंत्र हो रहा है। आम नागरिक की इसमें बड़ी भूमिका है। हमें ऐसी चीजों को न्यूट्रलाइज करना चाहिए। उन्होंने युवा वर्ग से आह्वान किया कि वे विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। साथ ही अधिकारों और कर्तव्यों का भी बोध रखें।उप राष्ट्रपति जयपुर में लघु उद्योग भारती के सोहन सिंह स्मृति कौशल विकास केंद्र के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कौशल विकास केंद्र में पौधरोपण भी किया। उन्होंने कहा कि देश को विकसित भारत बनाने की दिशा में तेजी से प्रगति हो रही है। ग्रामीण विकास, लघु उद्योग, शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से एक मजबूत आर्थिक और सामाजिक ढांचा तैयार किया जा रहा है। साथ ही कहा कि विकसित भारत 2047 अब केवल सपना नहीं, बल्कि एक सुनिश्चित लक्ष्य है। इसका मार्ग ग्रामीण परिप्रेक्ष्य, कुटीर और लघु उद्योग से होकर जाता है। चाहे जल हो, थल हो, आकाश हो या अंतरिक्ष, भारत हर क्षेत्र में बड़ी छलांग लगा रहा है।धनखड़ ने कहा कि आज आर्थिक राष्ट्रवाद की आवश्यकता है। देश में स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि आयातित वस्तुओं की निर्भरता कम करनी होगी। जब हम उन वस्तुओं का आयात करते हैं, जिन्हें देश में ही बनाया जा सकता है, तो इससे विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ता है और रोजगार के अवसर कम हो जाते हैं। लोकल फॉर वोकल हमारी आवश्यकता है। कच्चे माल के निर्यात पर भी रोक लगानी चाहि। क्योंकि, यह देश के हितों के लिए हानिकारक है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई के माध्यम से आठ करोड़ लोगों को आज रोजगार मिल रहा है। बड़े-बड़े उद्योग कम लोगों रोजगार देते हैं जबकि छोटे उद्योग ज्यादा लोगों को रोजगार देते हैं।

# अरविंद केजरीवाल ने इलेक्शन कमीशन से की मुलाकात

## ▶▶ बीजेपी के खिलाफ 3000 पन्नों के दिए सबूत




**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और सीएम आतिशी मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलने चुनाव आयोग पहुंचे थे। केजरीवाल ने बीजेपी पर वोटर लिस्ट से वोट काटने की कोशिश का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि आज हमने चुनाव आयोग से मुलाकात की और उनके सामने 3000 पन्नों के सबूत सौंपे कि कैसे बीजेपी दिल्ली के लोगों के वोट काटने की साजिश कर रही है। गरीबों, अनुसूचित जाति और दलितों के वोट काटे जा रहे हैं। एक वोट का महत्व आप भली-भांति जानते हैं।केजरीवाल ने आगे कहा कि हमने चुनाव आयुक्त को बताया कि कैसे एक बीजेपी सदस्य ने शाहदरा इलाके में 11,000 लोगों के वोट काटने का काम किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमने चुनाव आयोग से अनुरोध किया है कि चुनाव से पहले बड़े पैमाने पर नाम हटाने की प्रक्रिया को रोका जाए और उन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए जिन्होंने बड़े पैमाने पर नाम हटाने का आवेदन किया है। श्वष्ट ने कहा है कि चुनाव से पहले कोई भी बड़े पैमाने पर डिलीट नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न विधानसभाओं में हज़ारों मतदाताओं के नाम काटने की आवेदन चुनाव आयोग को दी हैं। चुनाव आयोग ने भी इन आवेदन पर चोरी-छिपे काम करना शुरू कर दिया है। केंद्रीय चुनाव आयोग ने हमारी शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए एक्शन लेने का आश्वासन दिया है।प्रतिनिधिमंडल में दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, राज्यसभा सांसद संजय सिंह और राघव चड्ढा और पार्टी नेता जैस्मीन शाह शामिल थे। बैठक को सफल बताते हुए आप सुप्रीमो ने त्वरित कार्रवाई के लिए चुनाव आयोग का आभार व्यक्त किया। अगले साल फरवरी में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव नजदीक आने के साथ ही कथित मतदाता विलोपन एक विवादास्पद मुद्दा बन गया है।

# दहेज उत्पीड़न मामलों में कानून का दुरुपयोग रुकना चाहिए

## ▶▶ बंगलूरू इंजीनियर की आत्महत्या के बाद सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** सुप्रीम कोर्ट ने विवाहित महिलाओं द्वारा अपने पतियों और ससुराल वालों को स्वार्थ के लिए परेशान करने के लिए क्रूरता कानून के बड़े पैमाने पर इस्तेमाल पर चिंता व्यक्त की। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी तेलंगाना हाईकोर्ट के उस आदेश को खारिज करते हुए की, जिसमें एक महिला द्वारा अपने पति, उसके माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले को खारिज करने से इनकार कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं को उनके ससुराल वालों की क्रूरता से बचाने वाले कानूनों के %दुरुपयोग की बढ़ती प्रवृत्ति% को चिह्नित किया और कहा कि अदालतों को निर्दोष लोगों के अनावश्यक उत्पीड़न को रोकने के लिए दहेज उत्पीड़न के मामलों का फैसला करते समय सावधानी बरतनी चाहिए।आत्महत्या से ठीक पहले, अतुल सुभाष ने 80 मिनट का एक वीडियो रिकॉर्ड किया था जिसमें उन्होंने अपनी अलग रह रही पत्नी निकिता सिंघानिया और उनके परिवार पर पैसे ऐंठने के लिए उन पर और उनके परिवार पर कई मामले दर्ज करने का आरोप लगाया था।

इसके अलावा अतुल ने अपने 24 पेज के सुसाइड नोट में न्याय व्यवस्था की भी आलोचना की है। एक मामले (दारा लक्ष्मी नारायण और अन्य बनाम तेलंगाना राज्य और अन्य) की सुनवाई करते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 498ए, जो विवाहित महिलाओं के खिलाफ पतियों और उनके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता को दंडित करती है, का दुरुपयोग किया जा रहा है। मामले की सुनवाई करते हुए, जस्टिस बीवी नागरत्ना और एन कोटिस्वर सिंह की शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा कि कभी-कभी प्रावधान, जिसका उद्देश्य मूल रूप से महिलाओं को घरेलू हिंसा और उत्पीड़न से बचाना था, का कुछ महिलाओं द्वारा अपने पति और उसके परिवार को अनुपालन करने के लिए मजबूर करने के लिए शोषण किया जा रहा था। सुप्रीम कोर्ट ने पत्नी द्वारा अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ दायर क्रूरता और दहेज के मामलों को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। यह याचिका पति और उसके परिवार के सदस्यों द्वारा दायर की गई थी, जिसमें मामले को खारिज करने से तेलंगाना उच्च न्यायालय के इनकार को चुनौती दी गई थी। पति द्वारा तलाक मांगे जाने के बाद पत्नी ने मामला दर्ज कराया था। दलीलों की समीक्षा करने के बाद, सुप्रीम कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि पत्नी ने व्यक्तिगत शिकायतों को निपटाने के लिए मामले दायर किए थे और वह कानूनी प्रावधानों का दुरुपयोग कर रही थी, जिसका उद्देश्य उसकी रक्षा करना था।

# अब ट्रेन एक्सीडेंट पर लगेगा ब्रेक

### ● भारत की 15 हजार किमी रेलवे ट्रैक पर होगा सुरक्षा कवच



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** सुरक्षित और अधिक कुशल ट्रेन यात्राओं की तलाश में, भारतीय रेलवे ने एक अत्याधुनिक स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी) प्रणाली कवच का अनावरण किया है जो स्वदेशी तकनीक में एक सफलता का प्रतिनिधित्व करता है। कवच को ट्रेन संचालन के लिए उच्चतम सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करते हुए सुरक्षा की एक मजबूत परत प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। प्रतिष्ठित सेफ्टी इंटीग्रिटी लेवल 4 (एसआईएल-4) से प्रमाणित, कवच इसकी असाधारण विश्वसनीयता का प्रमाण है।रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संसद में बताया कि 10 हजार लोकोमोटिव और 15 हजार किमी रेलवे ट्रैक पर कवच का काम चालू हो चुका है। बहुत विनम्रता से कह रहा हूं कि विकसित देशों ने जो काम 20 साल में किया, उतना काम भारत ने 5 साल में किया है। उन्होंने बताया कि कवच लगने से 10 द्यद्व दूर का सिग्नल ड्राइवर को केबिन में मिल जाएगा। बाहर कुहासा हो, तो भी कवच से सिग्नल मिलेगा। ओवर स्पीड होने पर कवच ऑटोमैटिक ब्रेक लगा देगा। आप विश्वास नहीं करेंगे कि ट्रायल के दौरान लोको पायलट के चेहरे पर कितनी खुशी थी।

स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी) एक ट्रेन सुरक्षा प्रणाली है जिसे यह सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है कि ट्रेन की गति सिग्नलिंग प्रणाली द्वारा निर्धारित सीमा के भीतर बनी रहे। यह लगातार ट्रेन की गति की निगरानी करता है और स्वचालित रूप से अनुमत गति प्रतिबंधों के अनुपालन को लागू करता है।

यदि ट्रेन अनुमत गति से अधिक हो जाती है या विशिष्ट सिग्नल पहलुओं पर प्रतिक्रिया देने में विफल रहती है, तो एटीपी ट्रेन को रोकने के लिए तुरंत आपातकालीन ब्रेक सक्रिय कर देता है।

भारत के विशाल और जटिल रेल नेटवर्क को चलाने वाले ट्रेन ड्राइवरों के लिए, कवच एक सतर्क अभिभावक के रूप में कार्य करता है।

यह ट्रेन की गति और मानव गतिविधि में देरी या चूक होने पर कदमों की निगरानी करता है। यदि लोको पायलट महत्वपूर्ण क्षणों में प्रतिक्रिया देने में विफल रहता है, तो कवच स्वचालित रूप से ब्रेक लगा देता है, जिससे संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। लेकिन कवच सिर्फ एक सुरक्षा तंत्र से कहीं अधिक है; इसे भारत के विविध और अप्रत्याशित मौसम की चुनौतियों से निपटने के लिए बनाया गया है।

## गरीबों की जमीन कब्जा से मुक्त कराएं, दबंगों को सबक सिखाएं अधिकारी -मुख्यमंत्री



**लखनऊ,एजेंसियॉ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को गरीबों की जमीनों को कब्जे से मुक्त कराने और अवैध कब्जा करने वाले दबंगों को कानूनी सबक सिखाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफिया और गरीबों को उजाड़ने वाले दबंग किसी भी दशा में बख्शे न जाएं, उनके खिलाफ बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करने की नीति का अनुसरण करते हुए कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे।इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात करके उन्होंने आश्वस्त किया कि ÷किसी के साथ अन्याय नहीं होगा।उन्होंने प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए समस्याओं के त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश दिया और लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा, ÷सबको न्याय मिलेगा और सबकी पीड़ा दूर की जाएगी।÷ जनता दर्शन में दूसरे जिलों के भी लोग आए थे। इस दौरान कुछ महिलाओं ने भूमाफिया और दबंगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत की, जिसपर मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमाफिया को करारा सबक सिखाया जाएगा और उनके रहते कोई भी किसी कमजोर या गरीब को उजाड़ नहीं पाएगा।

# युवा इनोवेटर्स से सीखने को मिलता है - प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2024 के प्रतिभागियों से वर्चुअल माध्यम से संवाद में कहा कि आज का भारत सबके प्रयास से ही आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि युवा इनोवेटर्स से सीखने को मिलता है।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि युवा इनोवेटर के पास 21वीं सदी के भारत को देखने का अलग नजरिया है, इसलिए आपके समाधान भी अलग होते हैं। ऐसे में जब आपको नई चुनौतियां मिलती हैं तो उनके नये और अनोखे समाधान खोजकर दिखाते हैं।उन्होंने कहा कि वह पहले भी हैकथॉन में भाग ले चुके हैं और युवा इनोवेटर्स ने उन्हें कभी निराश नहीं किया। उन्होंने मनोबल बढ़ाया है। मोदी ने कहा कि हर बच्चा खास होता है और उसे बढ़ने और फलने-फूलने का अवसर मिलना चाहिए। किसी को भी पीछे नहीं छोड़ा जाना चाहिए या खुद को उपेक्षित महसूस नहीं करना चाहिए। इसे हासिल करने के लिए लगातार नए-नए समाधानों की ज़रूरत होती है।

इनोवेटर्स की टीम के समाधान लाखों बच्चों के जीवन को बदल देंगे। आपकी पिछली टीमों द्वारा प्रस्तुत समाधान अब विभिन्न मंत्रालयों में उपयोग किए जा रहे हैं, जिससे पूरे देश में महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ रहा है।प्रधानमंत्री ने साइबर सुरक्षा को लेकर कहा कि भारत दुनिया की अग्रणी डिजिटल इकोनॉमी में से एक है।

हमारा देश बड़े पैमाने पर डिजिटली कनेक्ट हो रहा है, ऐसे में साइबर क्राइम का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है, इसलिए जिस समाधान पर आप काम कर रहे हैं, ये भारत के फ्यूचर के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश में ड्रोन का अलग-अलग सेक्टर्स में बहुत इस्तेमाल हो रहा है। उन्होंने नमो ड्रोन दीदी योजना का जिक्र करते हुए कहा कि ड्रोन आजकल रिमोट एरिया में दवाएं और जरूरी सामान पहुंचाने में इस्तेमाल किए जा रहे हैं।

# आरबीएस महाविद्यालय में हुआ कैंपस प्लेसमेंट




**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** आरबीएस महाविद्यालय मेजा खास में बुधवार को कैंपस प्लेसमेंट में कई छात्रों को जॉब मिलना तय है। इस प्लेसमेंट ड्राइव में महाविद्यालय के दर्जनों छात्रों का चयन विभिन्न पदों पर किया गया है। महाविद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता और अनुशासन की वजह से प्रतिवर्ष कम्पनियाँ कालेज में दस्तक देती हैं। यहाँ से जुड़े छात्रों के बेहतर भविष्य के लिए यह शुभ संकेत है।

मीट फाइनेंस कम्पनी के प्रतिनिधियों ने छात्रों का कालेज परिसर में साक्षात्कार लिया। महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल के प्राधिकारी गौरव शंकर शुक्ल ने सक्रिय भागीदारी के साथ उक्त ड्राइव का आयोजन कराया।

चयनित छात्रों ने हर्ष प्रकट किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा आर के मिश्र ने प्लेसमेंट की सफलता के लिए छात्रों के बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह प्लेसमेंट ड्राइव आरबीएस महाविद्यालय के छात्रों के कौशल और ज्ञान के उच्च स्तर का प्रमाण है। महाविद्यालय इस तरह के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है जो छात्रों को अपने करियर में आगे बढ़ने में मदद करते हैं।

# एआई, डार्क वेब और सोशल मीडिया स्कैमर्स से बचाएगा महाकुम्भ साइबर थाना

## एआई, एक्स, फेसबुक और गूगल का नहीं हो सकेगा दुरुपयोग, ठगों के फर्जी लिंक के हथियार कर दिए जाएंगे बेकार

**लोकमित्र ब्यूरो**
**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ की तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगी योगी आदित्यनाथ सरकार पहली बार इतने व्यापक स्तर पर महाआयोजन का डिजिटलीकरण करने जा रही है। डिजिटलाइजेशन के साथ साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी को रोकने के लिए भी व्यापक तैयारी की जा रही है। इसी क्रम में साइबर सिक्योरिटी प्रदान करने के लिए मेला क्षेत्र में साइबर थाने की शुरुआत की गई है। इसके माध्यम से एआई, डार्क वेब और सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर लोगों को झांसा देना संभव नहीं हो पाएगा। खास बात ये है कि इस बार देश विदेश से इतनी बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की ऑनलाइन सुरक्षा के लिए पूरे प्रदेश के चुनिंदा अफसरों की एक स्पेशल टीम बुलाई गई है। यहां प्रदेश के चुनिंदा साइबर एक्सपर्ट्स पहुंच चुके हैं, जो 45 करोड़ श्रद्धालुओं की साइबर सुरक्षा में 24 घंटे तैनात रहेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुम्भ 2025 को अब तक का सबसे भव्य और दिव्य आयोजन बनाने के लिए वृहद स्तर पर तैयारी की जा रही है। मेला के दौरान यहां 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है, जिनकी सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री योगी ने अफसरों को विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया है। इसी क्रम में एक एक श्रद्धालु की सुरक्षा पर मेले के अधिकारी विशेष ध्यान दे रहे हैं। यही नहीं, उन्हें साइबर सिक्योरिटी प्रदान करने के लिए पूरे प्रदेश के चुनिंदा अफसरों की एक स्पेशल टीम महाकुम्भनगर बुला ली गई है।

महाकुम्भनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी बताते हैं कि फेक और डार्क वेबसाइट और सोशल मीडिया के शातिरों से श्रद्धालुओं की हर तरह से हिफाजत करने की योजना तैयार कर ली गई है। इसके लिए पूरे प्रदेश के अनुभवी अफसरों को यहां महाकुम्भनगर में बुलाया गया है। आते ही साइबर सेल के एक्सपर्ट अपनी पोजिशन ले चुके हैं। सबसे खास बात यह है कि महाकुम्भ में एआई, एक्स, फेसबुक और गूगल का किसी भी प्रकार से दुरुपयोग नहीं किया जा सकेगा। ठगों के फर्जी तरीके से तैयार किए गए लिंक के हथियार नष्ट कर दिए जाएंगे। महाकुम्भनगर की साइबर एक्सपर्ट की टीम ने तेजी से काम करते हुए ऐसी संदेहास्पद 44 वेबसाइटों को अपने रडार पर ले लिया है। जिनके खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।

**➪प्रदेश के चुनिंदा एक्सपर्ट्स की टीम पहुंची महाकुम्भनगर, 44 वेबसाइट रडार पर**

**➪सीएम योगी के निर्देश पर साइबर क्रिमिनल्स के खिलाफ अभियान चला रहे एसएसपी महाकुम्भनगर**

### ऑनलाइन सुरक्षा के लिए मोबाइल साइबर टीम भी सक्रिय

**प्रयागराज।** महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को बड़े पैमाने पर जागरूक किया जा रहा है। उन्हें महाकुम्भ मेले से संबंधित जानकारी के लिए 1920 नंबर भी जारी किया गया है। इसके साथ-साथ सरकारी वेबसाइट (जिनमें द्दश्1.द्वठ्ठ लगा हो) का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा फर्जी वेबसाइटों की सूचना भी यहां थाने में दी जा सकती है, जिस पर साइबर थाना तुरंत कार्यवाही करेगा। इसके साथ ही देश-विदेश से महाकुम्भ में आने वाले 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की साइबर सुरक्षा के लिए साइबर एक्सपर्ट की टीम दिन रात काम कर रही है। यह टीम एक स्थान पर लैपटॉप और कंप्यूटर से तो सक्रिय है ही, इसके अलावा इनकी मोबाइल टीम भी काम कर रही हैं। जो बड़ी संख्या में फर्जी वेबसाइट और सोशल मीडिया के फेक अकाउंट से संबंधित मामलों को मोबाइल पर ही सॉल्व कर रहे हैं।

### सोशल मीडिया के माध्यम से पैसे मांगने वालों पर विशेष नजर

**प्रयागराज।** जो लोग एआई, फेसबुक, एक्स या इंस्टाग्राम के माध्यम से लोगों से पैसे मांगते हैं, उन पर भी साइबर एक्सपर्ट नजर रख रहे हैं। शिकायत मिलते ही उन पर प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। इनके अलावा फर्जी वेबसाइट और लिंक के जरिए धोखाधड़ी करने वालों पर भी सख्ती की जाएगी। महाकुम्भ में आने वाले एक-एक श्रद्धालु की सुरक्षा में साइबर एक्सपर्ट की टीम 24 घंटे अलर्ट मोड में है।

# मार्गों की हालत दयनीय

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सहसों।** सहसों से चंदौहा जाने वाली सड़क की हालत जर्जर हो चुकी है। यही हाल वारी से बनी मार्ग का भी है। बनी मार्ग पर चलना तो पत्थर पर तीर चलाने जैसा है। इस मार्ग के गड्ढों को को तो पैचिंग लगा दिया गया। किंतु सड़क नहीं बनाई गई। जिसके चलते आवागमन में ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बताते चले कि सहसों से चंदौहा जाने वाली सड़क की हालत जर्जर हो चुकी है। ग्रामीणों ने सोचा था कि महाकुम्भ की तैयारी जोर शोर से हो रही है तो यह सड़क भी बन जाएगी किंतु जैसे जैसे महाकुम्भ का समय नजदीक आ रहा है, वैसे वैसे लोगों की आस टूटने लगी। वैसे तो विकास के दावे किए जा रहे हैं। देखरेख के अभाव एवं गुणवत्ता में कमी के चलते ये सड़कें समय से पहले ही जर्जर हो रहीं हैं और अब ये जनता के लिए परेशानी का सबब बनकर आए दिन दुर्घटना को आमंत्रित करते रहती हैं। मजबूरी में जनता उन बदहाल सड़कों पर जान जोखिम में डाल कर यात्रा करने को मजबूर है।

# किसान आंदोलन पर भाजपा की गलत बयानबाजी-राजू चौबे

## भाजपा सरकार की नीतियाँ हैं किसान विरोधी

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** देश के किसान अपने हक के लिए आंदोलनरत हैं। किसानों की आय दोगुनी करने का सब्जबाग दिखाकर सत्ता पर काबिज होने वाली भाजपा, किसान आंदोलन को प्रायोजित बता रही है। सपा नेता राजू चौबे ने सरकार को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि भाजपा के पास किसान हित के लिए ना कोई नीति है और उसकी नियति भी साफ नही है।सपा नेता राजू चौबे ने कहा कि देश के किसानों की अहम मांगों को छोड़ भी दें तो क्षेत्रीय किसानों की दिक्कतें कम नही हैं। सूखी नहरें, डीएपी और उन्नत बीजों का अभाव और दिन रात झुंड में घूमते आवारा



मवेशी, कृषि विभाग के फर्जीवाड़े किसानों और कृषि पर भारी पड़ रहे हैं। श्री चौबे ने कहा कि भाजपा किसान हितैषी होने का ढोल पीटती है लेकिन किसानों की आर्थिक मजबूती की बात दो दूर, वह मूलभूत दिक्कतों से भी निजात नही दिला पा रही है। किसान आंदोलन को प्रायोजित बताकर उसे हल्का करना और किसान नेताओं को तेवर दिखाना आम बात हो गयी है।सपा नेता चौबे ने कहा यह अफसोसजनक है।

श्री चौबे ने कहा सपा मुखिया अखिलेश यादव किसानों के मुद्दे पर हमेशा मुखर रहे हैं। उन्होंने सरकार के नीतियों की मुखालफत कर सरकार से किसानों की बात सुनकर इस मामले में किसान हित मे फैसला लेने की बात मंचो से बोल चुके हैं। चौबे ने कृषि सम्बन्धी समस्त अधिकारियों से नहर में पानी छोड़ने, डीएपी, यूरिया उपलब्ध कराने की मांग की है।

# सड़क निर्माण में हो रही मानक की अनदेखी-सिद्धान्त तिवारी

## मेजारोड की सड़क वर्ष भर में बन रही तीसरी बार, गड्ढों की वजह से चलना रहा दूभर

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** जिला पंचायत द्वारा बनाई जा रही मेजारोड की सड़क में व्यापक धांधली की जा रही है। समाजसेवी सिद्धान्त तिवारी ने सड़क निर्माण में मानक की अनदेखी का आरोप लगाते हुए जनहित में इसकी जांच की मांग की है।उन्होने कहा कि वर्ष भर पहले बनाई गई इस सड़क पर दोबारा धन की स्वीकृति पर भी सवाल खड़े हो रहे है।

मेजारोड बाजार के कोहड़ार चौराहे से रेलवे स्टेशन बाईपास रोड का निर्माण कार्यदायी संस्था जिला पंचायत द्वारा कराया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो उक्त सड़क पर 9.40 लाख रुपए की स्वीकृति दी गयी है।इस सड़क की



दूरी लगभग 500 मीटर है।श्री तिवारी ने आरोप लगाया है कि सड़क निर्माण में मानक की अनदेखी की जा रही है।ठेकेदार की मनमानी और फर्जीवाड़े को लेकर क्षेत्र के लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

श्री तिवारी ने आरोप लगाया कि कार्य पूरी तरह से मानक विहीन कराया जा रहा है। सड़क में घटिया किस्म और की गिट्टी और मात्रा में भी कमी की जा रही है।इस मार्ग को वर्ष भर पूर्व दो बार बनाया जा चुका था।पिछली बार भी इसके निर्माण में व्यापक धांधली की गई थी। इस वजह से सड़क कुछ दिन बाद ही ध्वस्त हो गयी थी। पूरी सड़क में गढ्ढे ही गढ्ढे बन गए थे। मार्ग पर चलना मुश्किल था। उन्होंने कहा कि इस सड़क को एक बर्ष में दो बार बन चुकी है, अब तीसरी बार बन रही है। उन्होंने कहा कि इसी तरह घटिया निर्माण होने के कारण सड़क खराब हो जाती है। जिला पंचायत और ठेकेदारों की लूट खसोट रवैया से सरकार का धन बर्बाद हो रहा है।श्री तिवारी ने मार्ग निर्माण के जांच की मांग की है।

# मुख्यमन्त्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत तेलियरगंज में 14 को होगा विवाह

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** इस बार मुख्यमन्त्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत गरीब जोड़ों का विवाह जिला स्तर पर तेलियरगंज में 14 को होगा। एडिओ समाज कल्याण अधिकारी अजय कुमार निर्मल ने बताया कि होलागढ़ ब्लाक से 31और मऊआइमा से 41 जोड़ों को चिंहित किया गया है। जिसकी अभी कड़ी जाँच की जा रही है। बताया कि इस बार जिला भर से लगभग पांच सौ जोड़ो का सामूहिक विवाह होने की संभावना है। जो प्रिंटिंग टेकनालाजी तेलियरगंज में होगा। ब्लाक के सभी ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को आदेश दिया गया है कि अपनी अपनी देखरेख मे जोड़ों को तेलियरगंज स्थित विवाह स्थल तक पहुंचाएं।

## होलागढ़ में गेहूं का बीज नदारद, किसान परेशान

होलागढ़ (प्रयागराज)। राजकीय कृषि बीज केंद्र होलागढ़ में गेहूँ का बीज बीते एक पखवारा से नदारद है। जबकि बहुतायत किसान अभी बुआई को बचे हैं। किसान आये दिन बीज केंद्र का चक्कर लागा रहे हैं। बता दें कि बीज केंद्र में लगभग 1500 बोरी गेहूं का बीज आया तो मगर चतुर लोग इस बार बाजार से सस्ता बीज होने के कारण लोग बोने और खाने दोनो के लिए उठा ले गए जबकि बुआई वाले किसान अभी बाकी हैं। फिलहाल किसानों की मांग है कि विलंब से बोए जाने वाले गेहूं के बीज की आपूर्ति की जाय।

# अतरौरा प्रधान के विरुद्ध मुख्यमंत्री से शिकायत, जांच की मांग



**लोकमित्र ब्यूरो**
**हंडिया।** हंडिया तहसील के ब्लाक सैदाबाद अंतर्गत ग्राम सभा अतरौरा में प्रधान द्वारा व्यापक पैमाने पर लाखों रुपए का भ्रष्टाचार किया गया है। वह अपनी पत्नी, भाई, भतीजा समेत आधा दर्जन परिवार के लोगों के खाते में लाखों रुपए भेजकर पैसे को निकाल कर सचिव, रोजगार सेवक मिलकर आपस में बंदर बाट कर लिया है । मामले की पूर्व प्रधान ने मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर गांव में विकास कार्य में किए गए घपले की जांच की मांग की है। मुख्यमंत्री को दिए गए शिकायती पत्र में पूर्व प्रधान अतरौरा गुप्ता प्रसाद गुप्ता का आरोप है कि गांव के प्रधान फलराज भारतीया द्वारा अपनी पत्नी सुमन देवी, भतीजा विजय कुमार,भाई अभिमन्यु, नरोत्तम समेत आधा दर्जन से अधिक परिवार वालों के खाते में कई सालों से मोटी रकम डाल कर लाखों रुपए निकाल कर सचिव रोजगार सेवक और प्रधान आपस में मिलकर बंदर बांट कर लिया है। इन परिवार वालों के खाते में राज्य वित्त, केंद्रीय वित्त, मनरेगा का पैसे का भुगतान कराया गया है। यहीं भर नहीं पूर्व प्रधान का आरोप है कि प्रधान ने अपने भतीजा विजय बहादुर जो अविवाहित और छात्र है उसके खाते में मनरेगा और राज्य वित्त का पैसा एक ही तारीख में भुगतान कराया गया है। इसी प्रकार हैंडपंप रिबोर, शौचालय व अन्य विकास कार्यो में लाखों रुपए का फर्जी भुगतान कराया गया है ।पूर्व प्रधान गुप्ता प्रसाद गुप्ता ने प्रधान फलराज पर विकास कार्य में व्यापक पैमाने पर घोटाले का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को पत्र देकर सक्षम अधिकारी से घोटाले की जांच की मांग की है।

# सैकड़ों व्यापारियों ने उठाया निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का लाभ

## अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

**प्रयागराज।** व्यापारियों और आम जनमानस में नेत्र रोग की समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही है। इसके दृष्टिगत अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन सेंटर फॉर साइट, वेस्टीज बिल्डिंग सिविल लाइंस में आयोजित किया गया। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा प्रत्येक मरीज के आंखों की मुफ्त जांच की गई और निशुल्क दवा का वितरण किया गया।

जिला अध्यक्ष लालू मित्तल ने बताया कि जिन भी व्यापारियों को चश्मे की आवश्यकता थी उनको निशुल्क चश्मा बनवाकर प्रदान किए जाएंगे। महिला जिला अध्यक्ष रत्ना जायसवाल ने आंखों को अनमोल बताया और इस पर विशेष देखभाल करने की आवश्यकता पर बल दिया। वरिष्ठ नेत्र सर्जन मेडिकल डायरेक्टर डॉक्टर कमलजीत सिंह ने अनेक टिप्स बताए और बढ़ती उम्र के साथ आंखों को देखभाल करने की छोटे-छोटे तरीके बताए। बढ़ता रक्तचाप




आनियंत्रित डायबिटीज मानसिक तनाव, धूप में ज्यादा रहना अनेक आंखों की परेशानियां का मुख्य कारण है। आंखों के साथ-साथ यह गुर्दा और यकृत को भी नुकसान पहुंचता है।

शिविर में अनेक व्यापारियों ने आई कैंप का लाभ लिया। जिसमें प्रमुख रूप से कामिनी जैन, निधि केसरवानी, मीनू गुप्ता, श्वेता मित्तल, बबीता जायसवाल ,उषा केसरवानी, जिला अध्यक्ष गंगा पार राजेंद्र केशरवानी पप्पू भैया, सुधा केसरवानी, सरोज केसरवानी, मुकेश अग्रवाल, मिहिर बरनवाल, फाफामऊ बाजार के अध्यक्ष अजय जायसवाल, बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

# ढोल नगाड़े के साथ भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री की जनसभा के लिए लोगों को किया आमंत्रित

**प्रयागराज।** महापौर गणेश केसरवानी एवं महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में पार्षद और भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोकनाथ चौक से ढोल नगाड़े डीजे बैंड के साथ जनसंपर्क पदयात्रा अभियान चलाकर 13 दिसंबर को होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल जनसभा के लिए आमंत्रित किया।

इस अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी लोगों को अक्षत चावल वितरण करते हुए प्रधानमंत्री की जनसभा को सफल बनाने के लिए निवेदन करते हुए उन्हें शामिल होने का न्योता दिया। उन्होंने कहा कि कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में होने वाला प्रयागराज का दिव्य और भव्य महाकुंभ 2025 प्रयागराज की महिमा और गौरव को विश्व स्तर पर रेखांकित करेगा और हर प्रयागराज वासियों का सम्मान बढ़ाएगा।

इस अवसर भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार ने प्रयागराज



की गरिमा के अनुरूप विकास किया है और प्रयागराज युद्ध और भव्य में कुंभ मेला की तैयारी की है जो दुनिया को भारतीय संस्कृति का दर्शन कराएगा।

जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि पदयात्रा चौक ,राम भवन, बहादुरगंज ,मुट्ठीगंज, आदि क्षेत्र में जनसंपर्क करते हुए लोगों को आमंत्रित किया गया।

इस अवसर गिरि बाबा, ज्ञानेश्वर शुक्ला ,राम जी केसरवानी, राजू पाठक, प्रमोद मोदी गिरजेश मिश्रा, राजेश केसरवानी पार्षद किरन जयसवाल सुनीता चोपड़ा रितेश मिश्रा, मुकेश कसेरा, रूद्र सेन जायसवाल, नीरज टंडन,साहिल अरोड़ा, नीरज गुप्ता, अजय अग्रहरि, दिनेश विश्वकर्मा, मनोज मिश्रा, दिलीप केसरवानी,राकेश भारती, प्रशांत शुक्ला, राकेश जायसवाल, दीपक केसरवानी सुनील केसरवानी, प्रवीण मालवीय एवं सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता रहे!

# शिक्षकों की पुरानी पेंशन योजना से सम्बंधित आदेश के अनुपालन में पक्षपात का आरोप

## सपा एमएलसी डॉ मानसिंह यादव के नेतृत्व में अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक कोशिक्षकों ने दिया ज्ञापन

**प्रयागराज।** पुरानी पेंशन को लेकर केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा जारी शासनादेश के अनुपालन में माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा पक्षपात कर मनचाहे लोंगो को लाभ दिलाने तथा योजना का अनुपालन पारदर्शी तरीके से नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए समाजवादी शिक्षक सभा के पदाधिकारियों ने आज सपा एमएलसी डॉ मानसिंह यादव एवं सपा शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ एस पी सिंह पटेल केसंयुक्त नेतृत्व में अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक सुरेन्द्र नाथ तिवारी से उनके कार्यालय में मिलकर शिकायत दर्ज की और ज्ञापन सौंपा। सपा नेताओं का आरोप है कि केंद्र सरकार द्वारा पुरानी पेंशन का लाभ दिलाने के लिये जारी शासनादेश



संख्या में निर्देशित है कि जिन भर्तियों का विज्ञापन वर्ष 2005 से पहले का है लेकिन कार्यभार समय से नहीं ग्रहण कर पाएं हैं ऐसे कर्मियों को पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाये। ऐसे कर्मचारियों के सत्यापन के नाम पर शिक्षकों से मोटी रकम वसूली जा रही है। विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों की मनमानी पर रोक लगाने एवं सभी लाभार्थी कर्मचारियों का सत्यापन पारदर्शी तरीके से किये जाने की मांग की गई।

ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से एमएलसी डॉ मानसिंह यादव,शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ एस पी सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष सुरेश यादव, राजू पासी, रंजीत सिंह अवनीश कुमारआदि रहे।

# लोक अदालत की सफलता के लिए प्रचार वाहन को झंडी दिखाकर किया रवाना

**प्रयागराज।** आज जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज संतोष राय द्वारा 14 दिसंबर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु जनपद न्यायालय परिसर, प्रयागराज से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

प्रचार वाहन के साथ समस्त बैंकों के प्रबंधजगण व जिला अग्रणी प्रबंधक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा उपस्थित रहे। प्रचार वाहन साथ पराविधिक स्वयंसेवक ने पूरे शहर में लोक अदालत का प्रचार प्रसार किया। इस मौके पर रविकांत नोडल ऑफिसर लोक अदालत/एडीजे व रजनीश कुमार मिश्रा प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण / एडीजे सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। 14 दिसंबर को आयोजित राष्ट्रीय



लोक अदालत का प्रचार प्रसार पूरे जनपद में किया गया तथा 11 दिसंबर से 13 दिसंबर तक आयोजित पेटी ऑफेंस की विशेष लोक अदालत के बारे में आम जनता को बताया गया। समस्त जनमानस से अनुरोध है की पेटी ऑफेंस की विशेष लोक अदालत 11 दिसंबर से 13 दिसंबर में अपने वादों को नियत कर निस्तारित कराए तथा 14 दिसंबर आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने मुकदमे को चिन्हित कर स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित हो कर उसका निस्तारण कराए। यह जानकारी प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रजनीश कुमार मिश्र द्वारा प्रदान की गई।

# छात्रों ने वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा



**प्रयागराज।** द पाम एकेडमी स्कूल करेलाबाग का वार्षिक खेल दिवस मदन मोहन मालवीय स्टेडियम प्रयागराज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर अहमद पूर्व कुलपति अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय और विशिष्ट अतिथि और वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल तिवारी अध्यक्ष इलाहाबाद उच्चन्यालय बार एसोसिएशन और द पाम एकेडमी स्कूल के संस्थापक डॉक्टर वलीउल्ला सिद्दीकी रहे।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण स्कूली छात्रों की सफलता अनुशासन और और कौशल को प्रदर्शित करने वाले विभिन्न कार्यक्रम थे। रस्साकसी , म्यूजिक की धुन पर पीटी ,लम्बी दूरी की दौड़, ऊंची छलांग आदि में छात्रों द्वारा अपने अद्भुत कौशल का प्रदर्शन करते हुऐ खूब धमाल मचाया। रिंग व ड्रिल के साथ रंगीन परिधान पहन मार्च पास्ट मे बच्चों ने टीम वर्क को प्रदर्शित किया वार्षिक स्पोर्ट समारोह औपचारिक रूप से एकता और देशभक्ति के प्रतीक भारतीय राष्ट्रगान की प्रस्तुति के साथ सम्पन्न हुआ समारोह में मुख्य अतिथि और द पाम एकेडमी के संस्थापक द्वारा अपने मूल्यवान संबोधन से छात्रों को दी गई सलाह और सराहना के अनमोल शब्दों द्वारा चिन्हित किया गया था।

डॉक्टर वलीउल्ला ने कहा की खेल कूद से बच्चों का स्वास्थ्य ठीक रहता है अपने शरीर को स्वास्थ्य रखने के लिए सभी लोगो को खेल के साथ व्यायाम भी करना चाहिए व्यायाम करने से शरीर में होने वाली बीमारियां दूर होती हैं।

द पाम एकेडमी के निदेशक अलमुल्लाह सिद्दीकी, प्रिंसिपल सालेहा मदनी और स्कूल के उप प्रिंसिपल मोहम्मद सगीर ने उनके वार्षिक खेल दिवस को विशेष और यादगार बनाने के लिए उपस्थित सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

# वांछित अभियुक्त गिरफ्तार ,भेजा जेल

**लोकमित्र ब्यूरो**
**फूलपुर ।** पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे धड़पकड़ अभियान के क्रम में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। फूलपुर थाना क्षेत्र के लतीफपुर गांव की एक युवती ने फूलपुर थाने पर शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाए थे कि फूलपुर थाना क्षेत्र के नेकनामपुर गांव निवासी प्रीत कुमार 20 वर्ष पुत्र मिठाई लाल निवासी उपरोक्त ने उसे बहला फुसला



कर शादी का झांसा देकर काफी दिनों तक उससे शारीरिक संबंध बनाता रहा किंतु शादी के लिए जब उस दबाया बनाया तो उसने शादी करने से इनकार करते हुए उसे धोखा दे दिया पुलिस ने मामले की छानबीन के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा कायम किया तो भनक लगते ही वह घर फरार हो गया वांछित अभियुक्त की तलाश करने के लिए थाना प्रभारी फूलपुर प्रवीण कुमार गौतम ने क्षेत्र के हल्का दरोगा दीपक कुमार के साथ पुलिस टीम गठित करके उसे गिरफ्तार करने का आदेश दिया उपरोक्त पुलिस टीम ने वांछित आरोपी को मंगलवार को फूलपुर थाना क्षेत्र के सराय लिली उर्फ खोजापुर गांव के नहर की पुलिया के पास से गिरफ्तार करके विधिक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया।

# अधिकारियों ने लिया पीएम के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा



**प्रयागराज।** महाकुम्भ 2025 के सकुशल एवं सुरक्षित आयोजन व तैयारियों व प्रधानमंत्री, भारत सरकार के जनपद प्रयागराज में प्रस्तावित आगमन के दृष्टिगत आज पुलिस आयुक्त प्रयागराज तरुण गाबा, मण्डलायुक्त प्रयागराज विजय विश्वास पंत द्वारा संगम क्षेत्र में निर्मित केन्द्रीय चिकित्सालय, वी0वी0आई0पी0 घाट, प्रमुख मार्गो तथा कार्यक्रम स्थल का भ्रमण एवं स्थलीय निरीक्षण कर सर्वसम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। भ्रमण के दौरान अपर पुलिस आयुक्त प्रयागराज एन कोलांची, मेलाधिकारी विजय किरण आनंद, जिलाधिकारी प्रयागराज रविन्द्र कुमार मादड़ व अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# धान क्रय केन्द्रों पर पाये गए बिचौलियें के विरूद्ध होगी कार्यवाही- डीएम

## ● अजुहा में एडीएम ने अधिकारियों साथ अजुहा मण्डी के धान क्रय केन्द्र का किया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अजुहा, कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा धान खरीद में किसानों की सुविधा के लिए किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोके जाने एवं लक्ष्य के अनुरूप खरीद में प्रगति लाये जाने के लिए क्रय केन्द्रों का सघन निरीक्षण कराने के निर्देश दिये गये थे। डीएम के निर्देश पर बुधवार को अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड, जिला खाद्य विपणन अधिकारी सुधाशु शेखर चौबे व तहसीलदार विनय कुमार सिंह अजुहा मण्डी के धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान अजुहा मण्डी में खाद्य विभाग के क्रय केन्द्र पर अभी तक तौल प्रारम्भ नही हुई थी, जिसको लेकर अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार गोंड ने विपणन निरीक्षक को चेतावनी दी गयी कि धान की तौल कराने का निर्देश दिया । साथ ही उन्होंने कहा कि कृषक और क्रय केन्द्र के स्टॉफ के अतिरिक्त कोई भी अनधिकृत व्यक्ति केन्द्र पर उपस्थित न रहें। क्रय केन्द्र के चबूतरे पर क्रय किये गए धान की बोरियां भण्डारित थीं तथा सड़क पर खरीद की जा रहीं थी, जिस पर अपर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अविलम्ब धान का प्रेषण चावल मिलों पर किए जाने के निर्देश दिए। इसी तरह सदर तहसील के ओसा मण्डी में संचालित यू0पी0एस0एस0 के क्रय केन्द्र को छोड़कर खाद्य विभाग के 02 तथा मण्डी समिति और भारतीय खाद्य निगम के क्रय केन्द्र पर धान के ढेर पड़े हुए थे, जिनकी तौल हो रही थीं। दोनों ही मण्डियों के क्रय केन्द प्रभारियों को सचेत किया गया कि केन्द्र पर आने वाले कृषक का पंजीकरण प्रपत्र, खतौनी, आधार कार्ड की भॅली-भॉति जॉचकर उनके धान की तौल प्रारम्भ की जाये। इस दौरान तहसीलदार विनय कुमार सिंह को अजुहा एवं ओसा मण्डी का प्रतिदिन मण्डी के क्रय केन्द्र का निरीक्षण करने के निर्देष दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा क्रय केन्द्रो के दैनिक निरीक्षण के लिए नोडल अधिकारी नामित किये गए है, तथा क्रय केन्द्र के आस-पास अनावश्यक रूप से लगातार देखें जाने वाले अनधिकृत लोगों को बिचौलियें के रूप में चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देष दिये गए है। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की स्थिति में केन्द्र प्रभारी के विरूद्ध भी दण्डात्मक कार्यवाही की जायेंगी।

## तहसील परिसर में वसीयत के गवाह से की गई धक्का-मुक्की

**चायल, कौशाम्बी।** स्थानीय तहसील परिसर में बुधवार को वसीयत की गवाही देने तहसील पहुंचे गवाह के साथ परिजनों ने धक्का मुक्की कर दी। शोर सुनकर तहसील परिसर में काफी लोग जमा हो गए। लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। गवाह न्यायालय में बिना गवाही दिए ही बैरंग लौट गया। चरवा थाने के मोहिउद्दीनपुर गांव की राजकली ने चार साल पहले अपनी बेटी देवकली के बेटे बिरंजन निवासी पैगम्बरपुर थाना संदीपन घाट के नाम चार बीघा जमीन वसीयत कर दी थी। एक साल पहले राजकली की मौत हो गई। दाखिल खारिज के लिए बिरंजन ने तहसीलदार की अदालत में वाद दाखिल किया था। वाद में महिला के बेटों ने आपत्ति दाखिल कर रखी है। बुधवार को वसीयत में अंकित गवाह अपनी गवाही देने के लिए तहसील पहुंचे। इसी दौरान मामले की जानकारी होने के बाद राजकली के बेटे राजकुमार और दूसरे मृतक बेटे बाबादीन की पत्नी तहसील पहुंच गई।

# प्रशिक्षण में जो सीखा उसे बच्चों के बेहतरी के लिए करें उपयोग





**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** विकास खंड कड़ा के बीआरसी कड़ा में आयोजित पांच दिवसीय समेकित शिक्षा के अंतर्गत नोडल शिक्षक प्रशिक्षण बुधवार को संपन्न हो गया। प्रशिक्षण के पांचवे दिन विभिन्न प्रकार के दिव्यांग बच्चों के लिए शिक्षण अधिगम सामग्री, प्रोत्साहन, सुविधाएं व अभिभावक परामर्श संकल्पना, दिव्यांग बच्चों को पहचान, दिव्यागजनों के लिए अधिनियम एवं नीति आदि बातों मास्टर ट्रेनर पुष्पेंद्र द्विवेदी व नीता मिश्रा के द्वारा विस्तारपूर्वक बताया गया। प्रशिक्षण में नोडल शिक्षकों द्वारा चार्ट पेपर के माध्यम से अपनी सीखी हुई बातों को विस्तार पूर्वक प्रस्तुतिकरण करते हुए बताया गया। प्रशिक्षण के समापन के अवसर पर सभी नोडल शिक्षकों को खंड शिक्षा अधिकारी नीरज कुमार उमराव ने यह संदेश दिया कि इन पांच दिनों में प्रशिक्षण के समय जो बारीकियां आप लोगों ने सीखी है उसका उपयोग दिव्यांग बच्चों के शिक्षा के संबंध में करेंगे। जिससे ये बच्चे भी सामान्य बच्चों की तरह अपनी सहभागिता कर सकें।

## पेंशनर दिवस का आयोजन 17 दिसम्बर को

कौशाम्बी। वरिष्ठ कोषाधिकारी रवीन्द्र प्रताप सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रबुद्ध सिंह की अध्यक्षता में 17 दिसम्बर 2024 को प्रातः 11 बजे उदयन सभागार में पेंशनर दिवस का आयोजन किया जायेंगा, जिसमें समस्त कार्यालयाध्यक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपने विभाग से सम्बन्धित पेंशनरों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

# जिले के अभिषेक नारायण युवा संगम आंध्रप्रदेश में करेंगे राज्य का प्रतिनिधित्व




**कौशाम्बी।** रसूलपुर गिरसा निवासी संजय दुबे के मझले बेटे अभिषेक नारायण का चयन एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत युवा संगम में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए हुआ है। बताते चले कि उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल दल आंध्रप्रदेश जाएगा। इसी क्रम में बता दे कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत आयोजित युवा संगम कार्यक्रम के लिए 75 जिलों में से 45 लोगो का चयन किया जाना था जिस कड़ी में अभिषेक का भी चयन हुआ। अभिषेक नारायण मूलतः रसूलपुर गिरसा भरवारी के निवासी हैं। इनका चयन भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय द्वारा 'एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत आयोजित युवा संगम 5.0 में उत्तर प्रदेश के 75 जिलों के 3000 आवेदकों में से दो चरणों के साक्षात्कार के बाद हुआ है। कार्यक्रम एक सप्ताह का है जो दिसंबर के तीसरे सप्ताह में एस.पी.ए आंध्रप्रदेश राज्य में आयोजित होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के विभिन्न राज्यों के युवाओं के बीच सांस्कृतिक आदान प्रदान एवं राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देना है। इस मौके पर अभिषेक के पिता संजय दुबे और माता आशा दुबे ने कहा कि प्रतिभाशाली छात्र अपनी हुनर व दमखम का परिचय देते हुए समाजसेवा के क्षेत्र में अपना नाम रोशन कर सकते है।

# भाकियू अम्बावता ने समस्याओं का 7 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**▶▶ जिलाध्यक्ष से नारेबाजी को लेकर एसडीएम से हुई नोकझोंक**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, कौशाम्बी।** स्थानीय तहसील परिसर में बुधवार को भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) ने बैठक का आयोजन किया। बैठक के बाद समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपने के दौरान जय जवान, जय किसान का नारा लगाने पर एसडीएम से किसानों की जमकर नोंकझोंक हुई। कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपने के बाद समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है।

जिलाध्यक्ष नरेंद्र पांडेय ने मांग किया है कि तहसील में आने वाले किसानों और फरियादियों की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। तहसील के जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी समस्या का समाधान करने में आनकानी करते हैं। तहसील परिसर स्थित स्टेट बैंक में ट्रेजरी चालान जमा न होने से लोगों को 40 किमी दूर मुख्यालय जाना पड़ता है। कस्बे का यूनानी अस्पताल जर्जर खपरैल भवन में चल रहा है। कस्बा चायल के गांधीनगर वार्ड स्थित तबेला तालाब पर अवैध कब्जा कर निर्माण किया जा रहा है। उसको अवैध कब्जे से मुक्त नहीं कराया जा रहा है। पिछले दो साल से नेवादा ब्लाक के बड़ा पिपरहटा गांव के किसान राजकीय नलकूप की मांग कर रहें हैं। बोरिंग न होने से किसानों की 150 बीघा जमीन सिंचाई के अभाव में परती पड़ी रहती है। वहीं, गांव की आठ सौ मीटर कच्चे संपर्क मार्ग पर आज तक इंटरलाकिंग नहीं लगावाई गई है। इससे ग्रामीणों को परेशानी होती है। हरदुआ खास गांव में जलजीवन मिशन से बनाई गई पानी टंकी से जल आपूर्ति सुचारु रूप से नहीं हो रही है आदि मांगो को लेकर वह एसडीएम को ज्ञापन सौंपने गए थे। आरोप है कि ज्ञापन सौंपने के पहले परिसर में किसानों के जय जवान, जय किसान का नारा लगाने को लेकर एसडीएम उनपर भड़क गए।

उन्होंने कहा कि आप लोगों के पास कोई काम नहीं है। आयेदिन नारेबाजी कर धरना प्रदर्शन करने आ जाते हैं। इसीबात को लेकर एसडीम और किसानों के बीच करीब पांच मिनट तक नोक झोंक होती रही। किसानों ने ज्ञापन सौंप समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। इस दौरान जिला महासचिव शिवशंकर पांडेय, गोविंद नारायण, मंजू देवी, दिल कुमार, विपिन, राकेश, यशवंत, मनीष, सोनू और राजू समेत दर्जनों किसान मौजूद रहे।

# जिलाध्यक्ष ने जरूरतमंदों को वितरित किया कम्बल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** सदर तहसील सभागार में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य व पूर्व विधायक लाल बहादुर, एडीएम, नायब ,व समस्त लेखपालो की उपस्थित में लेखपाल शकुंतला, अवधेश यादव,प्रमोद कुमार, बसंत कुमार के नेतृत्व में गरीब, असहाय, वृद्धजनों में कंबल का वितरण किया। ठंड को देखते हुए गरीबों असहाय वृद्ध के बीच कंबल वितरण करते हुए कहा गरीबों की सेवा ही एक सच्ची सेवा है।

गरीबों के दुख सुख में शामिल होकर मुझे काफी संतोष की अनुभूति होती है। जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने कहा कि सक्षम व्यक्तियों को आगे आकर समाज के जरुरतमंदों के लिए कुछ न कुछ अवश्य करने चाहिए। कड़ाके की ठंड में लोगों को तन ढाकने के लिए कम्बल की आवश्यकता होती है जिसे ध्यान में रखते हुए उपरोक्त कार्यक्रम किया गया है। कंबल पाकर सभी के चेहरे में खुशी छा गई।

# जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल के तत्वाधान में 76वां जनपद स्तरीय स्थापना दिवस परेड का किया गया आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**



**कौशाम्बी।** जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल के तत्वाधान में प्रांतीय रक्षक दल का 76 वां जनपद स्तरीय स्थापना दिवस परेड का आयोजन जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में ग्रामीण मिनी स्टेडियम गिरसा विकासखंड सिराथू कौशाम्बी के परिसर में किया गया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा पीआरडी स्थापना परेड का निरीक्षण किया गया तथा जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। जिलाधिकारी ने जवानों को प्रोत्साहित करते हुए उनके द्वारा निष्ठापूर्वक सेवा भाव से पुलिस और होमगार्ड के साथ मिलकर सेवा करने की सराहना की एवं आगे भी तन-मन से तत्पर रहते हुए कंधे से कंधा मिलाकर सेवा करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्हांने जवानों को हर संभव सहयोग और उनके मानदेय में वृद्धि के लिए एक अनुरोध पत्र भी महानिदेशक को भेजे जाने के लिए अपनी सहमति दी। स्थापना दिवस परेड में जवानों की कुल तीन टोलियां शामिल थी, जिसमें प्रत्येक टोली में 21 जवान शामिल थे। इसके अतिरिक्त तीन टोली कमांडर और तीन परेड कमांडर शामिल थे। युवा कल्याण विभाग की पूरी टीम ने पूरी तन्मयता से लगकर इस कार्यक्रम को एक उत्सव के रूप में तब्दील किया और कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। जिलाधिकारी द्वारा तीनों ही टीमों को जज करते हुए प्रथम द्वितीय और तृतीय श्रेणी दी गई, जिसके आधार पर जवानों को मेडल ट्रॉफी और वास्तुगत पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्थापना दिवस परेड के अंतर्गत परेड के अतिरिक्त विभिन्न टोलियों में टीम बनाकर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण और आकर्षक खेल रास्सा कशी का रहा, जिससे दर्शकों ने भी लुफ्त उठाया साथ ही विजेता और उपविजेता टीम को एवं टीम के प्रतिभागियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्हांने परेड ग्राउंड पर पीआरडी के जवानों द्वारा बनाई गई रंगोली की प्रशंसा की एवं भविष्य में विभागीय कठिनाइयों को दूर करने में अपेक्षित सहयोग प्रदान करने का वादा भी किया। कार्यक्रम में प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी अंशु मिश्रा, कार्यक्रम प्रभारी स्वाति पांडेय तथा क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी नाजुक जहां एवं सौरभ आर्य उपस्थित रहें।

## माटीकला टूल-किट्स वितरण योजना के चयन साक्षात्कार 16 दिसम्बर को

**कौशाम्बी।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अम्बुज कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि उ0प्र0 माटीकला बोर्ड, लखनऊ द्वारा संचालित माटीकला टूल-किट्स (विद्युत चालित चाक) वितरण योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 20 लाभार्थियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके सापेक्ष लाभार्थियों का चयन साक्षात्कार मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 16 दिसम्बर 2024 को मुख्य विकास अधिकारी के कार्यालय कक्ष में अपरान्ह 12:00 बजे होना निर्धारित है, जिन लाभार्थियों द्वारा अपना आवेदन-पत्र कार्यालय में जमा किया गया है, चयनध्साक्षात्कार में समय से भाग लेना सुनिश्चित करें। साक्षात्कार में अनुपस्थित होने की दशा में किसी भी आवेदन पत्र पर विचार नही किया जायेगा।

# पॉक्सो एक्ट के वांछित आरोपी को किया गया गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोखराज पुलिस उपनिरीक्षक हरीश तिवारी मय हमराह पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित सोनू यादव निवासी ग्राम अलीगंज थाना कौशाम्बी को जनहित इंटरमीडिएट कॉलेज चाकवन चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया।

## वारण्टी आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना कौशाम्बी पुलिस उपनिरी सलाम मुहम्मदमय हमराह पुलिस बल द्वारा आबकारी अधिनियम से सम्बन्धित वारण्टी आरोपी बुधई निवासी बड़ागढ़वा थाना व जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहियाध्चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले70वाहनों का ई-चालान किया गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही में 08 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना मंझनपुर से 01,
थाना पश्चिम शरीरा से 03, थाना चरवा से 02, थाना कड़ाधाम से 01, थाना मोहब्बतपुर पइन्सा से 01) कुल 08 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

# श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन सुदामा प्रसंग और परीक्षित मोक्ष की कथा सुनाई



**गोराजू, कौशाम्बी।** सरसवां ब्लॉक के ग्राम सभा देवरी गांव में चल रही श्रीमदभागवत कथा का बुधवार को समापन हो गया। कथा के अंतिम दिन भी श्रीमद् भागवत का रसपान पाने के लिए भक्तों का सैलाब कथा स्थल पर उमड़ पड़ा। कथावाचक विनय कृष्ण महाराज जी ने श्रीमद् भागवत कथा का समापन करते हुए कई कथाओं का भक्तों को श्रवण कराया जिसमें प्रभु कृष्ण के 16 हजार एक सौ आठ शादियां के प्रसंग के साथ, सुदामा प्रसंग और परीक्षित मोक्ष की कथायें सुनाई। इन कथाओं को सुनकर सभी भक्त भाव विभोर हो गए। कथा समापन के दौरान विनय कृष्ण महाराज ने भक्तों को भागवत को अपने जीवन में उतारने की बात कही जिससे सभी लोग धर्म की ओर अग्रसर हो। कथा के अंतिम दिन सुदामा चरित्र के माध्यम से भक्तों के सामने दोस्ती की मिसाल पेश की और समाज में समानता का संदेश दिया। साथ ही भक्तो को बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का सात दिनों तक श्रवण करने से जीव का उद्धार हो जाता है तो वहीं इसे कराने वाले भी पुण्य के भागी होते है। कथा के समापन के बाद हवन और भंडारे का आयोजन कल किया जाएगा। इस मौके पर यजमान दयाशंकर पांडे, माता कुंती, मुन्ना तिवारी, विजय शंकर पांडे, रामशंकर पांडे, गंगा शंकर पांडे, झंडा पांडे, गयाप्रसाद पांडे, संतोष पांडे, लखन पांडे, पप्पू पांडे, जगदीश मिश्रा, राम सिंह पटेल, बजरंग राजपूत आदि लोग मौजूद रहें।

# मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत चलाया गया जागरूकता अभियान





**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत आज पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक, आरक्षियों द्वारा चौराहों, बस स्टैण्ड, टैक्सी स्टैण्ड, जिला अस्पताल, विद्यालय, गांव व कस्बा में भ्रमण कर, चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में थाना मोहब्बतपुर पइंसा पुलिस टीम द्वारा श्री विश्वनाथ सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा मंझनपुर ब्लॉक में चौपाल लगाकर,थाना करारी पुलिस टीम द्वारा ग्राम मुकीमपुर में जाकर, थाना चरवा पुलिस टीम द्वारा ग्राम पैंसोर में जूनियर हाईस्कूल में, थाना सैनी पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए, चौपाल लगाकर, कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों, छात्राओं, महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया ।

महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉलध्पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

# महिला पुलिस कर्मियों द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय से निकाली गयी वृहद जागरूकता रैली



**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं, बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वावलंबन हेतु मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के अंतर्गत चलाए जा रहे महिलाओं के सशक्तीकरण और जागरुकता अभियान के क्रम में आज जनपद में महिला पुलिस कर्मियों द्वारा दोपहिया वाहनों से पुलिस अधीक्षक कार्यालय जनपद कौशाम्बी से वृहद जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली को अपर जिलाधिकारी कौशाम्बी एवं अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रैली पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्रारंभ होकर कस्बा मंझनपुर के विभिन्न चौराहों से होते हुये वापस पुलिस अधीक्षक कार्यालय आकर समाप्त हुई। जागरूकता रैली के दौरान पुलिस के द्वारा माइक से आमजनमानस को मिशन शक्ति के बारे में जानकारी दी गयी साथ ही शासन के द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा 112 पुलिस आपात कालीन सेवाआदि के बारे में भी जानकारी दी गयी। जागरूकता रैली के द्वारा जनपद कौशाम्बी की महिलाओ में तथा आमजनमानस में निर्भीकता की भावना सृजित की गयी। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी मंझनपुर, क्षेत्राधिकारी कौशाम्बी सहित अन्य पुलिस अधिकारीध्कर्मचारीगण तथा मीडियाकर्मी भी मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

## हरिजन एक्ट मे वांछित अभियुक्त गिरफतार

**लीलापुर,प्रतापगढ़।** उ0नि0 रामनरेश द्वारा मारपीट व एससीध्एसटी एक्ट के अभियोग में वांछित 01 अभियुक्त को सरस्वती विद्यालय सगरासुन्दरपुर के पास से गिरफ्तार किया गया ।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) संजय राय के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी लालगंज के कुशल पर्यवेक्षण में दिनांक 10.12.2024 को उ0नि0 रामनरेश मय हमराह का पवन कुमार द्वारा विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना लीलापुर में पंजीकृत मु0अ0सं0 433 ध् 24 धारा 326 (ळ)ध्324(4)ध्352ध्351(2)ध्बीएनएस व 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)5।, 3(2)टॅ ब्ध्ैज् ।ब्ज् में वांछित 01 अभियुक्त संजय वर्मा पुत्र सीताराम वर्मा निवासी मोती का पुरवा कोठारमंगोलपुर थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ उम्र 33 वर्ष को सरस्वती विद्यालय सगरासुन्दरपुर के पास से गिरफ्तार किया गया ।

## वारण्टी अभियुक्त गिरफतार

**सॉंगीपुर,प्रतापगढ़।** एक नफर वारण्टी अभियुक्त को उ0नि0 ज्ञानेन्द्र कुमार मय हमराह का0 पंकज कुमार द्वारा किया गया गिरफ्तार।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन थाना साँगीपुर केउ0नि0 ज्ञानेन्द्र कुमार मय हमराह का0 पंकज कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्रध्तलाश वाँछित वारण्टी के दौरानमा0 न्यायालय गैर जमानतीय वारण्ट आदेश मा0 न्यायालय ए0सी0जे0 (जे0एम0) से संबंधित मु0नं0 1350ध्17, अ0सं0 254ध्97 अन्तर्गत धारा 457ध्380 भादवि थाना सांगीपुर में एक नफर वारण्टी अमर सिंह पुत्र जंगली सिंह निवासी ग्राम सुवंश का पुरवा खानीपुर थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ के घर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया ।

## अपहरण,दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफतार

**रखहा,प्रतापगढ़।** अपहरणध्दुष्कर्म करने के अभियोग में वाँछित एक अभियुक्त को तेरहमील नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) के मार्ग दर्शन व क्षेत्राधिकारी पट्टी व प्रभारी निरीक्षक अवन कुमार दीक्षित के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम पर अंकुश लगाने हेतु दिये गये निर्देश के क्रम में आज दिनांक 11.12.2024 को दौरान चौकिंग, वांछित वारंटी गिरफ्तारी अभियान के अन्तर्गत 01 नफर वांछित अभियुक्त सन्दीप पुत्र स्व0 लक्ष्मीकान्त निवासी ग्राम सरवरपुर थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र लगभग 28 वर्ष सम्बन्धित मु0अ0सं0 274ध्24 धारा 87ध्115(2)ध्69 भा0न्याय0 संहिता 2023 को गिरफ्तार किया गया।

## डग्गामारी, अतिक्रमण व जाम से निजात को लेकर पुलिस ने चलाया अभियान



**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के हाइवे पर स्थित मुख्य बाजार में हर पल बनी डग्गामारी व अतिक्रमण की समस्या को लेकर बुधवार को कोतवाली पुलिस ने अभियान चलाया। प्रशिक्षु सीओ शशांक त्रिपाठी व कोतवाल नीरज यादव के संयुक्त नेतृत्व में पुलिस टीम ने हाइवे पर डग्गामारी व अतिक्रमण के चलते हर पल बनने वाले जाम की स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद टीम द्वारा रोडवेज बसों को इंदिरा चौक पर न रूकने की कडी हिदायत दी। टीम द्वारा रोडवेज बसअडडे पर ही बसों के रूकने के निर्देश चालको को दिये। वही यात्रियों से भी यातायात व्यवस्था को बनाए रखने मे सहयोग की अपील की। इसके साथ ही पुलिस टीम द्वारा हाइवे किनारे खडे प्राइवेट वाहनों तथा दुकानदारों के अतिक्रमण पर भी नकेल कसी। कोतवाल ने बताया कि जाम की समस्या से निदान के लिए आवश्यक उपाय किये जा रहे हैं। जिससे कि यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके।

## एंटीरोमियों टीम ने महिलाओं को किया जागरूक

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली की एंटीरोमियों टीम मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को जागरूक कर रही है। मिशन शक्ति अभियान के तहत एंटीरोमियों टीम द्वारा लालगंज के शिवबक्श का पुरवा भदारी कला में चौपाल लगाकर महिलाओं को नारी सुरक्षा सम्मान तथा शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। वहीं एंटीरोमियो टीम द्वारा हेल्पलाइन नंबर 1090, 1930, 108, 112, 102 तथा साइबर क्राइम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। एंटीरोमियों टीम ने महिलाओं को पुलिस के हरपल उनकी सुरक्षा के प्रति सजग रहने के प्रति विश्वास भी दिलाया गया। कोतवाल नीरज यादव ने बताया कि एंटीरोमियो टीम द्वारा समय समय पर अभियान चलाकर महिलाओं को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

## मुकदमे में सुलह ना करने पर जानलेवा धमकी देने की शिकायत

**पट्टी प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के रमईपुर नेवादा गांव की रहने वाली किस्मतुल निशा पत्नी शाकिर अली ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसने दामाद के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा लिखवाया है। वह मुकदमे में सुलह करने का दबाव बना रहा है। सुलह ना करने पर युवक ने पूरे परिवार को जान से मार देने की धमकी दी। पीड़िता ने मामले में कार्रवाई की मांग की है। पुलिस तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल कर रही है।

## तीन पर मारपीट का केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर पुलिस ने मारपीट व धमकी तथा गालीगलौज को लेकर तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना के पूरे धतई उछापुर गांव निवासिनी गुडडी सरोज पत्नी प्रेमराज सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि चार दिसंबर की शाम करीब सात बजे गांव की निधि, वंदना पुत्री बृजराज सरोज, पार्वती देवी पत्नी रिंकू सरोज ने रंजिशन उसे तथा उसके बेटे को मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। जांच के बाद पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## जेसीबी की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, साथी घायल

**कुंडा-प्रतापगढ़।** बाइक सवार युवक की ननिहाल से घर जाते समय रास्ते में जेसीबी की टक्कर में दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा है।मानिकपुर थाना क्षेत्र के लाट तारा गांव निवासी युवराज विश्वकर्मा पुत्र सुरेश कुमार विश्वकर्मा मंगलवार देर शाम हथिगवां थाना क्षेत्र के काशीपुर गांव अपनी ननिहाल से बाइक से अपने घर प्रयागराज लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग से जा रहा था। कुंडा नगर व कोतवाली क्षेत्र के एस्सार पेट्रोल पंप के सामने पहुंचा तो उसी समय तेज रफ्तार से आ रही अनियंत्रित जेसीबी से जोरदार टक्कर हो गई। जिससे बाइक पर पीछे बैठे साथी समेत दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची कोतवाली पलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कुंडा इलाज के लिए ले जा रही थी, कि रास्ते में उसकी सांसे थम गई। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने देखते ही युवराज को मृत घोषित कर दिया।

# परियोजनाओं के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का रखें ध्यान, अन्यथा होगी कार्यवाही-जिलाधिकारी

### ▶▶ जिलाधिकारी ने रूपये 50 लाख से अधिक लागत के कार्यो/परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा की

लोकमित्र ब्यूरो



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय सभागार में रूपये 50 लाख से अधिक लागत के कार्यो/परियोजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद के द्वारा कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गयी जिसमें आईटीआई जरियारी का कार्य पूर्ण होने पर उसे हैण्डओवर करने का निर्देश दिया गया। आवासीय एवं अनावसीय भवनों लीलापुर, दिलीपपुर, देल्हूपुर के निर्माण कार्य की प्रगति धीमी पायी गयी। आईटीआई पट्टी, पुलिस चौकी, थानों में बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण आदि की समीक्षा की गयी एवं निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्यो की प्रगति में तेजी लायी जाये। जल जीवन मिशन के कार्यो की समीक्षा की गयी जिसमें पाया गया कि पाइप्ड पेयजल योजना के कार्यो की प्रगति धीमी है जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये सहायक अभियन्ता सुग्रीव सिंह को निर्देशित किया कि कार्यो की प्रगति में सुधार लायें, लापरवाही कदापि न बरती जाये। सेतु निर्माण विभाग के कार्यो की समीक्षा में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सेतुओं के निर्माण कार्य की गुणवत्ता का समय-समय पर निरीक्षण करते रहे एवं निर्धारित समय के अन्दर सभी सेतु निगम की परियोजनाओं को पूर्ण कराया जाये। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल, यूपीआरएनएसएस, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, सीएनडीएस आदि के निर्माण कार्यो की बिन्दुवार समीक्षा की। जिलाधिकारी ने जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देशित किया कि 5 करोड़ के ऊपर की परियोजनाओं के निर्माण कार्यो की नोडल अधिकारी नामित कर जांच करायी जाये। समीक्षा के दौरान पाया गया कि कई परियोजनाओं का कार्य पूर्ण कर लिया गया है और पैसा मिलने के बावजूद भी विद्युत विभाग द्वारा विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण न होने से परियोजनायें हैण्डओवर नही हो पा रही है जिस पर जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित विद्युत विभाग के अधिशासी अभियन्ता पर नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देशित किया कि सभी पूर्ण परियोजनाओं पर दिसम्बर माह में विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया जाये। समीक्षा में पाया गया कि सड़कों के चौड़ीकरण के दौरान जो पोल बीच सड़क पर है अभी तक उनको शिफ्ट नही किया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द पोल शिफ्टिंग का कार्य पूर्ण करा लिया जाये, यदि कोई दुर्घटना घटित होती है तो उसकी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि परियोजनाओं के कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये, ठेकेदारों के कार्यो की नियमित मानीटरिंग की जाये, निर्माणपरक कार्यो में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाये, यदि किसी भी स्तर पर गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पायी जाती है तो सम्बन्धित अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित कर उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यो को लम्बित कदापि न रखा जाये, सभी परियोजनाओं का कार्य निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत मानक के अनुरूप गुणवत्ता सहित पूर्ण किया जाये। उन्होने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि जिन परियोजनाओं का कार्य पूर्ण हो जाये उसे यथाशीघ्र सम्बन्धित विभाग को हैण्डओवर किया जाये इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर/प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## अलग-अलग मारपीट में पांच लोग घायल

**कुंडा प्रतापगढ़।** हथिगवां थाना क्षेत्र के मनोखर बाग पुरनेमऊ गांव निवासी राम नेवाज पाल के 56 वर्षीय बेटे रमाशंकर पाल और बृजलाल पाल के 40 वर्षीय बेटे विजय कुमार पाल को रंजिशन गांव के ही कुछ लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। कुंडा थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव निवासी सीताराम मिश्रा के 45 वर्षीय बेटे राम कृष्ण मिश्रा और 40 वर्षीय बहू नीता मिश्रा पत्नी राम कृष्ण मिश्रा को गांव के ही कुछ लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। टीकाराम का पुरवा भदरी गांव निवासी धनीलाल सरोज की 63 वर्षीय पत्नी ननकी देवी को बाग में आम के पेड़ की डाल तोड़ने के विवाद में मारपीट कर घायल कर दिया। परिजनों ने घायलों का सीएचसी में इलाज कराया और आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर पुलिस को दी है।

## वांछित धराया, भेजा गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर थाने के दरोगा रामनरेश ने बुधवार सुबह एससीएसटी के मुकदमे के वांछित मोती का पुरवा कोठार मंगोलेपुर निवासी संजय वर्मा पुत्र सीताराम वर्मा को सगरा सुंदरपुर स्थित स्कूल के पास से गिरफ्तार किया। दरोगा ने बताया कि गिरफ्तार वांछित को जेल भेज दिया गया है।

## राजा भइया ने निजी सचिव के बेह्तर इलाज के लिए चिकित्सकों को दिया निर्देश



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया ने बुधवार को लखनऊ के अपोलो हॉस्पिटल पहुंच कर इलाज करा रहे अपने निजी सचिव अजीत सिंह के स्वास्थ्य की जानकारी लिया।

साथ ही चिकित्सकों से वार्ता करके बेहतर इलाज के लिए निर्देशित किया। बता दे कि बीते दिनों फिसल कर गिर जाने से अजीत सिंह के पैर में फैक्चर हो गया था। लखनऊ के अपोलो हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा था। राजा भइया के निर्देश पर अपोलो हॉस्पिटल में बेहतर इलाज होने के वजह से चार दिनों में बुधवार को स्वस्थ हो जाने के कारण चिकित्सकों ने डिस्चार्ज कर दिया। क्षेत्रीय लोगों को जानकारी मिलने पर भारी संख्या में लोग लखनऊ पहुंचे तथा राजा भइया के निजी सचिव अजीत सिंह से मुलाकात की । इस दौरान जनसत्ता दल के वरिष्ठ पदाधिकारी कुंवर मुन्नू सिंह रायगढ़, अतुल सिंह राणा विहार,विनीत पांडेय रामनगर, प्रकाश तिवारी राजापुर,रूपेंद्र शुक्ला राजापुर सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## एंटी रोमियो टीम ने चौपाल लगाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को किया जागरूक



लोक मित्र ब्यूरो

**लीलापुर, प्रतापगढ़।** एंटी रोमियो टीम के द्वारा चौपाल लगाकर महिलाओं एवं बालिकाओ को जागरुक किया गया। शासन द्वारा संचालित ट्रोल फ्री नम्बरों के विषय में विस्तृत जानकारी आज ग्यारह दिसंबर को प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार यादव थाना लालगंज के कुशल नेतृत्व में थाने की एंटी रोमियो टीम द्वारा चलाये गए मिशन शक्ति अभियान के तहत ग्रामसभा शिवबक्श का पुरवा भदारी कला में महिलाओ व बालिकाओं को जागरूक करने हेतु चौपाल लगायी गयी। चौपाल में बालिकाओं व महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन से संबंधित जानकारी दी गई तथा उनसे शिक्षा संबंधित बातें की गई। कभी भी आवश्यकता पड़ने पर थाने की एंटी रोमियो टीम या उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित महिलाओं, छात्राओं के लिए जारी किए गए नंबरों पर कॉल करने को प्रेरित किया गया।बालिकाओं को वीमेन हेल्प लाइन नंबर 1090 के बारे में विस्तृत चर्चा की गई।

छात्राओं को कोई समस्या न हो इसके लिए उन्हें जागरूक किया गया। बालिकाओं को उनकी शक्ति का अहसास कराया गया और कहा गया कि आप कभी भी रास्ते में दिक्कत में हो, या आपको फोन पर कोई परेशान करता है या आपको गलत मैसेज भेजता है तब आप बिना किसी डर के पुलिस की सहायता ले सकती हैं । आप की समस्याओं को दूर किया जाएगा । ट्रोल फ्री नम्बरों 102,108,112,1930,1090 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई । साइबर क्राइम अपराध के प्रति सावधान किया गया। मोबाइल का इस्तेमाल सावधानी से करें, अपने माता पिता से सभी बाते बतायें । विद्यालय में कोई समस्या हो तो महिला शिक्षकों से निसंकोच बताये, एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं एवं बालिकाओं से कहा कि आप लोग सतर्क रहें, जागरूक बने तभी सुरक्षित रहेंगे । साथ ही सभी को गुड टच बैड टच का ज्ञान दिया गया।

### एंटी रोमियो प्रभारी की सखूती से मनचलों के हौसले पस्त



**दिलीपपुर-प्रतापगढ।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत बहुत से स्कूल एवं कॉलेज हैं। जहाँ पर सहशिक्षा का प्रबन्ध है। वहां आए दिन मनचले स्कूल के गेट या सड़कों पर आने-जाने वाली छात्राओं पर अश्लील कमेन्ट या फब्तियां कसते रहते हैं।इसकी शिकायत जब दिलीपपुर थाने पर हुई तब थानाध्यक्ष दिवाकर सिंह ने इसके प्रति सखूती बर्तनी शुरू की। दिलीपपुर थाने पर एंटी रोमियो प्रभारी की जिम्मेदारी नवनियुक्त दरोगा सारिका को दी गई है। दरोगा सारिका की सक्रियता से आज क्षेत्र के मनचलों के हौसले पस्त हैं। दरोगा सारिका प्रतिदिन स्कूल या कॉलेज के समय छात्राओं के आने-जाने वाले रास्ते पर मुस्तैदी से खड़ी रहती हैं और छात्राओं से बात-चीत करके हाल चाल एवं फीड बैक लेती रहती हैं, जिससे शरारती तत्वों पर लगाम लगाया जा सके।

## महीने भर से खराब है स्टेशन का एटीएम, यात्री परेशानी

### ▶▶ एसबीआई के लगे एटीएम का सर्वर फेल, शिकायतों का नहीं हुआ असर




लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** मां बेला देवी रेलवे स्टेशन प्रतापगढ़ के परिसर में लगे एटीएम को खराब हुए एक महीने से अधिक का समय बीत गया लेकिन बैंक वाले एटीएम बनाने की सुधि नहीं ले रहे हैं। जिससे यात्रियों को काफी दिक्कतें आ रही हैं। परिसर में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का एक एटीएम लगा हुआ है जिससे ट्रेन के मुसाफिरों के अलावा आसपास के ग्राहकों को पैसे के लेनदेन में सुविधा होती है। मगर दुर्भाग्यवश एटीएम एक महीने से अधिक का वक्त बीत रहा है खराब पड़ा है। स्टेशन के अधिकारियों, कर्मचारियों और यात्रियों ने कई बार इसकी शिकायत स्टेट बैंक से अधिकारियों से की लेकिन अभी तक एटीएम बन नहीं पाया है। बताया जाता है की एटीएम में सर्वर फेल होने के कारण या काम नहीं कर रहा है जिसकी शिकायत स्टेट बैंक के जिम्मेदार अफसरों से की गई है लेकिन वह शिकायतों का संज्ञान नहीं ले रहे हैं। जिससे लोगों को काफी दिक्कतें आ रही हैं।

## निर्दलीय प्रत्याशी हरिश्चंद्र पटेल ने चुनाव-प्रचार में झोंकी ताकत

लोकमित्र ब्यूरो



**प्रतापगढ़।**नगर पालिका का उपचुनाव इस समय चल रहा है। निर्दलीय प्रत्याशी हरिश्चंद्र पटेल पूरी तरह से अपनी ताकत समर्थकों के साथ झोंक दी है। कचेहरी में वकीलों के भी बहुत बड़े हुजूम ने हरिशचंद पटेल के चुनाव चिन्ह अनार पर वोट देने का संकल्प लिया। दहिला मऊ, रूपापुर, सगरा, देवकली, सहोदरपुर, जोगापुर, तहसील वार्ड, टक्कर गंज, बराछा, रंजीतपुर, चिलबिला, महुली, पल्टन बाजार, सुमित्रपुरी, भदरी हाउस, गुलशने मदीना, विवेक नगर, बलीपुर, अचलपुर, पटखौली, जिरिया मऊ, मकन्द्रूगंज पुलिस चौकी, जीजीआईसी के पीछे, पूरे विश्वनाथ, मीरा भवन, सदर बाजार, अजीत नगर, नरसिंह भान का पुरवा, पड़ाव वार्ड, बेगम वार्ड, घोसियाना, पूरे केशवराय तक समर्थकों ने प्रचार किया। इस दौरान मुख्य रूप से सुदामा सिंह, प्रिया पटेल, गुड़िया, राधा, शिव कुमारी, प्रभावती, राहुल, आशा, कमला, विमला, माया गौतम, वैष्णवी गौतम, लाडो गौतम, रिया सिंह, सुनीता गौतम, पुष्पा गौतम, प्रदीप शर्मा, राजकुमार वर्मा, अंकित पटेल, तस्वीन बानो, शुघाशु गुप्ता, अमरपाल वर्मा, बसंत लाल यादव, आकाश पटेल, बृजलाल टेलर, शांति, पूनम, सुशीला, लाल बहादुर, बादल, अमीषा, शालू, कंचन, रश्मि, प्रिया, रोशन, सुनीता, श्रद्धा, ज्योति, आंसू, मनोरमा, संगीता, खुशबू, फूल जहां, शकील भाई, यासमीन, मोहम्मद अशरफ, ज्योति, सुषमा, शकुंतला, ऊषा, मोनिका, रेनू, निहारिका, राजू, रागिनी, सीमा, रिंकी, सुमन, अंकित, महंत लाल, मोहम्मद अशरफ आदि रहे। जिसमें पूरा सहयोग मतदाताओं का देखने को मिला।

## चार पर मारपीट व धमकी का केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने मारपीट गालीगलौज व धमकी को लेकर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के बुआ का पुरवा बेलहा गांव की गुडडी देवी पत्नी सूर्यपाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि सात दिसंबर को सुबह करीब आठ बजे उसके ससुर रामसुचित, जेठ ओमप्रकाश, देवर शंकरलाल, अशोक पुत्र ओमप्रकाश एकराय होकर उसके दरवाजे पर पहुंचे और गालीगलौज करने लगे। पीड़िता का आरोप है कि बंटवारे को लेकर आरोपियों ने उसे मारापीटा व जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया गया है।

## जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये शिकायतकर्ताओं की सुनी समस्याएं



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलेक्टेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त राजस्व शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें जिससे शिकायतकर्ता को इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें, कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहें इसका विशेष ध्यान दें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनता की शिकायतों को शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय करायें, शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही कदापि न बरती जाये।

## बस की चपेट में आने से बाइक सवार दो छात्र जख्मी, एक गंभीर

**कटरामेदनीगंज प्रतापगढ़।** कोतवाली देहात अंतर्गत प्रयागराज अयोध्या हाईवे पर डगैंता यू टर्न पर तेज रफ्तार से अयोध्या की तरफसे आ रही परिवहन निगम की जनरथ बस ने वन वे रास्ते पर बाइक सवार दो छात्रों को सामने से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार शिवांश मिश्रा उम्र 18 वर्ष पुत्र पप्पू मिश्रा निवासी राजगढ़ साथी छात्र विवेक हरिजन उम्र18 वर्ष पुत्र प्रदीप कुमार निवासी रतीपुर शहर की ओर बाइक से विद्यालय जा रहे थे। यू टर्न पहुंचने से पहले ही सामने से आ रही तेज रफ्तार बस ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे दोनों छात्र लहू लुहान होकर सड़क पर तड़पने लगे। मौका पाकर बस चालक बस लेकर प्रयागराज की तरफ भाग गया। घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई । मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने परिजनों को सूचना देते हुए दोनों छात्रों को इलाज के लिए जिला मेडिकल कॉलेज भिजवाया जहां पर विवेक की स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्रयागराज रेफर कर दिया। बता दें कि प्रयागराज अयोध्या हाईवे पर राजगढ़ से डगैंता तक रास्ते को वन वे कर दिया गया है लेकिन वाहनों की रफ्तार थमने का नाम नहीं ले रही है। तेज गति से चलते वाहन आए दिन दुर्घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इसे लेकर स्थानीय लोगों में प्रशासन के प्रति गुस्सा व्याप्त है। बाईपास बनने की वजह से हाईवे को 2 किलोमीटर तक वनवे कर दिया गया है ।

संक्षिप्त खबरें

## दबंग पड़ोसियों ने वृद्ध की भूमि कब्जा करने की नियत से खेत में भर दिया पानी

**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले वृद्ध ने पड़ोस के रहने वाले कुछ दबंगों पर जमीन कब्जा करने का प्रयास व विरोध करने पर धमकी का आरोप लगाते हुए डीएम को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।सिराथू तहसील क्षेत्र के रामपुर सुहेला गांव के रहने वाले 80 वर्षीय बिंदा पुत्र सुंदर लाल ने डीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसको लगभग 25 वर्ष पहले कृषि पट्टा मिला था जिसपर वह खेती करता चला आ रहा है। बिंदा का आरोप है कि पड़ोस का रहने वाला एक व्यक्ति जबरन कब्जा करने की नियत से उसके खेत में बोई गेहूं की फसल में परिवारजनों के साथ मिलकर पानी भर दिया जिससे उसकी फसल नष्ट हो गई , विरोध करने पर दबंग गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहा है , पीड़ित की शिकायत पर डीएम ने एसडीएम सिराथू को जांचकर कार्यवाही के आदेश दिए हैं।

## भू माफिया पर ग्रामसभा की जमीन पर कब्जे का आरोप

**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के एक गांव में ग्रामसभा की भूमि पर भू माफिया द्वारा अवैध कब्जा कर टीन शेड डाल लिया है , गांव के कुछ लोगों ने डीएम से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है।सिराथू तहसील क्षेत्र के एमावारी गांव के अनीस अहमद पुत्र स्व मो हनीफने डीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी भूमिधरी जमीन के सामने स्थित ग्रामसभा की भूमि पर गांव का एक भू माफिया अवैध कब्जा कर टीन शेड डाल रहा है , अनीस अहमद का आरोप है कि विरोध करने पर दबंग झगड़े पर आमादा हो जाता है , पीड़ित की शिकायत पर डीएम ने एसडीएम को जांचकर कार्यवाही के आदेश दिए है।

## बीडीओ ने सरकारी राशन की दुकान व गौशाला का किया निरीक्षण

**सिराथू, कौशाम्बी।** खंड विकास अधिकारी सिराथू भवेश कुमार शुक्ला ने बुधवार को विकास खंड सिराथू के रूप नारायणपुर गोरियों का निरीक्षण किया जहां बीडीओ गांव में स्थित सरकारी राशन की दुकान की जांच करने पहुंचे इस दौरान मौजूद ग्रामीणों ने कोटेदार पर राशन की घटतौली व अनियमितता का आरोप लगाया जहां बीडीओ ने गहनता से जांच पड़ताल के बाद दुकान निरस्त करने की संतुति दी । जिसके बाद बीडीओ गोविंदपुर गोरियों में गौशाला का निरीक्षण किया जहां गौशाला में 70 गोवंश के लिए 50 कुंतल के करीब भूसा , 4 कुंतल के करीब चुनी चोकर , 30 किलो नमक एवं दस किलो के लगभग गुड मौजूद पाया गया , गौशाला में बीडीओ ने साफ सफाई एवं गोवंश के ठंड से बचाव हेतु निर्देश देते हुए केयर टेकरों को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

## नौगिरा के आयोजित भाषा उत्सव कार्यक्रम में विजेता बच्चे हुए पुरस्कृत



**सिराथू, कौशाम्बी।** विकास खंड सिराथू क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय नौगीरा में शासन के निर्देश के क्रम में चार से 11 दिसंबर तक साप्ताहिक भाषा उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। जिसके अंतर्गत बच्चों के बीच पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता उपरांत आकलन के पश्चात प्रतियोगिता में चयनित छात्र व छात्राओं को स्कूल के प्रधानाध्यक विकास कुमार ने प्रमाणपत्र व स्टेशनरी देकर पुरस्कृत किया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि शासन मंशा है कि पढ़ने वाले बच्चे अपनी मातृभाषा बोलने में सक्षम होते है। ऐसी दशा में उन्हें क्षेत्रीय भाषा में ही पढ़ाई के तरीकों से समझाते हुए पारंगत किया जाए।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस बल के साथ कस्बें में किया भ्रमण, मेले का लिया जायजा



**कौशाम्बी।** अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से थाना मंझनपुर पुलिस बल के साथ कस्बा मंझनपुर अन्तर्गत भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों व मुख्य मार्गो, चौराहों में पैदल गस्त की गयी एवं संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों को चेक किया गया तथा दुकानदारों से वार्ता कर अतिक्रमण न करने की अपील की गयी। साथ ही कस्बा मंझनपुर में लगे मेले का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया और सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## पुलिस ने फरार आरोपी के घर में कुर्की की नोटिस किया चस्पा



**कसेंदा, कौशाम्बी।** पूरामुफ्ती थानाक्षेत्र के उमरी गांव में गोवध निवारण अधिनियम के मामले में फरार चल रहे आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई शुरु कर दी है। पुलिस ने बुधवार को गांव में मुनादी कराकर आरोपी के घर नोटिस चस्पा कर दिया है।

पूरामुफ्ती थानाक्षेत्र के उमरी गांव निवासी अनवर पुत्र अशरफ के खिलाफ वाराणसी जनपद के रोहणिया थाने में पुलिस ने गोवध निवारण अधिनियम,11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और धारा 429 के तहत मुकदमा दर्ज किया था। घटना के बाद वह 15 मई 2024 से न्यायालय में हाजिर न होकर फरार चल रहा था। पुलिस ने बुधवार को न्यायालय के आदेश पर फरार आरोपी के घर पर धारा 82 की नोटिस चस्पा कर मुनादी करा दी है। आरोपियों के न्यायालय में हाजिर न होने पर पुलिस कुर्की की कार्रवाई में जुट गई। इस संबंध में उपनिरीक्षक नीरज कुमार का कहना है कि आरोपी के खिलाफ 82 की कार्रवाई हो चुकी है। तय समय के अंदर आरोपी न्यायालय में हाजिर नहीं होता है तो उसके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

# जिला पंचायत अध्यक्षा ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित कैम्प का दीप प्रज्ज्वलन कर किया शुभारम्भ



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** महिला कल्याण विभाग, उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, योजनान्तर्गत निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पांशरशिप योजना, विधवा पुत्री शादी अनुदान, विधवा से विवाह करने पर दम्पत्ति पुरस्कार योजना, दहेज से पीड़ित महिलाओं को कानूनी सहायता, दहेज से पीड़ित महिलाओं को आर्थिक सहायता एवं दिव्यांग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अन्तर्गत पात्र महिलाओं एवं बच्चों के चिन्हांकन एवं प्रोत्साहित किये जाने के लिए आज विकास खण्ड कार्यालय, मंझनपुर के परिसर में कैम्प का आयोजन किया गया।

अध्यक्षा जिला पंचायत कल्पना सोनकर द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। धर्मा देवी इण्टर कालेज अझुवा, कस्तूरबा गांधी इण्टर कालेज भरवारी एवं डी0डी0आर0 पब्लिक इण्र कालेज भरवारी की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ गीत, नुक्कड़ नाटक एवं भाषण की बहुत ही सुन्दर प्रस्तुति की गयी। अध्यक्ष जिला पंचायत ने जन-सामान्य को सम्बोधित करते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने उपस्थित जन-सामान्य को सम्बोधित करते हुए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति एवं योजनाओं पर जानकारी दी गयी। भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने भी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं महिलाओं से सम्बन्धित योजनाओं पर प्रकाश डालते हुये अपने विचार व्यक्त किये। पूर्व विधायक मंझनपुर द्वारा महिला सशक्तीकरण पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। महिला कल्याण विभाग की सभी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं आवेदन किये के लिए समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा अन्य सम्बन्धित विभागों द्वारा भी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए विभागवार अलग-अलग स्टॉल लगायें गये थे। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना, निराश्रित महिला पेंशन, स्पॉन्सरशिप मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किया गया। दिव्यांग कल्याण विभाग द्वारा दिव्यागों को दिव्यांग पेंशन प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी, मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण एवं अधिक संख्या में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी, महिला, पुरूष, बालक एवं बालिकायें उपस्थित रहीं।

## परिवार आईडी जनरेट का लक्ष्य पूरा न होने पर रुकेगा वेतन- बीडीओ



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** विकास खंड सिराथू में विकास कार्यों की समीक्षा को लेकर बीडीओ भवेश कुमार शुक्ला ने सचिवों के साथ बैठक की। इस दौरान परिवार आईडी जनरेट करने का लक्ष्य पूरा करने पर दिसंबर माह का वेतन रोकने की कार्यवाही होने चेतावनी दी है। बुधवार को विकासखंड के 79 ग्राम पंचायत में तैनात सचिवों के साथ बैठक कर खंड विकास अधिकारी ने मनरेगा, राज्य व केन्द्रीय वित्त से चल रहे निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए विद्यालय और आगनवाडी केंद्रो के कायाकल्प का काम प्राथमिकता पर कराने को कहा। प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों की प्रथम किस्त का उपभोग कराते हुए तत्काल दूसरी किस्त खाते भेजने का निर्देश दिया। बीडीओ भवेश कुमार शुक्ला ने बताया कि विकासखंड में फेमिली आई जर्नेट करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके साक्षेप अब तक 50 फीसदी परिवार की आईडी अपलोड हुई है। जिसे माह के अंत तक हर हाल में पूरा करना है। ऐसे में लापरवाही करने वाले सचिव का दिसंबर माह का वेतन रोकने की कार्यवाही होगी। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत विश्व बंधु,एडीओ आईएसबी महेन्द्र कुमार , अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार सहित ग्राम पंचायत सचिव पुरन चंद्र , विनय चौधरी , राहुल सिंह , राजमणि , दीक्षा शिवहरे , बृजेश सिंह , प्रदीप सरोज आदि मौजूद रहें।

## ट्रैक्टर हटाने को लेकर हुआ विवाद, व्यवसायी घायल



लोकमित्र ब्यूरो

**सराय अकिल, (कौशाम्बी)।** सराय अकिल कस्बा राजा तालाब के पास ट्रैक्टर हटाने को लेकर विवाद व मारपीट, युवक घायल, थाने पर जाकर तहरीर दिया,तहरीर पाकर पुलिस जांच में जुटी।

बता दें, सराय अकिल कस्बे में बुद्धपुरी निवासी व्यवसायी मनीष रस्तोगी अपनी कार से भट्ठे से घर लौट रहे थे। राजा तालाब के पास सड़क पर धान काटने की मशीन तिरछी खड़ी थी, जिससे मार्ग अवरुद्ध हो गया। मनीष रस्तोगी ने ट्रैक्टर हटाने का कहा लेकिन इस पर दूसरा पक्ष आग बबूला हो गया जिसमें खड़े तीन साथी ने सभी मिलकर गाली गलौज करने लगे , कार पर बैठे मनीष रस्तोगी को गाड़ी से बाहर खींचकर लात घुसो से मरने लगे जिसमें सूचना पर भतीजे अमन रस्तोगी पुत्र मोहन रस्तोगी व भाई शिवम रस्तोगी पुत्र जयशंकर रस्तोगी मौके पर आए तो उन्हें भी लाठी डंडों से काफी मारा पीटा कुछ लोग ने बीच बचाओ करने पर हथोड़ा लेकर जान से मारने की धमकी देते हुए मेरे भतीजे अमन रस्तोगी की गले की चौन पहने खींच लिया जिसमें उसकी चैन टूट गई जिससे काफी नुकसान हुआ जान बचाकर मनीष रस्तोगी, अमन रस्तोगी भाग कर थाना सराय अकिल पहुंचे जो अपनी जान बचाई , हमले में मनीष रस्तोगी को गंभीर चोटें आई हैं। थाने पर जाकर पीड़ित ने तहरीर दिया, तहरीर मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

## तीन दिवसीय स्काउट और गाइड प्रथम सोपान जांच शिविर का हुआ शुभारंभ

लोकमित्र ब्यूरो

**कड़ा, कौशाम्बी।** कड़ा विकास खण्ड के अंतर्गत श्री मानसिंह इंटर कॉलेज अलीपुर जीता में भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश कौशांबी के तत्वावधान में बुधवार को स्काउट गाइड तीन दिवसीय प्रथम सोपान जांच शिविर का शुभारंभ हुआ ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधानाचार्य लाल बहादुर मिश्र रहे। मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। श्याम बाबू यादव जिला संगठन कमिश्नर स्काउट ने मुख्य अतिथि को स्कार्फ पहनाकर कर स्वागत किया।मुख्य अतिथि ने बताया कि स्काउटिंग गाइडिंग से बच्चो को



शैक्षिक, नैतिक, शारीरिक, मानसिक आदि का सर्वांगीण विकास होता है साथ ही स्काउट गाइड सेवा कार्य के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं ।विद्यालय के शारीरिक शिक्षक व स्काउट मास्टर महेंद्र सिंह ने बताया कि स्काउट गाइड से अनुशासन भाईचारा व बाहरी जीवन जीने की एक कला है। श्याम बाबू यादव जिला संगठन कमिश्नर स्काउट कौशांबी ने स्काउट गाइड को ध्वज शिष्टाचार, नियम, प्रतिज्ञा, झंडा गीत,प्रार्थना, टोली का गठन, शैल्यूट, बायां हाथ मिलाना आदि के बारे में बताया । कार्यक्रम में अमन कुमार स्काउट मास्टर, नेहा मिश्रा गाइड कैप्टन शेष पाल आदि शिक्षकगण व स्काउट और गाइड उपस्थित रहे।

## रेल लाइन पर मालगाड़ी के सामने कूद कर प्रेमी-प्रेमिका ने दी जान





लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अटसराय स्टेशन के समीप डीएफसी लाइन में बुधवार की दोपहर एक प्रेमी युगल ने मालगाडी के सामने कूदकर जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों की शिनाख्त करते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सैनी कोतवाली के अजुहा कस्बे के वार्ड नं चार मढिया मई रसूलपुर निवासी शनि कुमार उर्फ चुन्डा पुत्र सोहन लाल 22 वर्ष का मोहल्ले के दूसरी बिरादरी की उमा देवी पुत्री मिश्री लाल 18 वर्ष से सालो से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस दौरान दोनों ने साथ जीने मरने की कसमें खाई थी। लेकिन दोनों के परिवार के लोग शादी के खिलाफ थे इस दौरान लड़की के परिवार वालों को पता चला तो उसके आने-जाने में पाबंदी लगा दी। बुधवार की दोपहर उमा देवी बहाने से घर से बाहर निकली और प्रेमी को फोन करके बुलाया इसके बाद दोनों एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित दिल्ली हावड़ा रेल लाइन के अटसराय रेलवे स्टेशन के नजदीक खंभा नंबर 347/38 डीएफएससी लाइन में डाउन लाइन में रही मालगाड़ी के सामने छलांग लगा दी। दोनों के शरीर के चिथडे हो गए। आसपास गांव के लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी जिस पर पुलिस ने ग्रामीण की मदद से शवों की पहचान करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं हादसे की खबर पर पहुंचे मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। प्रेमी युगल की मौत को लेकर तरह तरह की चर्चाएं है।

## ग्राम पंचायतों के विकास में ढिलाई बरती तो होगी कार्यवाही- बीडीओ



**सिराथू, कौशाम्बी।** विकास खंड कड़ा के ब्लॉक कार्यालय में ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को लेकर बीडीओ संजय कुमार गुप्ता ने सचिवों के साथ बैठक कर समीक्षा की। इस दौरान ढिलाई बरतने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी।खंड विकास अधिकारी कड़ा संजय कुमार गुप्ता ने बुधवार को सचिवों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए कहा कि स्वच्छता सहित आजीविका मिशन, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्रो का कयाकल्प सहित 27 पैरामीटर आदि के कामों की समीक्षा की गांव में फैली गंदगी के सफाई को लेकर कर्मचारियों की टीम गठित कर अभियान चलाने का निर्देश दिया। बैठक में सहायक विकास अधिकारी कड़ा अवधेश कुमार तिवारी , कृषि विभाग से भगवती प्रसाद सहित सत्य प्रकाश पांडेय , सुरेश चंद्र मौर्य , रमेश सोनकर, विकास शर्मा , मो ताज , आफताब आलम , शरद श्रीवास्तव , अजय सिंह , सत्येंद्र सिंह , सोहनलाल , निखिल सिंह , प्रियंका सिंह आदि ग्राम पंचायत और विकास अधिकारी व कंप्यूटर ऑपरेटर प्रवीण कुमार मौजूद रहें।

## कुर्मी समाज ने तेरहवीं भोज पर प्रतिबंध लगाने का लिया फैसला



लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, कौशाम्बी।** महंगाई के इस दौर में किसी की मृत्यु के बाद रीति रिवाज को निभाते हुए होने वाले फिज़ूल खर्चो पर रोक लगाने के लिए मनौरी में कुर्मी समाज ने एक अहम फैसला लिया है। मनौरी स्थित कृष्णा गार्डेन में बुधवार को समाज की हुई इस बैठक में सर्वसहमति से तेरहवीं भोज पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया। तेरहवीं में छपने वाले निमंत्रण कार्ड पर भी रोक लगाई गई है।

कृष्णा गार्डेन में बुधवार को समाज के जिम्मेदार बुजुर्ग और समाज में अच्छी पकड़ रखने वाले व्यक्तियों के बीच बैठक हुई। बैठक में मृत्यु के बाद होने वाले तेरहवीं भोज और उसमे छपने वाले निमंत्रण का सर्वसहमति से बहिष्कार किया गया। बैठक के आयोजक रमाकांत सिंह ने बताया कि ये नियम आज से ही कुर्मी समाज के सभी लोगों पर लागू होगा। यदि सर्वसम्मति से लिए गए इस फैसले को कोई नहीं मानता है तो उसका सामूहिक और सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा।

उन्होंने अन्य समाज के लोगों से भी ऐसी फिजूलखर्ची के खिलाफ मुहिम चलाने की अपील की है। उन्होंने उपस्थित लोगों से तेरहवीं संस्कार एवं समाज में व्याप्त अंधविश्वास एवं कुरीतियों के प्रति जागरूक करते हुए लोगों को ऐसी व्यवस्था को अविलंब बन्द करने पर जोर दिया। अपने बच्चों को शिक्षा के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। कहा कि समाज के बच्चे जब शिक्षित होंगे तो अपने आप कुरीति खत्म होगी। समाज में तमाम व्याप्त कुरीतियों को भी खत्म करना चाहिए जिससे समाज आगे बढ़ सके। अब समय आ गया है बदलाव करने का इस कुप्रथा को बंद करने के लिए सभी समाज के लोगों को आगे आना चाहिए। इस मौके पर एडवोकेट विजय सिंह, अमर सिंह, वीरेंद्र सिंह, जीतेंद्र सिंह, राकेश सिंह, पंकज सिंह, पूरन सिंह, सुरेंद्र सिंह, सचिन सिंह, रामराज सिंह, सुनील सिंह, राममगन सिंह, उदय सिंह, अरुण सिंह, पप्पू सिंह, राहुल सिंह और प्रदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने बच्चों को पोलियो दवा पिलाकर किया जागरूक

लोकमित्र ब्यूरो

**सैनी, कौशाम्बी।** विकास खंड कड़ा के अफजलपुर सातों गांव में खंड विकास अधिकारी कड़ा ने आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करते हुए नवजात बच्चे को पोलियो दवा पिलाकर दवा पिलाने हेतु लोगों को जागरूक किया।

पल्स पोलियो अभियान के तहत बुधवार को खंड विकास अधिकारी संजय कुमार गुप्ता विकास खंड कड़ा के अफजलपुर सातों पहुंचे जहां उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करते हुए कहा कि बच्चों के टीकाकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरते ।

साथ ही बीडीओ संजय गुप्ता ने केंद्र में नवजात बच्चे को पोलियो की दवा पिलाते हुए बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों के निरीक्षण के क्रम में उक्त केंद्र पर एएनएम और सेविका द्वारा बच्चों को ड्रॉप पिलाया जा रहा था, जिसकी जांच की गई।




जांच के क्रम में उपस्थित सभी कर्मियों को निर्देश दिया गया कि टीकाकरण कार्य मे किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए।

उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि छोटे बच्चों को समय से टीके दिलवाए। ताकि बच्चों को भविष्य में किसी प्रकार की बीमारी का शिकार न होना पड़े। इसके लिए प्रत्येक माह सभी बीमारियों की रोक थाम के लिए सरकार द्वारा नियमित टीकाकरण कराया जा रहा है।

प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर यह कार्यक्रम होता है। साथ ही बीडीओ ने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को डोर टू डोर पोलियो दवा पिलाने हेतु जागरूक किया। इस मौके पर सचिव ताज मोहम्मद , प्रधान प्रतिनिधि गुलाम मुस्तफा , एएनएम आंचल वर्मा सहित आंगनबाड़ी व आशा मौजूद रहीं।

## सम्पादकीय

# रोजगार ढूंढना बड़ी चुनौती

हर साल 15 लाख इंजीनियरिंग छात्र जॉब मार्केट में आते हैं। लेकिन रोजगार ढूंढना उनके लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। चुनौतियों के स्पष्ट होने और इन पर कई वर्षों से चर्चा जारी होने के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ है।भारत में इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले सिर्फ 10 फीसदी नौजवानों को सिक्योर जॉब मिलने की संभावना रह गई है।वैसे इंजीनियरिंग स्नातक केवल 60 प्रतिशत हैं, जिन्हें आज बाजार में रोजगार पाने लायक समझा जाता है। केवल उद्योग जगत की बात करें, तो ऐसे स्नातकों की संख्या महज 45 फीसदी है।भारत में इंजीनियरिंग की पढ़ाई और उससे प्रशिक्षित होकर निकले इंजीनियरिंग स्नातकों की बदहाली की ये कहानी मानव संसाधन क्षेत्र की एजेंसी टीमलीज की ताजा रिपोर्ट से सामने आई है।उसके मुताबिक इस बदहाली का प्रमुख कारण इंजीनियरिंग स्नातकों में आज के तकाजे के अनुरूप कौशल का अभाव है।भारत में हर साल 15 लाख छात्र इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी कर जॉब मार्केट में आते हैं। लेकिन रोजगार ढूंढना धीरे-धीरे उनके लिए एक बड़ी चुनौती बनता गया है।दुखद यह है कि संबंधित चुनौतियों के स्पष्ट होने और इन पर कई वर्षों से चर्चा जारी होने के बावजूद स्थिति में सुधार की कोई गुंजाइश नहीं बनी है।रिपोर्ट में उचित ही इस ओर ध्यान खींचा गया है कि लंबे समय से इंजीनियरिंग शिक्षा भारत के विकास की बुनियाद रही है। इसीलिए नौजवानों के लिए करियर का यह पसंदीदा विकल्प रही।देश में बुनियादी ढांचे के विकास एवं सकल प्रगति को आकार में इंजीनियरों की प्रमुख भूमिका रही है। लेकिन अब हालत बदल चुकी है। तकनीकी उन्नति जिस दिशा में हुई, भारत की इंजीनियरिंग शिक्षा को उसके अनुरूप विकसित नहीं किया गया।नतीजा अब भुगतना पड़ रहा है। नेसकॉम का अनुमान है कि अगले दो-तीन साल तक भारतीय तकनीकी सेक्टर को ऐसे दस लाख इंजीनियरों की जरूरत पड़ेगी, जो आर्टिशिफियल इंटेलीजेंस, बैटरी संचालित वाहनों, सेमीकंडक्टर और अन्य उन्नत हो रही तकनीक में पारंगत हों।लेकिन ऐसे इंजीनियर बहुत कम संख्या में तैयार हो रहे हैं। किसी भी देश में विकास के बुनियादी स्तंभ विज्ञान, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और गणित में शिक्षित नौजवान होते हैं।मगर शर्त यह है कि उन्हें वक्त की जरूरत के हिसाब से क्वालिटी शिक्षा मिली हुई हो। इस कसौटी पर भारतीय शिक्षा व्यवस्था नाकाम हो रही है, तो उसका अर्थ है कि अपना देश विकास की होड़ में पिछड़ा बना रहेगा।




# क्या संसद के शीतकालीन सत्र में ठोस मुद्दे गुम हैं और में बात का बतंगड़ वाले मुद्दे ज्यादा है



**अशोक भाटिया**

संसद का शीतकालीन सत्र चल रहा है। 25 नवंबर से शुरू हुआ सत्र अब तक काम से ज्यादा व्यवधान के लिए सुर्खियों में रहा है। विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच गतिरोध जारी है। किसी दिन 10 मिनट तो किसी दिन 15 मिनट सदन चला। आखिर इस गतिरोध के पीछे की वजह क्या है? इससे जनता से जुड़े मुद्दों का कितना नुकसान हो रहा है । ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि संसद चल नहीं पा रही है। सिर्फ दो तीन मुद्दे हैं जो महाराष्ट्र चुनाव में उठाए गए थे। वही फिर से दोहराए से जा रहे हैं। जो नारे और जो मुद्दे चुनावी भाषणों में उठाए जा रहे थे, वही सदन में उठाए जा रहे हैं। लोग सकारात्मक बहस देखना और सुनना चाहते हैं। इसमें जितना विपक्ष जिम्मेदार है, उतना ही सत्तापक्ष भी जिम्मेदार है। सदन में ऐसी बातें हो रही हैं, जिनका देश के लोगों से कोई सरोकार नहीं है। पहले यह होता था कि विपक्ष विमर्श से सत्तापक्ष को झुका देता था। प्रश्न यह है कि क्या सांसदों का उद्देश्य सिर्फ संसद को बाधित करना होता है। आजकल यह होता है कि हंगामा जिसने जितना बड़ा कर लिया, वो ज्यादा ताकतवर समझा जा रहा है। ऐसा मत समझिए कि जनता सिर्फ श्रीराम और अल्लाह के नाम पर वोट करती है। सबके जीवन में बुनियादी जरूरतें होती हैं। इसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है। गंभीर टिप्पणी करने के लिए बहुत अध्ययन की जरूरत होती है, जो आज के जनप्रतिनिधियों में दिखाई नहीं देती है। सांसदों को भान होना चाहिए कि भारतीय संसद, देश की सर्वोच्च विधायिका, जो जनता की आवाज को बुलंद करने और उनके मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श करने के लिए स्थापित की गई थी, पर सांसद आज जनता के मुद्दों को छोड़ दूसरे विषयों पर चर्चा करने में ज्यादा वक्त जाया कर रही है। यानी भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली में जो संसद एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, वहां पिछले कुछ वर्षों में आम जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा अपेक्षाकृत कम हो गई है।इसका मुख्य कारण राजनीतिक दलों के बीच बढ़ता टकराव और विभिन्न विवादास्पद मुद्दों पर ज्यादा ध्यान दिया जाना है। देशहित में बड़े-बड़े मुद्दों पर बहस होती है, जिसमें धर्म, संस्कृति और समाज का महत्व शामिल होता है, लेकिन इन तमाम चर्चाओं के बीच, आम जनता के वास्तविक मुद्दे जैसे कहीं खो जाते हैं। विडंबना यह है कि देश की एकता, अखंडता, संविधान और संप्रभुता को बनाए रखने की बात तो की जाती है, लेकिन आम जनता के दुख, पीड़ा और उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जाता। निश्चित रूप से यह स्थिति चिंताजनक है और इसका निराकरण जरूरी है। मगर, संसद में बहस और चर्चा के लिए फुर्सत नहीं निकाल पाना भी एक बड़ी समस्या बन गई है।कई बार महत्वपूर्ण विधेयकों को जल्दबाजी में पारित किया जाता है, जिससे व्यापक चर्चा और जनता की आवाज सुनी नहीं जाती। इससे आम जनता के मुद्दों पर सार्थक बहस की संभावना कम हो जाती है। इसके अलावा, सांसदों का व्यक्तिगत एजेंडा और राजनीतिक दलों की



प्राथमिकताएं भी आम जनता के मुद्दों पर कम ध्यान देने का कारण बन जाती हैं। कई बार सांसद अपने निर्वाचन क्षेत्रों से जुड़े मुद्दों को उठाने के बजाय, राष्टीय राजनीति और पार्टी के हितों पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करते हैं। झांसी की घटना को वहां के सांसद ने अब तक नहीं उठाया क्योंकि वो भाजपा से हैं और राज्य में भाजपा की सरकार है। दुःख इसी बात का है कि उन मुद्दों पर पर्याप्त चर्चा नहीं हो पाती, जो आम जनता के जीवन को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करते हैं। संसद में विभिन्न मुद्दों पर बहस होती है, जिसमें राजनीति, धर्म और सामाजिक विषयों पर जोर दिया जाता है।

ये बहस आवश्यक है, क्योंकि ये देश की दिशा और दशा को निर्धारित करती है, लेकिन क्या यह पर्याप्त है? संसद में रोटी, कपड़ा, मकान के अलावा भी कई बुनियादी समस्याएं हैं, जिन्हें सुलझाने की जरूरत है। कहीं गंदगी का अंबार लगा है, पीने का पानी नहीं है, कहीं सड़क टूटी है तो कहीं सड़क ही नहीं है।बिजली, परिवहन, स्कूल, अस्पताल, पार्क जैसी कई बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर भी सवाल उठाए जाते हैं, लेकिन उसको कोई तवज्जो नहीं दी जाती है। अलग-अलग क्षेत्रों की समस्याएं भी अलग होती हैं, जिन पर क्षेत्रीय सांसदों का ध्यान केंद्रित होना चाहिए। यह भी सच है कि कई सांसद अपने हिस्से की निधि का पूर्ण उपयोग नहीं कर पाते। इसके बावजूद विपक्ष ने संसद के अंदर जनता के मुद्दों को बुलंद करने की कोशिश की है। यह आवश्यक है कि सभी पार्टियां, चाहे वे सत्ता में हों या विपक्ष में, जनता के मुद्दों को प्राथमिकता दें और उनके समाधान के लिए प्रयासरत रहें।भारत में बेरोजगारी, महंगाई और अन्य सामाजिक समस्याएं, जैसे कि पेपर लीक, किसानों की समस्याएं, और सीमा पर चीन से मिलने वाली चुनौतियां, ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर संसद में चर्चा होना जरूरी है। संसद के मानसून सत्र में आरक्षण, वक्फ बोर्ड और अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई, लेकिन जनता के कई मुद्दे गौण हो गए, हालांकि सरकार ने रोजगार बढ़ाने और सृजन करने की मंशा व्यक्त की है, लेकिन वास्तविकता यह है कि भारत जैसे विकासशील देश में रोजगार की समस्या अभी भी प्रमुख है।युवाओं में कौशल और प्रशिक्षण की कमी, बेरोजगारी का एक मुख्य कारण है। सरकार ने बजट में युवाओं में उचित कौशल विकसित करने का लक्ष्य रखा है, जिसके लिए शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास को प्राथमिकता दी गई है। यदि, भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है, तो युवाओं को रोजगार प्रदान करना एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।देश में प्रदूषण, आतंकवाद, सड़क सुरक्षा और निर्माण संबंधी खतरे जैसे प्रमुख मुद्दे हैं, जिन्हें सार्वजनिक हित के मुद्दे कहा जा सकता है। इन मुद्दों को कानूनी ढांचे के भीतर हल किया जा सकता है, लेकिन आज देश में हर जगह परिवारवाद, भाई-भतीजावाद, जातिवाद, आतंकवाद, क्षेत्रवाद, बढ़ती जनसंख्या, महंगाई, बेरोजगारी, जमाखोरी, भ्रूण हत्या, मानव तस्करी, बलात्कार और भ्रष्टाचार जैसी गंभीर समस्याएं बढ़ रही हैं। इन समस्याओं पर नियंत्रण करना बहुत जरूरी है। देश के अंदर किसान लगातार आत्महत्या कर रहे हैं, उनकी फसलें बर्बाद हो रहीं हैं। सड़कों पर दूध और सब्जियां फेंकी जा रही हैं, लेकिन इन मुद्दों पर संसद के अंदर गंभीर चर्चा नहीं होती है।इसके विपरीत, कई विवादास्पद मुद्दों के कारण सांप्रदायिक माहौल बिगड़ रहा है, जो देश की अखंडता के लिए खतरनाक है। राजनीतिक दल भी जनहित के मुद्दों पर चर्चा करने से बचते हैं। पार्षद, विधायक और सांसद अपने क्षेत्रों के विकास पर ध्यान देने के बजाय पार्टी लाइन से चली बड़ी-बड़ी बातें करने में व्यस्त रहते हैं। ऐसा लगता है कि सभी पार्टियों ने जनता की समस्याओं को नजरअंदाज करने की आदत बना ली है। हाल ही में आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने यमुना नदी में प्रदूषण का मुद्दा उठाया और कहा कि जब तक दिल्ली में बुद्ध स्तर पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट नहीं बनाए जाएंगे, यमुना की स्थिति में सुधार नहीं होगा। उन्होंने इसके लिए केंद्र सरकार के असहयोगात्मक रवैये की ओर ध्यान आकृष्ट किया और दिल्ली सरकार पर भी निशाना साधा। यह बेहद दुखद है कि सदियों से पूजी जाने वाली यमुना नदी आज नाले में तब्दील हो गई है।करीब डेढ़ सौ करोड़ की आबादी वाले इस देश में जनता के बुनियादी हक का मुद्दा सर्वोपरि है, लेकिन दुर्भाग्य है कि हमारे चुने हुए जनप्रतिनिधि आम जनता की आवाज को समझ नहीं पा रहे हैं। संसद या विधानसभाओं में बैठे जनप्रतिनिधियों को यह समझना होगा कि जनता की आवाज को बुलंद करना और उनके मुद्दों का समाधान ढूंढना ही देश का भला कर सकता है। देश के अंदर जो अद्भुत सृजनशीलता और उद्यमिता है, उसे संवारने और नई ऊंचाइयों पर ले जाने की आवश्यकता है।जनता सब देख रही है कि कौन क्या कर रहा है क्योकि आजकल संसद की कार्यवाही का सीधा प्रसारण होता है । इसलिए संसद में बात होनी चाहिए, बहस होनी चाहिए और मुद्दे उठने चाहिए। अगर मुद्दे दल के हिसाब से उठेंगे तो यह होगा। लंबे समय तक कार्यवाही को रोकना भी सही नहीं है। ऐसे में कई कानून बिना चर्चा के भी पारित हो जाते हैं। बेहतर यह है कि आप चर्चा करें और जिस पर आपकी सहमति ना हो तो आप बहिर्गमन करें। मुझे लगता है कि जिम्मेदारी दोनों पक्षों की है और सबसे बड़ी जिम्मेदारी सरकार की है।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

## सरोकार

# भारत की आर्थिक चिंताएं बढ़ी

**डॉ. जयंतीलाल भंडारी**

यकीनन इस समय बढ़ते हुए रूस-यूक्रेन युद्ध और इस्त्राइल-ईरान संघर्ष के कारण भारत की भी आर्थिक चिंताएं बढ़ गई हैं। ये चिंताएं बढ़ती कीमतों, शेयर बाजार में गिरावट, माल ढुलाई की लागत बढने, खाद्य वस्तुओं की महंगाई, भारत से चाय, मशीनरी, इस्पात, रत्न, आभूषण तथा फुटिवयर जैसे क्षेत्रों में निर्यात आदेशों में कमी, निर्यात के लिए बीमा लागत में वृद्धि तथा युद्ध में उलझें हुए देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार में कमी के रूप में दिखाई दे रही हैं।स्थिति यह है कि वैश्विक शेयर बाजार के साथ-साथ भारत के शेयर बाजार पर भी असर पडना शुरू हुआ है। पश्चिम एशिया संकट और चीन से सरकारी प्रोत्साहन के दम पर बाजार चढने के मद्देनजर भारत के शेयर बाजार में कुछ विदेशी निवेशकों के द्वारा जोखिम वाली संपत्तियां बेची जा रही हैं और वे अपना बड़ी संख्या में निवेश निकाल रहे हैं।

स्थिति यह है कि सेंसेक्स और निफ्टी के लिए अक्टूबर और नवम्बर 2024 दो साल की बड़ी गिरावट के महीनों के रूप में दिखाई दे रहे हैं। पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच निवेशक सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की खरीदी का भी रु ख कर रहे हैं। इससे वैश्विक स्तर के साथ-साथ भारत में भी सोने की खपत और सोने की कीमत बढ़ी है।एक चिंताजनक बात यह है कि ईरान और इस्त्राइल के बीच संघर्ष का असर वैश्विक शिपिंग रूट्स पर भी पड़ सकता है।

दुनिया को मिलने वाला करीब एक तिहाई तेल और खाद्य व कृषि उत्पादों का अधिकांश यातायात इसी मार्ग से होता है। इससे खाद्य पदाथरे, जैसे कि गेहूं, चीनी और अन्य कृषि उत्पादों की कीमतें बढने लगेगी। यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि ईरान और इस्त्राइल के बीच युद्ध का अप्रत्यक्ष प्रभाव भारतीय फार्मास्युटिकल उद्योग पर भी पड़ सकता है, क्योंकि भारत अभी भी ज्यादातर दवाओं के लिए कच्चे माल का बड़ा हिस्सा विदेश से आयात करता है। ऐसे में दवाओं की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका होगी। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पश्चिम एशिया में युद्ध के बढने पर भारतीय शेयर बाजार में तेज गिरावट और महंगाई वृद्धि का दौर निर्मित होते हुए दिखाई दे रहा है, लेकिन पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भी भारत के कई ऐसे मजबूत आर्थिक पक्ष हैं जिनसे भारत के आम आदमी और भारतीय अर्थव्यवस्था को अधिक नुकसान नहीं हो सकेगा। खास बात यह है कि इस समय भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है।भारत खाद्यान्न अतिशेष वाला देश है और देश के 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को निशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भी भारत पर दुनिया का आर्थिक विश्वास बना हुआ है।

नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक 21 नवम्बर तक भारत के पास 650 अरब डॉलर से अधिक का विदेशी मुद्रा भंडार है, जिससे भारत किसी भी आर्थिक जोखिम का सरलतापूर्वक सामना करने में सक्षम है।

यदि दुनिया के युद्धग्रस्त देशों में युद्ध और तेजी से बढ़ेगा तो कच्चे तेल के वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढने का सिलसिला शुरू हो सकता है और अब यदि कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ेगी तो दुनियाभर में कई वस्तुओं के दाम बढने के साथ-साथ भारत में भी कीमतें बढने का सिलसिला शुरू हो सकता है।

चूंकि ईरान दुनिया के सबसे बड़ा कच्चा तेल उत्पादकों में से एक है और यह देश पश्चिम एशिया के संवेदनशील इलाकों में स्थित है। ऐसे में ईरान के तेल बाजार में अस्थिरता से कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढने पर पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पाद महंगे होने लगेंगे।

यह भी चिंताजनक है कि अभी देश में महंगाई बढने का रु झान स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। 14 नवम्बर को राष्टीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर में थोक महंगाई दर बढ़कर 2.36 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो 4 महीने का उच्चतम स्तर है।

बीते महीने खाद्य पदाथरे, विशेष रूप से सब्जियों और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतें महंगी हो गई हैं।सितम्बर 2024 में थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर 1.84 प्रतिशत थी। ज्ञातव्य है कि 12 नवम्बर को प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक अक्टूबर 2024 में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 6.21 प्रतिशत हो गई। यह महंगाई का 14 महीने का उच्चतम स्तर है। इससे पिछले महीने सितम्बर में खुदरा महंगाई दर 5.49 प्रतिशत दर्ज की गई थी तथा अगस्त में 3.65 प्रतिशत थी। आलू, प्याज के साथ अन्य सभी प्रकार की सब्जियों की कीमतों में तेज वृद्धि तथा महंगे हुए अनाज व फलों के कारण अक्टूबर माह में खाद्य वस्तुओं की खुदरा महंगाई दर भी बढ़कर 10.87 प्रतिशत हो गई, जबकि सितम्बर माह में यह 9.24 प्रतिशत तथा माह अगस्त में 5.66 प्रतिशत थी।इसमें कोई दो मत नहीं है कि पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच अब सरकार को भी महंगाई नियंत्रण के लिए बहुआयामी रणनीति की डगर पर आगे बढना होगा।

पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव के चलते वैश्विक तेल की कीमतों में आए उछाल पर पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा है कि पश्चिम एशिया में अधिक तनाव बढने पर भारत कच्चे तेल के किसी भी संकट से निपटने में सक्षम होगा। पहले भारत 27 देशों से कच्चा तेल खरीदता था अब इन देशों की संख्या बढ़कर 39 हो गई है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के बजट के तहत किए गए महंगाई नियंत्रण उपायों पर तुरंत कार्यान्वयन किया जाए।

हम उम्मीद करें कि पश्चिम एशिया संघर्ष और रूस-यूक्रेन युद्ध के विस्तारित होने पर सरकार बाजार की गिरावट रोकने के लिए भी रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ेगी। हम उम्मीद करें कि सरकार पीएलआई योजना के तहत दवाई उद्योग में काम आने वाले जिन 35 प्रमुख कच्चे मालों (एपीआई) का उत्पादन देश में ही कर रही है, उनके अलावा करीब 18 प्रकार के एपीआई का उत्पादन भी देश में ही करने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगी, ताकि दवाइयों के दामों पर नियंत्रण रखा जा सकेगा। ऐसे बहुआयामी रणनीतिक प्रयासों से देश के आमजन व देश की अर्थव्यवस्था को पश्चिम एशिया संघर्ष और विस्तारित होते रूस-यूक्रेन युद्ध के दुष्प्रभावों से बहुत कुछ बचाया जा सकेगा।

## समसमायिक

# खून-खराबे और बर्बादी भरे असद के शासन का अंत

सीरिया के राष्ट्रपति असद भाग गए है। देश में सेना, प्रशासन और सरकार खत्म है। बांग्लादेश की हसीना वाजेद के हालिया पतन के बाद एक और तानाशाह के पतन की कहानी लिखी जा रही है।राष्ट्रपति के राजधानी दमिश्क से भागने के साथ ही, असद परिवार का सीरिया पर पिछले 50 सालों से चला आ रहा राज खत्म हो गया है।रविवार को सुबह-सुबह विद्रोही बलों ने दमिश्क में जयकारे लगाए। जश्न मनाते हुए हवा में गोलियां चलाई। चारों ओर 'अल्लाह-हु-अकबर' की आवाजें गूंजने लगी।विद्रोही जनता को सीरिया पर नियंत्रण कायम करने में केवल 11 दिन लगे। विद्रोहियों के उत्तर-पश्चिमी सीरिया से अपने हमले शुरू करने के बाद से ही असद की सेना पीछे हटती गई, उन्हें विदेशी मदद न के बराबर हासिल हो सकी और उनके वफादारों ने देश छोड़कर भागना शुरू कर दिया।विद्रोहियों के लिए रास्ता साफ होता गया और एक हफ्ते के अंदर देश के पांच प्रांतों की राजधानियों पर असद का नियंत्रण खत्म था।उथलपुथल और अराजकता सीरिया के लिए नई बात नहीं हैं। वहां के लोग मुसीबतों के बीच जीने के आदी हैं। बशर अल-असद के जुल्मों के चलते वहां हालात पहले से ही बहुत खराब थे।खून-खराबा बड़े पैमाने पर हो रहा था और देश रहने लायक नहीं बचा था। फिर रविवार की सुबह देश देश पर इस्लामिक विद्रोहियों का कब्ज़ा हो गया।हालाँकि इससे असद के 24 साल के निर्मम शासन अंत हुआ है, लेकिन देश एक नर्क से निकल कर दूसरे नर्क में धकेल दिए जाने के मानिंद है।पिछली बार 2011 में असद गंभीर संकट में फंसे थे जब सीरिया के कई शहरों में जनता ने उनके सत्ता छोड़ने की मांग करते हुए बगावत की थी।उस समय असद ने सरकार की ताकत का इस्तेमाल अपनी ही जनता के खिलाफ करते हुए विरोध को सख्ती से कुचला था। धीरे-धीरे इस विरोध ने गृहयुद्ध का रूप ले लिया।असद ने अपनी डरावनी जेलों से जेहादी कैदियों को रिहा करके उनकी खिलाफत कर रही ताकतों और जेहादियों के बीच टकराव पैदा करने का प्रयास किया।उसके बाद उन्होंने अपने मुख्य अंतर्राष्ट्रीय सहयोगी रूस और लंबे समय के इलाकाई दोस्त ईरान की सहायता ली।ईरान ने लेबनान के शक्तिशाली हथियारबंद संगठन हिज्बुल्लाह के साथ मिलकर उन्हें सैनिक सहायता उपलब्ध करवाई जिससे वे देश पर दुबारा अपना नियंत्रण कायम करने में कामयाब रहे।इस गृहयुद्ध में तीन लाख से अधिक लोग मारे गए। कुछ अनुमानों के मुताबिक मरने वालों की संख्या इससे दोगुनी थी। दसियों हजार लोग जेलों में बंद हैं।सन 2011 से लेकर आज तक कैद किए गए लोगों में से करीब एक लाख या तो गायब हो गए या उन्हें गायब कर दिया गया है।संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रतिनिधियों के मुताबिक, इन लोगों को योजनाबद्ध ढंग से क्रूर यातनाएं दी गई। करीब 1.20 करोड़ लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए।देश में कई वर्षों तक युद्ध चलता रहा और इस दौरान सीरिया के बड़े शहरों पर असद का नियंत्रण बना रहा।मगर उत्तर-पश्चिम के कुछ पहाड़ी इलाकों में हयात तहरीर अल-शाम (एचईएस), जिसने 2017 में अलकायदा से नाता तोड़ लिया था, का कब्जा रहा।यह इलाका बाकी दुनिया से कटा हुआ था। यह संगठन असद के लिए बहुत मामूली खतरा नजर आता था किंतु उसने अचानक आक्रमण किया और कुछ ही दिनों में अल्लेपो पर कब्जा कर लिया।सीरिया के दूसरे सबसे बड़े शहर अल्लेपो में विद्रोहियों के कब्जे के कुछ ही दिनों बाद एचटीएस नेता अबू मोहम्मद अल-जोलानी लड़ाकों के घेरे में शहर के प्राचीन किले की सीढ़ियों से शान से नीचे उतरे, जहां उत्साहित भीड़ ने उनका स्वागत किया।जोलानी के पूर्व में अलकायदा से संबंध रहे हैं, जिस कारण अमेरिका ने अभी भी उन पर एक करोड़ डालर का इनाम रखा हुआ है।लेकिन जनता के बीच उसकी सतत मौजूदगी और अपने समर्थकों से सीधे संवाद करने के कारण वे इस विद्रोह के नेता बतौर देखे जाने लगे हैं।राष्ट्रपति के रूप में अपने आखिरी घंटों के दौरान असद ने हालात पर काबू पाने की हरचंद कोशिश की। चारों ओर से घिर जाने के बाद भी उन्होंने अरब देशों से मदद की गुहार लगाना जारी रखा।कई स्त्रोतों के मुताबिक उन्होंने यूएआई के राष्टपति मोहम्मद बिन जायेद ङ्क जो एचटीएस जैसे इस्लामिक समूहों से नफरत के लिए जाने जाते हैं ङ्क से भी मदद की भीख माँगी और उन्होंने मिस्त्र, जार्डन और कई अन्य देशों से भी। लेकिन कोई इस हारी हुई लड़ाई में उनकी मदद के लिए आगे नहीं आया।अब सीरिया पर इस्लामिक विद्रोहियों का कब्जा है।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए आप कोई नई योजना बना सकते हैं। कोई अच्छी खबर आपको मिल सकती है। अचानक धन लाभ होने की संभावना है। इस राशि के जो लोग नौकरी में है, आज उन्हें सफलता मिल सकती है। किसी कार्य में अपनों की मदद आपको मिल सकती है। |
| वृष | आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपका कोई सोचा हुआ काम पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों के करियर में आज के दिन नया बदलाव आयेगा। जो उनके भविष्य के लिए फायदेमंद होगा। आपका सेहत बेहतर बना रहेगा। इस राशि के जो लोग सोशल साइट्स से जुड़े हैं, उनकी जान-पहचान किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जो उनको लाभ पहुंचाएगी। |
| मिथुन | आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ सकती है। किसी काम में आपको सकारात्मक परिणाम मिल सकता है। किसी पुराने दोस्तों से मिलने का योग बन रहा है। परिवार से जुड़ी कोई अच्छी खबर आपको मिल सकती है। आज आप जीवनसाथी के साथ यादगार पल बितायेंगे। |
| कर्क | आज आपका दिन सामान्य रहेगा। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। आपको अपने सोच और व्यव्हार को संतुलित रखना चाहिए। किसी पर ज्यादा भरोसा करने से आपको बचना चाहिए। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आपको कोई बड़ा फैसला लेने से बचना चाहिए। आपको अपने गुस्से पर काबू रखना चाहिए। इससे आपको फायदा भी हो सकता है। |
| सिंह | आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको कुछ काम में किसी अनुभवी व्यक्ति से मदद मिल सकती है। परिवार के साथ मूवी का प्लान बना सकते हैं। पैसों के लेन-देन करने से आपको बचना चाहिए। अगर आप समय का सदुपयोग करेंगे, तो आपको फायदा जरूर मिलेगा। किसी तरह की पुरानी बातों पर ध्यान देने से आपको बचना चाहिए। |
| कन्या | आज आपका दिन शानदार रहेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। इस राशि के छात्रों को अपने शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। साथ ही करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर भी सामने आएंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको सुख की प्राप्ति होगी। आपको कोई अच्छी खबर भी मिल सकती है। आपको पैसे कमाने के अच्छे मौके मिलेंगे। |
| तुला | आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। ऑफिस के काम में आप बिजी हो सकते हैं। सोसाइटी में किसी मुद्दे को लेकर आप अपनी बात दूसरों के सामने रख सकते हैं, जिसका प्रभाव कुछ लोगों पर साफ दिखेगा। आपका आर्थिक पक्ष थोड़ा कमजोर हो सकता है। परिवार के कुछ मामलों में आपको अनदेखा करने से बचना चाहिए। |
| वश्चिक | आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। थोड़ी-सी मेहनत करके आप अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हो सकता है। व्यावसायिक कार्यो के लिहाज से आज का दिन बेहतर है। आप हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन खुशियों से भरा रहेगा। |
| धनु | आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। ऑफिस में सभी लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। अचानक नए स्त्रोतों से हुआ धन लाभ आपकी आर्थिक स्थिति को संतुलित कर देगा। आप शाम तक किसी समारोह में शामिल हो सकते हैं। किसी पुराने मित्र से मिलकर आपका मन प्रसन्न होगा। लवमेट के लिए आज का दिन फेवरेबल रहेगा। |
| मकर | आज आपका दिन सामान्य रहेगा। पारिवारिक मामलों को लेकर आपको थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। ऑफिस में काम धीमी गति से पूरे हो सकते हैं, इससे आपकी परेशानी थोड़ी बढ़ सकती है। किसी बात को लेकर भाई-बहन से थोड़ी अनबन हो सकती है। आप बच्चों के साथ टाइम स्पेंड कर सकते हैं। आप नए काम पर सोच-विचार कर सकते हैं। |
| कुम्भ | आज आपका दिन शानदार रहेगा। कामकाज से जुड़ी कोई बड़ी चुनौती आपके सामने आयेगी। साथ ही आप इसमें सफल भी होंगे। घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आपको किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। साथ ही दूसरे लोग आपके कामकाज से प्रभावित भी होंगे। आपकी तरक्की के नये रास्ते खुलेंगे। |
| मीन | आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। किसी खास काम में आपको फायदा मिल सकता है। भाई-बहन के साथ आपके संबंध बेहतर होंगे। जीवनसाथी आपकी बात से प्रभावित हो सकते हैं। बिजनेस के मामलों में दिन अच्छा हो सकता है। सामाजिक कामों में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। कार्यस्थल पर आपको सहयोग मिल सकता है। |

# बच्चों के मॉडल देख लोग चकित

## ● विंध्यवासिनी बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित की गई विज्ञान प्रदर्शनी



लोकमित्र ब्यूरो

**सुवंशा (प्रतापगढ़)।** विकासखंड गौरा अंतर्गत विंध्यवासिनी बालिका इंटर कॉलेज रामापुर गौरा में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 4 से 12 तक के विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक सोच और कला का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करना और उनके ज्ञान को अभिभावकों तक पहुंचाना था। विज्ञान प्रदर्शनी की अध्यक्षता रामचंद्र द्विवेदी ने की। प्रदर्शनी में छात्रों ने कई आकर्षक और प्रेरणादायक प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए जिनमें वायरलेस पावर ट्रांसमिशन, चंद्रयान-3, असिएंट मॉडर्न ट्रैफिक टरबाइन, मॉडल स्कूल, ट्रैफिक मॉडल, विंडमिल, चंद्रयान, रॉकेट मॉडल, पापुलेशन कंट्रोल, मॉडल टेंपल, मॉडल होम मॉडल, कलर, सोलर सिस्टम, बायोगैस, वेस्ट वाटर, ट्रीटमेंट, रेनवाटर, ब्रिज, मानव हृदय मॉडल जैसे विभिन्न विषयों पर छात्रों ने अपने प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया। विद्यालय के द्वारा बच्चों को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि उमेश द्विवेदी एमएलसी शिक्षक संघ ने बच्चों की रचनात्मकता को सराहा और प्रदर्शनी पर बच्चों को पांच सौ रुपये से पुरस्कृत किए। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के ज्ञान को बढ़ाते हैं और उन्हें अपने कौशल को निखारने का अवसर देते हैं। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उनके प्रयासों को सराहा। कार्यक्रम में आए अभिभावकों की सराहना की जिन्होंने बच्चों के प्रोजेक्ट्स को देखा, उनकी मेहनत और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सराहना की। यह कार्यक्रम बच्चों के लिए प्रेरणादायक रहा, साथ ही अभिभावकों और शिक्षकों के लिए भी गर्व का क्षण बन गया। कार्यक्रम में राजेंद्र दुबे, मोनू दुबे, रिंकू दुबे, प्रधानाचार्या विनीता मिश्रा, राजेंद्र तिवारी, आनंद मिश्र, ललिता, ममता मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

### युवती से मारपीट में तीन नामजद

**कुंडा प्रतापगढ़ ।** कोतवाली क्षेत्र के बहरिया रहवई गांव निवासी रेहाना बानो ने पुलिस को तहरीर दी। आरोप है कि 14 नवंबर शाम गांव के ही कुछ लोग रंजिशन उसके घर पहुंचे। गालियां देते हुए मारने पीटने लगे। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मो. सरवर, शमशाद, रिजवान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### किशोरी को भगाने में दो युवक नामजद

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़ ।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर दी। आरोप है कि सात दिसंबर को करीब एक बजे जब वह खेत गई थी, तभी गांव का ही युवक उसकी 16 वर्षीय बेटी को साथी की मदद से भगा ले गया। युवक को काफी खोजने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# मनायी गयी स्व0 सूर्य नारायण द्विवेदी की पुण्यतिथि

## ▶▶ शिक्षक विधायक समेत बड़ी संख्या में लोगों ने अर्पित किया पुष्पांजलि



लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत के सांगीपुर वार्ड मे मंगलवार की देर शाम समाजसेवी एवं शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी के पिता स्वर्गीय पं. सूर्य नारायण द्विवेदी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

कार्यक्रम में एमएलसी उमेश द्विवेदी, पूर्व मंत्री प्रो. शिवाकान्त ओझा तथा नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता द्विवेदी एवं ब्लाक प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज ने स्व. सूर्य नारायण के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके सामाजिक क्षेत्र में दिये गये योगदान पर प्रकाश डाला।

राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी व मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने स्व. सूर्य नारायण द्विवेदी की स्मृति को नमन किया। कार्यक्रम का संयोजन चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व संचालन वित्तविहीन शिक्षक महासभा के जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ने किया। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख लक्ष्मणपुर प्रतिनिधि राकेश सिंह, संस्कृत शिक्षक समिति के जिलाध्यक्ष आचार्य कुलदीप मिश्र, भाजपा नेता बालकृष्ण पाण्डेय, मनोज तिवारी,
दयाशंकर पाण्डेय, डा. हरि प्रसाद मिश्र, डॉ. डीपी ओझा, अनिल त्रिपाठी महेश, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह, विकास मिश्र, डा. आरएस त्रिपाठी, केडी मिश्र, राजकुमार मिश्र, राकेश तिवारी गुड्डू, दिनेश सिंह, विकास पाण्डेय, डा. राजकुमार पाण्डेय, उमाशंकर शुक्ल आदि रहे।

# शारदा सहायक नहर इलाहाबाद जल शाखा में शुरू हुई जलापूर्ति



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा-प्रतापगढ़।** शारदा सहायक नहर की इलाहाबाद जल शाखा में जलापूर्ति शुरू हो गई है। बड़ी नहर से जुड़े रजबहा मानिकपुर, ताजपुर, भदरी व धनगढ़, भिटारी, कस्बा लतीफपुर, खनवारी, मनगढ़, लरू, विदासिन समेत अन्य अल्पिकाओं में भी पानी पहुंचने से किसानों के चेहरे खिल गए। क्योंकि सिंचाई के लिए रवि की अगैती गेहूं की फसल के लिए पहली सिंचाई की आवश्यकता हो गई है। गेहूं की बुवाई 15 नवंबर से प्रारंभ हो जाती है। जिन किसानों ने 15 नवंबर से 20 नवंबर के बीच गेहूं की बवाई कर दिए हैं। उनकी पहली सिंचाई सिंचाई 21 से 25 दिन के बीच में अवश्य हो जानी चाहिए। इसलिए पहली सिंचाई के लिए पानी की आवश्यकता पड़ गई। सही समय पर नहरों में जलापूर्ति होने से पहली सिंचाई समय से शुरू हो सकेंगी।

# उत्पीड़न को लेकर नाराज वकीलों ने किया धरना प्रदर्शन, आंदोलन तेज करने की दी चेतावनी

## ▶▶ लालगंज तहसील में उदयपुर पुलिस के खिलाफ जमकर गरजे वकील



लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** साथी अधिवक्ता के खिलाफ क्रास केस को लेकर बुधवार को यहां वकीलो का आक्रोश तेज दिखा। एसओ उदयपुर के निलंबन को लेकर भी अधिवक्ता आक्रोशित दिखे। एसडीएम से वार्ता से असंतुष्ट अधिवक्ताओ ने एसडीएम कोर्ट के सामने नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। उदयपुर के पूरे जियन तिवारी का पुरवा निवासी अधिवक्ता अंकुर त्रिपाठी के खिलाफ उदयपुर पुलिस ने क्रास केस दर्ज किया है। इससे वकील पिछले सोमवार से कामकाज के बहिष्कार पर हैं। बुधवार को भी वकीलो ने न्यायिक कामकाज से विरत रहने का निर्णय लिया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह तथा महामंत्री सूर्यकांत निराला व पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के साथ वकीलों के एक प्रतिनिधिमण्डल ने एसडीएम नैनसी सिंह से चेंबर में अधिवक्तओं की समस्याओं को लेकर सुबह वार्ता की।

वार्ता से असंतुष्ट वकील अध्यक्ष संदीप के नेतृत्व में कोर्ट के सामने पोर्टिको मे धरने पर बैठ गये। इस बीच वकीलों की घंटो प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी होती दिखी। पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र, विकास मिश्र, संतोष पाण्डेय, शैलेन्द्र सिंह, गया प्रसाद मिश्र ने उदयपुर एसओ के खिलाफ कार्रवाई न होने को प्रशासन की हठवादिता कहा। सभा का संचालन पूर्व अध्यक्ष अजय शुक्ल गुडडू ने किया।

धरना स्थल पर हुई आमसभा को संबोधित करते हुए अधिवक्ता शैलेन्द्र मिश्र, रोशन सरोज, दीपेन्द्र तिवारी, शहजाद अंसारी, विनय शुक्ल, सिंटू मिश्र, राजेश्वर यादव, ने एसओ उदयपुर के निलंबन न होने तक संघर्ष को तेज किये जाने का ऐलान किया। इस मौके पर धीरेन्द्र मिश्र, शिवरंजन यादव, कौशलकिशोर शुक्ल, जितेन्द्र कनौजिया, राजेश तिवारी, अभिषेक शुक्ला, तपन पाण्डेय, राकेश शुक्ला, रामछबीले यादव, संजय सिंह आदि अधिवक्ता रहे।

# कन्या व बर पक्ष के बीच पंचायत में जमकर मारपीट, आठ घायल

## ▶▶ घटना से आक्रोशित लोगों ने तीन बाइकों में लगाई आग

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** कन्या पक्ष व बर पक्ष के बीच छतार गांव में चल रही पंचायत के दौरान मारपीट शुरू हो गई। जिसमें आठ लोगों को गंभीर चोटे आई हैं। आक्रोशित लोगों ने तीन मोटरसाइकिलों को आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां से दो को रेफर किया गया है। बाघराय क्षेत्र के छतार गांव मे बीते मंगलवार की शाम नौ बजे के करीब कन्या पक्ष जेठवारा जेठवारा थाना क्षेत्र के उमरी कोटिला गांव के बार पक्ष के लोग जो आपस में एक दूसरे के रिश्तेदार भी हैं। शादी से संबंधित पंचायत कर रहे थे। पंचायत के अंदर सुलह- समझौता न होने पर दोनों पक्ष आपस में गाली गलौज करने लगे। देखते ही देखते एक दूसरे पर हमलावर हो गए तथा जमकर दोनों पक्षों में लाठी और डंडो से मारा पीटा व तोडफोड की। आक्रोशित लोगो ने तीन मोटरसाइकिल फूंक दी। प्रथम पक्ष से रामनाथ सरोज 50 वर्ष, रोहित सरोज 25 वर्ष, दशा राम 43 वर्ष, सुरेश 56 वर्ष, मनोज 34 वर्ष, निखिल 22 वर्ष निवासी छतार थाना बाघराय व दूसरे पक्ष से जीतलाल 50 वर्ष महंदापुर व हरी लाल 42 वर्ष उमरी कोटिला थाना जेठवारा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे बाघराय थाना प्रभारी निरीक्षक ने सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी बाघराय मे ले जाकर भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में दशा राम सरोज व रामनाथ सरोज को बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ मारपीट की तहरीर दी है।

# पशुओं के प्रति सम्मान दिखाकर एक अच्छा उदाहरण स्थापित करें लोग- पूर्णिमा प्रांजल

## ▶▶ जेल अधीक्षक ने गौशालाओं में कैदियों द्वारा निर्मित काऊ कोट, कम्बल का किया वितरण





लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कौशाम्बी के तत्वावधान में अढोली, सरसवां, तहसील मंझनपुर, जनपद-कौशाम्बी में पशू क्रूरता विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिविर में मुख्य अतिथि अपर जिला जज सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी पूर्णिमा प्रांजल ने पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि मानव अपने सहयोग के लिए पशु-पक्षियों का उपयोग सदियों से करता आ रहा है बावजूद इसके भी मनुष्य पशुओं के प्रति क्रूर व्यवहार करने लगता है। जो कि उचित नहीं है। मनुष्यों द्वारा पशुओं को या तो भूल से या जानबूझकर पीड़ा या नुकसान पहुँचाना, उपेक्षा करना, पशुओं की बुनियादी जरूरतों को पूरा न करना, मनोरंजन के लिए लड़ाना, अधिक भार लादना आदि क्रूरता की श्रेणी में आता है। पशुओं को ऐसी क्रूरता या उत्पीड़न से बचाने के लिए पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960, बनाया गया एक ऐसा कानून है जिसका उद्देश्य जानवरों को अनावश्यक पीड़ा या कष्ट पहुंचाने से रोकना है। इसमें जानवरों के साथ होने वाली क्रूरता और हत्या के अलग-अलग रूपों के बारे में चर्चा की गई है। इस कानून के तहत, जानवरों के साथ अनावश्यक क्रूरता करने पर सजा का प्रावधान है। पशु हमारे अभिन्न सहयोगी हैं इसलिए हमें उनकी हर प्रकार से रक्षा करनी चाहिए। पशुओं के प्रति क्रूरता देखने पर, इसकी सूचना पुलिस या अन्य अधिकारियों को दें। स्वयं भी पशुओं के प्रति सम्मान दिखाकर एक अच्छा उदाहरण स्थापित करें और अपने बच्चों को जानवरों के प्रति सम्मान करना भी सिखाएं। पशु चिकित्सक डा. अजय कुमार सिंह ने कहा कि पशु-पक्षियों के प्रति क्रूरता रोकने के लिए कानून का अपना अलग महत्त्व है लेकिन सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना एवं सामूहिक पहल भी जरूरी है। जेल अधीक्षक अजितेश मिश्र ने कहा कि बच्चों को बचपन से ही प्रकृति और जानवरों के प्रति वात्सल्यपूर्ण संस्कार दिए जाने चाहिए। उन्हें प्रकृति के साथ जीना सिखाया जाए ताकि उनमें पशु-पक्षियों के प्रति स्नेह की भावना उत्पन्न हो। इससे निश्चित रूप से पशुओं के प्रति क्रूरता पर अंकुश लगेगा। इस शिविर में जेल अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा पशुओं, गौवंशों को सर्दी से बचाने हेतु कौशाम्बी जेल में कैदियों के द्वारा निर्मित काऊ कोट, कम्बल गौशालाओं में वितरित किया गया। इस अवसर पर पशु चिकित्सक डा. अजय कुमार सिंह, जेल अधीक्षक अजितेश मिश्र, चीफ लीगल यदि डिफेंस कौंसिल अमित मिश्र, क्षेत्रीय लेखपाल रजत चौरसिया, राजू सिंह, पीएलवी संदीप सरोज सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहें।

### माफिया अतीक गैंग के सदस्यों के खिलाफकार्रवाई नहीं कर रहीं पुलिस

**तिल्हापुर मोड़, कौशाम्बी।** सरायअकिल कोतवाली क्षेत्र के यूसुफपुर गांव में पुराने मुकदमें में सुलह करने से इंकार करने पर माफिया अतीक अहमद गैंग के सदस्यों ने घर में घुसकर जमकर उत्पात मचाया था। थाने में शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। बुधवार को पीड़ित ने मामले की शिकायत आईजी से करते हुए आरोपी दबंगों के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। यूसुफपुर गांव निवासी मोहम्मद परवेज ने बताया कि उनके गांव में ही माफिया अतीक अहमद गैंग के सक्रिय सदस्य रहते हैं। परवेज ने उनके खिलाफ मारपीट करने का मुकदमा दर्ज कराया था। उसी मुकदमें में सुलह करने को लेकर आरोपी बराबर दबाव बना रहे थे। एक सप्ताह पहले दबंग अपने दो साथियों के साथ उसके घर में घुसकर गाली गलौच कर परवेज की जमकर पिटाई कर दी। बीच बचाव करने पहुंचे भाई को भी जमकर पीट दिया। पिटाई से दोनों भाइयों को काफी चोटें आई। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पर, पुलिस ने दबंगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।

# नवीन साधन सहकारी समिति स्थापित किए जाने की मांग को लेकर मुख्य विकास अधिकारी को जिला पंचायत सदस्य ने सौंपा मांगपत्र



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव को किसानो को भरपूर मात्रा में उर्वरक मिलने हेतु एक मांगपत्र सौंपा। सौंपे गए मांगपत्र में सिराथू ब्लॉक के ग्राम देवखरपुर, जगन्नाथपुर, धमावा, रूपनारायणपुर, गोरियों, टेंगाई, कोर्रो आदि न्याय पंचायतों में नवीन साधन सहकारी समिति खोले जाने की मांग की।
बुधवार को समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने किसानो की उर्वरक की समस्या के स्थाई समाधान के लिए कई न्याय पंचायतों में नवीन साधन सहकारी समिति खोले जाने हेतु जिले के मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव से भेंट की और एक मांगपत्र सौंपा। सौंपे गए मांगपत्र में सिराथू ब्लॉक के ग्राम जगन्नाथपुर, देवखरपुर, धमावा, रूपनारायणपुर, गोरियों, कोरो, टेंगाई आदि में नई साधन सहकारी समिति खोले जाने की मांग की। अजय सोनी का कहना था कि इन न्याय पंचायतों में नवीन साधन सहकारी समिति खुल जाने से किसानो को स्थानीय स्तर पर उर्वरक मिलने की सुविधा होगी। आगे कहा कि मेरे द्वारा कई सालों से नवीन साधन सहकारी समिति खोले जाने की मांग की जा रही है परंतु आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। आगे कहा कि जल्द ही इन स्थानों पर नई साधन सहकारी समिति न खुली तो धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इस अवसर पर सुरजीत वर्मा, अरुण कुमार, नरेंद्र कुमार, दिलीप सोनकर आदि मौजूद रहें।

### आईएमए भाजपा प्रत्याशी को करेगा समर्थन

**प्रतापगढ़ (ब्यूरो)।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की बैठक आज कटरा स्थित वेलफेयर एसोसिएशन कार्यालय में हुई। इसमें नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ रही भाजपा प्रत्याशी श्रीमती प्रेमलता सिंह का समर्थन करने का आवाहन चिकित्सको से किया गया। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष डाक्टर एके कुलश्रेष्ठ और संचालन सचिव डाक्टर अम्बर केसरवानी ने किया। बैठक में डाक्टर शिव मूर्ति लाल मौर्य, डाक्टर अतुल श्रीवास्तव, डाक्टर आलोक सक्सेना, डा. एसके त्रिपाठी, डा. अतुल कुमार श्रीवास्तव, डा. घनश्याम अग्रवाल, डा. रवि कुमार श्रीवास्तव, डा. इम्तियाज अहमद, डा. आशुतोष पाण्डेय, डा. मिनहाज खान, डा. दीपिका केसरवानी, डा. आरके मिश्रा समेत कई चिकित्सक मौजूद थे।

# रोजगार का जरिया बनेगा घरेलू उपकरण प्रशिक्षण

**प्रयागराज।** स्व रोजगार हेतु एम एस एम इ (भारत सरकार)द्वारा उद्यमिता कार्यक्रम नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में लॉन्च किया गया जिस में अनुशुचित जाति अनुसुचित जंजाति,विकलांग महिलाओं के लिए 30 दिवसीय निशुल्क सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों के लिए नाममात्र शुल्क घारेलु उपकरण एवं ए.सी. रेफ्रिजरेटर का कार्यक्रम चालाया जा रहा है जिसमें ग्रामीण एवं अर्ध शहरी क्षेत्रों में रोजगार एवं व्यवसाय के नए अवसर खुलेंगे कार्यक्रम का पहले चरण 16 दिसंबर से शुरू होगा जिस में घरेलू उपकरण में 25 एवं एसी रेफ्रिजरेटर में 25 प्रतिभागियों को सीधे लाभान्वित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल प्रशिक्षण तक सीमित नही है



बल्कि ग्रामीण अर्थ व्यवस्था को बढ़ोतरी देकर नए उद्यमियों को सशक्त बाना ना है। इस कार्यक्रम के तहत सभी प्रतिभागियों को व्यापक प्रशिक्षण अनुदान किया जाएगा । साथ ही उन्हें उद्योग विशेषज्ञों , बैंक अधिकारियों से मार्गदर्शन वित्तीय , तकनीकी सहायता और व्याहारिक कार्यशालाएं के माध्यम से व्यावसायिक मॉडल विकसित करने के अवसर मिलेंगे । एम एस एम इ के अधिकारी वैभव खरे जी ने कहा कि यह पहल ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने में महूत पुराण पहल है। इस अवसर पर निदेशक नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक ने बताया इस प्रशिक्षण से स्वरोजगार के नए अवसर मिलेंगे एवं नैनी को स्टार्टअप हब बानाने में सहायक होगा।

# आई0जी0आर0एस0 शिकायतों के निस्तारण का टीम ने किया मौके का मुआयना

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रबुद्ध सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि आई0जी0आर0एस0 संदर्भ संख्या-92417400015334 आवेदक राजेन्द्र कुमार मिश्रा पुत्र सोहन लाल निवासी ग्राम-हर्रायपुर परगना व तहसील चायल, संदर्भ संख्या-40017424040177771 उमा किशोर पुत्र स्व0 कमलेश्वर प्रसाद निवासी-खोपा परगना व तहसील चायल, सन्दर्भ संख्या-20017424015400 राम प्रकाश पुत्र स्व0 जमुना प्रसाद निवासी-कटरा सरायं अकिल परगना व तहसील चायल, सन्दर्भ संख्या-9241174000017570 मनोज शर्मा पुत्र राममूर्ति शर्मा निवासी-खोपा परगना व तहसील चायल एवं सन्दर्भ संख्या-92417400007108 प्रेम नारायण तिवारी पुत्र बसंत लाल तिवारी ग्राम-बसुहार परगना व तहसील चायल जनपद कौशाम्बी की रैन्डम जाँच टीम द्वारा करायी गयी। जिसमें संदर्भ संख्या 92417400015334 राजेन्द्र कुमार मिश्रा पुत्र सोहन लाल निवासी ग्राम हर्रायपुर परगना व तहसील चायल व संदर्भ संख्या 40017424040177771 उमाकिशोर पुत्र स्व0 कमलेश्वर प्रसाद निवासी खोपा परगना व तहसील चायल जनपद कौशाम्बी व सन्दर्भ संख्या-20017424015400 राम प्रकाश पुत्र स्व0 जमुना प्रसाद निवासी कटरा सरायं अकिल परगना व तहसील चायल जनपद कौशाम्बी का निस्तारण सही पाया गया। सन्दर्भ संख्या-9241174000017570 मनोज शर्मा पुत्र राममूर्ति शर्मा निवासी खोपा परगना व तहसील चायल का निस्तारण आंशिक रूप से सही पाया गया। सन्दर्भ संख्या-92417400007108 प्रेम नारायण तिवारी पुत्र बसंत लाल तिवारी ग्राम बसुहार परगना व तहसील चायल का निस्तारण गलत पाया गया। सन्दर्भ संख्या-9241174000017570 मनोज शर्मा पुत्र राममूर्ति शर्मा निवासी खोपा परगना व तहसील चायल का निस्तारण आंशिक रूप से सही पाया गया।

उप जिलाधिकारी चायल को निर्देशित किया गया कि मौके के अनुसार निस्तारण कराकर अवगत करायें। सन्दर्भ संख्या-92417400007108 प्रेम नारायण तिवारी पुत्र बसंत लाल तिवारी ग्राम-बसुहार परगना व तहसील चायल का निस्तारण गलत पाया गया। ग्राम का लेखपाल अश्वनी यादव मौके पर सत्यापन के समय उपस्थित नहीं थे। नायब तहसीलदार चायल द्वारा बताया गया कि स्थल पर उपस्थित होने के लिए सुबह ही अवगत करा दिया गया था, फिर भी नही आये और मौके पर चकरोड़ आगे टूटा पाया गया, इससे स्पष्ट है कि चकरोड़ खाली नही कराया गया और गलत रिपोर्ट अंकित कर दी गयी। उप जिलाधिकारी चायल को निर्देशित किया गया कि सही निस्तारण कराते हुए सम्बन्धित लेखपाल के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

# महाकुम्भ मेले की तैयारी में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

## ▶▶ जिलाधिकारी ने की महाकुम्भ मेले की तैयारियों की समीक्षा, मातहतों को दी चेतावनी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ मेला को लेकर जिला प्रशासन एक्शन में है। 13 जनवरी से प्रारम्भ हो रहे महाकुंभ मेला की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक की।

महाकुंभ मेला में आने वाले तमाम भक्त माता विंध्यवासिनी के धाम में भी आयेंगे। भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को लेकर जिला प्रशासन भी तैयारियों में जुट गया है। कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों के साथ बैठक कर यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा समेत सभी बिंदुओं पर व्यवस्था की समीक्षा की गयी।

जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने सभी विभागों को यथोचित प्रबन्ध करने का निर्देश देते हुए कहा कि कुंभ मेला को दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और धार्मिक मेले में से एक माना जाता है। प्रदेश सरकार इसे भव्य और दिव्य बनाने के लिए व्यवस्थाओं में जुटी है। महाकुम्भ में स्नान के लिए लाखों की संख्या में भक्त संगम नगरी में गंगा तट पर निवास भी करते हैं जिसको कल्पवासी कहा जाता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पूर्णिमा से महाकुंभ मेला का शुभारंभ होगा। पहला शाही स्नान 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा के दिन किया जाएगा। 14 जनवरी को मकर संक्रांति के दिन दूसरा शाही स्नान किया जाएगा। इसके बाद 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के दिन तीसरा शाही स्नान किया जाएगा। 2 फरवरी को वसंत पंचमी के दिन चौथा शाही स्नान होगा। 12 फरवरी माघ पूर्णिमा को पांचवा शाही स्नान किया जाएगा। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन आखिरी शाही स्नान किया जाएगा और इन तिथियों को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार रहे ये उनका प्रयास है।

जिलाधिकारी ने बताया कि कुंभ मेला में आने वाले भक्तों में से करीब 12 प्रतिशत भक्तों के माता विंध्यवासिनी के धाम विंध्याचल आने की संभावना है।

भारी संख्या में भक्तों के आने के कारण उन्हें किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो इसलिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करके सभी को दायित्व सौंपे जा रहे हैं ताकि भक्तों को सड़क, बिजली, पानी एवं सुरक्षा समेत किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो, इलाज की भी समुचित व्यवस्था मिल सके इसके लिए निर्देश दिया गया है, यातायात सुरक्षा का भी निर्देश दिया गया है। उन्होंने सभी अधिकारियों से जोर देकर कहा कि सभी लोग अपने अपने दायित्व समझ लें कोई

# नगर पलिका की पूर्व चेयरमैन के निधन पर शोक

**चित्रकूट ब्यूरो-** नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम कर्वी की पूर्व चेयरमैन नीलम करवरिया का बुधवार को निधन हो गया। वह राष्ट्रीय रामायण मेला के कार्यकारी अध्यक्ष प्रिंस करवरिया की मां व पूर्व चेयरमैन गोपाल कृष्ण करवरिया की बहू थीं। उनके निधन की जानकारी होते ही जिले के सभी संगठन के पदाधिकारियों, व्यापारियों, समाजसेवी व विद्वजनों ने गहरा शोक जताया है।गुरुवार को तरौंहा में उनका अंतिम संस्कार होगा। इसकी जानकारी होने पर चित्रकूट प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी, कोषाध्यक्ष रमेश द्विवेदी, सपा सांसद कृष्णा पटेल, सपा विधायक अनिल प्रधान, अपना दल विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, सुशील गुप्ता, पीडी गुप्ता, गोलू गुप्ता, राहुल गुप्ता, बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह, समाजसेवी छेदी यादव समेत सभी पार्टियों के जिलाध्यक्ष व अन्य नेताओं ने शोक जताया है।

# डीएम ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा




**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अंतर्गत बुधवार को जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम ने विकासखंड पहाड़ी की सभी ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की।जन चौपाल में डीएम ने उपस्थित ग्राम प्रधानों, प्रधान प्रतिनिधियों, पंचायत सहायकों एवं स्वयं सहायता समूह के सदस्यों से ग्राम पंचायत वार में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। जिस पर कुछ ग्राम प्रधानों ने कहा कि कुछ घरों में पानी की सप्लाई व रोड़ रिस्टोरेशन का कार्य शेष रह गया है। डीएम ने सम्बन्धित कार्य दाई संस्था एवं टी.पी.आई. को निर्देशित किया कि शेष बचे कार्य को गुणवत्तापूर्ण कराते हुए ग्राम प्रधानों व 10 ग्रामीणों से स्थलीय निरीक्षण कराकर फोटोग्राफ प्रेषित करें। कहा कि इस कार्य में ग्राम प्रधानों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है।कहा कि कार्यदाई संस्थाओं द्वारा हैंडओवर करने के पहले सभी ग्राम प्रधान जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण करके समस्याएं मिलने पर बताएं। जिससे कार्य को दोबारा कराया जा सके। कहा कि यह भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। जिसमें कनेक्शन, सप्लाई व क्वालिटी तीन उद्देश्य है ताकि सभी ग्राम पंचायत में पानी की उपलब्धता रहे। ग्राम प्रधानों से कहा कि अगली बैठक से पूर्व इस योजना से सम्बन्धित फीडबैक दें, उसी के आधार पर प्रशासन द्वारा सहमति जताई जाएगी। इस दौरान ग्राम प्रधानों, ग्राम पेयजल स्वच्छता समिति के सदस्यों तथा ग्रामीणों को जल जीवन मिशन की टीशर्ट, कैप, बैग, कॉन्फ्रेंस पैड आदि का वितरण किया गया।जन चौपाल में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील दिवेदी, खंड विकास अधिकारी पहाड़ी संजय पाडेय, अधिशासी अभियंता जल निगम आशीष भारती, टीपीआई अभय नारायण दीक्षित, सहायक अभियंता गुलाम शिवताब, आदि मौजूद रहे।

# पांच दिवसीय परीक्षा में पहुंचे परीक्षार्थी, दिया इम्तिहान



**नरैनी।** नेशनल स्किल डेवलमेंट कारपोरेशन प्रशिक्षण केन्द्र में एनएसडीसी डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन नर्सिंग असिस्टैंट की पांच दिवसीय परिक्षा एनएसडीसीटीसी अतर्रा पैरामेडिकल वोकेशनल इंस्टीट्यूट पर सम्पन्न हुई इंस्टीट्यूट डायरेक्टर डा. रमाकान्त द्विवेदी ने बताया कि बहुत जल्द ही इंस्टीट्यूट के रोजगार पर कोर्स बुन्देलखण्ड़ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में वोकेशनल/स्किल पाठ्यक्रम संचालित होंगे । प्राचार्य डा. डीसी गुप्ता सीताराम समर्पण महाविद्यालय नरैनी बताते है कि शासन की मंशानुरूप विश्वविद्यालय को कौशल केन्द्र अतर्रा पैरामेडिकल वोकेशनल इंस्टीट्यूट के पाठ्यक्रम एप्रूवल के लिये विश्वविद्यालय भेजा गया है अनुमति मिलते ही रोजगार परक पाठ्यक्रम छात्र-छात्रा पढ़ सकेंगे प्रस्तावित पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय के एक जिला एक उत्पाद के अतिरिक्त सेमेस्टरवार मेडिकल लैब असिस्टेंट ओटी असिस्टैंट नर्सिंग सिस्टैंट डायटीशियन असिस्टैंट डायबटीज एजुकेटर ऑप्टोमेट्री असिस्टेंट डेंटल असिस्टेंट एक्स-रे असिस्टेंट चाइल्ड केयर एजुकेशन योगा एण्ड नैचुरोपैथी ब्यूटी एण्ड कास्मेटोलॉजी फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री कम्प्यूटर शिक्षा में कौशल प्राप्त कर सकेंगे जिससे स्थानीय हेल्थकेयर सेक्टर पर रोजगार प्राप्त करने में सहायक होगा।

# परेड में पीआरडी जवानों की टोली नंबर वन रही प्रथम

## टोली नंबर तीन को मिला द्वितीय और टोली नंबर दो को मिला तृतीय स्थान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में जनपद स्तरीय 76वें पीआरडी स्थापना दिवस के मौके पर पीआरडी स्वयंसेवकों ने पुलिस लाइन में विभागीय निर्देश पर परेड का आयोजन किया गया। परेड में समस्त विकास खण्डों से सम्मिलित पीआरडी स्वयंसेवकों की परेड में टोली नंबर-01 प्रथम, टोली नंबर-03 द्वितीय, और टोली नंबर-02 तृतीय स्थान पर रही व खेलकूद की विधा रस्साकस्सी में टीम-ए विजेता एवं टीम-बी उपविजेता, कुर्सी दौड़ में सन्तोष-प्रथम,रामेश्वर-द्वितीय एवं पवन-तृतीय स्थान पर रहे। मुख्य अतिथि एएसपी शिवराज ने मान-प्रणाम स्वीकार किया। विजेता टोलियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरण किया गया। मुख्य अतिथि ने द्वारा सभी पीआरडी स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया।

इस मौके पर वेदमणि मिश्रा (प्रतिसार निरीक्षक) पुलिस लाईन, जितेन्द्र कुमार प्रजापति (क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्राविद अधिकारी, आदित्य कुमार, (क्षेत्रीय युवा कल्याण प्रादवि अधिकारी, सतीश कुमार, (क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं संजय मिश्रा (पीटीआई), ओमप्रकाश यादव (पीटीआई) एवं अरूण कुमार द्विवेदी (आईटीआई) पुलिस लाईन, तारकेश्वरी मुखर्जी (वरिष्ठ सहायक), शिवदत्त द्विवेदी (पत्रवाहक), उमेश कुमार (कम्प्यूटर ऑपरेटर), शैलेन्द्र कुमार पाल आदि पीआरडी स्वयंसेवकों द्वारा सहयोग किया गया। कार्यक्रम के समापन में जितेन्द्र कुमार क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्राविद अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# कोयला और मकान जलाने के दोषी को 10 वर्ष का कारावास

**बांदा।** मकान के खपरैल में व कोयला भट्ठी में एक साथ कोयला में आग लगाकर क्षति पहुंचाने के मामले में दोषी को अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम चंद्रपाल द्वितीय की अदालत ने दस वर्ष के कारावास की सजा सुनायी साथ ही अन्य धाराओं में सजा सहित सात हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की अदायगी न करने पर छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। दोषी का सजायावी वारंट बनाकर जेल भेज दिया गया। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता सुशील तिवारी ने बताया कि अतर्रा थाना क्षेत्र के पिंडखर गांव निवासी गेंदा सिंह पुत्र बाबू सिंह ने 19 मार्च 2016 को प्राथमिकी दर्ज करायी कि पिंडखर गांव में स्थित गाटा संख्या 939 में कोयला भट्ठी का संचालन कर रहा था। जिसका लाईसेंस विकास पुत्र शत्रुध्न सिंह के नाम था। उसी स्थान पर वह खपरैलदार मकान बनाकर रहता था। 14 मार्च 2016 की रात्रि लगभग 12 बजे वह अपने मकान में सो रहा था। तभी बाहर से आहट मिली तो जंगले से देखा कि गांव के ही रामजियावन पुत्र बाबू सिंह, दिलीप सिंह उर्फ लाला पुत्र प्रताप सिंह कोयला भट्ठी स्थल में कोयला के ढेर पर तेल छिड़क रहे थे। कट्टी में तेल लिए हुए मकान के खपरैल में आग लगा रहे थे। उसके कमरे के बाहर की कुंडी लगा दिया था। उसने खपरैल तोड़कर प्राण बचाकर बाहर भागा व चिल्लाया तो तमाम लोग एकत्र हो गए। तभी दोनो लोग गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। उसने पुलिस को फोन से सूचना दिया तब तक उसका 20 टन कोयला व मकान पूरी तरह जलकर राख हो गया। उसने अपने प्राण मुश्किल से बचाया। इस प्रकार उसका लगभग साढ़े तीन लाख का नुकसान हुआ। इस घटना को गांव के तमाम लोगों ने देखा और आग बुझाने का काम किया। मुकदमे के दौरान 21 अगस्त 2017 को सह अभियुक्त दिलीप सिंह की मृत्यु हो गयी। मामला केवल रामजियावन सिंह पर चलाया गया। अदालत ने रामजियावन के विरुद्ध 4 मई 2017 को आरोप बनाया। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से चार गवाह पेश किए गए। इस मामले में दोषी का कहना है कि उसने अपनी खेती गिरवी रखा था। पैसा पूरा चुकता होने के बावजूद उसने कब्जा नहीं दे रहा था। इस रंजिश से उसने झूठा मुकदमा उसके विरुद्ध लिखाया है। पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों व अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश ने अपने 19 पृष्ठीय फैसले में रामजियावन सिंह को दोषी पाते हुए सजा सुनायी।

# यारियां ग्रुप ने चित्रांग और टेक फेस्ट के माध्यम से छात्रों को कराया रोजगार दिग्दर्शन

## ▶▶ ग्रामोदय विश्वविद्यालय में हुआ कार्यक्रम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के पूर्व छात्रों के यारियां ग्रुप ने चित्रांग और टेक फेस्ट के माध्यम से ग्रामोदय के छात्रों को रोजगार दिग्दर्शन कराया। इस कार्यक्रम का प्रायोजन पूर्व छात्र आनंद गुप्ता की कंपनी श्रद्धा-आनंद इन्वेस्टमेंट सॉल्युशंस ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत मितेश चिपा, राकेश रावत व संजय सोनी द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना कर की गई।यारियां 2024 कार्यक्रम में संपन्न तकनीकी उत्सव कार्यक्रम में कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने पूर्व छात्रों का ग्रामोदय से निरंतर लगाव और जुड़ाव बताया। पूर्व छात्रों ने विश्वविद्यालय में अध्ययन कर रहे अपने छोटे भाइयों बहनो को करियर के विभिन्न आयामों के बारे में बताया। पूर्व छात्रों ने अपना अनुभव साझा करते हुए विभिन्न विषयों जैसे उच्च शिक्षा, कंप्यूटर भाषा, उद्यमशीलता आदि में आगे का मार्गदर्शन दिया। इस दौरान सीवी लेखन प्रतियोगिता के पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र का वितरण हुआ। कार्यक्रम में एक पैनल चर्चा हुई। जिसमें ग्रामोदय विश्वविद्यालय में होने वाली इंजीनियरिंग की पढाई में कौशल विकास, ग्राम विकास और मानवीय मूल्यों को महत्व देने पर जोर दिया गया।



इसके बाद अतिन निगम के पुराने बॉलीवुड के गानों को नए अंदाज में दर्शाते हुए अंदाज अपना अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसमें दीपक सूर्यवंशी, अमित गोयल, दिशा रॉय, निशी सिंह, श्वेता श्रीवास्तव, रचना सिंह, शिखा सक्सेना, सुबोध त्रिपाठी, राकेश रावत, आशीष भरतकर, विवेक दीक्षित भी शामिल रहे। पूर्व छात्रा निशी सिंह ने सनातन की विशिष्टता और अस्तित्व की कहानी की झलक दिखाने वाले फैशन शो धर्मो रक्षति रक्षितः की प्रस्तुति की। जिसमें जगत निवास तिवारी, राजेश मिश्रा, देवेंद्र सिंह दांगी, मनोज पाण्डेय, अनुराग तिवारी, सुबोध त्रिपाठी, सौरभ सिंह, इंद्रेश प्रताप सिंह, रोहित कुमार, हिमांशु त्रिपाठी, मनोज मिश्रा, सुनील जायसवाल, रंजीत बिहारी सिंह, अभिषेक भार्गव, विवेक दीक्षित, अमित गौर, आतीन निगम, अमित गोयल, आशीष भरतकर शामिल रहे। इसके बाद राजेश श्रीवास्तव ने अपने साथी दीपक सूर्यवंशी एवं रंजीत बिहारी सिंह के साथ मिलकर डांस प्रोग्राम हिन्द का सितारा की प्रस्तुति की। साथ ही जगत निवास तिवारी ने मुशायरा का कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। जिसमें सुधीर शिवालय, दीपक सूर्यवंशी, राहुल फुलकारी, रंजीत बिहारी सिंह शामिल रहे। अभिषेक भार्गव ने अपने सहभागियों मितेश छिपा, अमित गौर, राकेश सिंह रावत के साथ बॉलीवुड एवं हॉलीवुड गाने का एक खास मिक्स प्रस्तुत किया। अतिन निगम ने वो चार साल की प्रस्तुति कर सभी के भीतर पच्चीस साल पहले के छात्र को पुनः जीवंत कर दिया।

पूर्व छात्र छात्राओं ने अपने छात्र जीवन को याद करते हुए करोके में सुरीले गाने गाये।

इस मौके पर कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा, अधिष्ठाता आंजनेय पाण्डेय, इंजी केपी मिश्रा, इंजी राजेश सिन्हा, श्वेता श्रीवास्तव, मनीष जायसवाल, मनोज मिश्रा, सुनील जायसवाल, राजेश मिश्रा, सलिल गुप्ता, अमित गोयल, अनुराग तिवारी, देवेन्द्र दांगी, अरुण शर्मा, राहुल फुलकारी, शिखा सक्सेना, ऋतु राज जैन आदि मौजूद रहे।

## थाई मांगुर मछलियों के पालन, बिक्री तथा इस प्रजाति के मत्स्य बीज उत्पादन संचय एवं विक्रय पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लागू

**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण, नई दिल्ली द्वारा थाई मांगुर मछली के पालन बिक्रय एवं इसके मत्स्य बीज उत्पादन वितरण तथा तालाबों में संचय को उसके अत्याधिक मांसाहारी प्रवृत्ति के कारण अन्य स्थानीय जलीय जीव जन्तु एवं गछलियों के अस्तित्व के खतरे को देखते हुऐ इस प्रजाति के पालन को पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध कर दिया गया है तथा इस प्रजाति के मछलियों का पालन कर रहें मत्स्य पालकों को चिन्हांकन कर तत्काल उपलब्ध स्टॉक को नष्ट करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने जनपद में थाई मांगुर मछलियों के पालन, बिक्री तथा इस प्रजाति के मत्स्य बीज उत्पादन संचय एवं विक्रय को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित करते हुऐ सम्बन्धित मत्स्य पालकों को निर्देशित किया है कि इस प्रजाति की मछलियॉ मत्स्य बीज स्टॉक को तत्काल नष्ट कर दे, अन्यथा गठित टास्कफोर्स टीम के द्वारा विनिष्टीकरण की कार्यवाही की जायेंगी एवं विनिष्टीकरण पर होने वाले व्यय सम्बन्धित मत्स्य पालकों से वसूल कर, उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेंगी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

**कुंडा प्रतापगढ़ ।** कोतवाली क्षेत्र के पंचपेड़ा गांव निवासी वंशीलाल यादव का 19 वर्षीय बेटा प्रभाशंकर यादव बाइक से कहीं जा रहा था। जैसे ही वह हाईवे पर पहुंचा, अज्ञात वाहन की टक्कर से वह घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल को एम्बुलेंस बुलाकर सीएचसी भेजा।

# दबंग ने साथियों संग निर्माण का विरोध कर ठेकेदार व प्रधानपति को पीटा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के उमरपुर मजरा हुसैनमई गांव में बुधवार की सुबह दबंग ने साथियों के साथ मिलकर निर्माण का विरोध कर एक ठेकेदार और प्रधानपति को पीट दिया।पिटाई से दोनों को काफी चोटें आई।शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बचाव बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल ठेकेदार ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

प्रयागराज के भावापुर मोहल्ला निवासी अनुपम कुमार मौर्या पुत्र अजय कुमार मौर्या के मुताबिक वह बुधवार की सुबह भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अंतर्गत जल जीवन मिशन के हर घर जल प्रोजेक्ट के लिए निर्माण कार्य करा रहे थे। इसी दौरान गांव का एक दबंग साथियों के साथ वहां पहुंचा और कार्य को फौरन बंद करने को कहा।कार्य बंद करने का कारण पूछने वह उसके साथ गाली गलौज करने लगा।आरोप है कि विरोध करने पर उसने साथियों संग ठेकेदार को डंडों से जमकर पीट दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे प्रधानपति भंवर सिंह यादव को भी पीटा।साथ ही दोबारा कार्य न करने की धमकी भी दिया। पिटाई से दोनों को काफी चोटें आई।शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने किसी तरह मामले को शांत कराया। घायल ठेकेदार ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम साफिया के स्थान पर साफिया बेगम है जबकि मेरे पासपोर्ट में साफिया ही लिखा है एवं मेरे पति का नाम भी अपूर्ण है मेरे पति का सही नाम मो0 मंजूर आलम है जबकि मेरे पासपोर्ट में मेरे पति का नाम भी गलत है मंजूर आलम अंकित है।

साफिया बेगम
पत्नि मोहम्मद मंजूर आलम
निवासी चक फतेह अली शाह
नगर पंचायत सिटी थाना व
तहसील सदर
जनपद प्रतापगढ उ0प्र0

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा औद्योगिक आस्थान सुखपाल नगर प्रतापगढ़ का भूखण्ड ए-3 के प्रथम आवंटी स्व0 राम प्रताप तिवारी का लीज डीड ना तो उद्योग विभाग में है ना मेरे पास है गुमशुदा है यदि किसी को जानकारी मिले तो सूचित करने का कष्ट करें।

श्रीमती अफ्रोज
बेगम वार्ड प्रतापगढ़

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै सुमित्रा द्विवेदी पत्नी महिपाल द्विवेदी निवासी करनपुर करमचन्दा (बलीपुर) तह0 सदर प्रतापगढ़ की निवासिनी हूँ। मेरे मकान का मानचित्र अधिकृत अधिकारी द्वारा दिनांक 29.05.2024 को वास्ते मानचित्र सं0 164/04 स्वीकृत मानचित्र की मूल कापी कही खो गयी है।

सुमित्रा द्विवेदी
पत्नी महिपाल दूबे
निवासी करनपुर करमचन्दा
(बलीपुर)प्रतापगढ़

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अधिवक्ता पहचान पत्र कार्ड पंजीकरण संख्या 1728/2000 बार कौंसिल उत्तर प्रदेश प्रयागराज वास्तव में खो गया है।

दिनेश कुमार उपाध्याय
सुत राम दुलार उपाध्याय
निवासी सदर बाजार, पशु
अस्पताल के सामने, प्रतापगढ़

**शिवकुमारी महाविद्यालय आशापुर, रानीगंज, प्रतापगढ़**
(संबद्धः प्रो राजेंद्र सिंह 'रज्जू भैया' विश्वविद्यालय, प्रयागराज)

**आवश्यकता है**

स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम में प्राचार्य एवं प्रवक्ता पद की आवश्यकता है। प्राचार्य एवं स्नातक स्तर पर राजनीति शास्त्र में 01 पद, योग्यता पी0एच0डी0 / नेट वेतन एवं शर्ते उत्तर प्रदेश शासन यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के नियमानुसार। योग्यता धारण करने वाले अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 15 दिन के अंदर सभी अंक पत्र एवं फोटो सहित दो प्रतियों में आवेदन करें।

प्राचार्य/प्रबंधक
मो0-7081171167,7881105201

9452526750, 9839665450,8565970115

**दैनिक लोकमित्र**

121, विवेक नगर प्रतापगढ़

सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/-प्रतिमाह

प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त

E-mail-lokmitra2005@gmail.com

प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित

8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# महाकुम्भ मेले की तैयारी में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

## ▶▶ जिलाधिकारी ने की महाकुम्भ मेले की तैयारियों की समीक्षा, मातहतों को दी चेतावनी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ मेला को लेकर जिला प्रशासन एक्शन में है। 13 जनवरी से प्रारम्भ हो रहे महाकुंभ मेला की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक की।

महाकुंभ मेला में आने वाले तमाम भक्त माता विंध्यवासिनी के धाम में भी आयेंगे। भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को लेकर जिला प्रशासन भी तैयारियों में जुट गया है। कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों के साथ बैठक कर यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा समेत सभी बिंदुओं पर व्यवस्था की समीक्षा की गयी।

जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने सभी विभागों को यथोचित प्रबन्ध करने का निर्देश देते हुए कहा कि कुंभ मेला को दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और धार्मिक मेले में से एक माना जाता है। प्रदेश सरकार इसे भव्य और दिव्य बनाने के लिए व्यवस्थाओं में जुटी है। महाकुम्भ में स्नान के लिए लाखों की संख्या में भक्त संगम नगरी में गंगा तट पर निवास भी करते हैं जिसको कल्पवासी कहा जाता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पूर्णिमा से महाकुंभ मेला का शुभारंभ होगा। पहला शाही स्नान 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा के दिन किया जाएगा। 14 जनवरी को मकर संक्रांति के दिन दूसरा शाही स्नान किया जाएगा। इसके बाद 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के दिन तीसरा शाही स्नान किया जाएगा। 2 फरवरी को वसंत पंचमी के दिन चौथा शाही स्नान होगा। 12 फरवरी माघ पूर्णिमा को पांचवा शाही स्नान किया जाएगा। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन आखिरी शाही स्नान किया जाएगा और इन तिथियों को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार रहे ये उनका प्रयास है।

जिलाधिकारी ने बताया कि कुंभ मेला में आने वाले भक्तों में से करीब 12 प्रतिशत भक्तों के माता विंध्यवासिनी के धाम विंध्याचल आने की संभावना है।

भारी संख्या में भक्तों के आने के कारण उन्हें किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो इसलिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करके सभी को दायित्व सौंपे जा रहे हैं ताकि भक्तों को सड़क, बिजली, पानी एवं सुरक्षा समेत किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो, इलाज की भी समुचित व्यवस्था मिल सके इसके लिए निर्देश दिया गया है, यातायात सुरक्षा का भी निर्देश दिया गया है। उन्होंने सभी अधिकारियों से जोर देकर कहा कि सभी लोग अपने अपने दायित्व समझ लें कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# नगर पलिका की पूर्व चेयरमैन के निधन पर शोक

**चित्रकूट ब्यूरो-** नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम कर्वी की पूर्व चेयरमैन नीलम करवरिया का बुधवार को निधन हो गया। वह राष्ट्रीय रामायण मेला के कार्यकारी अध्यक्ष प्रिंस करवरिया की मां व पूर्व चेयरमैन गोपाल कृष्ण करवरिया की बहू थीं। उनके निधन की जानकारी होते ही जिले के सभी संगठन के पदाधिकारियों, व्यापारियों, समाजसेवी व विद्वजनों ने गहरा शोक जताया है।गुरुवार को तरौंहा में उनका अंतिम संस्कार होगा। इसकी जानकारी होने पर चित्रकूट प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी, कोषाध्यक्ष रमेश द्विवेदी, सपा सांसद कृष्णा पटेल, सपा विधायक अनिल प्रधान, अपना दल विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, सुशील गुप्ता, पीडी गुप्ता, गोलू गुप्ता, राहुल गुप्ता, बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह, समाजसेवी छेदी यादव समेत सभी पार्टियों के जिलाध्यक्ष व अन्य नेताओं ने शोक जताया है।

# डीएम ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा




**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अंतर्गत बुधवार को जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम ने विकासखंड पहाड़ी की सभी ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की।जन चौपाल में डीएम ने उपस्थित ग्राम प्रधानों, प्रधान प्रतिनिधियों, पंचायत सहायकों एवं स्वयं सहायता समूह के सदस्यों से ग्राम पंचायत वार में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। जिस पर कुछ ग्राम प्रधानों ने कहा कि कुछ घरों में पानी की सप्लाई व रोड़ रिस्टोरेशन का कार्य शेष रह गया है। डीएम ने सम्बन्धित कार्य दाई संस्था एवं टी.पी.आई. को निर्देशित किया कि शेष बचे कार्य को गुणवत्तापूर्ण कराते हुए ग्राम प्रधानों व 10 ग्रामीणों से स्थलीय निरीक्षण कराकर फोटोग्राफ प्रेषित करें। कहा कि इस कार्य में ग्राम प्रधानों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है।

कहा कि कार्यदाई संस्थाओं द्वारा हैंडओवर करने के पहले सभी ग्राम प्रधान जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण करके समस्याएं मिलने पर बताएं।

जिससे कार्य को दोबारा कराया जा सके। कहा कि यह भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। जिसमें कनेक्शन, सप्लाई व क्वालिटी तीन उद्देश्य है ताकि सभी ग्राम पंचायत में पानी की उपलब्धता रहे।

ग्राम प्रधानों से कहा कि अगली बैठक से पूर्व इस योजना से सम्बन्धित फीडबैक दें, उसी के आधार पर प्रशासन द्वारा सहमति जताई जाएगी। इस दौरान ग्राम प्रधानों, ग्राम पेयजल स्वच्छता समिति के सदस्यों तथा ग्रामीणों को जल जीवन मिशन की टीशर्ट, कैप, बैग, कॉन्फ्रेंस पैड आदि का वितरण किया गया।जन चौपाल में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील दिवेदी, खंड विकास अधिकारी पहाड़ी संजय पाडेय, अधिशासी अभियंता जल निगम आशीष भारती, टीपीआई अभय नारायण दीक्षित, सहायक अभियंता गुलाम शिवताब, आदि मौजूद रहे।

# एलएसयूएम व एलएसयूसी समितियों को दिया गया प्रशिक्षण

**चित्रकूट ब्यूरो-** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्रकूट में गठित लीगल सर्विसेज यूनिट फार चिल्ड्रेन (एलएसयूसी) एवं लीगल सर्विसेज यूनिट मनोन्याय (एलएसयूएम) समितियों के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण बुधवार को हुआ।प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने समिति के सदस्यों, पैनल अधिवक्ताओं एवं अधिकार मित्रों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार गठित इन समितियों के उद्देश्य एवं क्रियान्वयन के सम्बन्ध में जानकारी दी।

बताया कि भारत में बच्चों एवं दिव्यांगों के लिये कानूनी सेवाओं का अधिकार, संवैधानिक और वैधानिक प्रावधानों के साथ कई अन्तर्राष्ट्रीय साधनों के रूप में भी स्पष्ट वर्णित है।

जिसमें बच्चों एवं दिव्यांगों के लिये विशेष विधिक सहायता यूनिट की स्थापना प्रत्येक जिले में की जायेगी, जिसके अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला जज होंगे। जिसके द्वारा थाने में, किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति, जेल इत्यादि में बच्चों को विधिक सेवा प्रदान करने सम्बन्धी इकाई का गठन किया जाना है। जिसके संचालन के लिए जिला स्तर पर गठित समिति द्वारा इस सम्बन्ध में जनपद में संचालित विभिन्न सरकारी विभागों जिसमें समाज कल्याण, दिव्यांग कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग तथा पुलिस विभाग इत्यादि से समन्वय स्थापित करके बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन कराया जाएगा।

बचपन डे केयर सेण्टर शिवरामपुर के को-आर्डिनेटर विष्णुदत्त बादल ने बताया कि कुण्ठावस्था एवं दिव्यांग पेंशन योजना के लिए 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र 40 प्रतिशत से अधिक, आय प्रमाण पत्र, बैंक-पासबुक, कार्यवाही रजिस्टर जमा करने पर पात्र होते हैं। इसके अलावा कृत्रिम अंग सहायक उपकरण वितरण योजना के अन्तर्गत ट्राई साईकिल, ह्वीलचेयर, कान की मशीन, छड़ी, बैशाखी आदि प्रदान किये जाते हैं। साथ ही बताया कि शादी प्रोत्साहन के अन्तर्गत महिला के दिव्यांग होने पर 20,000 रुपये, पुरुष के दिव्यांग होने पर 15,000 रुपये तथा दोनों के दिव्यांग होने पर 35,000 रुपये की राशि प्रोत्साहन पुरस्कार के रूप में शासन द्वारा प्रदान की जाती है।इस अवसर पर लीगल सर्विसेज यूनिट फार चिल्ड्रेन (एलएसयूसी) एवं लीगल सर्विसेज यूनिट मनोन्याय (एलएमयूएम) के सदस्य आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद भरवारी, जनपद कौशाम्बी**

पत्रांक संख्याः 2223/न०पा०परि०भ०/ई–निविदा सूचना/2024–25 दिनांकः 11.12.2024

**ई–निविदा सूचना**

कार्यालय के पत्र संख्या–2163 / न०पा०परि०भ० / ई–निविदा सूचना / 2024–25, दिनांक 27.11.2024 द्वारा ई–निविदा दिनांक 11.12.2024 समय 12.00 बजे तक के लिये कुल 132 कार्यों की निविदा आमंत्रित की गयी थी। उक्त तिथि तक 132 कार्यों में से 62 कार्यों की निविदाओं में ऑनलाइन निविदा पोर्टल पर प्रतिस्पर्धा नही दिख रही है, ऐसी स्थिति में कार्य संख्या 2, 6, 12, 14, 17, 23, 28, 29, 30, 31, 32, 33, 35, 37, 38, 39, 43, 45, 46, 47, 48, 49, 50, 51, 53, 54, 55, 56, 57, 58, 59, 60, 61, 62, 63, 64, 68, 70, 75, 76, 79, 82, 87, 93, 94, 97, 98, 99, 100, 101, 104, 105, 106, 108, 111, 112, 115, 116, 121, 127, 128, 129 की मात्र ही निविदा डाले जाने की समयावधि को दिनांक 17.12.2024 समय 12 बजे तक बढाई जाती है एवं निविदा दिनांक 18.12.2024 को खोली जायेगी। उपरोक्त निविदा की शेष नियम शर्ते पूर्ववत रहेगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
भरवारी–कौशाम्बी

**कार्यालय ग्राम पंचायत पाही वि०ख० चित्रकूट धाम कर्वी**

पत्रांक : मेमो/निविदा/2024–25 दिनांक 11.12.2024

**निविदा सूचना**

राज्य वित्त / पंचम / पंद्रहवां वित्त योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत पाही द्वारा कराये जाने वाले निम्नलिखित कार्यो पर प्रयुक्त होने वाली सामाग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा व्यापार कर / आयकर जैम पोर्टल में पंजीकृत फर्मो / सप्लायरों से दिनांक 17.02.2024 को अपरान्ह 2.00 बजे तक निम्नविवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे ग्राम पंचायत में तैनात निर्माण समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के साथ खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री 12.12.2024 से 17.02.2024 को अपरान्ह 1.00 बजे तक ग्राम पंचायत से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्रक्कलन की धनराशि (लाख में) | 2% धरोहर धनराशि (रू0में) | निविदा मूल्य (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत पाही में मोहम्मद शरीफ के घर से गरीबुद्दीन के घर के पास नाली निर्माण कार्य। | 2.16 लाख | 4320 | 500 |

निविदा शर्ते–
नोट : निविदा से सम्बन्धित शर्ते ग्राम पंचायत के कार्यालय के पटल पर देखी जा सकती है।

सहाना बेगम
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत पाही
चित्रकूटधाम कर्वी, चित्रकूट

मनीष कुमार
ग्रा0वि0अ0
ग्राम पंचायत पाही
चित्रकूटधाम कर्वी, चित्रकूट

**कार्यालय नगर पालिका परिषद भरवारी-कौशाम्बी**

प्त्रांकः–2224/न0पा0परि0भ0/2024–25 दिनांकः 11 दिसम्बर, 2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासन / जिलाधिकारी महोदय के निर्देशन में नगर पालिका परिषद भरवारी, कौशाम्बी के वार्डों में सर्वे कराकर सरकारी / सार्वजनिक भूमियों का चिन्हांकन करवाया जा रहा है। जिसमें अब तक चिन्हित नगर पालिका परिषद भरवारी समीन्तर्गत सरकारी भूमि का विवरण निम्नवत है–

| क्र0 सं0 | जनपद | तहसील | निकाय का नाम | वार्ड सं0 | वार्ड का नाम | मोहल्ला/राजस्व ग्राम का नाम | सरकारी भूमि का प्रकार | गाटा सं0 | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 01 | कौशाम्बी | सिराथू | न0पा0परि0 भरवारी | 06 | बालाजी नगर | टीकरडीह | चारागाह | 361 | 1.084 |
| 02 | कौशाम्बी | सिराथू | न0पा0परि0 भरवारी | 06 | बालाजी नगर | टीकरडीह | चारागाह | 364 | 1.05 |
| 03 | कौशाम्बी | सिराथू | न0पा0परि0 भरवारी | 06 | बालाजी नगर | टीकरडीह | चारागाह | 646 | 2.9385 |
| 04 | कौशाम्बी | सिराथू | न0पा0परि0 भरवारी | 06 | बालाजी नगर | टीकरडीह | चारागाह | 673 | 0.548 |
| 05 | कौशाम्बी | सिराथू | न0पा0परि0 भरवारी | 06 | बालाजी नगर | टीकरडीह | चारागाह | 674 | 0.719 |
| 06 | कौशाम्बी | सिराथू | न0पा0परि0 भरवारी | 03 | गौतम बुद्ध नगर | बालकमऊ | चारागाह | 710 | 3.655 |
| 07 | कौशाम्बी | सिराथू | न0पा0परि0 भरवारी | 03 | गौतम बुद्ध नगर | बालकमऊ | चारागाह | 1010 | 0.502 |
| 08 | कौशाम्बी | सिराथू | न0पा0परि0 भरवारी | 03 | गौतम बुद्ध नगर | बालकमऊ | चारागाह | 971 | 1.6 |
| 09 | कौशाम्बी | सिराथू | न0पा0परि0 भरवारी | 03 | गौतम बुद्ध नगर | बालकमऊ | चारागाह | 975 | 0.366 |
| 10 | कौशाम्बी | सिराथू | न0पा0परि0 भरवारी | 05 | पं0 गिरधारी लाल मेंहता नगर | रसूलपुर गिरसा | ऊसर | 773 | 0.457 |
| 11 | कौशाम्बी | सिराथू | न0पा0परि0 भरवारी | 05 | पं0 गिरधारी लाल मेंहता नगर | रसूलपुर गिरसा | नवीन परती | 772 | 0.057 |
| 12 | कौशाम्बी | चायल | न0पा0परि0 भरवारी | 04 | श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर | मोहम्मदपुर असवां | ऊसर | 769 | 0.297 |
| 13 | कौशाम्बी | चायल | न0पा0परि0 भरवारी | 04 | श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर | मोहम्मदपुर असवां | तालाबी | 547 | 0.217 |
| 14 | कौशाम्बी | चायल | न0पा0परि0 भरवारी | 12 | कृष्णा नगर | चकमाहपुर पाण्डेंयमऊ | तालाबी भूमि | 274 | 0.8788 |
| 15 | कौशाम्बी | चायल | न0पा0परि0 भरवारी | 12 | कृष्णा नगर | चकमाहपुर पाण्डेंयमऊ | चारागाह | 261 | 1.027 |
| 16 | कौशाम्बी | चायल | न0पा0परि0 भरवारी | 02 | राजा सुहेलदेव नगर | परसरा | खेल का मैदान | 164 | 1.221 |
| 17 | कौशाम्बी | चायल | न0पा0परि0 भरवारी | 09 | सुभाष चन्द्र बोस नगर | मौली | चारागाह | 01 | 1.929 |
| 18 | कौशाम्बी | सिराथू | न0पा0परि0 भरवारी | 10 | मंगल पाण्डेय नगर | नौढ़िया आमद करारी | चारागाह | 293 | 0.661 |
| 19 | कौशाम्बी | सिराथू | न0पा0परि0 भरवारी | 11 | सरदार बल्लभ भाई पटेल नगर | चक चमरूपुर | प्राथमिक विद्यालय | 130मि0 | 0.057 |
| | | | | | योग– | | | | 19.2643 |

अतः उपरोक्त सूची में चिन्हित सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण / कब्जा किया जाना कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है। यदि किसी भी व्यक्ति कि द्वारा उपरोक्त सरकारी भूमियों पर अवैध कब्जा / निर्माण / अतिक्रमण किया जाता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध नगर पालिका अधिनियम 1916 में प्रदत्त धाराओं के तहत विधिक कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जायेगी। जिसका जिम्मेदार अवैध कब्जा / निर्माण / अतिक्रमणकर्ता स्वयं होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
भरवारी–कौशाम्बी

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
भरवारी–कौशाम्बी

# यारियां ग्रुप ने चित्रांग और टेक फेस्ट के माध्यम से छात्रों को कराया रोजगार दिग्दर्शन

## ▶▶ ग्रामोदय विश्वविद्यालय में हुआ कार्यक्रम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के पूर्व छात्रों के यारियां ग्रुप ने चित्रांग और टेक फेस्ट के माध्यम से ग्रामोदय के छात्रों को रोजगार दिग्दर्शन कराया। इस कार्यक्रम का प्रायोजन पूर्व छात्र आनंद गुप्ता की कंपनी श्रद्धा-आनंद इन्वेस्टमेंट सॉल्युशंस ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत मितेश चिपा, राकेश रावत व संजय सोनी द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना कर की गई।यारियां 2024 कार्यक्रम में संपन्न तकनीकी उत्सव कार्यक्रम में कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने पूर्व छात्रों का ग्रामोदय से निरंतर लगाव और जुड़ाव बताया। पूर्व छात्रों ने विश्वविद्यालय में अध्ययन कर रहे अपने छोटे भाइयों बहनो को करियर के विभिन्न आयामों के बारे में बताया। पूर्व छात्रों ने अपना अनुभव साझा करते हुए विभिन्न विषयों जैसे उच्च शिक्षा, कंप्यूटर भाषा, उद्यमशीलता आदि में आगे का मार्गदर्शन दिया। इस दौरान सीवी लेखन प्रतियोगिता के पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र का वितरण हुआ। कार्यक्रम में एक पैनल चर्चा हुई। जिसमें ग्रामोदय विश्वविद्यालय में होने वाली इंजीनियरिंग की पढाई में कौशल विकास, ग्राम विकास और मानवीय मूल्यों को महत्व देने पर जोर दिया गया।

इसके बाद अतिन निगम के पुराने बॉलीवुड के गानों को नए अंदाज में दर्शाते हुए अंदाज अपना अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसमें दीपक सूर्यवंशी, अमित गोयल, दिशा रॉय, निशी सिंह, श्वेता श्रीवास्तव, रचना सिंह, शिखा सक्सेना, सुबोध त्रिपाठी, राकेश रावत, आशीष भरतकर, विवेक दीक्षित भी शामिल रहे। पूर्व छात्रा निशी सिंह ने सनातन की विशिष्टता और अस्तित्व की कहानी की झलक दिखाने वाले फैशन शो धर्मो रक्षति रक्षितः की प्रस्तुति की। जिसमें जगत निवास तिवारी, राजेश मिश्रा, देवेंद्र सिंह दांगी, मनोज पाण्डेय, अनुराग तिवारी, सुबोध त्रिपाठी, सौरभ सिंह, इंद्रेश प्रताप सिंह, रोहित कुमार, हिमांशु त्रिपाठी, मनोज मिश्रा, सुनील जायसवाल, रंजीत बिहारी सिंह, अभिषेक भार्गव, विवेक दीक्षित, अमित गौर, आतीन निगम, अमित गोयल, आशीष भरतकर शामिल रहे। इसके बाद राजेश श्रीवास्तव ने अपने साथी दीपक सूर्यवंशी एवं रंजीत बिहारी सिंह के साथ मिलकर डांस प्रोग्राम हिन्द का सितारा की प्रस्तुति की। साथ ही जगत निवास तिवारी ने मुशायरा का कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। जिसमें सुधीर शिवालय, दीपक सूर्यवंशी, राहुल फुलकारी, रंजीत बिहारी सिंह शामिल रहे। अभिषेक भार्गव ने अपने सहभागियों मितेश छिपा, अमित गौर, राकेश सिंह रावत के साथ बॉलीवुड एवं हॉलीवुड गाने का एक खास मिक्स प्रस्तुत किया। अतिन निगम ने वो चार साल की प्रस्तुति कर सभी के भीतर पच्चीस साल पहले के छात्र को पुनः जीवंत कर दिया।

पूर्व छात्र छात्राओं ने अपने छात्र जीवन को याद करते हुए करोके में सुरीले गाने गाये।

इस मौके पर कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा, अधिष्ठाता आंजनेय पाण्डेय, इंजी केपी मिश्रा, इंजी राजेश सिन्हा, श्वेता श्रीवास्तव, मनीष जायसवाल, मनोज मिश्रा, सुनील जायसवाल, राजेश मिश्रा, सलिल गुप्ता, अमित गोयल, अनुराग तिवारी, देवेन्द्र दांगी, अरुण शर्मा, राहुल फुलकारी, शिखा सक्सेना, ऋतु राज जैन आदि मौजूद रहे।

# ऋषियन के पुजारी ने की सुरक्षा की गुहार

**चित्रकूट-** मऊ थाना क्षेत्र के बरहा कोटरा गांव के निवासी पंडित इंद्रेश त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा है कि बीते मंगलवार की शाम वह ऋषियन स्थान में आरती करके घर वापस लौट रहा था। इस दौरान रास्ते में पहले से घात लगाकर बैठे कुछ बदमाशों ने उन पर हमला करने का प्रयास किया। इस पर वह मौके से जान बचाकर भाग आया और इलाकाई पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया और बाकी लोग फरार हो गए। इसके बाद से आरोपी पक्ष के लोग उन्हें झूठे मुकदमें में फंसाने का प्रयास कर रहे है। इसके चलते उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना करने का काम भी बंद कर दिया है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूलवर्ष 2008 अनुक्रमांक 1502470 का अंकपत्र वास्तव में खो गया है ।

श्याम सुन्दर गुप्ता
पुत्र विजयभान गुप्ता
पता - सरायबंशी, पोस्ट उतरांव
तहसील हंडिया,
जिला प्रयागराज।

# पुलिस ने सुलह कराकर परिवार को टूटने से बचाया

**चित्रकूट ब्यूरो-**पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयास के क्रम में परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम द्वारा पारिवारिक झगड़े को समाप्त कराकर सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया।परामर्श केन्द्र प्रभारी उपनिरीक्षक गुड्डी देवी ने बताया कि थाना बरगढ़ की ग्राम पंचायत मुरका निवासी अंजुमन पत्नी गुलाम हुसैन पुत्री मो फिरोज ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया था कि उसका पति गुलाम हुसैन व ससुरालीजन द्वारा उसके साथ गाली-गलौज, मारपीट व लड़ाई झगड़ा कर घर से निकाल दिया है। इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक ने प्रार्थना-पत्र के निस्तारण के लिए निर्देशित किया। जिस पर परिवार परामर्श केन्द्र में महिला आरक्षी शिवांगी श्रीवास्तव व मंजुलता पाल द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर व समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क कर उन्हें परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया। इसके बाद दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में मारपीट, गाली-गलौज, लड़ाई-झगड़ा व घर से न निकालने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही गयी तथा सुलह होने पर दम्पत्ति जोड़े को एक दूसरे के साथ आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने की सलाह दी गयी।

# अवैध शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**राजापुर, चित्रकूट-** राजापुर थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण व बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना के उपनिरीक्षक सुरेन्द्र कुमार राय व आरक्षी शुभम मिश्रा ने आरोपी अमर सिंह निवासी ग्राम महेन्द्र थाना करारी जनपद कौशाम्बी को 22 क्वार्टर के साथ गिरफ्तार किया। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध थाना राजापुर में धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की मा0 उपाध्यक्ष ने जिला अस्पताल, जिला कारागार, वन स्टाप सेंटर, आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

- निरीक्षण भवन में महिलाओं से संबंधित प्रकरणों को लेकर की जनसुनवाई, निस्तारण के दिए निर्देश
- संबंधित अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने जनपद भ्रमण के दौरान जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया तथा महिला वार्डो के निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी वार्ड, लेबर रूम तथा अन्य इकाईयों में महिलाओं से सम्पर्क कर चिकित्सा संबंधित सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की गई व महिलाओं को 40 बेबी किट व मिष्ठान वितरित कर संबंधित अधिकारियों को कन्या सुमंगला योजना का लाभ दिलाए जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। तत्पश्चात मा0 उपाध्यक्ष द्वारा जिला कारागार में पाकशाला, महिला बंदीगृह का निरीक्षण किया गया तथा महिला बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना एवं माता से साथ आवासित बच्चों को चॉकलेट, बिस्किट, टॉफी एवं महिला बंदियों को कम्बल का वितरण किया।इसके पश्चात वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया गया जहां पर सभी कार्मिक रोस्टर के अनुसार उपस्थित मिले तथा वहां पर केन्द्र प्रबन्धक से कार्यालय के समस्त अभिलेखों महिलाओं से संबंधित प्राप्त प्रकरणों का अवलोकन तथा महिलाओं से संबंधित प्रकरणों की जानकारी ली गयी तथा केन्द्र प्रबंधक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। वन स्टाप सेंटर भवन में ही संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया। कार्यालय में उपस्थित कार्मिकों से बच्चों से संबंधित प्रकरणों के बारे में जानकारी ली गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उपाध्यक्ष द्वारा ग्राम पंचायत हरिदासपुर के आंगनवाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया गया जहां पर 0 से 06 वर्ष तक के बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य व पोषण के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी तथा आंगनवाड़ी केन्द्र पर मा0 आयोग की उपाध्यक्ष द्वारा धात्री महिलाओं की गोदभराई की तथा सभी बच्चों को फल वितरण किया गया तथा केन्द्र पर उपस्थिति आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। तत्पश्चात निरीक्षण भवन में महिला जन सुनवाई की गयी जिसमें 18 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिये गये। उपाध्यक्ष ने जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह व सम्बन्धित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में चाइल्ड हेल्प लाइन की व्यवस्था व वन स्टॉप सेंटर को सुचारू रूप से संचालित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हॉस्पिटल में कन्या के जन्म होने पर महिलाओं को कन्या सुमंगला योजना की जानकारी प्रदान कराते हुए उनको उक्त योजना का लाभ दिलाया जाए, जिससे कोई भी बालिकाए लाभ से वंचित न रहें। सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु विद्यालयों के नोटिस बोर्ड पर पंपलेट चस्पा किए जाए, जिससे बच्चों को योजनाओं की जानकारी हो और वह घर जाकर अपने माता पिता को उन योजनाओं की जानकारी दे और वह उसका लाभ उठा सके। आयुष्मान कार्ड की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि शत प्रतिशत पात्र लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाया जाए, इसके साथ ही जन जागरूकता हेतु अस्पताल परिसर में पात्रता व कार्ड कैसे और कहा बनवा सकते ही इसकी जानकारी डिस्प्ले की जाए। उन्होंने कहा कि सीएचसी व पीएचसी में समीक्षा कर यह सुनिश्चित कराया जाए कि चिकित्सक व अन्य स्टाफ अपने ड्यूटी के दौरान उपस्थित रहें।

जिससे लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पडे।बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन चंद्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रृष्टि अवस्थी, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शीवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी, सहायक श्रमायुक्त आर0एल0 स्वर्णकार, बाल संरक्षण अधिकारी वीरेन्द्र पाल महिला थानाध्यक्ष किरन सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बैसवारा महाविद्यालय में महिला स्वास्थ्य को लेकर हुई विचार गोष्ठी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** बैसवारा डिग्री कॉलेज लालगंज में महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर विचार गोष्ठी का आयोजन कियागया। कार्यक्रम का संयोजन प्रोफेसर पुष्पा बरनवाल द्वारा किया गया। प्रोफेसर बरनवाल ने छात्राओं को बताया कि मासिक धर्म से संबंधित सभी वर्जनाओं और कलंकों के बीच दक्षिण भारत के कई राज्यों में कुछ स्वस्थ परंपरायें प्रचलित हैं जिनके अंतर्गत बालिकाओं के प्रथम बार रजस्वला होने पर उसे एक धार्मिक अनुष्ठान एवं उत्सव की तरह मनाया जाता है।भारत के ओडिशा में रज परब, कर्नाटक में ऋतु शुद्धि या ऋतु कला, तमिलनाडु में मंजल निरातु वीजा, असम में तुलोनिया बिया इस तरह की स्वस्थ परम्परायें हैं। डॉ.दीक्षा मिश्रा ने बताया कि छात्राओं को कई बार एनीमिया की समस्या होती है, क्योंकि उनका खानपान गुणवत्तापूर्ण नही होता। कार्यालय प्रमुख श्रीमती अंजू सिंह ने बताया कि छात्राओं को साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। डॉ. नीलम शुक्ला ने बताया कि मासिक धर्म के दौरान स्त्रियों को आराम मिले, इसलिए धार्मिक ग्रंथों में स्त्रियों को इस अवधि में बहुत सारे कार्यो से दूर रखा गया। विचार गोष्ठी में छात्राओं से अनियमित पीरियड, पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस), पॉलीसिस्टिक ओवरी डिजिज ( पीसीओडी ) आदि से जुड़ी समस्याओं और चुनौतियों पर बात की गई। उन्होंने इसके लक्षणों, बचाव और घरेलू उपाय के बारे में बात की तथा समस्या ज्यादा बढ़ने पर डॉक्टर से सलाह लेने के लिए कहा।शिवानी वर्मा ने छात्राओं को बताया कि पीरियड्स के दिनों में क्या-क्या सावधानी बरतनी चाहिए और अपना पैड दिन में 6- 8 घण्टे में बदलना चाहिए ताकि पीरियड्स के दौरान होने वाले संक्रमण से बची रहें और स्वस्थ रहे। टीम की श्वेता वर्मा ने छात्राओं को पैड को सही तरह से डिस्पोज कैसे किया जाए, इस बारे में बताया तथा सभी छात्राओं को स्टेफ्री की तरफ से सैनेटरी नैपकिन वितरित किए। कार्यक्रम में आस्था निर्मल, आराधना सिंह, स्वाति अवस्थी, महक एवं दुर्गा आदि छात्राओं ने सवाल पूछे तथा स्वयं के अनुभवों के बारे में खुलकर बात की।इस अवसर परकार्यक्रम में डॉ. कांची बाजपेयी, पूजा श्रीवास्तव व महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्राएं भारी संख्या में मौजूद रहे।




## मुख्य विकास अधिकारी ने लालगंज खंड विकास कार्यालय का किया निरीक्षण और दिया जरूरी निर्देश



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय औचक निरीक्षण पर लालगंज ब्लाक मुख्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने सरकार के द्वारा संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा की। ब्लॉक की साफ सफाई को देखकर उन्होंने खंड विकास अधिकारी पीडीएस गगनदीप सिंह की प्रशंसा भी की।योजनाओं से संबंधित फाइलों का भी निरीक्षण किया। मनरेगा के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया ।इसके अलावा एडीओ पंचायत प्रण वीर प्रताप सिंह को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि गांव में तैनात सफाई कर्मियों की नियमित हाजिरी का लेखा-जोखा ब्लॉक मुख्यालय में भी रखा जाए। केवल व्हाट्सएप पर फोटो भेजने से काम नहीं चलेगा। वास्तव में जब मुख्य विकास अधिकारी ने एडीओ पंचायत से सफाई कर्मियों की हाजिरी के बाबत रजिस्टर मांगा तो वह दिखा नहीं पाए जिसके कारण सीडीओ ने नाराजगी जताते हुए कहा कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही मिली तो सख्त कार्रवाई होगी। इसके अलावा शौचालय निर्माण की प्रगति पर भी उन्होंने नाराजगी जताई और जल्द से जल्द दूसरी किस्त की डिमांड की कार्रवाई पूरी करने को कहा।मुख्य विकास अधिकारी ने स्वच्छ भारत मिशन, पीएम आवास, आईजीआरएस ,आरटीआई, मनरेगा, पीएनआरएलएम, स्थापना सहित 38 योजनाओं की फाइलों का निरीक्षण किया। इस मौके पर डीपीआरओ शौर्य शील सिंह, खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह सहित ब्लॉक के कर्मचारी मौजूद रहे।

## शिक्षकों के बेहतर काम करने पर मिली शोहरत, सम्मान और पहचानः बीडीओ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** अमावां ब्लॉक क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, ग्राम प्रधानों, स्थानीय प्राधिकारी व जनप्रतिनिधियों की संगोष्ठी का आयोजन बीआरसी परिसर में किया गया। बैठक में बेसिक शिक्षा की योजनाओं व कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी अमावां संदीप सिंह और विशिष्ट अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी राममिलन यादव रहे। प्रभारी खण्ड शिक्षाधिकारी राम मिलन यादव ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों की तस्वीर अब पूरी तरह से बदल चुकी है। सरकार के 19 पैरामीटर को पूरा करने में ग्राम प्रधानों का बहुत ही बड़ा योगदान रहा है। कायाकल्प में बेहतर काम करने वाले पांच ग्राम प्रधानों को सम्मानित करने जा रहे हैं।



उन्होंने बताया कि आज ग्राम प्रधान सारीपुर सहदेव, दाउदनगर के इंद्रजीत सिंह, बावन बुजुर्ग बल्ला के प्रतिनिधि पंकज गुप्ता, सिधौना के राम सनेही और कोडरस बुजुर्ग की प्रधान रामावती को सम्मानित किया गया है। उन्होंने संगोष्ठी में सभी प्रधानों से शिक्षण व्यवस्था को और बेहतर बनाने की बात कहीं। खण्ड विकास अधिकारी संदीप सिंह ने कहा कि सरकार की तरफ से ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों को चमाने के प्रयास में हम लोगों की तरफ से बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि आप लोगों के बेहतर शिक्षण से ही परिषदीय विद्यालय की वास्तव में तस्वीर बदल सकती है। एक बेहतर शिक्षण योजना से बच्चों को हम लोगों को पढ़ाना चाहिए। बच्चों के साथ में जितना अधिक भावात्मक लगाव रखेंगे उतना ही बेहतर रहेगा। ग्राम प्रधानों से उन्होंने गांव की शिक्षा समिति को एक्टिव करने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि आपके हस्तक्षेप और सहयोग से ही विद्यालयों की तस्वीर और बदल सकती है। जैसे अपने देश का नाम आईआईएम और आईआईटी के साथ छात्र रोशन करते हैं वैसे ही आपके गांव का नाम इन्हीं विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे रोशन करेंगे। संगोष्ठी के दौरान प्राथमिक विद्यालय सिधौना, मंचितपुर और हिलगी के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। हिलगी के बच्चों की तरफ से एक लघु नाटिका भी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का संचालन नोडल शिक्षक बल्ला नीरज कुमार ने किया। बैठक में ग्राम प्रधान के ब्लॉक अध्यक्ष ऋषि सिंह, अमरजीत, वीरेंद्र कुमार, श्रीकांत सिंह, एआरपी जेपी रावत, सलाउद्दीन अंसारी, डॉ0 एसएस श्रीवास्तव, अब्दुल मन्नान, शैल कुमारी, अशोक प्रियदर्शी, सुरेश सिंह, बृजेंद्र कुमार, शशि प्रकाश श्रीवास्तव, सूर्य प्रकाश, रणविजय सिंह, राजेश सिंह, संतन श्रीमौली, रामेश्वर नाथ, राजेन्द्र यादव, माता बदल कश्यप, शालिनी, दीप्ति सिंह, शारिक अनवर, आशीष, ऊषा देवी, इशरतजहां, सना आफरीन, मनीषा सिंह, बीनू सिंह, अंजलि, साक्षी शर्मा, संगीता, राखी वर्मा, मनीषा, ज्योति, बबीता, शोभना, श्रीकांत, कमल सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

## कॉग्रेस पार्टी व राष्ट्रीय भागीदारी मिशन के संयुक्त तत्वाधान में भागीदारी न्याय सम्मेलन आयोजित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** भागीदारी न्याय सम्मेलन का आयोजन कॉग्रेस पार्टी व राष्ट्रीय भागीदारी मिशन के संयुक्त तत्वाधान में दीन शाहगौरा ब्लॉक के रामलीला मैदान में प्रधान प्रतिनिधि राजेंद्र पासी द्वारा आयोजित किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में संविधान योध्दा सुशील पासी राष्ट्रीय सचिव कांग्रेस पार्टी व बिहार प्रदेश प्रभारी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में वीरेन्द्र यादव सदस्य अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी जिला पंचायत सदस्य डलमऊ, राष्ट्रीय भागीदारी मिशन के जिला अध्यक्ष यशपाल एडवोकेट अर्जुन पासी सचिव प्रदेश कॉग्रेस पार्टी व डॉ0 प्रशांत की गरिमा में उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि हम राहुल गांधी के मिशन को गांव तक गरीब वंचितों पर तथा हाशिये पर खड़े लोगों को मुख्य धारा में मिलाना और उन्हें न्याय दिलाना जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलता तब तक मैं राहुल गांधी के इस अभियान को अनवरत रूप से पूरे प्रदेश और देश में गांव-गांव गली गली तक पहुंचाता रहूंगा। संविधानिक कुर्सी पर बैठे लोग संविधान का पालन नहीं कर रहें हैं बीजेपी संविधान विरोधी है। उन्होंने कहा उठो बना लो रास्ते संविधान के वास्ते तथा वीरेंद्र यादव ने कहा कि यह देश संविधान के मूल्य से ही चलेगा तथा यशपाल एडवोकेट ने कहा राष्ट्रीय भागीदारी मिशन इस संगठन के तहत आदिवासी दलित अल्पसंख्यक पिछला सभी को साथ में लेकर सभी की भागीदारी की बात करता है और सभी को न्याय दिलाना सभी की सुरक्षा करना सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने की बात की लड़ाई लड़ रहा है। योगेश सर ने कहा दया नहीं अधिकार चाहिए संविधान का राज चाहिए। इस कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक रहे राजेंद्र पासी ने कहा रोजगार धन धरती सॉरी लेकर रहेंगे भागीदारी कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय भागीदारी मिशन के मीडिया प्रभारी शीतांशु मौर्य ने किया। यह उनके सहयोगी साथी संजय पासी, सज्जन सैनी, भगवान दीन, गौतम, गिरधारी, राजू साहू, अभय प्रताप सिंह, भोला पासी, गोलू रावत, राम सजीवन यादव, पूर्व प्रधान देशराज यादव, सौरभ, देव सागर पटेल,शिव रचित मौर्य आदि उपस्थित रहे।



## सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया जेल निरीक्षण

### जेल में निरुद्ध बंदियों के शिक्षा एवं व्यवसाय प्रशिक्षण के उपरांत प्रमाणपत्र का किया वितरण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश रायबरेली राजकुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य द्वारा जिला कारागार रायबरेली का निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा जिला कारागार की बैरकों, पाकशाला, अस्पताल का निरीक्षण किया गया तथा बन्दियों से बातचीत कर उनकी समस्यायें को जाना गया। सचिव द्वारा दौरान निरीक्षण बन्दियों से पूछा गया कि उनके पास अधिवक्ता है अथवा नहीं तथा ऐसा कोई बन्दी तो नहीं है जिसकी जमानत न्यायालय से होने के बाद भी जमानतदार न दाखिल होने के कारण रिहाई नहीं हो सकी हो।



निरीक्षण उपरांत बन्दियों के शिक्षा एवं व्यवसाय के सम्बन्ध में आयोजित प्रशिक्षण के उपरांत बन्दियों को अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 52 बन्दियों के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। प्रशिक्षण में बन्दियों को वर्मी कम्पोस्ट खाद, धूपबत्ती व अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण इण्डियन बैंक के वरिष्ठ प्रबन्धक जे0आर0 मीणा व बैंक आफ बड़ौदा के प्रबंधक उत्तम श्रीवास्तव के सहयोग से प्रदान किया गया।इस अवसर पर अनुपम शौर्य अपर जिला जजध्सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि आप लोगों को स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षित करने हेतु यह प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में अन्तर्गत ही बन्दियों को प्रशिक्षित किया गया है। इस स्वरोजगार कार्यक्रम में ऐसे बन्दी प्रतिभाग कर सकते है जिनकी आयु 18 वर्ष से 45 वर्ष के मध्य होगी।इस अवसर पर बन्दियों को बताया गया कि जेल में निरुद्धि के दौरान व्यावसायिक शिक्षा व स्वरोजगार सीख कर अपना भविष्य सुधार सकते है। इसके अतिरिक्त निरुद्धि के दौरान आप अपनी पढ़ाई आगे भी जारी रख सकते है। शिविर के दौरान अग्रणी शाखा प्रबंधक रुपेश दुबे, जेल अधीक्षक अमन कुमार सिंह, प्रभारी कारापाल धर्मपाल सिंह, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउंसिल जय सिंह यादव, उपकारापाल अंकित गौतम व सुमैया परवीन उपस्थित रही।

## स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में मनाया गया ''विश्व मानवाधिकार दिवस''

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज,रायबरेली।** कस्बे के शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एवम् विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित शिक्षण संस्थान न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सुरेंद्र सरस्वती नगर लालगंज रायबरेली में विश्व मानवाधिकार दिवस कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम की प्रथम कड़ी में विद्यालय की प्रार्थना सभा के पश्चात् विद्यालय के छात्र -छात्राओं द्वारा पोस्टर, स्लोगन, कोटेशन आदि के माध्यम से सभी को मानव के अधिकारों से अवगत कराया, साथ विद्यालय की छात्राओं द्वारा समूह नृत्य




प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाओं ने अपने -अपने विचार व्यक्त किए। तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने अपने उद्बोधन में बताया कि प्रतिवर्ष दुनियाभर में 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है यह दिन लोगों के बीच शांति, समानता , न्याय, स्वतंत्रता और मानव की सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए सेलिब्रेट किया जाता है पहली बार इसकी घोषणा 1948 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने की थी। आज ही के दिन साल 1948 में संयुक्त राष्ट्र सामान्य महासभा ने मानव अधिकारों को अपनाने की घोषणा की थी, लेकिन आधिकारिक तौर पर इसकी घोषणा साल 1950 में की गई। मानवाधिकार दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और भेदभाव को रोकना है।संयुक्त राष्ट्र के चार्टर में यह कथन था कि संयुक्त राष्ट्र के लोग यह विश्वास करते हैं कि कुछ ऐसे मानवाधिकार हैं जो कभी छीने नहीं जा सकते, मानव की गरिमा है और स्त्री-पुरुष के समान अधिकार हैं। इस घोषणा के परिणामस्वरूप संयुक्त राष्ट्र संघ ने 10 दिसम्बर 1948 को मानवाधिकार की सार्वभौमिक घोषणा अंगीकार की। कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यालय के बच्चों को डिजिटल बोर्ड के माध्यम से बाल फिल्म भी दिखाई गई।इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक - शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।

## बूथ समितियो के गठन को लेकर मंडल चुनाव अधिकारी ने की बैठक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज मंडल चुनाव अधिकारी जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह ने भाजपा के शक्ति केंद्र चुनाव अधिकारियों और मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी के साथ बैठक किया और बूथ समितियो के गठन को लेकर चर्चा करते हुए हो रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि भाजपा का संगठन पर्व अभियान चल रहा है। प्राथमिक सदस्यता, सक्रिय सदस्यता के बाद अब बूथ समितियां गठित हो रही हैं। बूथ समिति के गठन के बाद मंडल अध्यक्ष का चुनाव होगा। चुनाव अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने कहा



कि भाजपा में लोकतंत्र के साथ-साथ डेमोक्रेसी भी है। संगठन चुनाव बड़े ही पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से कराए जा रहे हैं।

मंडल अध्यक्ष के लिए दो बार का सक्रिय सदस्य और पदाधिकारी होना अनिवार्य है। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव प्रकाश पांडे, बीके सिंह, नागेंद्र सिंह, अनिरुद्ध कुमार, पूर्व विधानसभा संयोजक चंद्र प्रकाश पांडे, नीरज बाजपेई, राजेश निर्मल, दिवाकर सिंह,सुबोध सिंह आदि भाजपाई मौजूद रहे।

## आग सेंकते समय चक्कर आ जाने से झुलसी महिला जिला अस्पताल रेफर

**महराजगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के हरिपाल का पुरवा मजरे दौतरा गांव में आग सेंकते समय एक 30 वर्षीय महिला को अचानक चक्कर आ जाने से व आग में गिर जाने से पूरा चेहरा गंभीर अवस्था में झुलस गया परिजन आनन-फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज लाए जहां पर चिकित्सकों ने हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।बताते चलें कि, आज दिनांक 11 दिसम्बर को लगभग सुबह 8:00 बजे हरिपाल का पुरवा मजरे दौतरा गांव निवासिनी सोनी पत्नी वीरेंद्र कुमार उम्र 30 वर्ष घर के बाहर बैठकर आग सेंक रही थी तभी अचानक चक्कर आ गया और सोनी आग में ही गिर गई जिससे सोनी का मुंह पूरी तरह झुलस गया परिजन आनन-फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज लाए जहां पर डॉक्टरों ने हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। वहीं मामले में अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डॉक्टर पीके श्रीवास्तव ने बताया कि, बर्न इंजरी के रूप में एक महिला आई थी जिसका नाम सोनी पत्नी वीरेंद्र कुमार था जो गंभीर अवस्था में झुलस गई थी जिसका प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।परिजनों का कहना है कि सोनी को कभी-कभी मिर्गी का दौरा पड़ जाता था जिसके कारण आज सुबह लगभग 8:00 बजे आग सेंकते समय दौड़ा पड़ गया जिससे यह घटना घटित हो गई।

## जिला जज ने राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए की बैठक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व राजकुमार सिंह, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के दिशा-निर्देशन में 14 दिसम्बर 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है।

राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0), अपर पुलिस अधीक्षक



रायबरेली के साथ अधिकाधिक मामलों के निस्तारण की रूपरेखा तय किये जाने हेतु बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आहूत की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश राजकुमार सिंह द्वारा की गयी।

माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, जिससे अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण कर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। बैठक में पिछले लोक अदालत की सफलता को दोहराने व उसे और सफल बनाने के लिए उठाये जाने वाले कदमों पर विचार-विमर्श किया गया जिसमें सभी ने अपने-अपने सुझाव साझा किये।

बैठक में अपर जनपद न्यायाधीश-प्रथम कुशल पाल अपर जिला जजध्सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पवन कुमार सिंह उपस्थित रहे।

# सब्जी पर महंगाई की मार से बिगड़ा बजट



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** बाजारों में बड़े सब्जियों के दामों ने रसोई का जायजा के साथ ही बजट भी बिगाड़ दिया है । शादी विवाह के अवसर पर सर्द के मौसम में बाजार में बिकने वाला लहसुन और प्याज के साथ ही हरी धनिया , टमाटर , अदरक के दाम इतने ज्यादा है कि आम आदमी को खरीदने से पहले सोचना पड़ रहा है । लहसुन , अदरक और प्याज का तड़का लगाना दूभर हो गया है । गोभी की कीमत भी ऊंची है । कहा जा रहा कि शादी के मौसम के बाद ही इन सब्जियों के दाम में कमी आ सकती है । पिछले महीने सहालग यानी विवाह समारोह शुरू होने के साथ ही सब्जी के दाम में बढ़ोत्तरी होने लगी । शादी - विवाह के मौसम में बाजारों में बढ़ती महंगाई से आम आदमी के रसोई का बजट धीरे-धीरे बिगड़ता चला जा रहा है । रसोई गैस का सिलेंडर , खाद्य तेल , आटा , दाल और मसाले के साथ ही स्वाद बढ़ाने वाली सब्जियों के दामों में आए उछाल से आम आदमी पर महंगाई की मार पड़ने लगी है । बाजारों में बिकने वाली हरी सब्जियों के दामों में काफी उछाल हुआ है । कुछ समय पहले तक तीन सौ रूपये किलो बिकने वाले लहसुन का दाम चार सौ रूपये के पार है । 50 रूपये किलो बिकने वाला प्याज 60 से 70 में बिक र गया है । यही हाल गोभी का है । शुरुआत में आवक के वक्त तो दाम कम था । लेकिन शादी के मौसम के साथ ही अचानक 20 रूपये वाली फूल गोभी 50 से 60 रुपए पर पहुंच गई है ।

अदरक का भी दाम सबकी पहुंच में नहीं है । गृहिणियों ने बताया की रसोई में प्याज और लहसुन नहीं होने से दाल व अन्य सब्जियों में स्वाद नहीं आता है । दाल और सब्जियों का स्वाद बढ़ाने के लिए लोगों की पहली प्रसंग टमाटर भी महंगा हो गया है ।
लेकिन कस्बे की गृहणी मंजू केसरी , शिवानी , सुधा देवी, ने बताया कि प्याज और लहसुन समेत टमाटर , हरी धनिया , सोया , मेथी व अन्य सब्जियों के बढ़े हुए दामों के कारण रसोई का बजट गड़बड़ा गया है । लेड़ियारी मंडी तिराहा पर सब्जियों के फुटकर बिक्रेता चंदन कुशवाहा , लवकुश बिंद , सुरेश कुमार केशरी का इतने के विक्रेता ने बताया की शादी विवाह के अवसर पर लहसुन और प्याज समेत हरी सब्जियों की मांग अधिक होने से मंडी से ही थोक भाव में बढ़ोत्तरी हो गई है । सब्जियों के बढ़े दाम विशेष कर प्याज , लहसुन, अदरक , टमाटर , बैंगन के बढ़े दाम अभी आम आदमी की पहुंच से बाहर है । अलबती मूली और धनिया का दाम ज्यादा नहीं चढ़ा है।लेकिन बाकी सब्जी के भाव आसमान की तरफ है।

## शेरा के सेल्स अध्यक्ष संदीप अब्राहम का कर्मचारियों ने किया स्वागत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**झूंसी।** महाकुंभ 2025 में दिग्गज कंपनी शेरा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में अपने कंपनी से जुड़े प्रोडक्ट को भेजा है। महाकुंभ में शेरा की तरफ से होर्डिंग बैनर के द्वारा महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत करेंगे। कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत अभिनंदन किया।
प्रेसिडेंट ने उक्त अवसर पर प्रयागराज के डिस्टीब्यूटर से मुलाकात के सेनेटरी का अनावरण किया। प्रेसिडेंट ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कुंभ मेला के लिए विशेष दिशा दिया।
प्रेसिडेंट के साथ वरिष्ठ मैनेजर निवेद राज, टेरिटरी हेड सुमित कपूर, आदर्श ओझा, स्वास्तिक श्रीवास्तव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# धान क्रय केंद्र पर मनमानी, पूछ रहे किसान, कहा बेचें धान

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी (प्रयागराज)** कृषि प्रधान देश का किसान पैदा हुए धान को बेचने के लिए परेशान हैं । किसानों को वाजिब मूल्य दिलाने के लिए तहसील क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक धान क्रय केंद्र खोले गए हैं । लेकिन क्रय केंद्रों पर सरकार की ओर से जारी की गई प्रति क्विंटल की दर का पैसा भी नहीं मिल पा रहा । इससे किसान इस केंद्रों पर धान की फसल को बेचने से बच रहे हैं ।
ज्यादातर किसान विचौलिओं के माध्यम से अपना फसल बेंच रहे हैं । किसानों का कहना है कि क्रय केंद्रों पर बिक्री का नंबर बहुत भी बहुत देर में आता है । किसानों के पास इतना टाइम नहीं है कि वह धान बचने के बाद पैसे लिए लंबे समय का इंतजार कर सके । इससे किसानों को क्रय केंद्रों से किनारा करना मजबूरी है । वही लेड़ियारी क्षेत्र के किसानों का कहना है कि इस क्षेत्र में आठ केंद्र बनाए गए हैं । पांच का तो पता ही नहीं है । कृषि उत्पादन मंडी सचिव




दिलीप सिंह ने बताया कि हमारे यहां 25 हजार कुंतल का लक्ष्य है । जिसमें बुधवार को छह हजार दो सौ कुंतल की तौल की जा चुकी है । किसान राम नारायण आनंद जी कहना है कि धान केंद्र पर गए लेकिन खराब धान की बात कहकर उन्हें वापस कर दिया गया ।
इससे उन्हें 50 कुंटल धान दो हजार रुपए में बेचना पड़ा । किसानों का आरोप है कि क्रय केंद्र पर हाइब्रिड धान की खरीद बहुत कम है । इससे किसान परेशान है । वहीं लेड़ियारी किसानों का आरोप है कि क्षेत्र में क्रय केंद्र पर धान की खरीद न होने से अन्नदाता 26 नंबर को प्रशासन की इस लचर व्यवस्था को अवगत कराया गया । क्षेत्रीय विपरण अधिकारी संजय कुमार पांडेय धान खरीद चालू कराने का आश्वासन दिए हैं । लेकिन इसके बाद भी आज तक धान क्रय केंद्र चालू नहीं किए गए हैं । इसके लिए किसानों में आक्रोश है।
हाट शाखा के प्रभारी संजय पांडेय ने बताया कि एमओ सुरेश यादव के देखरेख में चल रहा है। यह उनके जिम्मेदार की बात हैं।

# रतेवरा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** बुधवार को कृष्ण मेडिकल स्टोर डा , धर्म प्रकाश मिश्रा चिकित्सक द्वारा रतेवरा मोड़ में निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में स्थानीय गरीब तपके के लोग अस्पताल में इलाज कराने में स्मर्थ समुदाय को स्वास्थ्य सेवा में निःशुल्क जांच दवा दी गई। ग्राम सभा रतेवरा , करपिया , बड़ोखरा, देईबाध , खिवली, नीबी, डीही में कुल 60 लोग लाभान्वित हुए जिसमें 37 पुरुष तथा 27 महिलाएं लाभान्वित किया गया। जिनमें सभी नौजवान, महिलाएं, वृद्ध और बच्चे शामिल रहे। कृष्णा मेडिकल स्टोर की ओर से वरिष्ठ सलाहकार डा , धर्म प्रकाश मिश्रा के अलावा अन्य चिकित्सक की टीम स्वास्थ्य जांच, परीक्षण और निःशुल्क दवाओं के वितरण सहित कई प्रकार की सलाह दी गई । उन्होंने बताया कि प्रतेक तीसरे माह मे कृष्णा मेडिकल स्टोर की ओर से अपने चिकित्सकों के साथ हर गांवों में जांच परीक्षण के बाद ही इलाज और निःशुल्क दवा दिया जाएगा । साथ में सभी समुदायों के सामाजिक कल्याण हेतु प्रतिबद्ध है।
इस शिविर से लाभान्वित दर्जनों गांव के लोगों ने निःशुल्क चिकित्सा शिविर हेतु आभार व्यक्त किया।
इस अवसर पर क्षेत्र के कई वरिष्ठ डॉक्टरों के साथ चिकित्सक नर्स, कम्पाउडर सहित मौजूद रहे।

## हर्षोल्लास के साथ शतचण्डी महायज्ञ का हुआ शुभारंभ, निकाली गई शोभायात्रा



**लोकमित्र ब्यूरो**
**खीरी(प्रयागराज)।** कोरांव तहसील के अंतर्गत लेडियारी बाजार में बुधवार को शतचण्डी महायज्ञ का शुभारंभ किया गया।महायज्ञ शुभांरभ के पहले शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ो की संख्या में समस्त ग्रामवासी शामिल रहे। महिलाएं तथा बच्चियां सर पर कलश लिए हुए तथा नन्हे मुन्ने बच्चे सफेद झंडी हाथ में लिए हुए शांति का संदेश देते हुए शोभायात्रा निकालते हुए मां काली धाम पर पहुंचे और यज्ञ का शुभारंभ किया गया। यज्ञ का शुभारंभ आचार्य पंडित रमाशंकर तिवारी जी महाराज ने शुरूआत किया।आपको बता दें कि यह महायज्ञ 11 दिसंबर से 15 दिसंबर तक लगातार चलता रहेगा उसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है और प्रसाद का वितरण किया जाएगा ।इस यज्ञ के यजमान डॉ. पंकज गौतम और मेनिका मिश्रा है।कार्यक्रम के संरक्षक रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी द्वारा बतलाया गया कि अपने भारतवर्ष एवं सनातन धर्म का वर्तमान समय में स्वर्णिम समय चल रहा है चहुओर धर्मध्वजा की पताका लहरा रही है ऐसे धार्मिक आयोजन से लोगों के अंदर धर्म के प्रति आस्था और विश्वसनीयता उत्पन्न होती है जिसके लिए हम सभी लोगों को ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। कार्यक्रम के सहसंयोजक विष्णु सिंह, सुरेश केसरी एवं राजेश द्विवेदी द्वारा स्थानीय एवं आसपास के लोगों से अनुरोध किया गया कि अधिक से अधिक मात्रा में अनुष्ठान में पहुंचकर भागीदार बन जीवन को कृतार्थ करें।

# दबंगों ने कार चालक को जमकर पीटा, मुकदमा दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**
**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र बहादुरपुर कछार में कार सर्विस कराकर घर जा रहे युवक के कार में बुलेट से टकरा गई , पहले तो मामूली कहासुनी हुई ।जिसके बाद बुलेट सवार युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर कार क्षतिग्रस्त कर युवक की जमकर पिटाई कर दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।
सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाकर दोनों गाड़ियों को थाने पर लेकर चली आई। भुक्तभोगी के भाई के तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।
ज्ञात हो कि कि राघवेन्द्र प्रताप पुत्र श्री मानिक चन्द्र निवासी गोड़वा थाना थरवई ने तहरीर देकर बताया कि रविवार देर रात्रि 9 बजे को उसका का भाई आशीष कुमार चार पहिया वाहन शिफ्ट का सर्विस कराकर अपने घर की तरफ जा रहा था। उसी दौरान बुलेट सवार साइड मारकर आगे निकला तो भाई ने गाड़ी रोक दिया और कुछ कहासुनी हो गई। दोनो लोग अपनी-अपनी गाड़ी लेकर कुछ आगे बढ़े तो बुलेट वाला पहले से ही बहादुरपुर हेतापट्टी में गाड़ी को रुकवा कर जबरदस्ती कहासुनी पुनः करने लगे। बुलेट वाले के कुछ अज्ञात साथी गाड़ी पर ईट पत्थर चलाते हुए आशीष की गाड़ी से निकालकर मारने पीटने लगे और गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया। दबंगों के पिटाई से घायल युवक के शरीर के कई अंगों का हड्डी फैक्कर हो गया है।

# राजस्व अधिकारी सक्रिय, एसडीएम कोरांव ने चकमार्ग खाली कराया

### डीएम सहित कई अधिकारियों का अतिचारी ने किया था उल्लंघन और नष्ट किया था सीमांकन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कोरांव(प्रयागराज)।** तहसील कोरांव की उप जिलाधिकारी आकांक्षा सिंह ने सरकारी भू अतिचारियों के विरुद्ध डीएम की सख्त कार्यप्रणाली नीति के क्रम में बुधवार को करीब एक बजे ग्राम सभा महुली की भू खंड संख्या सेक्टर 822 एवं नाली संख्या 821 को पुलिस तुम भेज कर तुरंत जेसीबी मशीन द्वारा कब्जा हटवा दिया।उल्लेखनीय है कि ग्राम महुली थाना कोरांव प्रयागराज की उपरोक्त भू खंडों को ग्राम निवासी विद्याकांत पांडेय द्वारा तीन वर्ष से अवैध कब्जा कर रखा था। जिसे चकबंदी विभाग और राजस्व विभाग की अधिकारियों की टीम ने दिनांक 6 नवंबर 2024 को अवैध पुलिस बल की उपस्थिति में पैमाईश किया था।आरोप है कि टीम की सीमांकन किए जाने के बाद भी शिनाख्त मिटा दी थी। जिसकी एफआईआर भी थाना कोरांव में दर्ज हो चुकी है। किंतु फिर भी आरोप है कि उसे अतिचारी ने नहीं माना और चकमार्ग खाली नहीं किया।
इस बाबत जिले के अधिकारियों के आदेशानुसार गठित राजस्व टीम द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर संज्ञान लेते हुए 11 दिसंबर को एसडीएम कोरांव ने थाना प्रभारी कोरांव को अतिक्रमण खाली कराने का हुक्म दिया। थाना प्रभारी कोरांव नितेंद्र कुमार शुक्ल ने सब इंस्पेक्टर आमिर खान के नेतृत्व में कई एस आई और महिला पुरुष कर्मियों की टीम भेज कर तीन साल का विवाद तुरंत समाप्त कर दिया।ज्ञात हो कि शिकायत करता रामदयाल पांडेये रिटायर्ड राजस्व निरीक्षक नैनी प्रयागराज ने जिले से ले कर तहसील,समाधान दिवस,थाना दिवस तथा मुख्य मंत्री पोर्टल पुलिस आयुक्त आदि तक खाली कराने एवं कार्यवाही किए जाने नाली चकमार्ग खाली किए जाने की मांग की थी।

## अवैध निर्माणों के विरुद्ध कार्यवाही



**लोकमित्र ब्यूरो**
**झूंसी।** जोनल अधिकारी के नेतृत्व में जोन-05 उपजोन-5ए, के अन्तर्गत अवैध निर्माण पर सीलबन्दी की कार्यवाही की गयी। यह कार्यवाही कटका रोड पर हो रहे अवैध निर्माण के विरुद्ध की गई। जिसमें तीन अवैध निर्माण सील किए गए।

# रोजगार का जरिया बनेगा घरेलू उपकरण प्रशिक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**नैनी(प्रयागराज)।** स्वरोजगार हेतु एम एस एम इ (भारत सरकार)द्वारा उद्यमिता कार्यक्रम नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में लॉन्च किया गया जिस में अनुशुचित जाति अनुसुचित जंजाति,विकलांग महिलाओं के लिए 30 दिवसीय निशुल्क सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों के लिए नाममात्र शुल्क घारेलु उपकरण एवं ए.सी. रेफ्रिजरेटर का कार्यक्रम चालाया जा रहा है जिसमें ग्रामीण एवं अर्ध शहरी क्षेत्रों में रोजगार एवं व्यवसाय के नए अवसर खुलेंगे कार्यक्रम का पहले चरण 16 दिसंबर से शुरू होगा जिस में घरेलू उपकरण में 25 एवं एसी रेफ्रिजरेटर में 25 प्रतिभागियों को सीधे लाभान्वित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल प्रशिक्षण तक सीमित नही है बल्कि ग्रामीण अर्थ व्यवस्था को बढ़ोतरी देकर नए उद्यमियों को सशक्त बाना ना है। इस कार्यक्रम के तहत सभी प्रतिभागियों को व्यापक प्रशिक्षण अनुदान किया जाएगा । साथ ही उन्हें उद्योग विशेषज्ञों , बैंक अधिकारियों से मार्गदर्शन वित्तीय , तकनीकी सहायता और व्याहारिक कार्यशालाएं के माध्यम से व्यावसायिक मॉडल विकसित करने के अवसर मिलेंगे । एम एस एम इ के अधिकारी वैभव खरे जी ने कहा कि यह पहल ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने में महूत पुराण पहल है। इस अवसर पर निदेशक नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक ने बताया इस प्रशिक्षण से स्वरोजगार के नए अवसर मिलेंगे एवं नैनी को स्टार्टअप हब बानाने में सहायक होगा।

# जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में चैलारी के बच्चों का दबदबा



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** प्रयागराज के मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में बेसिक शिक्षा शिक्षा विभाग की ओर से जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता में कोरांव एवं चैलारी के छात्र - छात्राओं का दबदबा रहा। 100 मीटर बालिका प्राथमिक वर्ग में कोराव के प्राथमिक विद्यालय नाथउपुर की सकीना बानो ने स्थान प्राप्त किया । बालिका वर्ग की 200 मीटर दौड़ में कंपोजिट विद्यालय चांदी की रवीना ने पहला स्थान प्राप्त किया।कंपोजिट विद्यालय चैलारी के कन्हैया बिंद ने ऊंची कूद में पूरे जिले में पहला स्थान हासिल किया । मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारियों की दौड़ प्रतियोगिता में मोहम्मद रिजवान खान ने प्रथम स्थान प्राप्त करके दबदबा कायम किया। इस अवसर पर बलराम यादव , चंद्र शेखर सिंह , कृष्ण कुमार गौतम , दिनेश कुमार मिश्रा, श्रीं निवास मिश्र, अमित प्रकाश, महेंद्र प्रसाद मोर्या , गणेश शंकर तिवारी, सौम्या तिवारी, भास्कर द्विवेदी , भोला नाथ पांडेय, आदि ने छात्र-छात्राओं को प्रदर्शन की बधाई दी।

# बरखंडी मेला का आयोजन 13 से, तैयारी पूरी

### दूर दराज से दर्शन के लिए पहुंचती है भीड़



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** श्री बरखंडी महादेव प्राचीन मेल सैदपुर करेहदा समिति की बैठक हुई बैठक में अध्यक्ष पप्पू केसरवानी, उपाध्यक्ष श्याम पाल, कोषाध्यक्ष सरदारी पाल, महामंत्री अशोक पाल, मंत्री गुड्डु पाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य कमलेश मिश्रा एवं समस्त ग्रामवासी क्षेत्रवासियों के सहमति से 13, 14, 15 दिसंबर को मेला का आयोजन करने का प्रस्ताव पारित हुआ। मेले की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है और सुरक्षा व्यवस्था के लिए भी कार्यवाही की जा चुकी है।श्री बाबा बरखंडी महादेव प्राचीन मेला सैदपुर करेहदा मैं श्रद्धालुओं भारी भीड़ में उमड़ती है। बरखंडी महादेव को जल चढ़ाने और अपनी मन्नत पूरी करने के लिए दूर-दूर से लोग दर्शन के लिए पहुंचते हैं। यह मंदिर यमुना के किनारे बसा हुआ है। आदिकाल से मेला का आयोजन होता चला आ रहा है। तीन दिवसीय मेला के दौरान श्रद्धालु अपनी मनोकामना को लेकर पहुंचते हैं।

## नए गंगा रेलपुल पर ट्रायल में 70 कि.मी. की रफ्तार से दौड़ी ट्रेन

**प्रयागराज।** महाकुम्भ के श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए गंगा पर बने नये रेलपुल पर बुधवार को 70 किलोमीटर की रफ्तार से सफलतापूर्वक परीक्षण पूरा हो गया। अब इस रेलपुल पर बुधवार आधी रात से ट्रेनों का आवागमन शुरू हो जाएगा। दोहरीकरण से न केवल ट्रेनों की रफ्तार बढ़ेगी बल्कि अब ट्रेनों की संख्या भी बढ़ जाएगी। वाराणसी-प्रयागराज रेलखंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकृत लाइन पूर्ण होने के बाद बुधवार को मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त जनक कुमार गर्ग ने झुंसी- दारागंज गंगा पर बने मेजर ब्रिज सं-111 का संरक्षा निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अभय कुमार गुप्ता, मंडल रेल प्रबन्धक वाराणसी विनीत कुमार श्रीवास्तव, कार्यकारी निदेशक आरवीएनएल विकास चंद्रा और मुख्य परियोजना प्रबंधक आरवीएनएल वीके अग्रवाल सहित अन्य अफसर मौजूद रहे। अफसरों ने सुबह साढ़े नौ बजे रामबाग स्टेशन से नये रेलपुल होते हुए झूसी स्टेशन तक मोटर ट्राली से निरीक्षण किया। गंगा नदी पर 1934.40 मीटर लंबे बड़ी लाइन के दोहरी लाइन का नए पुल के 76.20 मीटर के 24 स्पैन, रेलपुल की मजबूती और लचीलेपन के लिए ओपन वेब स्टील गर्डर का गहन निरीक्षण किया। इसके बाद झुंसी से रामबाग और फिर रामबाग से झूसी तक रेलपुल होते हुए 5.404 किमी रेलवे ट्रैक पर 70 से 80 किलोमीटर की रफ्तार में ट्रेन चलाकर सफल स्पीड ट्रायल किया।

# कार ने मासूम को रौंदा, मौत




**लोकमित्र ब्यूरो**
**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नई झूंसी होमगार्ड तिराहे के पास रविवार देर रात घर के बाहर मैदान में खेल रहे 8 वर्षीय मासूम को रौंदते हुए अज्ञात कार फरार गया। मासूम का उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद पहुंचे परिजनों ने तत्काल उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था। परिजनों ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करा दिया है।
बताते चलें कि भुक्तभोगी पिता मो.अशरफ पुत्र स्व. मो0 नत्थू शाह निवासी होमगार्ड तिराहा के सामने स्थित राधा कृष्ण मंदिर धर्मशाला ने तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र मो. रेहान उम्र लगभग 8 वर्ष मंगलवार देर रात 8.30 बजे खुले मैदान में खेल रहा था इस दौरान साथ में उसका बड़ा पुत्र भी था इतने में अंदावा की ओर से तेज रफ्तार सफेद रंग कार चालक लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए आया और उसके छोटे पुत्र मो. रेहान को जोरदार टक्कर मारते हुए मुरारी गली धर्मशाला झूंसी की तरफ भाग गया। घटना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचित कर घायल मासूम को लेकर निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। चिकित्सकों ने जांच पड़ताल कर स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# भजन गायिका रंजना त्रिपाठी ने अपने सुरों से बांधा समां



**प्रयागराज।** एक मंच पर सांस्कृतिक विविधता को समेटे राष्ट्रीय शिल्प मेले के ग्यारहवें दिन बुधवार को कलाकारों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों को अभिभूत किया।
एनसीजेडसीसी में इन दिनों देश के विभिन्न प्रदेशों की संस्कृति, भजन, लोकनृत्य और लोकगायन से परिचित होने का अवसर प्रयागवासियों को मिल रहा है। एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुति दर्शकों का सिर्फ मनोरंजन ही नहीं हो रहा है, बल्कि वे विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक विरासत से भी रूबरू हो रहे हैं।
एनसीजेडसीसी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिल्प मेले की सांस्कृतिक संध्या में बुधवार को कार्यक्रम की शुरूआत प्रयागराज के ए.एस. शुक्ला ने जादू दिखाकर दर्शकों का खूब मनरंजन किया। इसके बाद पंजाब से आए अमरेंद्र सिंह एवं साथी कलाकारों ने पारंपरिक पोशाक, ढोल की थाप और लोकगीतों की धुन पर भांगड़ा नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। आशा देवी एवं दल द्वारा झूमर नृत्य की प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरी। इसी क्रम में पांचाली और साथी कलाकारों ने त्रिपुरा का होजागिरी नृत्य की प्रस्तुति देकर तालियां बटोरी। भजन गायिका रंजना त्रिपाठी ने ÷पहले मैं तुमको मनाऊं गौरी के लाला, कोयल बीन बगियां ना सोने राजा÷ तथा ÷विनय करु हाथ जोड़के कलेवा÷ को पेश किया।
इसके बाद बिहार से आए गोपाल सिंह भरद्वाज ने ÷किसको दिल दिया जाए सोचना ज़रूरी है÷, ÷सॉसों की माला पे सिमरू मैं पी का नाम...÷ तथा ÷मैं तो हवा हँ किस तरह पहरे लगाओगे÷ जैसे गीतों को सुनाकर श्रोताओं को आन्नदित किया। वही मथुरा से आए नरेन्द्र शर्मा एवं दल द्वारा ब्रज के लोकनृत्य की प्रस्तुति पर दर्शक मंत्रमुग्ध हुए। कोलकाता से आए हरेकृष्ण एवं दल द्वारा, ढोल, खंजीरा के साथ खोल वादन की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन प्रियांशु श्रीवास्तव ने किया।

# जयप्रकाश शुक्ल दिव्यांगता के क्षेत्र मे कार्य करने हेतु हुये सम्मानित




**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** धर्म की नगरी अयोध्या मे हुये 18 वें दिव्यांग स्वाभिमान सम्मान समारोह 2024 सेमिनार एवं दिव्यांग कवि सम्मेलन मे न्यायमूर्ति विपिन दीक्षित ने प्रयागराज के जयप्रकाश शुक्ल अपर आयुक्त आयकर को दिव्यांगता के क्षेत्र मे उल्लेखनीय कार्य के लिए राष्ट्रीय दिव्यांगजन सम्मान 2024 एवं अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो, बुके देकर सम्मानित किया।जयप्रकाश शुक्ल मूल रूप से प्रतापगढ़ के छोटे से गांव गोगला पुर के रहने वाले हैं इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्र जीवन से ही आप दिव्यांगजन, निशक्त, गरीब छात्रों की मदद करते हुये वर्तमान समय मे अपर आयुक्त आयकर गाजियाबाद मे रहते हुये भी दिव्यांगजन उत्थान के लिए एवं समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का भागीरथी प्रयास करते हैं।
जयप्रकाश शुक्ल के सम्मानित होने से प्रयागराज अनाम स्नेह संस्था एवं सामाजिक एकता परिषद, लोकसेवक मंडल, दिव्यांग मोर्चा आदि सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने प्रसन्नता एवं खुशी की लहर व्याप्त है सभी लोग खुशी व्यक्त करते हुये जे पी शुक्ल को बधाई दिया है ।
बधाई देने वालों मे अखिलेन्द्र कुमार पूर्व दिव्यांग आयुक्त, श्रीमती सुभाष राठी,प्रोफेसर अवनीश चंद्र मिश्र,डॉ दुर्गेश चंद्र शुक्ला,बरिष्ठ समाजसेवी शिक्षक श्रीनारायण यादव, कर्मचारी नेता रविशंकर मिश्र, शिक्षाविद ब्रह्मप्रकाश तिवारी, घनश्याम मास्टर, जावेद सिद्दकी,सुश्री अनुराधा,देवेंद्र कुमार द्विवेदी, लवलेश सिंह,अरुण कुमार द्विवेदी,कवि योगेंद्र बहादुर सिंह,कमलेश मौर्य मृदु, विष्णु कांत मिश्र, डॉ मनोजकुमार, दिव्यांशु गुप्ता दिव्य,श्रीमती बिंदु प्रभा,नागेश कुमार पाण्डेय, बरिष्ठ समाजसेवीका श्रीमती प्रेमलता शुक्ला, श्रीमती मधू, आदि शामिल रहे।

# विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 16 से, 17 को पेश होगा अनुपूरक बजट

**सत्र हंगामेदार होने के आसार प्रबल, पक्ष विपक्ष दोनों तैयार**

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** 16 दिसंबर से शुरू हो रही विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में 17 दिसंबर को अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। महाकुंभ पर केंद्रित अनुपूरक बजट का आकार 12 से 15 हजार करोड़ रुपये के बीच होने की संभावना है। सत्र काफी हंगामेदार होने आसार हैं। विपक्ष कई मुद्दों को लेकर तैयार है। सरकार ने भी पूरी तैयारी की है। सत्र के पहल दिन औपचारिक कार्य अध्यादेशों, अधिसूचनाओं, नियमों को सदन के पटल पर रखा जाएगा और विधायी कार्य होंगे।17 दिसंबर को अनुपूरक बजट पेश किया होगा। 18 दिसंबर को अनुपूरक बजट पर चर्चा होगी। 19 और 20 दिसंबर को विधायी कार्य होंगे। 20 दिसंबर को सदन आधे दिन संचालित होगा।अनुपूरक बजट का मुख्य हिस्सा महाकुंभ के लिए परिवहन विभाग, नगर विकास विभाग सहित कुंभ से जुड़े अन्य विभागों को आवंटित हो सकता है। औद्योगिक विकास, एमएसएमई को भी बजट में हिस्सा दिया जाएगा विभागों के पास पूर्व में आवंटित बजट ही काफी बचा है। भारत सरकार से भी अनुदान, वित्त आयोग सहित अन्य मदों से धन आ रहा है। 2.34 लाख करोड़ रुपये मार्च तक केंद्र से मिलना है। फरवरी के दूसरे हफ्ते में पूर्ण बजट आना है, इसलिए अनुपूरक बजट का आकार छोटा रहने की संभावना है। अनुपूरूक बजट के लिए विभागों से प्रस्ताव मांगे गए हैं। जुलाई में 12209 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पेश किया गया। तब बजट में सर्वाधिक 7500 करोड़ रुपये औद्योगिक विकास के लिए आवंटित किए गए थे।बताते हैं कि जो अध्यादेश आने वाले हैं, उनमें क्रमशः उप्र निजी विश्वविद्यालय सातवां संशोधन अध्यादेश 2024,उप्र अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग संशोधन अध्यादेश 2024,उप्र गो-सेवा आयोग संशोधन अध्यादेश 2024,उप्र निजी विश्वविद्यालय आठवां संशोधन अध्यादेश 2024,उप्र राज्य लोक सेवा आयोग प्रकिया का विनियमन संशोधन अध्यादेश उप्र निजी विश्वविद्यालय नौवां संशोधन अध्यादेश 2024,उप्र माल और सेवा कर संशोधन अध्यादेश 2024 उप्र निजी विश्वविद्यालय दसवां संशोधन अध्यादेश 2024 और उप्र राज्य क्रीडा विश्वविद्यालय संशोधन अध्यादेश 2024 हो सकते हैं।

[मुख्यमंत्री ने बस्ती में कर्मा देवी समूह के 15वें स्थापना दिवस समारोह में की शिरकत]

# एक सरकार ने मुंडेरवा चीनी मिल बेच दी, दूसरी ने इसे खोला

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह भूमि भगवान राम के जन्म के हेतु का कारण है। प्रभु श्रीराम ने प्रेरणा दी कि व्यक्ति कितना भी बड़ा और यश-धनधान्य से परिपूर्ण न हो जाए, वह तब तक अधूरा है, जब तक मां और मातृभूमि के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित न कर ले। मां की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखते और मातृभूमि के प्रति कर्तव्य निभाते हुए गरीब छात्र भी अच्छी व आधुनिक शिक्षा प्राप्त कर सके, इसके लिए दोनों भाइयों ने मां के नाम पर कर्मा देवी समूह और पिता के नाम पर फॉर्मेसी कॉलेज स्थापित किया। उनका उद्देश्य था कि इसके जरिए हजारों बच्चे कर्मपथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा प्राप्त करते हुए सम्मान के साथ स्वावलंबन का जीवनयापन करें। एक व्यक्ति का स्वावलंबन समाज व राष्ट्र का स्वावलंबन होता है। सीएम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों व शिक्षकों को सम्मानित किया। सीएम ने ओमनी



हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर का बटन दबाकर शिलान्यास किया। सीएम ने सरोज सिंह व देवमंगल सिंह को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि सरोज सिंह जब मंदिर आती थी, तब कहती थीं कि एक दिन आप मुख्यमंत्री बनेंगे। सीएम योगी ने कहा कि व्यक्ति पर पांच ऋण होते हैं। मां, पिता, गुरु, मातृभूमि व देवगणों के लिए जो कुछ भी कर पाएंगे, उनकी स्मृतियों व आदर्शों को जीवन में जिस हद तक अंगीकार करने का प्रयास कर पाएंगे, यही उऋण होने का माध्यम होता है। ओएन सिंह व देवमंगल सिंह का प्रारंभिक जीवन संघर्षों से भरा था। जब पूर्वी उप्र संसाधन के अभाव में जूझ रहा था, सड़क, बिजली, शुद्ध पेयजल, शिक्षण संस्थान, रोजगार के साधन नहीं थे, उन स्थितियों में अपनी शिक्षा को अनवरत बनाए रखना मां की साधना के बिना संभव नहीं था। 1981 में देवमंगल सिंह (अब स्मृतिशेष) आईएफएस बने व 1983 में ओएन सिंह उप्र पब्लिक सर्विस कमीशन की परीक्षा में उत्तीर्ण होकर अधिकारी बने।

सीएम ने कहाकि कोरोना में चीन ने धोखा दे दिया। दवाइयां नहीं भेजीं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के फॉर्मा उद्योग को पुनर्जीवित किया और दवाइयां यहीं पर मिलनी प्रारंभ हुई यानी जिन दवाओं के लिए हम दुनिया पर निर्भर रहते थे, उसे फॉर्मा उद्योग आगे बढ़ा सकता है। उप्र में सरकार फॉर्मा पार्क बना रही है। इसमें 2000 एकड़ क्षेत्र में फार्मा से जुड़े अलग-अलग उद्योग लगने जा रहे हैं। पहले चरण में बुंदेलखंड में इस कार्य को आगे बढ़ाया है। वहां उद्योग लगने शुरू हो गए हैं। लोगों ने प्रोडक्शन की तैयारी शुरू कर दी। सकारात्मक सोच की सरकार आई तो मुंडेरवा में चीनी मिल कर रही कार्य सीएम योगी ने कहा कि सरकार व समाज मिलकर कार्य करेंगे तो अवश्य परिणाम आएगा। लगभग दो दशक पूर्व मुंडेरवा चीनी मिल के किसानों की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई। सकारात्मक सोच की सरकार आई तो आज मुंडेरवा में चीनी मिल आज कार्य कर रही है। एक सरकार ने इसे बेच दिया, दूसरी ने इसे खोल दिया। कार्य करने की इच्छाशक्ति होनी चाहिए, संसाधन आड़े नहीं आता। हमें दिग्भ्रमित नहीं होना है, बल्कि सकारात्मक ढंग से आगे बढ़ना है। बस्ती अब मॉडल नगर बन चुका है।

## तत्कालीन सरकारों ने प्रतिभा को किया कुंद

सीएम ने कहा कि जो निर्णय 50 वर्ष पहले होना चाहिए था, उसे 50 वर्ष पीछे करके यहां के युवाओं को पलायन के लिए मजबूर किया, तत्कालीन सरकारों ने उनकी प्रतिभा को कुंद किया। सरकारें यहां की समृद्धि में बाधक रहीं। यदि 50 वर्ष पहले नर्सिंग, फॉर्मेसी, लॉ कॉलेज, बीसीए इंस्टीट्यूट, सीबीएसई बोर्ड के अच्छे विद्यालय स्थापित होते, निजी क्षेत्र में हॉस्पिटल व ट्रॉमा सेंटर बनते तो यहां का युवा भी देश के अंदर प्रत्येक क्षेत्र में छा जाता। जिन माता-पिता ने प्रयास किया, उनके बच्चे बढ़ गए। जिनके पास साधन नहीं थे, उनके बच्चे पिछड़ गए। नर्सिंग का क्षेत्र ऐसा है, जहां अच्छी शिक्षा दे दी जाए तो प्लेसमेंट की गारंटी सौ फीसदी है। भारत के नर्सिंग-पैरामेडिक्स की मांग पूरी दुनिया में है।

## नकारात्मक दृष्टि बनी तो नीचे होंगे और सकारात्मक दृष्टि बनाई तो छाने में समय नहीं मिलेगा

सीएम योगी ने कहा कि विकसित देशों ने योग्यता, तकनीक व परिश्रम की पराकाष्ठा को महत्व व प्रत्येक व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाकर स्वावलंबन के पथ पर अग्रसर किया। पीएम ने 2047 तक भारत को विकसित बनाने का संकल्प रखा है। दुनिया भारत के महत्व को समझ रही है। भारत की प्रतिभा को जहां भी मौका मिला, उसने खुद को साबित किया। दुनिया की 100 प्रतिष्ठित कंपनियों में से 20 के सीईओ भारत के युवा हैं। तकनीक बहुत आगे बढ़ चुकी है, हम भी इससे पीछे नहीं भाग सकते। लेकिन हमें नैतिक निहितार्थ व सुरक्षात्मक उपायों को अपनाना पड़ेगा। यदि दृष्टि नकारात्मक बनी तो नीचे होंगे और सकारात्मक दृष्टि बनाई तो छाने में समय नहीं मिलेगा।

# गाय के दूध के उत्पादन में भी नंबर वन होगा यूपी

**रंग ला रही है योगी सरकार की गोसंरक्षण और गोसंवर्धन की पहल**

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** गोवंश का गोरक्षपीठ की परंपरा रही है। गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर की गोशाला इसका प्रमाण है। गोवंश की देशी प्रजातियों के लिहाज से ये गोशाला बेहद समृद्ध है। पीठ की परंपरा के अनुसार गोवंश का संरक्षण मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर के रूप में योगी आदित्यनाथ की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निराश्रित गो वंश का संरक्षण, गो पालकों कई तरह की रियायत और देना इसी की कड़ी है। इसी तरह गोवंश निरोग रहें इसलिए उनका नियमित टीकाकरण, नस्ल सुधार, इसके जरिए उनकी उत्पादकता बढ़ाने काम भी योगी सरकार लगातार कर रही है।

गोवंश के संरक्षण और संवर्धन का ये सिलसिला जारी रहा तो आने वाले समय में उत्तर प्रदेश गाय के दूध के मामले में भी देश नंबर वन होगा। अभी



यह उपलब्धि राजस्थान के नाम पर दर्ज है। उत्तर प्रदेश का स्थान दूसरा है। अद्यतन आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में दुधारू गायों की संख्या करीब 0.66 करोड़ है। इनसे कुल 5.29 मिलियन टन दूध प्राप्त होता है। प्राप्त दूध में ।विदेशी नस्ल की गायों का दूध 1.7 मिलियन टन और मिश्रित एवं देशी नस्ल के दूध की मात्रा 4.2 मिलियन टन है।

चूंकि देशी नस्ल की गाय का दूध विदेशी नस्ल की गायों से गुणवत्ता में बेहतर होता है। इनका विकास भारतीय जलवायु में हजारों वर्ष के अनुकूलन (कंडीशनिंग) के बाद हुआ है। लिहाजा भारतीय परिस्थितियों में इनको पालना आसान है। यही वजह है कि योगी सरकार का फोकस देशी गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन पर ही है।

आने वाले समय में गोरखपुर और भदोही के पशु चिकित्सक महाविद्यालय के बन जाने पर देशी गोवंश के संरक्षण और संवर्द्धन को और बढ़ावा मिलेगा। यहां होने वाले शोध का लाभ उत्तर प्रदेश खासकर पूर्वांचल के दो दर्जन जिलों के पशुपालकों को मिलेगा। इसका लाभ देशी गोवंश की बढ़ी उत्पादकता के रूप में मिलेगा। ऐसे में 16त्न हिस्सेदारी के साथ दूध के उत्पादन में देश में प्रथम स्थान रखने वाला उत्तर प्रदेश गायों के दूध के उत्पादन के मामले में भी देश में पहले स्थान पर पहुंच जाएगा।

इसी मंशा से मुख्यमंत्री योगी ने पिछले दिनों गोरखपुर में बनने वाले पशु चिकित्सा महाविद्यालय का स्थलीय निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि गोरखपुर पशु चिकित्सा महाविद्यालय को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में विकसित किया जाय। महाविद्यालय में पशुओं के रखने, चारागाह के लिए हो पर्याप्त रिजर्व लैंड हो। और गौ सरोवर भी बनाएं।

# इंडस्ट्री के मामले में दुनिया भारत की ओर देख रही है: गडकरी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को इंडिया एक्सपो सेंटर में निर्माण प्रदर्शनी बाउमा कॉनएक्सपो इंडिया 2024 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गडकरी ने कहा कि आज इंडस्ट्री के मामले में दुनिया भारत की ओर देख रही है। भारत में कंस्ट्रक्शन के क्षेत्र में जिन मशीनों का निर्माण किया जा रहा है उन्हें अमेरिका भी मंगवा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में 39 एक्सप्रेसवे के प्रोजेक्ट प्रोसेस में हैं। मुंबई-दिल्ली एक्सप्रेस-वे का निर्माण पूरा होने वाला है। केंद्र सरकार कश्मीर टू कन्याकुमारी तक एक्सप्रेस-वे की योजना पर काम कर रही है।

बाउमा कॉनएक्सपो इंडिया-2024 का आयोजन 11-14 दिसंबर तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में किया जा रहा है। चार दिवसीय प्रदर्शनी में करीब 100 देशों के एक हजार से अधिक ब्रांड हिस्सा ले रहे हैं। इसमें



75 हजार आगंतुकों के आने की संभावना है। प्रदर्शनी का विषय 'विकसित भारत' है। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा को इसका चेहरा बनाया गया है। प्रदर्शनी के आयोजक मेस्से मुएनचेन इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) भूपिंदर सिंह ने कहा कि हमारा मकसद एक ऐसा मंच प्रदान करना है जो वैश्विक नवाचार को भारत की अद्वितीय क्षमताओं के साथ जोड़े तथा सहयोग एवं विकास को बढ़ावा दे।

# यूपी के एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने में मददगार होगा रिमोट सेंसिंग तकनीक: मंत्री अनिल कुमार

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** इंडियन सोसाइटी ऑफ रिमोट सेंसिंग और इंडियन सोसाइटी ऑफ जियोमेटिक्स की रिमोट सेन्सिंग फॉर सस्टेनेबल फ्यूचरः ए रोडमैप टूवर्डस् विकसित भारत विषयक वार्षिक राष्ट्रीय संगोष्ठी में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार ने बुधवार को कहा कि तीन दिवसीय संगोष्ठी का उद्देश्य प्रधानमंत्री के विकसित भारत के लक्ष्य को बल देना और ÷विकसित भारत÷ के सपने को साकार करना है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के प्रयासों में सहयोग करना भी है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर एवं डॉ.ए.पी.जे.अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को इंडियन सोसाइटी ऑफ रिमोट सेंसिंग और इंडियन सोसाइटी ऑफ जियोमेटिक्स की वार्षिक राष्ट्रीय संगोष्ठी का 32 वर्षों




के बाद लखनऊ में आयोजन हुआ। संगोष्ठी में उद्घाटन सत्र में उपस्थित रहे विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि यह तकनीक न केवल जल, वायु और थल संसाधनों के समुचित प्रबंधन में सहायक है, बल्कि कृषि, वानिकी, आपदा प्रबंधन और स्मार्ट सिटी प्रबंधन में भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर, प्रदेश के प्राकृतिक संसाधनों की खोज और उनके प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसके माध्यम से नवीनतम आंकड़ों का सृजन किया गया है, जिससे जल, वायु और थल जैसे क्षेत्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण से मॉनिटरिंग और प्रबंधन को सुदृढ़ किया गया है। उन्होंने वैज्ञानिकों के प्रयासों की सराहना करते हुए भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का आह्वान किया।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख सचिव पंधारी यादव ने कहा कि यह गौरव का क्षण है कि 32 वर्षों बाद लखनऊ में यह संगोष्ठी हो रही है। उन्होंने रिमोट सेंसिंग और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में तालाबों, खेतों और जंगलों की डिजिटल मॉनिटरिंग की सराहना करते हुए इसे प्रदेश की जनता के लिए लाभकारी बताया। उन्होंने कहा कि इस संगोष्ठी के माध्यम से प्रदेश के युवाओं और शोधकर्ताओं में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने और नवीनतम तकनीकों को समझने का अवसर मिलेगा।

# केंद्र सरकार को अपने मित्रों की पड़ी है पर किसानों की कोई परवाह नहीं

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने किसानों पर हो रहे अत्याचार पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि किसानो पर हो रहे अत्याचार को देख कर दिल दुखता है। यह देश जहां किसानों का सम्मान होता था तो आज उन्हें लाठी, डंडों , आसू गैस, कटीले तारो,और बंदूक की गोलियों का अपने हक के लड़ाई के लिए सामना करना पड़ रहा है।

यह देश अन्नदाता का कहा जाता था लेकिन आज सरकार किसानों पर सबसे ज्यादा जुल्म कर रही है।एक समय में किसान पर कोई बात आ जाये तो सरकारे इधर से उधर हो जाती थी, पर आज ऐसी तानाशाह सरकार है कि पिछले आंदोलन में 700 किसानों की जान गई।

सरकार ने किसानों से वादा किया पर वादा पूरा नहीं किया। पुनः सरकार जिस हिसाब से गोलियाँ चला रही है,



आंसू गैस छोड़ रही है, काँटे, कीले, बैरिकेड लगा रही है, इससे साफ़ है की सरकार को किसान की जान की कोई परवाह नहीं है। बहुत दुख की बात है कि सरकार को अपने मित्रों की पड़ी है पर किसानों की कोई परवाह नहीं है। लोकदल की मांग किसानों की मांग।

# कृषि स्थायी समिति की बैठक सम्पन्न

## समिति के सदस्यों ने कृषि क्षेत्र की उन्नति के लिए दिए विविध सुझाव

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में कृषि स्थायी समिति की बैठक बुधवार को विधानसभा के सभागार में आयोजित की गई। इस दौरान समिति के लिए नामित जनप्रतिनिधि सदस्यों द्वारा विविध विषयों पर अपने सुझाव रखे गए। कृषि स्थायी समिति की बैठक के दौरान कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा समिति के सदस्यों को वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के अन्तर्गत कृषि कार्यक्रमों की प्रगति, फसलोत्पादन योजनाओं, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, वेदर इन्फारमेशन नेटवर्क डाटा सिस्टम (विंड्स), एग्रीस्टैक योजनान्तर्गत फार्मर रजिस्ट्री अभियान सहित अन्य विभागीय योजनाओं की अद्यतन प्रगति की जानकारी दी। श्री शाही ने कहा कि विभाग द्वारा प्रत्येक जिले में समय पर उचित मात्रा में खाद



उपलब्ध कराने का कार्य किया गया। बीजों के लिए दी जा रही सब्सिडी को एट सोर्स कर दिया गया। अर्थात् किसानों को बीज खरीदते समय ही सब्सिडी उपलब्ध करा दी जाती है, उन्हें इसके लिए इंतजार नहीं करना पड़ता। किसानों की ऊर्जा मांग को देखते हुए प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम किसान) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में नवंबर 2024 तक 53250 के सापेक्ष 19478 सोलर पंप स्थापित किया जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही खेत तालाब योजना के अंतर्गत गत वर्ष 3370 तालाब तैयार कराए गए थे, जबकि इस वित्तीय वर्ष में 8499 की सापेक्ष अभी तक 1428 खेत तालाब तैयार किये जा चुके हैं। इसके साथ ही प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के 54 जनपदों में परंपरागत कृषि विकास योजना संचालित की जा रही है। गंगा के तटवर्ती 27 जनपदों में नमामि गंगे योजना चलाई जा रही है जिसके अंतर्गत रसायनमुक्त खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है।

इस दौरान स्थाई समिति के सदस्य गणों द्वारा मंडी परिषद की सड़कों की गुणवत्ता सुधारने, निराश्रित गोवंश के आश्रय स्थलों की व्यवस्था को बेहतर किए जाने, पराली प्रबंधन को किसानों के लिए लाभदायक बनाए जाने तथा जिला स्तर पर कृषि विभाग द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम और योजनाओं में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित किए जाने सहित अन्य विषयों पर अपने सुझाव रखें। इन सुझावों पर कृषि मंत्री ने कहा कि सदस्यों के स्वागत योग्य सुझावों को आगामी योजनाओं में शामिल किए जाने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर स्थाई समिति के सदस्यों में बाबूलाल आगरा, जवाहर लाल राजपूत झांसी, राजेन्द्र सिंह पटेल फतेहपुर, मूलचन्द्र सिंह जालौन, राजीव सिंह ऊर्फ बब्लू भइया बदायूं, विनोद शंकर अवस्थी खीरी, प्रभात कुमार वर्मा गोण्डा, सुरेन्द्र कुमार कुशवाहा कुशीनगर, प्रदीप यादव औरैया, अखिलेश आजमगढ़, डॉ0 संग्राम यादव आजमगढ़ तथा प्रमुख सचिव कृषि रविंद्र, कृषि निदेशक एवं कृषि विभाग के उच्चाधिकारी शामिल रहे।

# मस्जिदों के सर्वे आदेश पर लगे रोक, बंद हो प्लेसेज ऑफवरशिप एक्ट का उल्लंघन: आसिम वकार

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में एआईएमआईएम के राष्ट्रीय प्रवक्ता आसिम वकार ने नाराजगी जताते हुए बयान जारी किया। जौनपुर की अटाला मस्जिद का सर्वे आदेश दिए जाने पर भड़के। उन्होंने कहा कि प्लेसेस ऑफ वरशिप एक्ट 1991 का लगातार उल्लंघन हो रहा है। असीम वकार ने कहा कि इन दिनों यह बहुत आसान हो गया है कि कोई भी व्यक्ति अदालत जाए और मस्जिद के नीचे मंदिर होने का दावा कर दे। सर्वे की मांग करे उसे फौरन इसकी अनुमति मिल जाती है। लगातार सर्वे के आदेश हो रहे हैं इससे भारत देश में दो समुदाय के बीच में माहौल खराब हो रहा है। सर्व आदेश सत्ता दल के दबाव में दिए जा रहे हैं। असीम वकार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ना शिक्षा दे रही है, ना रोजगार। मंदिर-मस्जिद के बीच में उलझा कर रखे हुए है। संभल में सर्वे के दौरान पांच लोगों की मौत हो चुकी



है। फतेहपुर की नूरी जामा मस्जिद को अतिक्रमण बताकर बुलडोजर चला दिया गया। जब कि इस संबंध में कोर्ट में याचिका दायर थी। जिला प्रशासन को कोर्ट के फैसले का इंतजार करना चाहिए था। असीम वकार ने कहा कि हाई कोर्ट के जज का एक भाषण वायरल हो रहा है। उसमें धर्म विशेष के विरुद्ध गैर संसदीय भाषा का प्रयोग किया जा रहा ये बेहद निंदनीय है। जब ज्यूडिशरी में बैठे हुए लोग इस प्रकार का बयान देंगे तो न्यायाधीशों से इंसाफ की क्या उम्मीद की जाए। सुप्रीम कोर्ट को प्लेसेज ऑफवरशिप एक्ट 1991 को गंभीरता से लेना चाहिए। और सर्वे आदेशों पर रोक लगना चाहिए।

# देहरी पूजन में शामिल लोगों को किया गया सम्मानित





लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने आगरा व मथुरा के दो दिवसीय प्रवास के दौरान कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और श्रीकृष्ण जन्मभूमि में देहरी पूजन कर शौर्य दिवस मनाने वाली मथुरा की जिला अध्यक्ष छाया गौतम, आगरा के प्रदेश संयोजक गोपाल सिंह चाहर, धर्मेन्द्र धाकड़, पूजा पाण्डेय, चन्द्रकांत पाण्डेय, नीरज गौतम सहित पूजन में शामिल कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया।

इस दौरान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने जिले के पार्टी इकाई के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ हुयी बैठक में कहा कि काफी संघर्षो के बाद राम मन्दिर की तरह देश के अन्य हिन्दू धार्मिक स्थलों को पूरी तरह से मुक्त कराने के लिये पार्टी बराबर संघर्ष करती रहेगी। इसके अलावा उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से सनातनियों को एकजुट करने के लिये प्रत्येक मंगलवार को मन्दिरों में सामूहिक सुन्दरकांड और महाआरती करने का आह्वान किया।

मालूम हो कि बीते छह दिसम्बर को पार्टी के आह्वान पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर देहरी पूजन कार्यक्रम के दौरान मथुरा जिला अध्यक्ष छाया गौतमख् आगरा के गोपाल सिंह चाहर सहित कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर पुलिस प्रशासन ने जेल भेज दिया था जो जमानत पर रिहा हुऐ है।

# भारतीय भाषाओं और संस्कृति के माध्यम से बच्चों का भविष्य निर्माण कर रही सरकार

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ सरकार प्रदेश भर के स्कूलों में भारतीय भाषाओं और संस्कृति को संरक्षित करने के साथ-साथ बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत करने में जुटी हुई है। इसी कड़ी में 04 से 11 दिसंबर तक भारतीय भाषा उत्सव 2024 का आयोजन किया गया। सप्ताहभर चलने वाला यह आयोजन बच्चों को भारतीय भाषाओं की समृद्ध और सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने का एक सार्थक प्रयास रहा।

भाषाओं के माध्यम से एकता थीम पर आधारित यह उत्सव न केवल बच्चों को राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया, बल्कि उन्हें मातृभाषा और क्षेत्रीय भाषाओं के महत्व का गहन एहसास भी कराया। यह थीम भारत की आत्मा और इसकी भाषाई विविधता के प्रतिबिंब के रूप में बच्चों के मनः स्थिति पर साकारात्मक प्रभाव भी डाला है। आयोजन के माध्यम से बच्चों में भाषाई कौशल, सांस्कृतिक जागरूकता और आत्मविश्वास जैसे गुण विकसित करने की पहल की गई। यह प्रयास उन्हें भारतीय भाषाओं की अनूठी धरोहर से जुड़ने और राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने का अवसर प्रदान करता है। भारतीय भाषा उत्सव 2024 का आयोजन बच्चों में भाषाई और सांस्कृतिक समृद्धि के बीज बोने का महत्वपूर्ण कदम है। बतातें चलें कि यह आयोजन राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत बहुभाषिक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। जिसमें मातृभाषा और क्षेत्रीय भाषाओं को शिक्षा का माध्यम बनाने पर बल देने के साथ साथ विद्यार्थियों में भाषाई कौशल विकसित करने और बहुभाषिकता के लाभों को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित था। 04 से 11 दिसंबर के बीच पूरे प्रदेश में मनाया गया भारतीय भाषा उत्सव- 2024 भारतीय भाषाओं के महत्व और उनकी विविधता को उजागर करने का प्रयास है।

# जस्टिस शेखर कुमार यादव को तत्काल न्यायिक कार्यों से विरत कर जेल भेजा जाए: अनीस मंसूरी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने कहा कि इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज जस्टिस शेखर कुमार यादव ने हाल ही में विश्व हिंदू परिषद (ङ्काक्क) के एक कार्यक्रम में एक विवादास्पद बयान दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि ÷कठमुल्लों का समर्थन देश के लिए घातक हो सकता है।÷ यह बयान न्यायपालिका की निष्पक्षता पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने जस्टिस यादव की टिप्पणी को सामाजिक विभाजन को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। कहा कि इस तरह की बयानबाजी संविधान में निहित धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों का उल्लंघन करती है।

पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने कहा कि जस्टिस यादव मानसिक रूप से दिवालिया हो चुके हैं और अब न्यायपालिका की मर्यादा बनाए रखने




में सक्षम नहीं हैं। मंसूरी ने जस्टिस यादव के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने और उन्हें जेल भेजने की मांग की। उन्होंने कहा कि जस्टिस यादव ने अपने बयान से न केवल संविधान बल्कि मानवता के मूलभूत सिद्धांतों को भी चोट पहुंचाई है। मंसूरी ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की कि जस्टिस यादव के अब तक दिए गए सभी फैसलों की समीक्षा की जाए और उनकी न्यायिक जिम्मेदारियों से तुरंत हटाने की प्रक्रिया शुरू की जाए।

अनीस मंसूरी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इस विवादित बयान पर स्वतः संज्ञान लेते हुए इलाहाबाद हाई कोर्ट से इस मामले पर रिपोर्ट मांगी है। न्यायपालिका की विश्वसनीयता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की अगली कार्रवाई का इंतजार किया जा रहा है। अनीस मंसूरी ने कहा कि इस विवाद ने भारतीय न्यायपालिका और धर्मनिरपेक्षता की गरिमा के प्रति नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। सुप्रीम कोर्ट से न केवल जस्टिस यादव के बयान पर कार्रवाई की उम्मीद है।

# नवोदय पहल के माध्यम से वंचित छात्रों को 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति दी जाएगी




लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** वंचित छात्रों की शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नवोदय पहल की शुरुआत की जा रही है जिसके लिए सेक्टर 31 स्थित रोटरी ब्लड बैंक में बैठक का आयोजन किया गया जिसमे रोटरी क्लब की अध्यक्षा मोहिता शर्मा और महासचिव अल्का चोपड़ा, पब्लिक स्कूल वेलफेयर समिति के प्रतिनिधि मनीष श्रीवास्त और योगेश शर्मा, युवा क्रांति सेना के अध्यक्ष अविनाश सिंह शामिल हुए।

रोटरी क्लब की अध्यक्षा मोहिता शर्मा ने बताया कि इस पहल के तहत, नोएडा के 10 वंचित स्कूलों के कक्षा 6वीं, 7वीं और 8वीं के मेधावी छात्रों को 100त्न छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। हमारा प्रयास है कि योग्य छात्रों को सही संसाधन और मार्गदर्शन मिले। कई प्रतिभाशाली छात्र केवल आर्थिक तंगी के कारण अपने सपनों को अधूरा छोड़ देते हैं। 'नवोदय' इन छात्रों के लिए एक सुनहरा अवसर है।

युवा क्रांति सेना के अध्यक्ष अविनाश सिंह ने बताया कि शिक्षा समाज का मूल आधार है और रोटरी क्लब की पहल 'नवोदय' इस आधार को मजबूत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। हम सुनिश्चित करेंगे कि छात्रों और अभिभावकों को इस पहल की जानकारी मिले और अधिक से अधिक छात्र इसका लाभ उठाएं। इस पहल के तहत, छात्रों की शैक्षिक योग्यता को पहचानने और उन्हें बेहतर भविष्य के लिए प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जा रहा है।

# 92 जोड़ों ने थामा एक दूसरे का दामन

## जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने नवदम्पत्तियों को आशीर्वाद देकर की उज्वल भविष्य की कामना

लोकमित्र ब्यूरो



**एटा ।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह के निर्देशन में शासन की महत्वांकाक्षी योजना के अन्तर्गत शहर के सकीट रोड स्थित राजकीय इण्टर कॉलेज प्रांगण में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी डा0 एके बाजपेयी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलित करके किया। तदोपरान्त सभी आगन्तुक अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान 92 जोड़ों को आशीर्वाद देकर आगामी भविष्य हेतु मंगल कामना की।

इस दौरान 87 हिन्दू जोड़े एवं 05 मुस्लिम जोड़ों की विधिवत रीति रिवाज के अनुसार शादी, निकाय की कार्यवाही की गई। सीडीओ ने कहा कि सामूहिक विवाह योजना का लाभ जनपद में पात्र लाभार्थियों को दिया जा रहा है, इसके तहत गरीब व्यक्ति अपनी बहन, बेटा की शादी खुशहाली के साथ संपन्न कर सकते हैं। योजना द्वारा एकता और अखंडता को मजबूती मिलती है, तो वहीं सभी जातियों के लोग एक मंडप में सबके साथ समानता का व्यवहार करते व सामाजिक रीति रिवाजों, परंपराओं से दाम्पत्य सूत्र में बधते है।

इस योजना के तहत शासन द्वारा एक जोड़े शादी पर रू0 51 हजार व्यय करने की व्यवस्था की गयी है, जिसमें कन्या के दाम्पत्य जीवन में खुशहाली, गृहस्थी की स्थापना हेतु सहायता राशि 35 हजार रूपये कन्या के बैंक खाते में अन्तरित की जायेगी तथा 10 हजार रूपये की धनराशि का विभिन्न प्रकार का सामान, आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु 6 हजार रूपये आयोजन खर्च के रूप में शामिल किया गया है। इस अवसर पर पीडीडीआरडीए सुरेन्द्र कुमार गुप्त, एसीएमओ डा0 सर्वेस कुमार, डीएसओ कमलेश गुप्ता, समाज कल्याण अधिकारी सत्यम त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, कर्मचारीगण आदि मौजूद रहे।

# ऋषि चैरिटेबल ट्रस्ट के बच्चों ने पिकनिक में की खूब मस्ती



लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** नोएडा ऋषि की पाठशाला पहुंची पार्क पिकनिक मनाने पढ़ने वाले सभी बच्चों ने अपने टीचर सहित खेलकूद और विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर खूब धमाल मचाया पिकनिक का आयोजन संस्थापक भारती नेगी की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन पूरे अनुशासनात्मक ढंग से आयोजित किया गया सभी बच्चों को हल्के फुल्के स्नैक्स दिए गये बच्चे गीत संगीत के साथ-साथ खेलकूद का खूब आनंद लिया इतना ही नहीं कार्यक्रम में सेल्फीयों का दौर भी जारी रहा

इन दिनों सर्दियों की गुनगुनी धूप और शांत परिसर प्रकृति के अनुपम सौंदर्य को सजोये जैसे इन नन्हे मुन्ने बच्चों किलकारियों से अभीभूत हो उड़ता है

बच्चे देश का भविष्य है उनके लिए शिक्षा के अवसर मुहैया कराना और महत्वपूर्ण आवश्यकताओं को पूरा करना सामाजिक जिम्मेदारी है खुशनुमा माहौल में पिकनिक का आयोजन कर इन बच्चों के चेहरों पर मुस्कुराहटों से भर दिया गया।

# उन्नत उपकरणों से विकास की नई दिशा दिखाई

लोकमित्र ब्यूरो




**नोएडा।** नोएडा इंडिया ने बाउमा कॉनएक्सपो 2024 में अपने स्टॉल का उद्घाटन करते हुए चैरियट ऑफ डेवलपमेंट थीम के तहत अपने योगदान को प्रस्तुत किया। इस थीम के माध्यम से सैनी इंडिया ने 2047 तक भारत के विकसित देश बनने के लक्ष्य में अपनी भूमिका और बुनियादी ढांचे के विकास में अपने योगदान पर जोर दिया है। सैनी इंडिया के कंस्ट्रक्शन उपकरण प्रोडक्ट्स का यह प्रदर्शन, परियोजनाओं को समय पर और कुशलतापूर्वक पूरा करने में उनकी उपयोगिता को दिखाता है। यह बुनियादी ढांचे के विकास और इसे संभव बनाने वाले इंजीनियरों, ऑपरेटरों और तकनीशियनों के योगदान का भी उत्सव है। सैनी इंडिया की उन्क्नत मशीनरी ने न केवल बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने में मदद की है, बल्कि राष्ट्र निर्माण और एक टिकाऊ भविष्य के लिए मजबूत समर्थन भी दिया है। कंपनी का यह कदम विकास और नवाचार के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को और अधिक प्रबल करता है।

इस अवसर पर श्री संजय सक्सेना, सीओओ (सेल्स, मार्केटिंग और कस्टमर सपोर्ट), सानी हेवी इंडस्ट्री इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने कहा, हमारे थीम चैरियट ऑफ डेवलपमेंट का उद्देश्य यह दिखाना है कि आधुनिक कंस्ट्रक्शन उपकरण कैसे भारत को विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा में मदद कर सकते हैं। सैनी इंडिया उन्क्नत तकनीकों, ईंधन-कुशल मशीनों और पर्यावरण-अनुकूल इलेक्ट्रिक उपकरणों के साथ बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हमारा फोकस है परिचालन को बेहतर बनाना और पर्यावरणीय प्रभाव को कम करना। बाउमा कॉनएक्सपो 2024 हमारे अत्याधुनिक उत्पादों को प्रदर्शित करने का एक शानदार मौका है, और हम इसे 2047 तक भारत के विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य में अपने योगदान के रूप में देख रहे हैं।

बाउमा कॉनएक्सपो 2024 में, सैनी इंडिया कंस्ट्रक्शन और इंफ्रास्ट्रक्चर की नई जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किए गए उन्क्नत उपकरणों की एक पूरी श्रृंखला का अनावरण कर रहा है। इनमें इंटेलिजेंट सिस्टम और हाइब्रिड पावर मोड से लैस क्रेन, मल्टीफ़ंक्शन पाइलिंग रिग, और ऑपरेटर की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखकर डिज़ाइन की गई खुदाई करने वाली मशीनें शामिल हैं। इसके अलावा, सैनी इंडिया उन एरियल वर्क प्लेटफॉर्म्स का भी प्रदर्शन कर रहा है, जो अनूठी सुरक्षा सुविधाओं और डिजिटल प्रबंधन प्रणालियों से लैस हैं। ये उत्पाद कंपनी की तकनीकी उत्कृष्टता और परिचालन दक्षता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

बाउमा कॉनएक्सपो 2024 में भाग लेकर, सैनी इंडिया भारत के बुनियादी ढांचे में सुधार और विकास लक्ष्यों को हासिल करने में अपनी भूमिका को मजबूत कर रहा है। टिकाऊ विकास को बढ़ावा देकर और अत्याधुनिक समाधान उपलब्ध कराकर, सैनी इंडिया देश की प्रगति में अहम योगदान दे रहा है।

चैरियट ऑफ डेवलपमेंट परंपरा और आधुनिकता का प्रतीक हैं। यह मानव जाति की उस यात्रा का प्रतीक है जिसने प्रगति को संभव बनाया है। रथों ने इतिहास में न केवल लोगों और वस्तुओं को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाया, बल्कि सभ्यताओं के विकास और विस्तार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आज, चैरियट ऑफ डेवलपमेंट भारत की उस महत्वाकांक्षी यात्रा का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसमें हमारा देश एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। यह यात्रा उन अनगिनत व्यक्तियों और संगठनों के सामूहिक प्रयासों से संभव हो रही है, जो भारत को विकसित भारतञ्च2047 के दृष्टिकोण की ओर ले जा रहे हैं।

निर्माण उपकरण उद्योग इस परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण आधार है, जो भारत के बुनियादी ढांचे के विकास को गति दे रहा है। विकास के रथ निर्माण उपकरण उद्योग की राष्ट्र की प्रगति में भूमिका को दर्शाते हैं। यह निम्नलिखित के बीच सामंजस्य को रेखांकित करता है

निर्माण उपकरण ङ्क जो परियोजनाओं को कुशल और प्रभावी ढंग से पूरा करने में सहायक हैं।

# अवैध शस्त्र फैक्ट्री के संचालक गिरफ्तार

दो अभियुक्त अवैध असलहा व कारतूस तथा दो शातिर अभियुक्त अवैध शस्त्र फैक्ट्री का संचालन करते हुए गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो



**एटा।** बुधवार को दो अभियुक्त अवैध असलहा व कारतूस तथा दो शातिर अभियुक्त अवैध शस्त्र फैक्ट्री का संचालन करते हुए गिरफ्तार, मौके से 08 (बने-अधबने) देशी तमंचे, भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद।10 दिसम्बर को चैकिंग के दौरान घिलौआ रोड के पास से अभियुक्त 1. विश्वराज पुत्र रवेन्द्र कुमार निवासी मौहकमपुर थाना जैथरा जनपद एटा 2.मोहित कुमार पुत्र जयप्रकाश निवासी महुअट मिलावली थाना कोतवाली देहात जनपद एटा को 02 अवैध तमंचे व 04 जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है तथा उपरोक्त अभियुक्तों की निशानदेही पर दिनाँक 10.12.2024 को समय करीब 22.50 बजे कासिमपुर से आगे रेलवे अण्डरपास के पास बने घेर से अवैध शस्त्र फैक्ट्री का संचालन करते हुए अभियुक्तगण 1. अमित पुत्र महाराज सिंह निवासी पृथ्वीराजपुर थाना कोतवाली देहात जनपद एटा 2. विवेक पुत्र त्रिलोकपाल सिंह निवासी अम्बेडकर नगर रोडवेज वर्कशॉप के पीछे थाना कोतवाली नगर जनपद एटा को 08 (बने-अधबने) देशी तमंचे 315 बोर व 12 बोर व 04 जिन्दा कारतूस 315 बोर व भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया गया है एवं अभियुक्त नरेन्द्र उर्फ काला पुत्र महाराज सिंह निवासी पृथ्वीराजपुर थाना कोतवाली देहात जनपद एटा मौके का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। उपरोक्त अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कोतवाली देहात, एटा पर मु0अ0सं0 462/2024 धारा 3/5/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है तथा फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर सार्थक प्रयास किया जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक अपराध ने बताया कि अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी हैं। अभियुक्तगण पुराने खराब तमंचे सही करने का कार्य भी करते हैं। अभियुक्तगण तमंचे बनाकर एटा तथा आसपास के जनपदों में बेचते हैं और तमंचे बेचकर अपने शौक मौज पूरा करते हैं।

# कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय प्रशिक्षक का हुआ निधन

लोकमित्र ब्यूरो



**एटा।** कॉग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय प्रशिक्षक सीनियर अधिवक्ताओं में शामिल बीरेंद्र पाल सिंह एडवोकेट का निधन हो गया। उनके निधन पर कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन एटा के सभागार में शोक सभा का आयोजन बार अध्यक्ष/महासचिव के नेतृत्व मे हुई। शोकसभा में सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे। इस दुखद समय में सैकड़ों अधिवक्ता उनके निवास पर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की। कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन एटा की पूर्व उपाध्यक्ष नैना शर्मा ने बाबूजी को कोग्रेसी झंडा उड़ाकर नम आंखों से उन्हें विदाई दी। और कहा कि बाबूजी मेरे आदरणीय थे वो हमेशा याद रहेंगे। इस अवसर पर अधिवक्तागणों में उपस्थिति रमेश बाबू यादव, रोहित पुंडीर, दिनेश यादव, कृष्ण प्रताप सिंह, देवेन्द्र कुमार लोधी, राजवीर सिंह, दिनेश मिश्रा, देवेन्द्र पाल सिंह बार उपाध्यक्ष, ज्योति सोलंकी, नैना शर्मा, सरिता कुमारी, मुहम्मद इरफान, देवेंद्र राजपूत, राधारमण वाष्णेय, चोब सिंह धनगर, गंगा सहाय लोधी, अनिल सोलंकी, एकेश लोधी आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# समाज की प्रगति का एक मापदंड

लोकमित्र ब्यूरो



**एटा/कासगंज।** नारी सशक्तिकरण एक ऐसा विषय है जो आज के समय में बेहद प्रासंगिक है। यह सिर्फ एक शब्द नहीं है, बल्कि एक विचार है जो समाज के हर पहलू को प्रभावित करता है। नारी सशक्तिकरण का अर्थ है महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें समाज में समानता का दर्जा देना। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत पुलिस अधीक्षक कासगंज श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं नोडल अधिकारी/अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज राजेश भारती के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रांतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला एवं बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। बुधवार को जनपदीय महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं एवं बालिकाओं को नारी सशक्तिकरण की आवश्यकता के संबंध में विस्तार से जानकारी देकर बताया गया कि महिलाएं समाज की आधी आबादी हैं। यदि हम उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित नहीं करते हैं, तो हम समाज की आधी क्षमता का उपयोग नहीं कर पाएंगे। शिक्षित और सशक्त महिलाएं समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वे अपने परिवारों और समुदायों को बेहतर बनाने में योगदान दे सकती हैं। नारी सशक्तिकरण लैंगिक समानता का एक महत्वपूर्ण पहलू है। जब महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार मिलेंगे, तभी समाज में वास्तविक विकास होगा। शिक्षा महिला सशक्तिकरण का सबसे महत्वपूर्ण उपकरण है। शिक्षित महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होती हैं और समाज में अपनी भूमिका निभाने में सक्षम होती हैं। महिलाओं को रोजगार के समान अवसर प्रदान करने चाहिए। इससे न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि उन्हें सामाजिक रूप से भी सशक्त बनाएगा। हमें समाज में महिलाओं के प्रति पूर्वाग्रहों को दूर करना होगा। महिलाओं को पुरुषों के बराबर सम्मान दिया जाना चाहिए। इसीलिए महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए बने मजबूत कानूनों की जानकारी समय समय पर दी जा रही है।इसके साथ ही महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वस्थ्य रिलेशनसिप एवं महिलाओं की सुरक्षा सहायता हेतु निर्मित न्यायिक कानूनों का दुरुपयोग, झूठे मुकदमों के परिणाम, साइबर हिंसा, प्रेम सम्बन्धों में घर से पलायन एवं एवं नशीली वस्तुओं का सेवन न करने एवं नशावृत्ति के कारण परिवार को होने वाली शारीरिक, आर्थिक व सामाजिक क्षति के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए जागरूक किया गया। नशे की लत छोड़ने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति जागृत करने एवं नशामुक्ति विशेषज्ञों एवं परिवार के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन कराये जाने हेतु अवगत कराया गया एवं नशा मुक्ति सम्बन्धित पंपलेट वितरित किए गए, इसके साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारे में चर्चा करते हुए जागरुक किया गया है ।

# 28 को होगा तहसील बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव

125 अधिवक्ता करेंगे नई बार एसोसिएशन के चुनाव

लोकमित्र ब्यूरो

**जलेसर/एटा।** तहसील बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव आगामी 28 दिसम्बर को होगा। उक्त जानकारी चुनाव अधिकारी राजगोपाल यादव द्वारा दी गयी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन कार्यक्रम तय कर लिया गया है। जिसके अंतर्गत आगामी 16 दिसंबर एवं 17 दिसंबर को नामांकन पत्र की बिक्री एवं दाखिल किए जायेगे। 18 दिसंबर को नामांकन पत्रों पर आपत्ति, जांच एवं वापसी की जाएगी। निर्विरोध निर्वाचन नही हो पाने की स्थिति में मतदान 28 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। तदोपरांत मतगणना एवं चुनाव परिणाम घोषित किए जायेंगे। निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा से पूर्व बार सभागार में चुनाव अधिकारी राजगोपाल यादव की अध्यक्षता में बैठक का आयोजित की गयी। जिसमे सर्वसम्मति से चुनाव कार्यक्रम तैयार कर घोषणा की गयी। बैठक के दौरान-अध्यक्ष सुनील कुमार यादव, सुभाष राजपूत, विष्णुगोपाल दीक्षित, शंकरपाल सिंह, रमेश पाल सिंह, केपी सिंह यादव, सुरेन्द्र पचौरी, रमेश दीक्षित, राजेश कुमार शर्मा, प्रमोद पचौरी, विनोद उपाध्याय, गयाप्रसाद शर्मा, जयशंकर गोड, सुनील दीक्षित, रामेश्वर सिंह यादव, विजय कुमार सिंह, राजेश कुलश्रेष्ठ, सुरेन्द्रदेव पाठक, द्विजेन्द्र सिंह, राजीव सिंघल, दयाराम यादव आदि अधिवक्ता मौजूद थे इस बार 125 अधिवक्ता करेंगे मतदान। जलेसर तहसील बार एसोसिएशन के इस बार के मतदान में लगभग 125 अधिवक्ता मतदान के अधिकार का प्रयोग कर सकेंगें। जो तहसील बार एसोसिएशन के नये अध्यक्ष एवं मंत्री सहित अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन में अहम भूमिका निभायेंगे।

# वैश्विक समुद्री विरासत को संरक्षित करने की पहल

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भारत की समुद्री विरासत को 'वैश्विक संयोजक' के रूप में रेखांकित किया

लोकमित्र ब्यूरो



**नोएडा।** बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय (रूश्चक्रङ्ख) द्वारा यशोभूमि, द्वारका, नई दिल्ली में आयोजित बहुप्रतीक्षित भारत समुद्री विरासत सम्मेलन 2024 (ढ्ढरूह्र 2024) का उद्घाटन दिवस आज माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ द्वारा संबोधित एक विशेष सत्र के साथ शुरू हुआ, जिन्होंने भावी पीढ़ियों के लिए भारत की समुद्री विरासत को संरक्षित करने के महत्व पर जोर दिया। सम्मेलन में दुनिया भर के प्रमुख मंत्रियों, प्रमुख वक्ताओं, समुद्री विशेषज्ञों और विचारकों ने भारत की समृद्ध समुद्री विरासत, दुनिया भर में सांस्कृतिक और आर्थिक आदान-प्रदान को आकार देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका और टिकाऊ समुद्री नवाचार के लिए इसके दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला, जिससे एक समुद्री महाशक्ति के रूप में इसके उभरने पर जोर दिया गया।

भारत आज एक उभरती हुई समुद्री शक्ति के रूप में खड़ा है, जो वैश्विक समुद्री पहलों का नेतृत्व करने के लिए अपनी भौगोलिक स्थिति और उन्नत बुनियादी ढांचे का रणनीतिक रूप से लाभ उठा रहा है। परिष्कृत समुद्री कूटनीति, विशेष रूप से सागर, क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास जैसी पहलों के माध्यम से, हम मजबूत अंतरराष्ट्रीय साझेदारी को बढ़ावा दे रहे हैं और इंडो-पैसिफिक में क्षेत्रीय स्थिरता सुनिश्चित कर रहे हैं। नियम-आधारित व्यवस्था सार है, और भारत यह सुनिश्चित करने के लिए पहल कर रहा है और नेतृत्व कर रहा है कि समुद्र पर नियम-आधारित शासन को अधिक से अधिक समर्थन मिले। मुझे पूरा विश्वास और आशा है कि यह दो दिवसीय समुद्री विरासत सम्मेलन 2024 हमारी समुद्री विरासत का सम्मान करने के लिए हमारे सामूहिक समर्पण को नवीनीकृत करता है, जबकि सतत नवाचार की ओर आगे बढ़ता है माननीय उपराष्ट्रपति, श्री जगदीप धनखड़ ने कहा।

भारत समुद्री विरासत सम्मेलन श्रम और रोजगार, युवा मामले और शिक्षा, और संस्कृति और पर्यटन जैसे प्रमुख मंत्रालयों के साथ सहयोग को बढ़ावा देता है और कौशल विकास और रोजगार के अवसरों पर प्रकाश डालता है, जो श्रम मंत्रालय के स्थायी आजीविका बनाने के लक्ष्यों के साथ संरेखित होता है। यह युवाओं को समुद्री करियर तलाशने के लिए प्रेरित करता है और विरासत को शिक्षा में एकीकृत करता है। संस्कृति और पर्यटन मंत्रालय के साथ साझेदारी में, यह आयोजन सांस्कृतिक संरक्षण और पर्यटन के लिए उत्प्रेरक के रूप में भारत की समुद्री विरासत को बढ़ावा देता है। साथ मिलकर, ये मंत्रालय राष्ट्रीय विकास, युवा सशक्तिकरण और वैश्विक जुड़ाव के लिए एक एकीकृत ढांचा तैयार करते हैं। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए, केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री श्री सर्बानंद सोनोवाल ने अपनी समुद्री विरासत को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। इस पहल के महत्व के बारे में बोलते हुए, श्री सोनोवाल ने कहा, ÷हमारी समृद्ध समुद्री विरासत केवल हमारे अतीत की कहानी नहीं है, बल्कि हमारे भविष्य के लिए एक प्रकाश स्तंभ है। यह सम्मेलन समुद्री नवाचार और संरक्षण में भारत के नेतृत्व की पुष्टि करता है, भविष्य की पीढ़ियों के लिए हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए टिकाऊ प्रथाओं को आगे बढ़ाता है। हमारे माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी मार्गदर्शन और नेतृत्व में, लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर उस दिशा में एक कदम है, एक ऐसा स्थान जहाँ हम अपने समुद्री अतीत को भावी पीढ़ियों के लिए जीवंत करेंगे। यह हमारे पूर्वजों की प्रतिभा को प्रदर्शित करेगा और युवा दिमागों को उनकी विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगा।

# कार्यकर्ताओं ने नम आंखों से नेता के.एम. तिवारी को दी अंतिम विदाई

लोकमित्र ब्यूरो




**नोएडा।** कॉमरेड के.एम. तिवारी को श्रद्धांजलि देने के लिए आज सैकड़ों लोग जुटे। कल (10 दिसंबर 2024) गाजियाबाद जिला कार्यालय और आज (11 दिसंबर 2024) सीपीआई(एम) के राज्य कार्यालय, एच.के.एस. सुरजीत भवन, पर लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पोलित ब्यूरो के सदस्य कॉमरेड वृंदा करात, नीलोत्पल बसु, तपन सेन, अशोक धवले और एआईएफबी के कॉमरेड देवराजन ने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी। केरल राज्य कमेटी की ओर से कॉमरेड के. राधाकृष्णन (सांसद) और अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन की ओर से कॉमरेड वी. शिवदासन (सांसद) ने पुष्पांजलि अर्पित की।

सीटू, एआईडीडब्ल्यूए, एआई केएस, एआईएडब्ल्यूयू और एआईएलयू जैसे राष्ट्रीय संगठनों के नेतृत्व ने भी श्रद्धांजलि दी। वामपंथी दलों की राज्य कमेटी (सीपीआई, सीपीआई-एमएल, सीजीपीआई, एआईएफबी, आरएसपी) और पार्टी के जन संगठनों (सीटू, जेएमएस, डीवाईएफआई, एसएफआई, एआईएलयू, जन संस्कृति, बांग्ला मंच, जनम) के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। आम नागरिकों ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

गौतमबुद्धनगर से माकपा, सीटू जनवादी महिला समिति के कार्यकर्ता लता सिंह, आशा, गंगेश्वर दत्त शर्मा, रामसागर, रामस्वारथ आदि दर्जनों कार्यकर्ताओं ने सुरजीत भवन नई दिल्ली पहुंचकर अपने प्रिय नेता कामरेड के एम तिवारी को श्रद्धांजलि दी और अंतिम यात्रा में शामिल हुए। सीटू नेता गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि के एम तिवारी गाजियाबाद, गौतम बुध नगर के बहुत ही सम्मानित ट्रेड यूनियन नेता रहे हैं। उन्होने गाजियाबाद गौतम बुध नगर दिल्ली एनसीआर क्षेत्र के मजदूरों के हक अधिकारों के अनेकों संघर्षों का नेतृत्व और मार्गदर्शन दिया था। गाजियाबाद गौतम बुद्ध नगर दिल्ली के मजदूर हमेशा उनके योगदान के लिए श्रेणी रहेंगे।

कॉमरेड तिवारी के पार्थिव शरीर को बाल भवन तक मार्च करते हुए ले जाया गया। उसके बाद उन्हें निगम बोध घाट ले जाया गया। इस दौरान लगातार नारे गूंजते रहे।

## पंडित अमित महाराज की मौजूदगी में निकली भव्य कलश यात्रा



लोकमित्र ब्यूरो

**निन्दूरा, बाराबंकी।** विकास खण्ड निन्दूरा क्षेत्र के ग्राम कतुरी काला गांव स्थित गोला वीर बाबा मंदिर पर बुधवार को अष्टम श्री विष्णु महायज्ञ एवं सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया। नैमिष धाम से पधारे आचार्य पंडित अमित महाराज की मौजूदगी में भव्य कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली गई, जो कथा स्थल से प्रारंभ होकर गांव बंदगी नगर पिपरसण्ड कतुरी काला रीवा सीवा कस्बा होते हुए शारदा नहर पर पहुंचकर 108 महिलाओं ने कलश में जल लेकर मंदिर व कथा स्थल पर आकर समाप्त हुई। इस दौरान कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाते हुए कलश यात्रा मंदिर प्रांगण पहुंची देर शाम कथा वाचक रामराज महाराज द्वारा भागवत कथा शुरू हुई। महराज ने बताया कि कई जन्मों के पुण्य जब एकत्रित होते हैं, तब भागवत कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त होता है। उन्होंने अधम पापी धुंधकारी और गोकर्ण कथा का वर्णन करते हुए कहा कि कालांतर में जब गोकर्ण अपने गांव पहुंचे तो वहां प्रेत बने धुंधकारी की मुक्ति को लेकर उपाय सोच रहे थे, तभी धुंधकारी ने कहा कि श्राद्ध तर्पण 100 बार करने के बाद भी मुक्ति नहीं होगी। दूसरे कोई उपाय से ही मुक्ति संभव है। इस मौके पर सैकड़ो भक्त गढ़ मौजूद रहे।

# विद्यालय में काउंसलिंग कॉर्नर किये गये स्थापित

## बीडीओ की अध्यक्षता में ब्लॉक समन्वय समिति की बैठक संपन्न

लोकमित्र ब्यूरो




**निन्दूरा, बाराबंकी।** विकास खण्ड निन्दूरा ब्लॉक मुख्यालय पर मीटिंग हॉल में बुधवार को परिवार नियोजन की सेवाओं की पहुंच तथा गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन में मोबियस फाउंडेशन की वित्तीय सहायता से पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा उम्मीद परियोजना का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में सभी विभागों के साथ खण्ड विकास अधिकारी आलोक वर्मा की अध्यक्षता में ब्लॉक समन्वय समिति की बैठक की गयी। इस बैठक में प्रमुख रूप से स्वास्थ्य विभाग (नोडल विभाग), पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग (बेसिक कार्यालय एवं इन्टर कॉलेज),आई.सी.डी.एस., की प्रतिभागिता रही। बैठक में पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इण्डिया से जुबैर अंसारी ने सभी का स्वागत करते हुए उम्मीद परियोजना के अंतर्गत जरवल ब्लॉक में चलाए गये बाल विवाह के विरुद्ध अभियान एवं कार्यक्रम की प्रगति को साझा किया, जिसमें विद्यालयों में गति विधियां समूह बैठक, स्वास्थ्य मेला, हस्ताक्षर अभियान शपथ कार्यक्रम आदि के द्वारा जन-जागरूकता कार्य किया जा रहा है। बैठक में खण्ड विकास अधिकारी आलोक वर्मा ने कहा कि सभी ग्राम पंचायत वाल राइटिंग कराके खुली बैठक करके, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ बैठक कर उपरोक्त विषयों पर चर्चा की जाए एवं इस हेतु ग्राम प्रधानों एवं ग्राम पंचायत सचिव का भी सकारात्मक सहयोग लिया जाएगा सभी विभागों के साझा प्रयास द्वारा दी जा रही सेवाओं का लाभ समुदाय में सही से पहुंचे इसके लिए इस बैठक की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है।डॉ आर पी वर्मा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने कहा कि परिवार नियोजन कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी विभागों का समन्वय आवश्यक है, निश्चय ही इस प्रयास से ब्लॉक में कार्यक्रम के प्रगति में तेजी आएगी, साथ ही किशोर स्वास्थ्य के अंतर्गत विद्यालयों में दी जा रही सेवाओं के बारें में भी चर्चा की जा सकेगी। राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय बाल स्वस्थ कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय में काउंसलिंग कॉर्नर स्थापित किए गए हैं वहां बाल विवाह पर किशोर किशोरियों को परामर्श दिया जा सकता है साथ ही साथ विवाह की सही उम्र वह बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणाम पर बच्चों में जागरूकता फैलाई जा सकती है। खण्ड शिक्षा अधिकारी सुषमा सेंगर ने कहा पैरेंट्स-टीचर मीटिंग में भी इस मुद्दे पर चर्चा की जा सकती है। साथ ही साथ रेलिया द्वारा भी इस मुद्दे को लेकर जागरूकता फैलाई जा सकती है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) में परिवार नियोजन कॉर्नर की स्थापना करना, आरोग्य मंदिर और उप केंद्रों को परिवार नियोजन किट प्रदान करना,उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं और परामर्श के लिए स्वास्थ्य प्रदाताओं,एएनएम और आशाओं को प्रशिक्षित करना व्यवहार परिवर्तन (एसबीसीसी) टूल और जॉब एड्स का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए उनके कौशल में सुधार करना,और समुदायों के बीच परिवार कल्याण जागरूकता और स्वीकृति बढ़ाना है।

## संजय गांधी पॉलीटेक्निक, अमेठी में रोजगार मेले का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** शासन के निर्देशानुसार संजय गांधी पॉलीटेक्निक जगदीशपुर में जिला सेवायोजन कार्यालय, आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला सेवायोजन अधिकारी द्वारा बच्चों को संबोधित किया गया तथा उन्हें करियर के विभिन्न विकल्पों में सही चुनाव करने के संदर्भ में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के कार्यदेशक अजय कुमार सिंह तथा संजय गांधी पॉलीटेक्निक के केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष फैजान अहमद जी द्वारा भी बच्चों का मार्गदर्शन किया गया। मेले में कुल 7 प्लेसमेंट कंपनियों ने प्रतिभाग किया तथा विभिन्न पदों के लिए 243 अभ्यर्थियों का चयन किया। मेले में कुल 321 बेरोजगार युवाओं ने प्रतिभाग किया। शिव एच आर सॉल्यूशन ने 40, पीपल मंत्र ने 44, ब्राइट फ्यूचर ने 56, बूसा मैनेजमेंट ने 57, पुखराज हर्बल




कंपनी ने 46 अभ्यर्थियों को चयनित किया तथा अदानी स्किल इंडिया ने 20 एवं इंडोरामा कंपनी ने 27 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण उपरांत रोजगार के लिए चयन किया। मेले में आईटीआई के संजय श्रीवास्तव, देवेश शर्मा, राजीव प्रजापति एवं फरहत रज़ा द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। सेवायोजन कार्यालय के सुरेंद्र पांडे, अजय कुमार सहित समस्त कर्मचारियों ने रोजगार मेले में प्रतिभाग किया।

# प्रतियोगिता में छात्राओं ने मारी बाजी



▸▸ फिट इंडिया कार्यक्रम में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** अमेठी जिले के मुंशीगंज स्थित इंदिरा गांधी स्कूल एवं नर्सिंग कालेज आयोजित 6 दिवसीय फिट इंडिया सत्ताह खेल उत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित प्रतियोगिता में प्राचार्य डाक्टर रमेश एस व उप प्राचार्य गोमती यम की मौजूदगी में निबन्ध प्रतियोगिता बीएससी नर्सिंग में साक्षी तिवारी जीएनएम में अंशू यादव प्रथम रही बीएससी के प्रभाकर द्वितीय तथा जेएनएम की छात्रा अंजलि मौर्य। पोस्टर में अपूर्वा बीएससी तथा जेएनएम से रिया शुक्ला प्रथम रही। द्वितीय बीएससी में अर्चित तथा एनएम द्वितीय में खुशी मौर्य। जबलिंग थ्रो में बीएससी की छात्रा साक्षी सिंह प्रथम तथा मुस्कान यादव द्वितीय रही। वहीं बालक वर्ग में अनिल कुमार प्रथम रहे। कैरमबोर्ड में आरती जायसवाल सीएससी तथा एनएम में अर्पिता प्रथम रही। द्वितीय बीएससी से सौम्या पान्डेय तथा एनएम द्वितीय वर्ष की छात्रा अर्पिता द्वितीय रही। दौड़ प्रतियोगिता में छात्रा में शिवांगी मिश्र तथा एएनएम में नेहा प्रथम रही। दौड़ जेएनएद्व मोनी पाल व बीएससी की पल्लवी द्वितीय रही। बालक वर्ग में बीएससी मकसूद आलम प्रथम व प्रभाकर सिंह द्वितीय रहे। बाद विवाद प्रतियोगिता में अनुराधा की टीम प्रथम व शिवांगी की टीम द्वितीय रही। निर्णायक मंडल में कीर्ति मिश्रा नयना तागडे मनजोत कौर सिद्धू अचूता कुमार अनुश्री श्रीवास्तव तथा वर्षा शामिल रही।

## बैंकर्स लंबित आवेदन पत्रों का शीघ्र करें निस्तारण: डीएम

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में मंगलवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सलाहकार समिति (बैंकर्स) की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान डीएम ने वार्षिक ऋण योजना की प्रगति, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना तथा अटल पेंशन योजना, फसल ऋण एवं किसान क्रेडिट कार्ड, मत्स्य पालन तथा पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ओडीओपी योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, पीएम स्वनिधि योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना सहित अन्य योजनाओं हेतु लंबित आवेदनों की बिंदुवार समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डीएम ने समस्त बैंकों को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित आवेदन पत्रों को शीघ्र निस्तारित किया जाए, अस्वीकृत की गई पत्रावली पर कारण स्पष्ट रूप से लिखा जाए, इसके साथ ही उन्होंने विभागों को लक्ष्य के सापेक्ष निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत आवेदन पत्रों को बैंकों को प्रेषित करने के निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने सभी बैंकर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित आवेदन पत्रों का शीघ्र निस्तारण करें किसी भी स्तर पर आवेदनकर्ता को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने हेतु कैंप लगाने के निर्देश एलडीएम व बैंकर्स को दिए। बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक राजीव पाण्डेय, खादी ग्रामोद्योग अधिकारी महेंद्र कुमार, सहित अन्य संबंधित अधिकारी व बैंकर्स मौजूद रहे।

# कानपुर में गोली से मौत मामले में छात्रा का तमंचा समेत पिता गिरफ्तार

▸▸ विरोधियों को फंसाने के लिए अपनी ही लड़की को मारी थी गोली

सुनील बाजपई

**कानपुर।** बिधनू में छात्रा की गोली से हुई मौत के मामले में पुलिस ने उसके पिता को तमंचे समेत गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से दो कारतूस भी बरामद किए गए हैं।

मामले में पुलिस ने ही उसके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार यह मामला ऑनर किलिंग से भी जुड़ा हुआ है क्योंकि छात्र की एक लड़के से दोस्ती थी जिसका विरोध गिरफ्तार किया गया उसका पिता भी करता था।

पुलिस के मुताबिक आरोपी को आर्म्स एक्ट समेत साक्ष्यों को छुपाने और लोकसेवक को गलत जानकारी देने में बिधनू थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। घटना के बारे में अवगत कराते



चलने कि जामू गांव निवासी विनय सिंह चंदेल एक वकील के यहां मुंशी है। बीते शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े ग्यारह बजे विनय की बेटी श्रेया ने घर के अंदर गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने जब मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की तो एक तमंचा बरामद किया था। मगर जिस गोली का प्रयोग हुआ वो 312 बोर की निकली थी। इसपर पुलिस का दिमाग ठनक गया था। इस मामले में पुलिस ने जांच को आगे बढ़ाया जिसके तहत पुलिस ने पिता विनय सिंह चंदेल पर नजर रखना शुरू किया। इधर पुलिस का दबाव बढ़ता देख घटना में प्रयुक्त तमंचे को छुपाने के लिए पिता जामू गांव से घाटमपुर पैदल निकल गया। रास्ते में वह कहीं तमंचे को छुपाने के लिए उपयुक्त स्थान की तलाश कर रहा था।

इसी दौरान इसकी सूचना पुलिस को मिल गई। बिधनू थाने में तैनात एसआई मुकेश कुमार बाजपेई टीम के साथ किसान नगर रोड पर जामू गांव की ओर चल दिए। ठेका देशी शराब भवानीपुर के पास पहुंचकर वहां पर विनय सिंह चंदेल पैदल जाते दिखाई दिए। एसआई टीम को टीम के साथ विनय ने अपनी तरफ आते देखा तो पीछे मुड़कर भागना चाहा। पुलिस ने बताया कि इसी दौरान आवश्यक बल प्रयोग कर विनय को बिधनू नहर झाल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

## डम्फर ने स्कूटर सवार दंपति को मारी टक्कर, महिला की हुई मौत



लोकमित्र संवाद

**हसनगंज,उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र हसनगंज में लखनऊ बांगरमऊ मार्ग पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने स्कूटर सवार दंपति को टक्कर मार दी। लखनऊ के चिनहट निवासी मोहम्मद फैसल अपनी पत्नी कमरू निशा के साथ मोहन में मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए थे कार्यक्रम के बाद बुधवार दोपहर मोहान से चिनहट लखनऊ जा रहे थे तभी पीछे से नेवलगंज गांव के पास मीर खेड़ा रास्ते के पास अज्ञात वाहन ने जोर दार टक्कर मार दी जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई राहगीरों व पुलिस की मदद से पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टरों ने कमरू निशा उम्र लगभग 32 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। महिला अपने पूरे परिवार के साथ कस्बा मोहान निवासी जलील की बेटी जूली की गोद भराई कार्यक्रम में शामिल होने आई थी। महिला के 2 बच्चे चांद मोहम्मद उम्र 12 वर्ष व बेटी फरजाना 8वर्ष है। घटना की जानकारी मिलने पर कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्रा ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# नहरों में पानी नहीं, सूख रहीं फसलें किसानों की नहीं सुन रहे जिम्मेदार

▸▸ किसानों को सताने लगा है गेहूं और चने की फसल सूखने का डर

लोकमित्र संवाद



**सफीपुर ,उन्नाव।** रबी फसल की सिंचाई के लिए वर्तमान में क्षेत्र के किसानों को नहर के पानी की आवश्यकता है। स्थिति यह है कि क्षेत्र की नहरों के साथ साथ नाले भी सूखें पड़े हैं। उनमें अब तक पानी नहीं आया है। इस कारण इलाके के हजारों किसान परेशान हैं। सिंचाई नहीं होने से किसानों की गेहूं और चने की फसल सूखने का डर सता रहा है। इस संबंध में किसानों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से कई बार बात की है, लेकिन उसके बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। सफीपुर तहसील क्षेत्र के गांवों में शारदा नहर से मुख्य रूप से पानी सप्लाई किया जाता है। यह पानी क्षेत्र के गांवों तक पहुंचता है। इसके अलावा शारदा नहर से कुछ नालों में भी पानी जाता है। जिससे सैकड़ों गांवों के किसानों को लाभ मिलता है। लेकिन नहर में पानी न आने के कारण किसान रबी सीजन की फसल की सिंचाई नहीं कर पा रहे है। स्थिति यह है कि सिंचाई नहीं होने से खेतों में नमी खत्म हो गई है। जिससे खेतों में दरारें आने लगी हैं और जिम्मेदारों ने इस ओर ध्यान ही नहीं दिया।

**पानी नहीं होने से सूखी पड़ी नहरें ट्यूबवेल से कर रहे सिंचाई:** पंडाखेड़ा गांव निवासी किसान सोनू सिंह , शिवरतन यादव मूलचन्द्र आदि का कहना है कि किसानों की फसल पानी के अभाव में सूख रही हैं। आर्थिक रूप से मजबूत किसान तो ट्यूबवेल से खेतों में सिंचाई कर रहे हैं। गरीब वर्ग के किसान डीजल महंगा होने की वजह से ऐसा कर पाने में असमर्थ साबित हो रहा है। अगर वह ट्यूबवेल से सिंचाई कराते भी हैं तो इतनी लागत आजायेगी कि उन्हें फसल तैयार होने पर भी घाटा उठाना पड़ेगा । ऐसे में इस वक्त नहर में पानी अति आवश्यक है जिसे लेकर नहर विभाग के अधिकारियों से बात भी की गई पर उन्होंने इसे ऊपर स्तर की बात कहकर अपना पक्ष झाड़ लिया । जनप्रतिनिधि एवं सिंचाई विभाग इस पर ध्यान देते हुवे जल्द से जल्द शारदा नहर में पानी की व्यवस्था कराएं ताकि नहर से मिलने वाला पानी खेतों के लिए उपयोगी साबित हो ।

## दरवाजे पर बकरी जाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

लोक मित्र संवाद

**पाटन उन्नाव।** बकरी दरवाजे पर चले जाने को लेकर गाली गलौज के बाद दो पक्षों मे मारपीट हो गई । जिसमें कई लोगों को चोटे आई है । घटना की शिकायत पर पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत दर्ज कर लिया ।

बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम मूरतपुर मजरे चैनपुर में बुधवार को मंजू की बकरी कुसमा के दरवाजे चली गई । दरवाजे पर बकरी देखकर पड़ोसी कुसमा का पारा चौथे आसमान पर चढ़ गया । वह गाली गलौज करने लगी । मंजू ने गाली देने से मना करने पर कुसमा अपने पुत्र अनुराग के साथ मिलकर मंजू की पिटने लगे । भाभी को पिटता देख उसे बचाने दौड़ी नंद अंजना को भी हमलावरों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया । मारपीट की इस घटना में भाभी मंजू व नंद अंजना को



चोटें आई हैं ।वही मारपीट में कुसमा भी चोट आई । दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने डॉक्टरी करा कर मारपीट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। इस संबंध में क्राइम इंस्पेक्टर राम बचन भारती ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है । जांच का कार्यवाही की जाएगी।

## चकबंदी कार्यों की जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में चकबंदी विभाग के अधिकारियों के साथ जनपद में चल रहे चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक किया। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में चल रही चकबंदी प्रक्रिया के संबंध में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी से जानकारी ली जिस पर बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी केलकर सिंह ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में जनपद में चकबंदी की प्रक्रिया में 52 गांव शामिल थे जिसमें से अब तक 6 गांव की चकबंदी प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है गांव के अभिलेख तहसील को भेजे जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त धारा 7 में 9 गांव, धारा 8 में 4 गांव, धारा 9 में 2 गांव, धारा 10 में 8 गांव, धारा 20 में 10 गांव तथा धारा 27 में 11 गांवों में कार्य चल रहा है जिन्हें शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कार्य निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार करें साथ ही पुराने गांव जो चकबंदी में चल रहे हैं उनको शीघ्र कब्जा परिवर्तन कर चकबंदी की प्रक्रिया को पूर्ण कराएं।

# पुलिस ने किया हत्या का खुलासा, दो गिरफ्तार

लोकमित्र संवाद

**अमेठी।** जिले में मंगलवार को कोलाहल का माहौल रहा, कारण युवक की हत्या ,मिली लास रहा , बताते चले कि रजनीश कुमार मिश्र पुत्र स्व0 चन्द्रपाल मिश्र निवासी जोरावरपुर मठिया कल्याणपुर थाना जामो जनपद अमेठी द्वारा लिखित सूचना दी गयी कि मेरा पुत्र संजीव मिश्र दिनांक 09.12.2024 को अनुज सिंह के यहां शादी में गया था । रात्रि में शादी से वापस नहीं लौटने पर संजीव मिश्र का फोन लगाये तो फोन रिसीव नहीं हुआ । दिनांक 10.12.2024 को प्रातः करीब 08ः30 बजे गांव वालों के माध्यम से ज्ञात हुआ कि मेरे पुत्र संजीव मिश्र की अज्ञात लोगों ने हत्या करके शव को संतोष तिवारी के खेत में फेंक दिया है । उक्त सूचना पर थाना जामो पर मु0अ0सं0 300/24 धारा 103(1) बी0एन0एस0 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया ।

बुधवार 11.12.2024 को विनोद कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक जामो मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 300/24 धारा 103(1) बी0एन0एस0 थाना जामो जनपद अमेठी में प्रकाश में आये अभियुक्त आदित्य मिश्रा पुत्र रमेश कुमार निवासी राजामऊ थाना जामो जनपद अमेठी उम्र



करीब 23 वर्ष को कल्यानपुर मोड़ के पास से समय करीब 09.30 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया एवं उ0नि0 जगदेवन राजवंशी थाना जामो द्वारा दूसरे अभियुक्त विशाल सिंह पुत्र त्रिभुवन सिंह निवासी जामो थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब 23 वर्ष को बाबूपुर तिराहा के पास से समय करीब 12.30 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया । पुलिस की माने तो पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त आदित्य मिश्रा ने बताया कि मै व संजीव कुमार मिश्र (मृतक) एक साथ मिलकर जामो में डिवाइन किंडर प्ले स्कूल का संचालन करते हैं । कुछ दिन पहले मेरी बहन उसमें पढ़ाने जाने लगी उसी अवधि में संजीव मेरी बहन से बातचीत करने लगा जो बात मुझे नागवार लगी,मेरे कई बार मना करने के बाद भी वह नहीं माने और मेरी बहन से लगातार टेलीफोन आदि से बात करते रहे । कुछ अन्य लोगों ने भी मुझे ये बात बतायी जिससे मैं अन्दर से बहुत ग्लानि महसूस कर रहा था व क्षेत्र में मेरी बदनामी हो रही थी । तभी से मै संजीव को मारने के लिए मौके की तलाश में था । दिनांक 09.12.2024 को मैने व संजीव ने पूरे दिन साथ रहकर शराब पी तथा बाद में हम दोनो अनुज सिंह की बहन की शादी में सम्मिलित होने के लिए उसके घर गये । वहीं पर मुझे विशाल मिला । मैने विशाल से अपनी योजना बताते हुये मदद मांगी । योजना के अनुरूप मै संजीव को मोटरसाइकिल से लेकर कुछ सामान लाने के बहाने आगे निकला एवं रास्ते में ही विशाल मिल गया । हम तीनों लोग एक मोटरसाइकिल से शिवपुर में संग्राम सिंह के स्कूल के पास रुककर संजीव से फिर से शराब पीने के बहाने विशाल को रोड पर रोककर हमदोनों आगे चले गये । तभी मैने मौका पाकर संजीव मिश्र के ऊपर जान से मारने की नीयत से अपने तमंचे से फायर कर दिया परन्तु संजीव को गोली नहीं लगी तभी संजीव भागने लगा । मेरी व संजीव की हाथापाई हुयी जिससे कुछ दूर भागने के उपरान्त संजीव लड़खड़ा कर गिर गया तभी मै संजीव के ऊपर तमंचे की बट से चेहरे व गर्दन पर कई वार किये जिससे संजीव अचेत हो गया तदोपरान्त मैने इत्मिनान से अपने हाथों से संजीव की गला दबाकर हत्या कर दी व रास्ते में नहर के बगल झाड़ी में तमंचा छिपा दिया ।

# दहेज उत्पीड़न का आरोपी गिरफ्तार

लोक मित्र संवाद

**बीघापुर,उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के गांव बरुआ में 10 मई को संदिग्ध परिस्थितियों में घर में 30 वर्षीय मोनी पत्नी फूल सिंह की मौत हो गई थी ।मृतक की मां ने तहरीर देकर दामाद के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया था।स्थानीय पुलिस लंबे समय से फरार चल रहे फूल सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा है ।

बरूआ निवासी मोनी पत्नी फूल सिंह का शव 10 मई को घर में कुंडे से लटकता हुआ मिला था सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया था। उन्नाव सदर कोतवाली निवासी मृतका की मां कृष्णा देवी ने अपने दामाद फूल सिंह पर पुत्री की दहेज के लालच में हत्या किया जाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी थी।पुलिस ने उच्चाधिकारियों के निर्देश के बाद मामला दर्ज किया था।मृतका की मां का कहना था घर में मौजूद मृतका की 11 वर्ष की पुत्री अनुष्का ने अपने पिता को अपनी मां की हत्या करते हुए देखा उसके बाद भी पुलिस अपराधी को बचाने में जुटी रही। मुकदमा दर्ज होने जाने के बाद थाना अध्यक्ष राजपाल ने सुराग मिलते ही गांव में ही छिपकर रह रहे फूल सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## देशी तमन्चा सहित संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**पाटन उन्नाव ।** अपराध एवं अपराधियों क्के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को पी आर वी पुलिस ने बिहार थाना क्षेत्र के बिडारमऊ नहरिया के पास संदिग्ध व्यक्ति को रोक जामा तलाशी लेने पर व्यक्ति के पास एक अदत देशी तमन्चा 315 बोर व 5 अदत खोखा 315 बरामत हुए । पुलिस की पूछताछ मे अपना अभिनव मिश्रा पुत्र अनुरुद्ध मिश्रा निवासी बिडारमऊ थाना बिहार बताया । पकड़े गये व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार धारा 3/25 आर्मस एक्ट के तहत जेल भेज दिया ।

## पांचवें अतुल मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले दिन खेले गए दो मैच



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद ।** प्रताप विहार स्थित न्यू रेनबो पब्लिक स्कूल प्रताप विहार में पांचवां अतुल मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट बुधवार से शुरू हो गया। टूर्नामेंट के पहले दिन दो मैच खेले गए। टूर्नामेंट का उदघाटन मुख्य अतिथि वरूण गौड व स्कूल की निदेशक मुनीष अग्रवाल ने किया। स्कूल के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य रूचि गुप्ता ने बताया कि तीन नॉक आउट मुकाबले होंगे। दो लीग मैच बुधवार को खेले गए। गुरूवार को एक लीग मैव सेमी फाइनल खेले जाएंगे और फाइनल शुक्रवार को खेला जाएगा। बुधवार को पहला मैच गुरूकुल द स्कूल तथा भागीरथ पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया भागीरथ पब्लिक स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में हुए 60 रन बनाये। गुरूकुल द स्कूल ने भी 8 ओवर में 60 रन बनाए। मैच टाई होने पर सुपर ओवर का सहारा लिया गया जिसमें गुरूकुल द स्कूल ने बाजी मारी। मैन ऑफ द मैच गुरूकुल द स्कूल कें विवान रहे। दूसरा मैच विशाल इन्टरनेशनल स्कूल तथा महर्षि दयानंद विद्यापीठ स्कूल के बीच खेला गया जिसमें विशाल इन्टरनेशनल स्कूल विजयी रहा। मैन ऑफ द मैच विशाल इन्टरनेशनल स्कूल के रणधीर रहे।

# सीडीओ का विकास भवन के दफ्तरों में छापा, मचा हड़कंप

### निरीक्षण में नदारत मिले 15 कार्मिक, सीडीओ अभिषेक कुमार ने रोका वेतन

लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** बुधवार की सुबह करीब 10.05 बजे सीडीओ अभिषेक कुमार ने विकास भवन के ऑफिसों में छापा मार दिया। कर्मचारी बगैर सूचना के गायब मिले। सीडीओ ने निरीक्षण में गायब मिले सभी 15 कार्मिकों का वेतन रोका दिया।

बुधवार को सुबह 10.05 बजे सीडीओ ने डीडीओ ऑफिस से जांच की शुरूआत की। सीडीओ ने हाजिरी रजिस्टर मंगा लिए। मौके पर अधिकारी-कर्मचारियों को बुलाकर मिलान किया। निरीक्षण के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी दफ्तर के कार्मिक भूपराम राना, सैय्यद साद, शिवनन्दन भारती, अजय कुमार, सुशील कुमार, श्रीमती एकता सिंह गायब मिली। वही जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी कार्यालय के कार्मिक



डा. मंजू दीक्षित, श्रीमती नीति शर्मा, प्रवीन कुमार, सीवीओ दफ्तर के कनिष्क सहायक रजत प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) से वसूली सहायक अजय शुक्ला अधिशाषी अभियन्ता, ग्रा.अ.वि. दफ्तर के पत्रवाहक राम सुफल, डीडीओ दफ्तर से प्रधान सहायक उस्मान खाँ, पत्रवाहक कृष्ण प्रताप सिंह और परियोजना अधिकारी एकीकृत जनजाति विकास दफ्तर की पत्रवाहक श्रीमती गौरी अनुपस्थित पाई गई। बगैर सूचना के गायब सभी 15 कार्मिकों को वेतन रोक दिया।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप काम किया जाए। लेटलतीफ आने वाले अफसरों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। तय समय पर अधिकारी-कर्मचारी कार्यालयों में उपस्थित होना शुरू करें। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने विभिन्न पटलों पर जाकर कर्मचारियों से उनके कार्यों को भी देखा। औचक निरीक्षण से विकास भवन में हड़कंप मच गया।

## 19 किलो गांजे के साथ भाई-बहन गिरफ्तार



लोकमित्र ब्यूरो

**लोनी।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान आंध्र प्रदेश से चोरी छुपे गांजा लाकर लोनी में बेचने वाले भाई-बहन को ट्रानिक सिटी थाना क्षेत्र के राम पार्क कालोनी से गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से पुलिस ने 19 किलो गांजा बरामद किया है। दोनों अपने परिजनों के साथ मिलकर नशे का कारोबार करते हैं।

एसीपी लोनी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शाहिद और आफरीन बताया है। पूछताछ में शाहिद ने बताया कि आफरीन उसके मामा असगर की लड़की है, उसकी मामी नौशाद वानो उर्फ असगरी व मामा असगर उससे गांजा आर्डर पर मंगाते हैं। वह आंध्र प्रदेश से ट्रकों से गांजा लाकर अपने मामा व मामी को देता था। मामा व मामी इसके बदले में रुपये देते थे। इसमें से वह थोड़ा-थोड़ा निकालकर छोटे-छोटे पैकेट बनाकर चोरी छुपे राह चलते व्यक्तियों को बेच देते है ।

## डीएम ने निरीक्षण कर समझाईं बारीकियां

### मतदान कर्मी पूरी गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करे, ताकि चुनाव के दिन किसी समस्या का सामना नहीं करना पड़ेः डीएम



लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** नगर पालिका परिषद पलियाकला के अध्यक्ष पद के उपनिर्वाचन को लेकर धर्मसभा कॉलेज में मतदान कार्मिकों की प्रशिक्षण कार्यशाला का डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम संजय कुमार सिंह के साथ जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्मिकों को मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी। साथ ही मतदान संबंधी अपने अनुभव सांझा किया।

बुधवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने धर्म सभा इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। डीएम ने मतदान कर्मियों को मतदान से जुड़े टिप्स देते हुए वोटिंग की बारीकियां समझाई। मतदान कर्मियों से सवाल पूछने के साथ ही उन्हें पूरी प्रक्रिया भी समझाई। डीएम ने अलग-अलग मतदान कार्मिकों से मतदान दिवस के दिन उनके कार्यों व दायित्वों के संबंध में जानकारी लेते हुए जाना कि प्रशिक्षण के दौरान मतदान कार्मिक कितने संजीदा हैं। मतदान संबंधी कई प्रश्न पूछते हुए प्रशिक्षण की गुणवत्ता को भी परखा।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रशिक्षण रूम में कर्मियों को जानकारी देते हुए प्रशिक्षक के भूमिका में नजर आई। डीएम में कार्मिकों को कहा कि उनकी सुविधाओं का भी पूरा ख्याल रखा जाएगा। चुनाव के दिन कार्मिकों के ठहरने, भोजन, पेयजल और सुरक्षा आदि की भी अच्छी व्यवस्था रहेगी, ताकि उन्हें कोई परेशानी नहीं हो।

प्रशिक्षण कार्यशाला में मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ मनीष चंद्रा, प्रवक्ता धर्म सभा इंटर कॉलेज ब्रजेश वर्मा, अनुदेशक आईटीआई भारत भूषण मिश्रा द्वारा संयुक्त रूप से दिया गया। प्रशिक्षकों ने कार्मिकों को मतदान प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।

## एनएलसीसी ने नवाब इलेविन को 49 रन से दी मात

लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद ।** वी के टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में एनएलसीसी ने शानदार जीत दर्ज की। टीम ने नवाब इलेविन को 49 रन से मात दी। राजनगर एक्सटेंशन स्थित वी के क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मैच में टॉस एनएलसीसी के कप्तान सुशील जैन ने जीता व पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम ने बिलाल चौधरी के 56 गेंद पर 10 चौकों व 9 छक्कों की मदद से बनाए 115 रन की मदद से निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 245 रन का विशाल स्कोर टांग दिया। मोमीन चौधरी ने 16 गेंद पर नाबाद 39 रन की पारी खेली। शिखर धवन ने 31 रन का योगदान दिया। अश्वनी सिंह, अभिषेक चक्रवर्ती, संजीव जैन व तन्मय खुराना ने एक-एक विकेट लिया। 246 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नवाब इलेविन 17.2 ओवर में 196 रन पर आउट हो गई। सुशील जैन ने नकुल पंडित को पहले ही ओवर में आउट कर टीम को झटका दिया। राजकुमार बिश्नोई ने 28 गेंद पर 63 रन की पारी खेली। राकेश ने 49 रन, हिमांशु पांडे ने 22 रन व जग सिंह ने 21 रन का योगदान दिया। सुमित राणा ने 3, नवनीत वर्मा ने 2 व सुशील जैन ने एक विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बिलाल चौधरी को दिया गया।




## पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली धौरहरा व खमरिया का किया निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

**धौरहरा-खीरी।** पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली धौरहरा का वार्षिक निरीक्षण व खमरिया थाने का औचक निरीक्षण किया। बुधवार को पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद शाहा ने कोतवाली धौरहरा का वार्षिक निरीक्षण व खमरिया थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, मेस, कम्प्यूटर कक्ष व थाना परिसर की साफ-सफाई,देख-रेख एवं रख-रखाव का अवलोकन किया।

कार्यालय में ग्राम अपराध रजिस्टर एवं अपराध रजिस्टर, अभियोग दैनिकी, एनसीआर रजिस्टर,महिला उत्पीड़न रजिस्टर, क्रियाशील अपराधी रजिस्टर, गुंडा रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, बीट सूचना रजिस्टर, आईजीआरएस रजिस्टर का अवलोकन कर थाना क्षेत्र में घटित होने वाले अपराधों के विषय में



कोतवाली प्रभारी से जानकारी ली तथा समस्त रजिस्टर्स/अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया। नियमित रूप से ड्यूटी के दौरान गस्त, पिकेट या अन्य किसी भी प्रकार की शांति-व्यवस्था ड्यूटी हेतु पुलिसकर्मियों को शत प्रतिशत सशस्त्र भेजने के संबंध में भी निर्देश दिए। थाने पर दाखिल विभिन्न मुकदमों से संबंधित वाहनों व अन्य माल का विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने के प्रभारी निरीक्षक को निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने जनशिकायतों की सुनवाई कर तत्काल जाँच करने व विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

इस दौरान के सीओ पीपी सिंह,प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्र,इंस्पेक्टर खमरिया विवेक उपाध्याय,क्राइम इंस्पेक्टर गंगा प्रसाद,कस्बा इंचार्ज विरेन्द्र सिंह,उपनिरीक्षक रूद्रप्रकाश पांडेय,विनोद कुमार द्विवेदी,सहित समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

## विवाह समारोह से लौट रहे परिवार को बस ने कुचला, दंपती सहित तीन की मौत

लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में मंगलवार की देर रात अज्ञात बस ने सड़क पार कर रहे एक ही परिवार के पांच लोगों को टक्कर मार दी।

जानकारी के अनुसार थाना क्रासिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र में नेशनल हाईवे नौ पर शादी समारोह से लौट रहे लोगों को बस ने टक्कर मार दी। हादसे में दंपती समेत तीन की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रुप से घायल हो गई।

महिला का दिल्ली में उपचार चल रहा है। पुलिस सीसीटीवी खंगालने में जुटी है। जनपद गौतमबुद्धनगर के दादरी निवासी 42 वर्षीय पवन कुमार अपनी 38 वर्षीय सुनीता के साथ मंगलवार देर शाम मुरादाबाद में शादी समारोह से वापस लौट रहे थे। उनके साथ सुनीता की रिश्तेदार नीलम निवासी माता कालोनी विजयनगर और सुनीता की बहन श्वेता पत्नी दिलीप निवासी




पालम दिल्ली भी थी। मंगलवार रात लगभग साढ़े नौ बजे उक्त सभी मुरादाबाद से आने वाली बस से क्रासिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र के नेशनल हाईवे नौ पर कमला हॉल के सामने उतरे। सभी बस से उतरकर हाईवे किनारे खड़े थे।

इसी दौरान हापुड की ओर से तेज रफ्तार से आ रही बस ने चारों को टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर से सभी गंभीर रुप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला एमएमजी अस्पताल और आरती अस्पताल नोएडा में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने पवन, उनकी पत्नी सुनीता और नीलम को मृत घोषित कर दिया।

## अन्तर जनपदीय ट्रैक्टर ट्राली चोर गैंग धरा गया

- तीन बदमाशों की निशानदेही पांच चोरी की ट्राली बरामद

लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद भर में अपराध व अपराधियों की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत मंगलवार को हैदराबाद पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर मढिया सडक भट्ठे से वाहन चेकिंग के दौरान 3 नफर आरोपियों सलमान उर्फ डबलू पुत्र मुस्तिजाउल्ला उर्फ डगमग, आफताब खान पुत्र अहमद जान,मो0 जीशान उर्फ राजा पुत्र अहमद जान निवासीगण ग्राम रसूलपुर कोतवाली गोला गोकर्णनाथ खीरी की निशानदेही पर 5 चोरी की ट्राली 2 ट्रैक्टर एक मोटर साइकिल व एक अवैध तमन्चा




मय दो जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही हेतु मा0 न्यायालय खीरी महोदय के समक्ष भेजा गया।

गिरफ्तार आरोपियों से बरामदगी का विवरणः 5 ट्रैक्टर की ट्राली,2 ट्रैक्टर,1 मोटरसाइकिल प्लेटिना रंग काला बिना नम्बर प्लेट,1 तमन्चा मय 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर

1--आपराधिक इतिहास अभियक्त सलमान उर्फ डबलूः मु0अ0सं0 0027/2022 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधि0 थाना हैदराबाद खीरी,मु0अ0स0 707/2022 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना पलिया खीरी, मु0अ0स0 017/2023 धारा 41/411 भा0द0वि0 कोतवाली गोला गोकर्णनाथ खीरी, मु0अ0स0 018/2023 धारा 8/20 हृष्ठक्र्⁄ष्ट्ज्ञ कोतवाली गोला गोकर्णनाथ खीरी, मु0अ0स0 617/2023 धारा 8/20 हृष्ठक्र्⁄ष्ट्ज्ञ कोतवाली गोला गोकर्णनाथ खीरी,मु0अ0सं0 279/2024 धारा 8/20 हृष्ठक्र्⁄ष्ट्ज्ञ कोतवाली गोला गोकर्णनाथ खीरी,मु0अ0स0 325/2024 धारा 303(2)/317 (2) क्व्हस् थाना हैदराबाद खीरी,मु0अ0स0 333/2024 धारा 303(2)/317 (2) क्व्हस् थाना हैदराबाद खीरी,मु0अ0स0 348/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना हैदराबाद खीरी।

2--आपराधिक इतिहास अभियुक्त आफताब खान,मु0अ0स0 325/2024 धारा 303(2)/317(2) क्व्हस् थाना हैदराबाद खीरी,मु0अ0स0 333/2024 धारा 303(2)/317(2) क्व्हस् थाना हैदराबाद खीरी।

3--आपराधिक इतिहास अभियुक्त मो0 जीशान उर्फ राजाः मु0अ0स0 815/2022 धारा 323/504/506 भा0द0वि0 कोतवाली गोला गोकर्णनाथ खीरी,मु0अ0स0 325/2024 धारा 303 (2) / 317 (2) क्व्हस् थाना हैदराबाद खीरी,मु0अ0स0 333 / 2024 धारा 303 (2)/317 (2) क्व्हस् थाना हैदराबाद खीरी आरोपियों की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 जयप्रकाश यादव,उ0नि0 सतीश चन्द्र ,उ0नि0 मो0 कलाम खाँ,हे0का0 राकेश यादव, धीरज यादव,का0 अरविन्द कुमार,का0 धर्मेन्द्र कुमार,का0 महेश कुमार सहित थाना हैदराबाद का अन्य पुलिस बल मौजूद रहा।

## आखिरकार कचहरी में हुई हड़ताल खत्म

### 37 दिनों से चल रहा था धरना



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** कचहरी में 37 दिन से चली आ रही हड़ताल बुधवार को समाप्त हो गई। अधिवक्ता बृहस्पतिवार से अदालतों में काम शुरू करेंगे। हड़ताल समाप्त होने की बार अध्यक्ष दीपक शर्मा ने घोषणा की।

बार अध्यक्ष ने बताया कि जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार ने पुलिस आयुक्त से वार्ता कर वकीलों के खिलाफ दर्ज हुई सभी केस वापस करने का आश्वासन दिया। बार और बेंच की गरिमा बनी रहे, इसलिए हड़ताल समाप्त की जाती है।29 अक्टूबर को एक जमानत अर्जी पर बहस को लेकर जनपद न्यायाधीश की अदालत में जनपद न्यायाधीश और पूर्व बार अध्यक्ष नाहर सिंह यादव के बीच नोंक-झोक के बाद पुलिस ने अदालत में ही वकीलों पर लाठीचार्ज कर दिया था। घटना के विरोध में चार नवंबर से अधिवक्ता कचहरी में हड़ताल पर थे।

## कुख्यात हिस्ट्रीशीटर गौकश फर्जी पासपोर्ट से सऊदी फरार

- दर्जनों मुकदमों के बाद भी कैसे जारी हुआ पासपोर्ट, सुरक्षा एजेंसियों की भूमिका संदिग्ध
- खीरी के हिस्ट्रीशीटर ने सरकारी तंत्र को गुमराह कर बनवाया पासपोर्ट-वीजा, सऊदी अरब फरार

लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** वारदात को अंजाम देकर अपराधी अब विदेश (सऊदी अरब) में अपना ठिकाना बना रहे हैं। दरअसल पासपोर्ट बनवाने और उसके नवीनीकरण पर ही पुलिस वेरीफिकेशन किया जाता है।

जानकारी मुताबिक् जनपद लखीमपुर-खीरी के कुख्यात हिस्ट्रीशीटर अरशद अंसारी ने अपने रसूख और धनबल का उपयोग करते हुए सरकारी तंत्र को गुमराह कर फर्जी पासपोर्ट बनवा लिया




और सऊदी अरब फरार हो गया। अरशद के खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास, गौ-वध, गैंगस्टर एक्ट, जालसाजी और चोरी समेत संगीन धाराओं में कई-कई मुकदमे दर्ज हैं। बावजूद इसके, पुलिस और प्रशासन की लापरवाही के चलते वह आसानी से पासपोर्ट बनवाने में सफल रहा।

**पासपोर्ट प्रक्रिया में कई चेक-प्वाइंट्स के बावजूद लापरवाहीः** पासपोर्ट बनवाने की प्रक्रिया में कई स्तरों पर जांच होती है। सबसे पहले ऑनलाइन आवेदन के बाद पासपोर्ट कार्यालय से पुलिस को जांच रिपोर्ट भेजी जाती है। पुलिस को आवेदनकर्ता का सत्यापन करना होता है और यह सुनिश्चित करना होता है कि उस व्यक्ति के खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है। इसके अलावा, स्थानीय सभासद या जिम्मेदार व्यक्ति से यह प्रमाणपत्र लेना आवश्यक होता है कि आवेदनकर्ता उनके क्षेत्र का निवासी है।लेकिन खीरी टाउन निवासी अरशद अंसारी, जो दर्जनों मामलों में अपराधी था, इन सभी चेक-प्वाइंट्स को धता बताते हुए पासपोर्ट बनवाने में सफल रहा। खीरी पुलिस की जांच रिपोर्ट में अरशद का अपराधी इतिहास दर्ज होने के बावजूद यह मामला कैसे छूट गया, यह जांच का विषय है वहीं सुरक्षा एजेंसियों की भूमिका पर भी प्रश्नचिन्ह के साथ साथ सरकारी मशीनरी और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहा है। अरशद अंसारी का सऊदी अरब फरार होना न केवल पुलिस की लापरवाही को उजागर करता है, बल्कि यह भी बताता है कि किस तरह प्रभावशाली अपराधी कानून के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इस घटना ने पुलिस और प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### आम जनमानस में नाराजगी!

इस घटना से स्थानीय लोगों में खासी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि अगर एक कुख्यात अपराधी इतनी आसानी से सरकारी तंत्र को गुमराह कर सकता है, तो आम जनता की सुरक्षा का क्या होगा? यह मामला प्रशासनिक और पुलिस व्यवस्था की खामियों को उजागर करता है, जिसकी तत्काल जांच और सुधार आवश्यक है। प्रकरण के संदर्भ में जिम्मेदारों से बात करने पर वह कुछ भी बोलने से बच रहे हैं वहीं पुलिस रिकार्ड के अनुसार आरोपी पर जनपद खीरी व आसपास लगभग दो दर्जन से अधिक मुकदमे हत्या, गौकशी, जनलेवा हमले इत्यादि गंभीर मामलों के दर्ज हैं।

### निष्पक्ष जांच की मांग!

कुख्यात हिस्ट्रीशीटर का पासपोर्ट बनकर सऊदी अरब रफू-चक्कर मामले में निष्पक्ष जांच की मांग उठ रही है। यह पता लगाना आवश्यक है कि अरशद अंसारी निवासी कस्बा खीरी टाउन, थाना खीरी, जनपद लखीमपुर-खीरी ने पासपोर्ट और वीजा के लिए आवेदन में क्या जानकारियां दी, और संबंधित अधिकारियों ने उसकी पृष्ठभूमि की जांच में चूक कैसे किया।

## बेर खाकर छुहारों का मजा लेते हैं...

लोकमित्र ब्यूरो

**निघासन-खीरी।** नगर पंचायत निघासन के झंडी रोड स्थित नंदीश्वर बाबा स्थान के ग्राउंड में आयोजित हुए इस कवि सम्मेलन में नामी-गिरामी कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करते हुए मध्य रात्रि तक तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया , रात्रि साढ़े नौ बजे मां सरस्वती की वाणी वंदना से शुरू हुआ कवि सम्मेलन रात्रि डेढ़ बजे तक चलता रहा कवि सम्मेलन की गौरवशाली अध्यक्षता डाक्टर आर.एन दास ने की,कवियत्री रंजना सिंह हया की वाणी वंदना से कवि सम्मेलन की शुरुआत की,मात शारदे जरा दुलार दे मुझे एक बार नेह से निहार दे मुझे लखनऊ से आई कवियत्री डा0 शशि श्रेया ने पढ़ा सर्दियों में तुम्हारी याद है कंबल जैसी जुदा करूं तो मेरी जान निकल जाती है। सुनहरी लाल तुरंत ने पढ़ा छत टपके तो फव्वारों का मजा लेते हैं,बंद कमरे में बहारों का मजा लेते हैं मूंगफलियों को बादाम समझ खाते हैं, बेर खा कर छुहारों का मजा लेते हैं। डा0एकलाख ने पढ़ा मुफलिसी के सबब इतने फाके हुए रोटियों के हमें रूवाब आने लगे।बसर हरगावीं ने पढ़ा आग होती में होता हूं शकर होती है जिंदगी अपनी मिठाई में बसर होती है। प्रशांत पाण्डेय ने पढ़ा हमारे वेदना का स्वर तुम अपने चाव से ले लो। जो उम्मीदों से चलती है तुम ऐसी नाव से लेलो,नहीं कोठी नहीं बंगला नहीं कुछ चाहिए हमको फसल है रक्त से सींची इसे बस भाव ले लो।काविश रूदौलवी ने पढ़ा हम हों दुःखी तो हमको हंसाती बेटियां,सोया हुआ नसीब जगाती हैं बेटियां। इसके साथ संदीप मोहन, आलोक गंजरहा,



राहुल ने काव्यपाठ किया। कार्यक्रम जबरदस्त संचालन नीरज पाण्डेय ने किया। वहीं नीरज पाण्डेय अपने कविता पाठ के दौरान ओज की रचनाएं पढ़कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया श्री राम लीला मेला निघासन में कवि सम्मेलन के साथ साथ पत्रकार बंधुओं के सम्मान समारोह का भी आयोजन हुआ जिसमें क्षेत्र के सभी कलमकार बंधुओं ने अपनी सहभागिता निभाई इस अवसर पर अशोक चौबिया, योगेन्द्र शाक्य, शिवकुमार विश्वकर्मा, प्रमोद गुप्ता, जसपाल सिंह पल्ला , मनोज गुप्ता , आनंद चतुर्वेदी, मोहित मौर्या, शिवा यादव सहित क्षेत्र के सैकड़ों संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।

# बहन की शादी से चार दिन पहले उठा भाई का ज़नाजा

## सुपुर्द खाक हुआ युवक, बहन बोली-अब्बू भईया चला गया हमको छोड़कर



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बल्दीराय/सुल्तानपुर।** बल्दीराय थाना अंतर्गत मोहम्मदपुर काजी निवासी जैनुलआबेदीन की नीलगाय से टक्कर के कारण मंगलवार को मौत हो गई। बुधवार दोपहर उसका जनाजा उठा तो कोहराम मच गया। गांव के कब्रिस्तान में उसे सुपुर्द खाक किया गया, जहां सैकड़ों लोग जमा थे। मोहम्मदपुर काजी निवासी जियाउद्दीन (70) ने दो शादी की थी। पहली पत्नी मायके चली गई थी। दूसरी पत्नी बिलकीस बानो (60) से दो बच्चे हैं। बड़ा लड़का जैनुलआबेदीन (24) और लड़की मुस्कान बानो (21) हैं। जियाउद्दीन खेती-किसानी करते हैं। इकलौता बेटा जैनुल आबेदीन माता-पिता का बुढ़ापे का सहारा था। वो सऊदी अरब में रहकर नौकरी करता था। 18 नवम्बर को वो सऊदी अरब के दूसरे सफर से लौटा। वजह थी बहन की शादी। जैनुलआबेदीन की बहन मुस्कान की 15 दिसम्बर को बारात आना है। ऐसे में वो भाग दौड़ में लगा था। दान दहेज का सामान खरीदारी करने के बाद वो कॉर्ड बाटने में लग गया। मंगलवार को जैनुलआबेदीन गांव के ही रहने वाले सादिक अली के साथ कॉर्ड बाट कर शाम 5 बजे घर लौट रहा था। जब वे हलियापुर-सुल्तानपुर मार्ग पर लक्ष्मीनगर रसूलपुर के पास पहुंचे तभी अचानक से नीलगाय आ गई। बाइक जैनुलआबेदीन चला रहा था, ऐसे में नीलगाय से टकराकर वो कुछ दूर सड़क पर सिर के बल गिरा। उसने हेलमेट नहीं पहना रखा था ऐसे में उसका सिर फट गया और अत्याधिक खून बह गया। जबकि उसके साथी को मामूली चोटे आई। स्थानीय लोग आनन-फानन में उसे लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। लेकिन तब तक देर हो चुकी थी।

डॉक्टर ने जैनुलआबेदीन को ब्रॉड डेड घोषित कर दिया। शादी वाले घर में देर शाम जब लाश पहुंची तो वहां पर कोहराम बरपा हो गया। बहन ने भाई की लाश को देखकर कहा भाई बोलकर गए थे अभी हम आ रहे हैं, अब वो बोल नहीं रहे। रात भर शव घर पर रखा रहा और बहन व मां तड़पती रही। बुधवार दोपहर जनाजा तैयार करके जब कब्रिस्तान ले जाया जाने लगा तो मृतक की बहन ने अपने पिता से कहा अब्बू भाई चला गया हमको छोड़कर, जिस पर सबकी आंखे डबडबा उठी। जनाजे की नमाज अदा करने के बाद उसे सुपुर्द खाक किया गया। बताया जा रहा है अब चार दिन बाद सादगी से निकाह के बाद लड़की को विदा किया जाएगा।

# सेंध काटकर हुई लाखों की चोरी

**कुड़वार/सुल्तानपुर।** मंगलवार की रात सेंध काटकर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दे डाला। सुबह सो कर उठने के बाद घर वालो को जानकारी हुई।घटना की सूचना पीड़ित ने पुलिस को देकर कार्यवाही की मांग की।

बता दे कि मंगलवार की रात स्थानीय थाना क्षेत्र के कुड़वार कस्बे के बगल अयोध्या लाल का पुरवा गांव में मुकेश कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व रणजीत लाल श्रीवास्तव के घर में मकान की दक्षिणी दीवाल काटकर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दे डाला। पीड़ित को पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार चोरों ने 03 बक्सा,अटैची आदि उठा ले गए। जिसमे 10 हजार रुपए, कीमती साड़ीया, दो अंगूठी, दो मंगल सूत्र, करधन, चांदी की तस्तरी, नारियल, सुपाड़ी, तीन मर्दाना अंगूठी व आलमारी से 30 हजार रुपए नगद पर हाथ साफ कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर जांच पड़ताल की। प्रभारी निरीक्षक चंद्रभान वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# छात्रों की उपस्थिति कम मिलने पर 238 प्रधानाध्यापकों से स्पष्टीकरण तलब

## छात्रों की शत प्रतिशत उपस्थित न होने पर संबंधित विद्यालयों के शिक्षक का वेतन रोकने की चेतावनी




**बलरामपुर।** परिषदीय विद्यालयों में छात्रों की कम उपस्थित पर 238 प्रधानाध्यापक को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। इन विद्यालयों में 60 प्रतिशत से कम छात्रों की उपस्थिति पाई गई है। यह कमी इंटरएक्टिव वॉइस रिस्पांस सिस्टम आईवीआरएस से की गई समीक्षा के माध्यम से सामने आया है।

परिषदीय विद्यालयों में लगातार छात्रों की कम उपस्थिति बेसिक शिक्षा विभाग के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला ने 9 दिसंबर को आईवीआरएस पर छात्रों की उपस्थिति की समीक्षा की गई समीक्षा में 238 परिषदीय स्कूल इस तरह मिले हैं, जहां विद्यार्थियों की उपस्थिति 60त्न से नीचे है। इनमें मुख्य रूप से बलरामपुर ग्रामीण में 28, गैसड़ी एवं गंडास बुजुर्ग में 23- 23, हरैया सतघरवा में 31, श्रीदत्त गंज शिक्षा क्षेत्र में 52, तुलसीपुर में 30 ,पचपेड़वा में 16 ,रहरा में 19 ,उतरौला में 14 सहित नगर क्षेत्र बलरामपुर एवं उतरौला में एक-एक विद्यालय शामिल है। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने इन स्कूलों में छात्रों की संख्या काम मिलने पर विद्यालय प्रधानाध्यापकों से छात्रों की उपस्थिति कम होने के संबंध में स्पष्टीकरण तलब किया है साथ ही साथ उपस्थिति बढ़ाने के लिए क्या प्रयास किए गए हैं इस संबंध में भी जानकारी मांगी है प्रधानाध्यापकों को अभिभावकों से संपर्क कर छात्रों की उपस्थिति सत प्रतिशत बढ़ाने का निर्देश दिया है उपस्थित सुधार न होने पर दिसंबर महीने का वेतन रोकने की चेतावनी दी है।बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने शिक्षा क्षेत्र में इंटरएक्टिव वॉइस रिस्पांस सिस्टम के रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विद्यालयों में सत प्रतिशत उपस्थित छात्रों की सुनिश्चित करें।

# झाड़ियों मे पड़ा मिला नरकंकाल, जलाकर हत्या करने का संदेह



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बल्दीराय/सुल्तानपुर।** थाना क्षेत्र के हंसुई मुकुंदपुर मोड पर कूरेभार हलियापुर सड़क किनारे सरपत की झाड़ियों में बुधवार सुबह नरकंकाल देखा गया जिसे देख लोगों में हड़कंप मच गया जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने थाने पर दी। घटना थाना क्षेत्र के हसुई मुकुंद गांव की है जहां कूरेभार हलियापुर सड़क के किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में सरपत की झाड़ियों में लगभग 35 वर्षीय एक अज्ञात युवक का अधजला नरकंकाल मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। खबर सुनते ही सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण व राहगीर मौके पर शव देखने पहुंच गये घंटों मशक्कत के बाद भी शव की पहचान नहीं हो सकी।स्थानीय लोगों की सूचना पर स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने पहुंचकर शव की शिनाख्त के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया है। वहीं सूचना मिलते ही फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की है। शुरुआती दौर में लोगों का कहना है कि प्रथम दृष्ट्या ऐसा लग रहा है कि हत्या करके पहचान छिपाने के लिए चेहरा आदि जलाकर शव को फेंका गया है। शव के दाहिने हाथ में कलावा बांधा है जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि शव किसी पुरुष का है क्योंकि हिन्दू मान्यता अनुसार हिन्दू पुरुष के दाहिने हाथ में कलावा बांधा जाता है। तो वही पुलिस प्रशासन द्वारा थानो में गुमशुदगी के मामलेचेक कराए जा रहे हैं। फिलहाल खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पाई है।इस संबंध में थाना अध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया कि विधिक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है आसपास के थानों में गुमशुदगी के मामले भी चेक कराए जा रहे हैं। पहचान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का सही पता चल पाएगा।

# बेटियों में आत्मरक्षा एवं आत्मनिर्भरता जरूरी- रेशू

## यूपीएस इमलिया में आत्मरक्षा प्रशिक्षण का हुआ समापन





**बलरामपुर।** बुधवार को रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का उच्च प्राथमिक विद्यालय इमलिया में समापन हुआ प्रशिक्षण के माध्यम से बेटियों को आत्म रक्षा के टिप्स दिए गए।

विद्यालय प्रधानाध्यापिका रेशू पाण्डेय की अध्यक्षता में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया इसमें बेटियों को आत्म सुरक्षा का विभिन्न प्रशिक्षण दिया गया। विद्यालय की बालिकाओं ने एक नारी सशक्तिकरण गीत वह एक नाटक के माध्यम से आत्मरक्षा के विभिन्न गुणों को दिखाया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य भगवत प्रसाद दिनेश कुमार एवं राम बहादुर ने विद्यालय की व्यवस्था एवं बेटियों के शिक्षा स्वास्थ्य सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की संरहना की है। प्रशिक्षक प्रज्वल दीक्षित ने बेटियों को आत्मरक्षा की उपयोगिता बताइए एवं उन्हें प्रशिक्षित करके विपरीत समय में अपनी सुरक्षा के उपाय बताएं हैं प्रधानाध्यापिका ने सभी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है आत्मरक्षा प्रशिक्षण में रूपा प्रथम ,नैना द्वितीय एवं सारिका को तीसरा स्थान मिलने पर प्रशस्ति पत्र के साथ मेडल देकर एसएमसी सदस्य ने सम्मानित किया है। इसके अलावा छात्रा पीहू व पल्लवी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इन छात्रों को भाषा उत्सव कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रतिभा प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापिका ने बताया कि छात्राओं में आत्मरक्षा का गुण होना भी जरूरी है। आत्मनिर्भरता होना भी आवश्यक है।

# युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला

**मोतिगरपुर/सुल्तानपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत ढ़ेमा गांव में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में टीनशेड के बरामदे में बल्ली से लटकता हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मोतिगरपुर थाने के ढ़ेमा गांव निवासी सभापति पुत्र विश्वनाथ वर्मा (36वर्ष) का शव संदिग्ध परिस्थितियों में टीनशेड के बरामदे में बल्ली से लटकता हुआ मिला। मृतक की पत्नी मालती वर्मा अपने इकलौते बेटे आशू पटेल (17वर्ष) के साथ मायके गई हुई है। पुलिस घटना के अन्य पहलुओं की जांच कर रही है। थानाध्यक्ष मोतिगरपुर प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि युवक शराब पीने का आदी था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

# कविता कहानी की प्रस्तुति बच्चों में कवि गुण का करती विकास- महमूदुल हक

## महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती पर साहित्य शाला का हुआ आयोजन





**बलरामपुर।** कविता कहानी की प्रस्तुति बच्चों में अभिव्यक्ति क्षमता व कवि गुण का विकास करती है, यह बातें भारतीय भाषा उत्सव के समापन के अवसर पर महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती के उपलक्ष्य में साहित्यशाला के संस्थापक महमूदुल हक अज्म बलरामपुरी ने कही। विभागीय निर्देश पर बेसिक शिक्षा परिषद से संचालित साहित्य मंच साहित्य शाला की तरफ से कंपोजिट विद्यालय मुजेहनी में बाल कविसम्मेल का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल में उपस्थित अध्यापको ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से किया गया। मधु व शाकिरा छात्रा ने मां सरस्वती वंदना के साथ की । कार्यक्रम का संचालन कक्षा 7 की छात्रा तहसीन ने किया। कार्यक्रम में सलमान, ओंकार, मन्ना मौर्य, जैसमीन, अमृता, सोनी, गुड़िया, सनम, शाकिरा, अंशिका, दिनेश, शादाब, साजिद, विशाल, अमरजीत, अनुराग, मुस्कान, समीरुन्निसा, नैंसी, लक्ष्मी, प्रतिमा, मोहिनी, हमीद रज़ा, प्रेमा, अनिता, सुनीता, इसराइल, सलीमुन निसा आदि बच्चों ने कविता पाठ किया। इस अवसर पर शिक्षक अनिल कुमार, अंशु, माहेश्वरी के साथ कदम वॉलंटियर माया यादव व शहजादी ने महाकवि सुब्रमण्यम भारती के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को साहित्य के प्रति प्रेरित किया। साहित्य शाला में बच्चों ने अपनी साहित्यिक प्रतिभा को प्रदर्शित किया है।

# 15 दिसंबर से शुरू हो रही एक मुफ्त समाधान योजना

**सुल्तानपुर।** बिजली बकायदाओं के लिए बिजली विभाग ने तीन चरण में अभियान चलाने का फैसला किया है। 15 दिसंबर से पहले चरण का अभियान शुरू होगा। जिसमें 1 किलो वाट भार तक के उपभोक्ताओं को 100 ब्याज में छूट दिए जाने की तैयारी की गई है। इसी के साथ दूसरे और तीसरे चरण में छूट की धनराशि का प्रतिशत काम होता चला जाएगा। अधीक्षण अभियंता इंजीनियर एके सिंह ने बताया कि अधिक जानकारी के लिए उपभोक्ता अपने क्षेत्र के अधिशासी अभियंता से संपर्क करें। संपूर्ण जानकारी विभाग द्वारा अधिशासी अभियंताओं को उपलब्ध कराई गई है। अधिक से अधिक उपभोक्ता इसका लाभ ले सकता है।

**तीन चरण में चलेगा अभियान पहले अभियान में सर्वाधिक छूट**

# भाजपा लोकतांत्रिक दल, हर तीन वर्षों में होते हैं चुनाव-डॉ आरए.वर्मा

## जिले में 2382 सक्रिय सदस्य, नगर नम्बर एक पर बने 312 सक्रिय सदस्य




**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुलतानपुर।** बुधवार को पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा की अध्यक्षता में जिला सहचुनाव अधिकारी आनन्द द्विवेदी समेत जिम्मेदार कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में बूथ समिति चुनाव व अबतक बने सक्रिय सदस्यता की जानकारी ली। जिलाध्यक्ष ने कहा भाजपा लोकतांत्रिक दल है। संगठन को सशक्त करने और नेतृत्व को मजबूत करने की दृष्टि से हर तीन वर्षों में चुनाव होते हैं। कार्यकर्ता ही पार्टी व संगठन की ताकत हैं। बैठक में मौजूद जिला मंत्री आशीष सिंह रानू ने बताया कि जिले में 2482 सक्रिय सदस्य बने है। नगर में आकाश जायसवाल व सक्रिय सदस्यता प्रमुख सौरभ पाण्डेय के प्रयास से 312 सक्रिय सदस्य बनाएं गए हैं,जो 26 मंडलों में नम्बर एक पर है।दूसरे पर लोहरामऊ 163 व तीसरे पर बल्दीराय मंडल में 148 सदस्य बने हैं।

भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी दी कि गुरुवार 12 दिसम्बर को जिला चुनाव अधिकारी एमएलसी मानवेन्द्र सिंह दो दिवसीय प्रवास पर जिले में पहुंच रहे हैं। इस दौरान वह संगठन चुनाव की गतिविधियों की जानकारी लेंगे। एमएलसी मानवेन्द्र सिंह गुरुवार शाम पांच बजे जिला पदाधिकारियों व मंडल चुनाव अधिकारी के साथ बैठक भी करेंगे। इस मौके पर महामंत्री विजय त्रिपाठी, संदीप सिंह, सुनील वर्मा आदि मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय खेलकूद में बच्चों ने हुनर व जज्बा दिखा जीती प्रतियोगिता, जीते पुरस्कार

**जौनपुर।** परिषदीय विद्यालयों की दो दिवसीय 46वीं जिला स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में बच्चो ने अपना हुनर व जज़्बा दिखाया और प्रतियोगिता जीती। बी आर पी इन्टर कालेज के मैदान पर बुधवार को दूसरे दिन समापन समारोह के मुख्य अतिथि मा0 विधायक मड़ियाहूं डा0 आर के पटेल रहे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल ने मुख्य अतिथि मा0 विधायक जी और विशिष्ट अतिथि राष्टीय महासचिव अपना दल पप्पू माली को बुके व स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया।

अतिथियों ने विजयी प्रतिभागियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र व शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर मा0 विधायक डा0 आर के पटेल ने कहा कि खेल ही है जहां हार को सहज भाव से और जीत को पूरी विनम्रता के साथ स्वीकार किया जाता है। खेलों में अपनी मेहनत के दम पर भविष्य संवारा जा सकता है। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिता से आने वाली पीढ़ी को खेलो में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है और उनमें देश के लिए कुछ करने का जज्बा भी पैदा होगा। पूरी आयोजन समिति बधाई की पात्र है। प्रतियोगिता में तहसील स्तर से चयनित होकर आए जूनियर व प्राथमिक स्कूलों के बालक बालिकाओं की अलग-अलग प्रतियोगिताएं हुई। जिसमे दौड़ प्रतियोगिता में जूनियर स्तर बालक वर्ग 600 मीटर मे शाहगंज तहसील प्रथम, सदर तहसील द्वितीय, मड़ियाहू तहसील तृतीय व 400 मीटर मे मड़ियाहू, प्रथम, शाहगंज द्वितीय, मछलीशहर तृतीय व 200 मीटर मे मछलीशहर प्रथम, शाहगंज द्वितीय, मड़ियाहू तृतीय व 100 मीटर मे मड़ियाहू प्रथम, शाहगंज द्वितीय, सदर तृतीय स्थान पर रहे। दौड़ जूनियर बालिका वर्ग 600 व 400 मीटर में क्रमशः मड़ियाहू, शाहगंज, सदर व 200 मीटर मे सदर, बदलापुर, मड़ियाहू व 100 मीटर मे बदलापुर, मछलीशहर, केराकत क्रमशः प्रथम द्वितीय, तृतीय रहे। दौड़ प्राथमिक स्तर



बालक वर्ग 400 व 200 100 मीटर मे क्रमशः केराकत, शाहगंज, मड़ियाहू, व 50 मीटर मे बदलापुर, मछलीशहर, सदर क्रमशः प्रथम द्वितीय, तृतीय रहे। प्राथमिक बालिका वर्ग दौड़ 400 मीटर मे क्रमशः शाहगंज, मछलीशहर, मड़ियाहू, व 200 मीटर मे केराकत, शाहगंज, मड़ियाहू व 100 मीटर में मछलीशहर, बदलापुर, मड़ियाहू व 50 मीटर मे मड़ियाहू, मछलीशहर, बदलापुर क्रमशः प्रथम द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे।खो-खो प्राथमिक बालिका वर्ग मे शाहगंज प्रथम, मड़ियाहू द्वितीय, व खो खो जूनियर बालक वर्ग में मड़ियाहू प्रथम, मछलीशहर द्वितीय व बालिका वर्ग मे मड़ियाहू प्रथम, शाहगंज द्वितीय। कबड्डी प्राथमिक बालिका वर्ग मे मड़ियाहू प्रथम, शाहगंज द्वितीय व कबड्डी जूनियर बालक वर्ग मे मड़ियाहू प्रथम, बदलापुर द्वितीय व बालिका वर्ग मे मड़ियाहू प्रथम, सदर द्वितीय रहे। समूह गान जूनियर स्तर मे शाहगंज प्रथम, बदलापुर द्वितीय, सदर तृतीय व लोक नृत्य जूनियर स्तर में शाहगंज प्रथम, बदलापुर द्वितीय, मछलीशहर तृतीय व अन्ताक्षरी मे मछलीशहर प्रथम, शाहगंज द्वितीय व पीटी एवं विशेष प्रदर्शन में महाराजगंज प्रथम, केराकत द्वितीय, मड़ियाहू तृतीय। बैडमिंटन जूनियर बालिका वर्ग मे मड़ियाहू प्रथम, सदर द्वितीय व बालक वर्ग मे मड़ियाहू एकल व युगल दोनो मे प्रथम रहे। योगा मे मड़ियाहू प्रथम व सदर द्वितीय रहे। वालीवाल बालक में बदलापुर प्रथम, मड़ियाहू द्वितीय व बालिका वर्ग मे बदलापुर प्रथम, मड़ियाहू द्वितीय रहे। लम्बी कूद जूनियर बालक वर्ग में शाहगंज प्रथम, मड़ियाहू द्वितीय, केराकत तृतीय व लम्बी कूद जूनियर बालिका वर्ग सदर प्रथम, मछलीशहर द्वितीय, मड़ियाहू तृतीय व ऊंची कूद जूनियर बालक व बालिका वर्ग मे सदर प्रथम, शाहगंज द्वितीय व गोला फेंक जूनियर बालक वर्ग मे मड़ियाहू प्रथम, शाहगंज द्वितीय, मछलीशहर तृतीय व गोला फेंक बालिका वर्ग मे शाहगंज प्रथम, मड़ियाहू द्वितीय, सदर तृतीय। डिस्कस थ्रो बालक वर्ग मे सदर प्रथम, केराकत द्वितीय, मड़ियाहू तृतीय व डिस्कस थ्रो बालिका वर्ग मे शाहगंज प्रथम, सदर द्वितीय, केराकत तृतीय स्थान पर रहे। जिन्हें पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कई आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। प्राथमिक विधालय पुलिस लाइन के बच्चों ने देश भक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अन्त में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल ने सफल आयोजन के लिए समस्त समितियो सहित सभी का आभार व्यक्त किया।संचालन बीईओ रमेश चन्द्र पटेल, प्रीति श्रीवास्तव, नुपुर श्रीवास्तव, सै0 मो0 मुस्तफा व शैलेश चतुर्वेदी ने किया। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी संघ अध्यक्ष बसन्त कुमार शुक्ल, बीईओ नीरज श्रीवास्तव, अविनाश सिंह, सहित समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, सभी जिला समन्व्यक, प्राथमिक शिक्षक संघो के जिलाध्यक्ष सहित जिला व ब्लाक स्तर के पदाधिकारी, एस आर जी, जिला व्यायाम शिक्षक रवि चन्द्र यादव व राकेश यादव, विन्ध्वासनि उपाध्याय, राजू सिंह, डा संतोष तिवारी, शिवांश तिवारी आदि सहित शिक्षक छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# आयोजित होगी जनपद स्तरीय निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुलतानपुर।** राणा प्रताप पीजी कॉलेज सुलतानपुर में ÷लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी समारोह आयोजन समिति (कुशभवनपुर) सुलतानपुर÷' की बैठक डॉ0 राधाकृष्ण मिश्र के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में सामान्य परिवार में जन्मी और अपने कर्तृत्व एवं व्यक्तित्व के बल पर इंदौर की महारानी बनी लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवनवृत्त पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान 'डॉ0 राधाकृष्ण मिश्र' ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के कृत सांस्कृतिक उत्थान, उत्कृष्ट प्रशासनिक संचालन एवं सर्वसमाज की उन्नति की विस्तारपूर्वक चर्चा की। समिति के उपस्थित सभी पदाधिकारियों द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के कृत कार्य की जानकारी पहुंचे और भावी पीढ़ी उनसे प्रेरणा ले और स्वयं के जीवन में भी सक्षम बने इस हेतु उनके जीवन पर आधारित जनपद स्तरीय निबंध प्रतियोगिता विषय- ÷रानी अहिल्याबाई का व्यक्तित्व एवं कृतित्वः एक राष्ट्रीय धरोहर÷ एवं ÷प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता÷ कराया जाएगा। दोनो प्रतियोगिताएं क्रमशः दिसंबर और जनवरी माह में आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिता दो-दो चरणों में संपन्न की जाएंगी। पहले विद्यालय स्तर पर और फिर जनपद स्तर पर। दोनो प्रतियोगिताएं बेसिक स्तर कक्षा 6 से 8 तक, माध्यमिक स्तर कक्षा 9 से 12 तक एवं स्नातक - परास्नातक स्तर पर अलग-अलग आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी प्रो0 डी0के0 त्रिपाठी, महेश कुमार सिंह, राकेशमणि त्रिपाठी, डॉ0 पल्लवी सिंह, डॉ0 मनोज मिश्र, धर्मेंद्र उपाध्याय, डॉ0 दिनेश कुमार सिंह, कुशाग्र बरनवाल, डॉ0 अजय कुमार त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

## पांच दिवसीय परीक्षा में पहुंचे परीक्षार्थी, दिया इम्तिहान



**नरैनी।** नेशनल स्किल डेवलमेंट कारपोरेशन प्रशिक्षण केन्द्र में एनएसडीसी डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन नर्सिंग असिस्टैंट की पांच दिवसीय परिक्षा एनएसडीसीटीसी अतर्रा पैरामेडिकल वोकेशनल इंस्टीट्यूट पर सम्पन्न हुई इंस्टीट्यूट डायरेक्टर डा. रमाकान्त द्विवेदी ने बताया कि बहुत जल्द ही इंस्टीट्यूट के रोजगार पर कोर्स बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में वोकेशनल/स्किल पाठ्यक्रम संचालित होंगे । प्राचार्य डा. डीसी गुप्ता सीताराम समर्पण महाविद्यालय नरैनी बताते है कि शासन की मंशानुरूप विश्वविद्यालय को कौशल केन्द्र अतर्रा पैरामेडिकल वोकेशनल इंस्टीट्यूट के पाठ्यक्रम एप्रूवल के लिये विश्वविद्यालय भेजा गया है अनुमति मिलते ही रोजगार परक पाठ्यक्रम छात्र-छात्रा पढ़ सकेंगे प्रस्तावित पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय के एक जिला एक उत्पाद के अतिरिक्त सेमेस्टरवार मेडिकल लैब असिस्टेंट ओटी असिस्टैंट नर्सिंग सिस्टैंट डायटीशियन असिस्टैंट डायबटीज एजुकेटर ऑप्टोमेट्री असिस्टेंट डेंटल असिस्टेंट एक्स-रे असिस्टेंट चाइल्ड केयर एजुकेशन योगा एण्ड नैचुरोपैथी ब्यूटी एण्ड कास्मेटोलॉजी फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री कम्यूटर शिक्षा में कौशल प्राप्त कर सकेंगे जिससे स्थानीय हेल्थकेयर सेक्टर पर रोजगार प्राप्त करने में सहायक होगा।

## जागरूकता शिविर में दी गई उद्योग स्थापित करने की जानकारियां

**बांदा।** पंडित जवाहर लाल नेहरू पीजी कालेज में उत्तर प्रदेश खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड शांति सदन कटरा में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, बेरोजगार नवयुवकों, नवयुवतियों को जो रोजगार में रूचि रखते हों, को उद्योग स्थापना के लिए पंजीकरण कराने और उद्योग स्थापित करने के लिए विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। जेएन पीजी कालेज प्राचार्य केएस कुशवाहा ने दीप प्रज्वलन और गाँधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान रामजी दुबे जिला सूचना अधिकारी, रविशंकर सागर, जिला अग्रणी प्रबंधक, पुष्पेन्द्र सिंह, राजकीय आईटीआई कालेज, गुरूदेव, उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र समेत राजिन्दर कौर वरिष्ठ प्रबन्धक, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। अन्य वक्ताओं द्वारा बैंक और अन्य योजनाओं की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में रामऔतार सेवानिवृत्त प्रबधंक (ग्रामोद्योग), मनीषा देवी, प्रधान सहायक, चुनूबाद, सहायक विकास अधिकारी (द्वितीय) संजीव कुमार, वरिष्ठ सहायक, संतोष कुमार, कनिष्ठ सहायक, प्रमोद कुमार पंकज, कम्प्यूटर आपरेटर आदि लोग उपस्थिति रहे।

## किशोरी से छेड़छाड़ पर चार वर्ष की सजा

**बांदा।** किशोरी से छेड़खानी व गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी देने के मामले में दोषी को विशेष न्यायाधीश पाक्सो हेमंत कुमार कुशवाहा की अदालत ने चार वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनायी। साथ ही अन्य धाराओं में सजा सहित 66सौ रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की अदायगी न करने पर दो माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। जुर्माने की पांच हजार रुपये की धनराशि पीड़िता को क्षतिपूर्ति के रूप में अदा की जाएगी। दोषी का सजायावी वारंट बनाकर जेल भेज दिया गया।

विशेष लोक अभियोजक रामसुफल सिंह गौर ने बताया कि बबेरू थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी पीड़िता की मामी ने 13 जनवरी 2018 को प्राथमिकी दर्ज करायी कि वह त्योहार के मौके पर अपनी भांजी को अपने यहां लिवा लायी थी। आज लगभग 8 बजे गांव का रवि पुत्र मेडेलाल केवल घर आया और उसकी भाभी को त्योहार के नाम पर खाने-पीने को कहकर अपने घर लिवा ले गया। घर से खेत की ओर ले गया और उसकी दस वर्षीय भांजी को डराधमका कर उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा। इतने में गांव के तमाम लोग खेत की ओर जा रहे थे कि उसकी भांजी के गुहार को सुनकर ललकारा तो रवि उसकी भांजी को छोड़कर भाग गया। लोगों ने उसकी भांजी को समझाबुझाकर चुप कराया। उसे जानकारी मिली कि गांव के उक्त लोग मौके पर न पहुंचे तो उसके साथ कोई अप्रिय घटना भी हो सकती थी। विवेचक द्वारा मामले का आरोप पत्र अदालत में पेश किया गया। दोषी रवि के विरुद्ध 5 मार्च 2018 को आरोप बनाया गया। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से छह गवाह पेश किए गए। पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों व अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश ने अपने 31 पृष्ठीय फैसले में रवि को दोषी पाते हुए सजा सुनायी।

## पत्नी के मायके जाने से परेशान युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बांदा।** पत्नी के मायके चले जाने से परेशान युवक ने कमरे के अंदर छठ के छल्ले पर साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सुबह घर पहुंचे पिता ने देखा तो उसका शव फंदे पर लटक रहा था ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शहर के मर्दननाका मोहल्ला निवासी रामबाबू 25 पुत्र प्रीतम कुशवाहा मंगलवार की रात कमरे के अंदर छत के छल्ले पर साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। बुधवार को निमंत्रण करने के बाद वापस घर पहुंचे पिता ने दरवाजा खटखटाया लेकिन अंदर से कोई हरकत नहीं हुई ।बाद में पिता पड़ोसी के घर से दीवार फांधकर अपने घर पर पहुंचा।देखा तो रामबाबू रामबाबू का शव फंदे पर लटक रहा था ।।शव देखते ही वह चीख पड़ा शोर गुल सुनकर मोहल्ले पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए। फंदा काटकर उसे नीचे उतार लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया ।मृतक के पिता प्रीतम ने बताया कि रामबाबू का 4 दिसंबर को पत्नी से विवाद हो गया था। दोनों में मारपीट भी हुई थी। पत्नी अपनी मायके देवियन पन्ना चली गई थी ।इधर परिवार के अन्य लोग सतना निमंत्रण में चले गए थे ।घर में कोई नहीं था ।सुना मौका देख कर रामबाबू ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली ।मृतक हलवाई गिरी का काम करता था।

## संसार से मुक्ति का मार्ग है श्रीमद्भागवत कथा

### सिंहवाहिनी मंदिर में मनाया गया 42वां श्रीमद्भागवत गीता जयंती महोत्सव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** 42वां श्रीमद्भागवत जयंती महोत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम सिंह वाहनी मंदिर परिसर में आयोजित हुआ। अंतिम दिवस ज्ञान यज्ञ में आचार्य तुलसीदास महराज ने कहा कि जब तक शरीर के अंदर की मूर्ति नही जागती, तब तक बाहर की मूर्ति का पूजन होता है। जिस दिन अंदर की मूर्ति जाग जाये तो केवल ध्यान की जरूरत है। वाह्य पूजन की कोई जरूरत नही है। श्रीराम बिहारी रामायणी जालौन ने कहा कि मनुष्य को कुरुक्षेत्र मे रहते हुये धर्म क्षेत्र में निवास करना चाहिए। देवी प्रसाद रुरा ने कहा कि गीता ही ऐसी सीढ़ी है, जो इस संसार से मुक्ति के मार्ग तक पहुंचाती है। अंत में मदन गोपाल दास महराज अधिकारी कामतानाथ पीठ चित्रकूट ने कहा कि विसाद से प्रसाद की यात्रा ही गीता है। सभा का संचालन यज्ञेश ने किया। समिति के अध्यक्ष गया प्रसाद त्रिपाठी आभार ने व्यक्त किया।

इस दौरान सभी पदाधिकारी हरिशरण मिश्रा, आलोक शुक्ल, रामकिशोर शुक्ल, अनुराग शुक्ल, प्रयागदत्त अवस्थी, प्रद्युम्न कुमार लालू, उमेश विश्वकर्मा, शशीकांत तिवारी आदि मौजूद रहे।

# परेड में पीआरडी जवानों की टोली नंबर वन रही प्रथम

### टोली नंबर तीन को मिला द्वितीय और टोली नंबर दो को मिला तृतीय स्थान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में जनपद स्तरीय 76वें पीआरडी स्थापना दिवस के मौके पर पीआरडी स्वयंसेवकों ने पुलिस लाइन में विभागीय निर्देश पर परेड का आयोजन किया गया।

परेड में समस्त विकास खण्डों से सम्मिलित पीआरडी स्वयंसेवकों की परेड में टोली नंबर-01 प्रथम, टोली नंबर-03 द्वितीय, और टोली नंबर-02 तृतीय स्थान पर रही व खेलकूद की विधा रस्साकस्सी में टीम-ए विजेता एवं टीम-बी उपविजेता, कुर्सी दौड़ में सन्तोष-प्रथम,रामेश्वर-द्वितीय एवं पवन-तृतीय स्थान पर रहे। मुख्य अतिथि एएसपी शिवराज ने मान-प्रणाम स्वीकार किया। विजेता टोलियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरण किया गया। मुख्य अतिथि ने द्वारा सभी पीआरडी स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया।

इस मौके पर वेदमणि मिश्रा (प्रतिसार निरीक्षक) पुलिस लाईन, जितेन्द्र कुमार प्रजापति (क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्राविद अधिकारी, आदित्य कुमार, (क्षेत्रीय युवा कल्याण प्रादवि अधिकारी, सतीश कुमार, (क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं संजय मिश्रा (पीटीआई), ओमप्रकाश यादव (पीटीआई) एवं अरूण कुमार द्विवेदी (आईटीआई) पुलिस लाईन, तारकेश्वरी मुखर्जी (वरिष्ठ सहायक), शिवदत्त द्विवेदी (पत्रवाहक), उमेश कुमार (कम्प्यूटर ऑपरेटर), शैलेन्द्र कुमार पाल आदि पीआरडी स्वयंसेवकों द्वारा सहयोग किया गया। कार्यक्रम के समापन में जितेन्द्र कुमार क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्राविद अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## कोयला और मकान जलाने के दोषी को 10 वर्ष का कारावास

**बांदा।** मकान के खपरैल में व कोयला भट्ठी में एक साथ कोयला में आग लगाकर क्षति पहुंचाने के मामले में दोषी को अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम चंद्रपाल द्वितीय की अदालत ने दस वर्ष के कारावास की सजा सुनायी साथ ही अन्य धाराओं में सजा सहित सात हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की अदायगी न करने पर छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। दोषी का सजायावी वारंट बनाकर जेल भेज दिया गया। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता सुशील तिवारी ने बताया कि अतर्रा थाना क्षेत्र के पिंडखर गांव निवासी गेंदा सिंह पुत्र बाबू सिंह ने 19 मार्च 2016 को प्राथमिकी दर्ज करायी कि पिंडखर गांव में स्थित गाटा संख्या 939 में कोयला भट्ठी का संचालन कर रहा था। जिसका लाईसेंस विकास पुत्र शत्रुध्न सिंह के नाम था। उसी स्थान पर वह खपरैलदार मकान बनाकर रहता था। 14 मार्च 2016 की रात्रि लगभग 12 बजे वह अपने मकान में सो रहा था। तभी बाहर से आहट मिली तो जंगले से देखा कि गांव के ही रामजियावन पुत्र बाबू सिंह, दिलीप सिंह उर्फ लाला पुत्र प्रताप सिंह कोयला भट्ठी स्थल में कोयला के ढेर पर तेल छिड़क रहे थे। कट्टी में तेल लिए हुए मकान के खपरैल में आग लगा रहे थे। उसके कमरे के बाहर की कुंडी लगा दिया था। उसने खपरैल तोड़कर प्राण बचाकर बाहर भागा व चिल्लाया तो तमाम लोग एकत्र हो गए। तभी दोनो लोग गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। उसने पुलिस को फोन से सूचना दिया तब तक उसका 20 टन कोयला व मकान पूरी तरह जलकर राख हो गया। उसने अपने प्राण मुश्किल से बचाया। इस प्रकार उसका लगभग साढ़े तीन लाख का नुकसान हुआ। इस घटना को गांव के तमाम लोगों ने देखा और आग बुझाने का काम किया। मुकदमे के दौरान 21 अगस्त 2017 को सह अभियुक्त दिलीप सिंह की मृत्यु हो गयी। मामला केवल रामजियावन सिंह पर चलाया गया। अदालत ने रामजियावन के विरुद्ध 4 मई 2017 को आरोप बनाया। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से चार गवाह पेश किए गए। इस मामले में दोषी का कहना है कि उसने अपनी खेती गिरवी रखा था। पैसा पूरा चुकता होने के बावजूद उसने कब्जा नहीं दे रहा था। इस रंजिश से उसने झूठा मुकदमा उसके विरुद्ध लिखाया है। पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों व अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश ने अपने 19 पृष्ठीय फैसले में रामजियावन सिंह को दोषी पाते हुए सजा सुनायी।

## छह वर्ष के लिए निष्कासित किए गए बागी कार्यकर्ता

**बांदा।** नगर निकायों के उप चुनाव में बबेरू नगर पंचायत अध्यक्ष पद सहित नगर पालिका बांदा और अतर्रा में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ रहे पार्टी कार्यकर्ताओं को बाहर का रास्ता दिखाया गया। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल की संस्तुति मिलने के बाद जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने छह वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आनन्द स्वरूप द्विवेदी ने बताया कि बबेरू नगर पंचायत अध्यक्ष पद हेतु भाजपा प्रत्याशी विवेकानंद गुप्ता के विरुद्ध चुनाव लड़ रहे भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री रामनरेश मिश्रा सहित बांदा नगर पालिका वार्ड नंबर 14 से पार्टी प्रत्याशी सुनीता सिंह के खिलाफ चुनाव लड़ रही भावना सिंह व अंशु वर्मा तथा अतर्रा नगर पालिका वार्ड नंबर 4 से पार्टी प्रत्याशी अमित तिवारी के खिलाफ रामसिया वर्मा तथा सुमन चौरसिया चुनाव मैदान में हैं। इन्हें क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल की संस्तुति पर पार्टी से छह वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया गया है।

# गाजे-बाजे के साथ निकाली गई निशान यात्रा, थिरके भक्त

### बाबा खाटू श्याम सेवा मंडल प्रतिमाह करता है आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** बाबा खाटूश्याम सेवा मंडल की ओर से बुधवार को निशान यात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे के साथ निकाली गई यात्रा में श्रद्धालु भक्त जमकर थिरके। जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। तमाम श्रद्धालुओं ने यात्रा में शामिल लोगों को रास्ते में जलपान कराया। यात्रा के दौरान हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा का नारा भी बुलंद किया गया। खाटू श्याम निशान यात्रा में सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने प्रतिभाग किया। मंडल अध्यक्ष मोंटू गुप्ता जानकारी देते हुए बताया कि बाबा खाटू श्याम सेवा मंडल समाजिक सेवा निरंतर धार्मिक कार्यक्रम ही हिन्दू समाज में के लोगों से जुड़ने और सनातन धर्म की आस्था से जुड़े हैं, जिसको निभाने और अनवरत जारी रखने का कार्य मंडल द्वारा किया जा रहा है। इसलिए निशान यात्रा के माध्यम से लगातार लोगों को जोड़ने और इसके प्रति जागरूक करने का कार्य किया जाता है। खाटू श्याम सेवा मंडल के अध्यक्ष ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर चिंता व्यक्त की। कहा कि इस पर तुरंत भारत सरकार को बांग्लादेश सरकार से बात करें और हिंदुओं पर अत्याचार हो रहे पूर्ण रूप कराया जाए। अन्यथा की स्थिति में अन्य देशों में हिंदुओं की स्थिति बहुत ज्यादा खराब हो जाएगी। हमें सभी हिन्दू भाइयों के एक जुट होना चाहिए। बाबा खाटू श्याम के संरक्षक रामबहोरी शिवहरे, राकेश गुप्ता, सुधीर तिवारी, महामंत्री वीरेंद्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष जीतू गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉक्टर केके गुप्ता, उपाध्यक्ष अमित गुप्ता, मीडिया प्रभारी बड़कू, सोशल मीडिया प्रभारी मनोज वर्मा, मंत्री सोहन कुशवाहा, मंत्री संतोष यादव, राजेश जैन, हरिशंकर चौरसिया, विनोद धुरिया, रोहित, धीरज साहू, पप्पू गुप्ता, अनिल लालवानी, अमित सेठ, आशु सबिता, डीके सोनी, अजय सिंह, नरेंद्र सोनी, मोहित चौरसिया के अलावा महिला संरक्षक संगीता शिवहरे, महिला अध्यक्ष विमला यादव, महामंत्री शैल गुप्ता, उपाध्यक्ष सुमन यादव, कोषाध्याय सरिता भाटिजा, उपाध्यक्ष मोहिनी ओमर, संगठन मंत्री सुमन साहू, उपाध्यक्ष प्रियंका गुप्ता, मंत्री रूबी गुप्ता, मंत्री सीमा मिश्रा, उर्मिला तिवारी फतेहपुर से रागिनी गुप्ता अतर्रा आदि भक्त मौजूद रहे।

## 95996 रुपये कराए गए वापस

**बांदा।** साइबर हेल्प डेस्क टीम ने फोन-पे के माध्यम से धोखाधड़ी का शिकार होने वाले पीड़ित के खाते में 95 हजार 996 रुपये वापस कराए। थाना तिन्दवारी साइबर हेल्प डेस्क टीम द्वारा फोन पे के माध्यम से धोखाधड़ी का शिकार होने वाले पीड़ित के खाते में 95 हजार 996 रुपये वापस कराये गये। गौरतलब हो कि थाना तिंदवारी क्षेत्र के रहने वाले दिलीप कुमार गुप्ता पुत्र नर्वद प्रसाद गुप्ता के साथ किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन पे के माध्यम से 95996 रुपये की धोखाधडी कर ली गई थी, जिसके संबंध में पीड़ित व्यक्ति द्वारा साइबर हेल्पलाइन नंबर-1930 के माध्यम से शिकायत दर्ज करायी थी। इसी क्रम में थाना तिंदवारी साइबर हेल्प डेस्क टीम द्वारा कुशलता एवं सक्रियता से कार्य करते हुए आवेदक दिलीप कुमार के खाते में 95996 रुपये वापस कराये गए । आवेदक द्वारा पैसा वापस मिलने पर साइबर हेल्प डेस्क टीम को धन्यवाद दिया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना तिंदवारी राजेंद्र राजावत, महिला उप निरीक्षक रोशनी सेंगर, राजन दुबे शामिल रहे।

## स्वच्छता पर ग्राम प्रधानों को किया गया सम्मानित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**नरैनी।** ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालयों के रखरखाव और स्वच्छता रखने पर ग्राम प्रधानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कहा गया कि स्वच्छता से बीमारियों से बचा जा सकता हैं। नरैनी ब्लाक के 83 ग्राम पंचायतों में से तीन गांव पुंगरी, लहुरेटा व दुबरिया ग्राम पंचायत द्वारा सामुदायिक शौचालयों में स्वच्छता का विशेष ध्यान देने, रखरखाव, साफ सफाई होने पर ब्लॉक प्रमुख मनफूल सिंह पटेल व खंड विकास अधिकारी प्रमोद कुमार द्वारा ग्राम प्रधान लहुरेटा फैमीदा, सचिव सुरेश पटेल, ग्राम प्रधान दुबरिया अजीजुलहक सचिव धीरेन्द्र प्रताप , व ग्राम प्रधान पुंगरी नत्थू प्रसाद सचिव सुरेश वर्मा सहित केयर टेकर व पंचायत सहायक तथा शौचालय के व्यक्तिगत लाभार्थी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । इस कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक परिसर में किया गया। संचालन एडीओ आईएसबी योगेंद्र सिंह ने किया। इस मौके पर खंड प्रेरक बासुदेव, भोला, सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## रोजगार मेले में 25 युवाओं को मिला काम

**बांदा।** बुधवार को निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशों के तहत आज विश्वनाथ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जसपुरा बांदा में एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित किया गया। इस मेला में फरीदाबाद की दो कंपनियां, पोलिमेड और शंडव विकास कंपनी, ने भाग लिया और तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए। रोजगार मेले में करीब 100 युवाओं ने भाग लिया और इनमें से 52 का चयन विभिन्न पदों के लिए किया गया। चयनित युवाओं को कंपनियों द्वारा वेतन, कार्य की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आयोजन जिला सेवायोजन अधिकारी मोहित जयसवाल की उपस्थिति में किया गया, जिसमें कार्यालय के वरिष्ठ सहायक महेंद्र कुमार और संदीप कुमार भी मौजूद रहे। संस्थान के प्रबंधक श्री तेज नारायण सिंह और प्रधानाचार्य भागवत विश्वकर्मा ने मेले में सहयोग किया। इस अवसर पर अनुदेशक रामसेवक वर्मा, दिनेश अग्रवाल, जितेंद्र अग्रवाल, रविकान्त राही, जनार्दन तिवारी, शिवपूजन सिंह, रंजीत सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# यात्रा के दौरान बरतें सावधानी, आयुष्मान कार्ड साथ रखें

### कुंभ मेले पर यात्रा को लेकर प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** महाकुंभ मेले के मद्देनजर तैयारियों को पूरा करने के लिए प्रशासन तेजी के साथ काम कर रहा है। लगातार निगहबानी करते हुए मातहत अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी कर रहे हैं। कुंभयात्रा में जाने वाले यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसकी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। प्रशासन की ओर से एडवाइजरी भी जारी की जा रही है कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें और आयुष्मान कार्ड साथ रखें। जरूरत पड़ने पर महाकुंभ हेल्पलाइन नंबर से मदद प्राप्त की जा सकती है।अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि महाकुम्भ का आयोजन 14 जनवरी से 26 फरवरी तक जनपद प्रयागराज में हो रहा है। महाकुम्भ मेला परिक्षेत्र गंगा और यमुना नदी के तटीय किनारों पर लगभग चार हजार हेक्टेयर के क्षेत्रफल में विस्तृत है। महाकुम्भ मेला की अवधि के दौरान करोड़ों की संख्या में श्रद्वालु जनपद प्रयागराज में एकत्रित होंगे। महाकुम्भ मेला अवधि में मेला परिक्षेत्र भगदड़, अग्निकांड, डूबना, स्वास्थ्य संबंधी समस्या इत्यादि के प्रति संवेदनशील है। महाकुम्भ को दुर्घटना मुक्त बनाने के लिए सम्पूर्ण मेला परिक्षेत्र में प्रभावी आपदा प्रबन्धन का क्रियान्वयन सुनिश्चित किए जाने के लिए महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत यात्रियों एवं कल्पवासियों के लिए स्वास्थ्य और यात्रा एडवाइजरी तैयार की गयी है। कहा गया कि मेला क्षेत्र गंगा और यमुना नदी के किनारों पर लगभग 4200 हेक्टेयर के क्षेत्रफल में फैला हुआ है। मेला क्षेत्र में दिन के समय तापमान कभी कभी 9 डिग्री तथा रात्रि में लगभग 02 डिग्री तक हो सकता है। दिन में धूप न होने पर घने कोहरे की स्थिति भी बन जाती है। कहा गया कि महाकुम्भ मेला 2025 मोबाइल एप डाउनलोड करें और मेला की जानकारी प्राप्त करें। यात्रा से पूर्व निवास स्थान सुनिश्चित करें। बदलते मौसम के अनुसार कपड़े एवं खान-पान का सामान साथ रखें। गर्म एवं ऊनी वस्त्र साथ में अवश्य रखें। 60 वर्ष से अधिक आयु या पूर्व से बीमार व्यक्ति यात्रा से पहले स्वास्थ्य जांच अवश्य कराए। डॉक्टर की सलाह के उपरान्त ही यात्रा करें। पूर्व से बीमार व्यक्ति अपने चिकित्सक का परामर्श पर्चा एवं चिकित्सक का संपर्क नम्बर, चिकित्सक द्वारा लिखी गयी दवाईयां अपने साथ रखें। हृदय रोग, श्वास रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप से ग्रस्त रोगी यात्रा के समय विशेष सावधानी बरतें। यदि आप आयुष्मान कार्ड धारक है तो कृपया अपना आयुष्मान कार्ड साथ में रखे जिससे कि आकस्मिकता की स्थिति में सरकारी एवं निजी चिकित्सालय में आयुष्मान योजना के अतर्गत मुफ्त एलाज प्राप्त हो सके। मधुमेह, हृदय रोग, सांस रोग से ग्रसित श्रद्धालु अपनी दवा निरंतर समय से लें। खाने से पहले और शौचालय उपयोग के बाद साबुन से हाथ अवश्य धोएं। प्रवास के दौरान खाद्य पदार्थो के प्रयोग में विशेष सावधानी बरतें तथा खुले व दूषित भोज्य पदार्थो के प्रयोग से बचें। धूम्रपान और नशीले पदार्थो का सेवन न करें। मेला क्षेत्र में मच्छरों से बचाव हेतु यद्यपि छिड़काव, धुंआ किया जाता है, फिर भी मच्छरों से बचने हेतु मच्छर रेपेलेन्ट भी साथ रखें। महाकुम्भ हेल्पलाइन 1920, पुलिस हेल्पलाइन 112, आपदा हेल्पलाइन 1077 से मदद प्राप्त की जा सकती है।

## बाइक सड़क किनारे खड़े रोलर से टकराई, युवक की मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** तेज रफ्तार बाइक आनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े रोलर से टकरा गई ।जिससे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए ।तीनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां एक युवक ने दम तोड़ दिया ।मौत की खबर मिलते ही घर वालों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

छतरपुर जिले दमौतीपुरा गांव निवासी विशाल अहिरवार 21 पुत्र लल्तू अहिरवार अपने चचेरे भाई वीरेंद्र 38 पुत्र धनीराम अमर 25 पुत्र रामदास के साथ मंगलवार की रात बाइक में बैठकर अपनी चचेरी भाभी को लेवाने जुगरेली (बबेरू)गांव जा रहे था। तभी जुगरेली और मोरवल गांव के बीच सड़क किनारे खड़े रोलर से बाइक टकरा गई ।जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। तीनों को उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने विशाल अहिरवार को देखने के बाद मृत घोषित कर दिया ।वीरेंद्र को छतरपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। अमर को मामूली चोटे आई है मृतक के भाई अजय कुमार ने बताया कि विशाल पांच भाइयों में छोटा था। वह मजदूरी करता था।

# पशु आरोग्य मेले में हुआ मवेशियों का उपचार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** महुआ विकासखंड की ग्राम पंचायत देवरार में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर मेला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुवात विश्व हिंदू महा संघ गौ रक्षा समिति तहसील अध्यक्ष सोनू करवरिया द्वारा फीता काटकर किया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को पुष्प अर्पित कर उनकी आरती करते हुए इस आयोजन को आगे बढ़ाया गया। इस शिविर में गौ पूजन कर उन्हें गुड़, चना, और केला भी खिलाया गया। यह कार्यक्रम पशुपालन विभाग बांदा के द्वारा किया गया है जिसमें सभी पशुपालकों के



पशुओं का निःशुल्क इलाज भी किया गया तथा सभी को प्रतिरक्षी दवाईयां भी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में गौ रक्षा समिति के ब्लाक अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह यादव एवं गिरवा के पशु चिकित्सक डॉ सचिन कुमार जैन, पशु सचल वाहन के डाक्टर पुष्पेंद्र सिंह राजपूत, देवरार ग्राम प्रधान सुशील कुमार राजपूत उपस्थिति रहे। और पशु चिकित्सको द्वारा शिविर में आए हुए सभी पशुपालकों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं जैसे मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना, नंद बाबा दुग्ध मिशन, पशु बीमा योजना, एन एल एम योजना, चार विकास योजना, सचल पशु चिकित्सा वाहन इन सभी की जानकारी विस्तृत रूप से दी गई। और डॉ सचिन कुमार जैन द्वारा यह जानकारी दी गई कि अपने पशुओं का इलाज किसी झोलाछाप डॉक्टरों से ना कराएं।

